

# दैनिक अयोध्या टाइम्स

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

समस्या आपकी-आवाज हमारी



Email:dainikayodhyatimes@gmail.com www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8 अंक : 157 पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर पृष्ठ : 08, मूल्य : 2 रुपये, शनिवार 06 अगस्त 2022 (डाक पंजीयन संख्याः 272/2021–23)


## संक्षिप्त समाचार

### घोटाले में पार्थ चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

पश्चिमी बंगाल। पश्चिम बंगाल एसएससी भर्ती घोटाला में पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी करीबी



अर्पिता मुखर्जी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। विशेष पीएमएलए अदालत ने स्कूल सेवा आयोग नियुक्ति घोटाले में मनी ट्रेल की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जांच के सिलसिले में बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। चटर्जी और मुखर्जी 23 जुलाई को बंगाल के स्कूलों में शिक्षण और गैर–शिक्षण कर्मचारियों की कथित अवैध नियुक्ति के मामले में ईडी की हिरासत में हैं।

ईडी के वकील ने मामले में नए खुलासे को लेकर जेल में दोनों आरोपियों से पूछताछ करने के लिए अदालत की अनुमति के लिए भी आग्रह किया। धन शोधन निवारण कानून (पीएमएलए) के तहत विशेष अदालत के न्यायाधीश जिबोन कुमार साधु ने मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजने का फैसला सुनाया। इससे पहले 3 अगस्त को पार्थ चटर्जी और उनकी निकट सहयोगी अर्पिता मुखर्जी को दो दिन की ईडी की कस्टडी में भेज दिया गया था।

### ममता बनर्जी ने की पीएम मोदी से मुलाकात, कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

पश्चिम बंगाल। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दिल्ली दौरे पर हैं। आज उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। नरेंद्र मोदी से ममता



बनर्जी की यह मुलाकात प्रधानमंत्री आवास पर हुई है। ममता बनर्जी से नरेंद्र मोदी की मुलाकात ऐसे समय में हो रही है जब तृणमूल कांग्रेस के नेता पार्थ चटर्जी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई जारी है। प्रवर्तन निदेशालय लगातार पार्थ चटर्जी के खिलाफ कई सबूत जुटाने की कोशिश कर रहा है। पार्थ चटर्जी की करीबी अर्पिता मुखर्जी के पांच से ईडी को अब तक 55 करोड़ से ज्यादा रुपए मिले हैं। इसके अलावा भारी मात्रा में जेवरात भी बरामद हुए हैं। ममता बनर्जी ने पार्थ चटर्जी को मंत्रिमंडल से बर्खास्त भी कर दिया था। हालांकि कहीं ना कहीं इस मुलाकात को पार्थ चटर्जी के मामले से जोड़कर देखा जा रहा है।

### 25 लाख तिरंगा वितरित करेगी दिल्ली सरकार, केजरीवाल

नई दिल्ली। देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। देश को आजाद हुए 75 साल पूरे हो रहे हैं। इन सबके बीच कई कार्यक्रम का आयोजन किया जा



रहा है। वहीं दिल्ली सरकार भी आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। इसको लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि लोग बहुत खुश हैं। अलग–अलग सरकारें इसे अपने अपने स्तर पर मना रही है। उन्होंने कहा कि मैं लोगों से अपील करना चाहता हूं कि 14 तारीख को हमारे स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शाम 5.00 बजे हर भारतवासी अपने हाथ में तिरंगा लेकर राष्ट्रगान गाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि दिल्ली में इस कार्यक्रम को लेकर हम बहुत बड़े स्तर पर लोगों के बीच तिरंगा बांटने वाले हैं।

### त्रिपुरा के मुख्यमंती माणिक साहा शनिवार को प्रधानमंती मोदी से करेंगे मुलाकात

अगरतला। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने शुक्रवार को कहा कि वह छह अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें राज्य में चल रही विकास परियोजनाओं की मौजूदा स्थिति से अवगत कराएंगे। माणिक साहा आज देर शाम दिल्ली के लिए रवाना होंगे। मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''मैं अपने दो दिवसीय दौरे केलिए आज दिल्ली जा रहा हूं और केंद्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं सहित विभिन्न विकास परियोजनाओं पर स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए प्रधानमंत्री से मुलाकात करूंगा।''

## पीएम मोदी ने फिलीपींस के राष्ट्रपति के साथ की फोन पर बात परियोजनाओं में भारत के पूर्ण समर्थन का दिया आश्वासन

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। मोदी ने फिलीपींस के राष्ट्रपति के साथ की फोन पर बात, परियोजनाओं में भारत के पूर्ण समर्थन का दिया आश्वासन



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर से फोन पर बात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय जुड़ाव के विभिन्न क्षेत्रों की समीक्षा की और भारत और फिलीपींस के बीच सहयोग के तेजी से विकास पर संतोष व्यक्त किया। प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार पीएम मोदी ने राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी और इंडो–पैसिफिक विजन में फिलीपींस की महत्वपूर्ण भूमिका को दोहराया और द्विपक्षीय संबंधों को और विस्तारित करने की इच्छा व्यक्त की।

पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर को फिलीपींस के विकास के लिए उनकी योजनाओं और परियोजनाओं में भारत के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर को फिलीपींस के विकास के लिए उनकी योजनाओं और परियोजनाओं में भारत के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

बता दें कि फिलीपीन को तानाशाही हुकूमत से आजादी दिलाने वाले एवं 1986 के लोकतंत्र समर्थक आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले देश के पूर्व राष्ट्रपति फिदेल वाल्देज रामोस का रविवार को निधन हो गया। वह 94 साल के थे। अमेरिका में प्रशिक्षित पूर्व सैन्य जनरल रामोस ने कोरिया और वियतनाम युद्ध में भी हिस्सा लिया था।

रिपोर्ट्स के मुताबिक वह कोरोना संक्रमण से पीड़ित थे, जिसके चलते मकाती मेडिकल सेंटर में उनका इलाज चल रहा था, जहां उनकी मृत्यु हो गई।

## लोकसभा में गूंजा शुक्रवार की छुट्टी का मामला, संसद में जारी है हंगामे की सियासत

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। संसद के दोनों सदनों में आज विपक्ष का हंगामा जारी रहा। कांग्रेस के सांसद आज राहुल गांधी के नेतृत्व में काले कपड़े पहनकर संसद में पहुंचे थे। कांग्रेस लगातार महंगाई के खिलाफ सरकार को घेरने की कोशिश कर रही थी। इसके साथ ही कुछ अन्य मुद्दों को लेकर भी संसद में हंगामा देखने को मिला। शुरुआती घंटों में कांग्रेस के कुछ सदस्यों ने वस्तु एवं सेवा कर लगाने को लेकर तथा जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग का संसद में मुद्दा उठाया। दोनों सदनों के सभापति बार–बार यह कोशिश करते रहे कि किसी भी हाल में सुचारू रूप से चले। लेकिन शुरुआती घंटों में ऐसा देखने को नहीं मिला। हालांकि बाद में दोनों सदनों की कार्यवाही सुचारू रूप से चलती दिखाई दी। लोकसभा में ऊर्जा संरक्षण संशोधन विधेयक पर चर्चा भी की गई। वहीं, राज्यसभा में भी कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई है। हालांकि, कांग्रेस सहित विपक्षी दल अभी भी सरकार पर जबरदस्त तरीके से हमलावर हैं। आज संसद सत्र के दौरान डीएमके के नेताओं ने सदन से वाकआउट कर लिया और दावा किया कि उन्हें विषय उठाने का मौका नहीं मिल रहा है।



सरकार ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया और फिलीपीन समेत छह देशों ने भारत के तेजस विमान में रुचि दिखाई है, वहीं मलेशिया ने अपने अधिग्रहण कार्यक्रम के तहत पहले ही इस विमान को खरीदने की योजना बनाई है। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में लोकसभा को यह जानकारी दी।

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि अक्षय ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने में बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और विकसित देश भारत से पीछे हैं क्योंकि सरकार पर्यावरण की चिंता के साथ ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में काम कर रही है। विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने लोकसभा में 'ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022' को चर्चा एवं पारित करने के लिए रखते हुए यह बात कही जिसमें कम से कम 100 किलोवाट के विद्युत कनेक्शन वाली इमारतों के लिये नवीकरणीय स्रोत से ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने का प्रावधान किया गया है।

लोकसभा में शुक्रवार को द्रविण मुन्नेत्र कझगम (द्रमुक) के सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया और दावा किया कि वे सदन में एक विषय उठाना चाहते थे लेकिन उन्हें अनुमति नहीं दी गयी।

सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा को बताया कि पॉक्सो अधिनियम के तहत बच्चों के शोषण के वर्ष 2019 में 47,324 मामले और वर्ष 2020 में 47,221 मामले दर्ज किये गए। लोकसभा में नुसरत जहां के प्रश्न के लिखित उत्तर में महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने यह जानकारी दी।

– भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृजेंद्र सिंह ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से आग्रह किया कि अधिकारियों को सेवा विस्तार देने के सिलसिले को प्रोत्साहित नहीं किया जाए क्योंकि ऐसा करने से उनके कनिष्ठ अधिकारी हतोत्साहित होते हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने जिला और तहसील स्तर पर स्वास्थ्य ढांचे को उन्नत करने के लिए पिछले वित्त वर्ष 64,180 करोड़ रुपये की लागत से प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम–एबीएचआईएम) अगले पांच साल के लिए शुरू किया।

लोकसभा में शुक्रवार को नयी दिल्ली अंतरराष्ट्रीय माध्यस्थतम केंद्र संशोधन विधेयक, 2022 पेश किया गया जिसके माध्यम से देश में संस्थानिक मध्यस्थता के लिये एक स्वतंत्र और स्वायत्त व्यवस्था सृजित करने का प्रस्ताव किया गया है। निचले सदन में विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रीजीजू ने नयी दिल्ली अंतरराष्ट्रीय माध्यस्थतम केंद्र संशोधन विधेयक, 2022 पेश किया।

– भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने शुक्रवार को लोकसभा में दावा किया कि झारखंड में 1800 स्कूलों में रविवार की बजाय शुक्रवार को छुट्टी हो रही है जो इसका प्रमाण है कि देश 'इस्लामीकरण' की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने सदन में शून्यकाल के दौरान यह विषय उठाते हुए कहा कि इस मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआई) से कराई जाए ताकि कड़ा संदेश दिया जा सके।

## राम भक्तों का किया गया अपमान, अयोध्या दिवस के दिन प्रदर्शन निंदनीय : योगी

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

लखनऊ।आज दिनभर चले कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को लेकर अब भाजपा हमलावर हो गई है। पहले तो गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा। अब भाजपा के कई बड़े नेता भी कांग्रेस पर जबरदस्त तरीके से हमलावर हो गए हैं। इन सबके बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और फायरब्रांड नेता योगी आदित्यनाथ का भी बयान आ गया है। योगी आदित्यनाथ ने साफ तौर पर कहा कि अयोध्या दिवस के दिन कांग्रेस का प्रदर्शन निंदनीय है। कांग्रेस नेताओं ने जानबूझकर काले कपड़े पहने। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस ने राम भक्तों का अपमान किया है। इसलिए उन्हें देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश का कोई भी सामान्य व्यक्ति कांग्रेस के इस



आचरण का समर्थन नहीं कर सकता। कांग्रेस के इस विरोध को देश की जनता स्वीकार नहीं करेगा। 5 अगस्त हर भारतीय के लिए गर्व का दिन है। हर भारतीय स्टील का वर्षों से इंतजार किया था।

योगी आदित्यनाथ ने साफ तौर पर कहा कि काले कपड़े पहन का विरोध प्रदर्शन अयोध्या दिवस का अपमान है। राम जन्मभूमि के शिलान्यास का कांग्रेस में विरोध किया है। ईडी की पूछताछ को लेकर योगी आदित्यनाथ ने साफ तौर पर कहा है कि आप कोर्ट के आदेश के हिसाब से काम हो रहा है। इसमें सरकार का कोई लेना–देना नहीं है। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने भी कांग्रेस पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा था अमित शाह ने कहा था कि एक जिम्मेदार पार्टी होने के नाते कानून का सहयोग देना चाहिए। वो रोज प्रदर्शन करते हैं। मेरा मानना है कि कांग्रेस ने आज के विरोध प्रदर्शन से तुष्टीकरण की राजनीति को बढ़ाया है। आज ईडी ने आज किसी को तलब नहीं किया लेकिन फिर भी उन्होंने प्रदर्शन किया। अमित शाह ने आगे कहा था कि कांग्रेस ने आज के दिन काले कपड़े पहनकर विरोध प्रदर्शन किया जबकि आज ही के दिन च्ड ने राम जन्मभूमि का शिलान्यास किया था। कांग्रेस आज प्रदर्शन कर संदेश देना चाहते हैं कि वो राम जन्मभूमि के शिलान्यास का विरोध करते हैं और तुष्टीकरण की नीति को आगे बढ़ाना चाहते हैं। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ही के दिन 5 अगस्त 2020 को अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया था। आज कांग्रेस की ओर से जबरदस्त तरीके से कई मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया था। कांग्रेस के सभी नेताओं ने काले कपड़े पहन रखे थे। संसद से सड़क तक कांग्रेस का सरकार के खिलाफ हल्ला बोल जारी था। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं को हिरासत में भी लिया गया था। हालांकि बाद में इन वरिष्ठ नेताओं को छोड़ दिया गया है।

## यूपी से टला नहीं है कोरोना का खतरा, 24 घटे में 887 नए केस दर्ज, कन्नौज और अयोध्या में एक-एक मौत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कोविड के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं. राज्य के कन्नौज और अयोध्या से कोविड से एक–एक मौत की भी खबर है. उधर, गुरुवार को लगातार चौथे दिन 887 और लोगों का कोविड टेस्ट पॉजिटिव पाया गया जिसमें सबसे अधिक मामले गौतम बुद्ध नगर में पाए गए हैं. यहां बीते 24 घंटे में 201 मामले दर्ज किए गए हैं और इसके बाद सबसे अधिक मामले गाजियाबाद (99) में सामने आए हैं।

वहीं कोरोना के मामलों पर अतिरिक्त मुख्य सचिव (चिकित्सा स्वास्थ्य) अमित मोहन प्रसाद ने कहा, श्राज्य ने पिछले 24 घंटों में 74,384 कोविड नमूनों का परीक्षण किया. अब तक 11,98,97,963 नमूनों का परीक्षण किया गया है.श पांच महीने से अधिक के अंतराल के बाद सक्रिय कोविड मामलों की संख्या 4,000 तक पहुंच गई. 26 फरवरी को, 4,232 सक्रिय मामले थे।

लेकिन 27 फरवरी को संख्या घटकर 3954 हो गई, जिसके बाद सक्रिय संख्या में काफी गिरावट आई. 3,500 से अधिक सक्रिय मामले होम आइसोलेशन में थे. अस्पतालों में अधिकांश लोगों ने कोविड के लिए सकारात्मक परीक्षण किया, जब वे किसी अन्य बीमारी या सर्जरी के लिए वहां पहुंचे थे।

## सही मायने में आजादी हासिल करने के लिए हीन भावना को जड़ से खत्म करेंः अमित शाह

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारत अपनी आजादी के 75वें वर्ष में एक बड़ी छलांग लगाने को तैयार है और कोई भी इसे एक महान राष्ट्र बनने से रोक नहीं पाएगा। शाह ने कहा कि विदेशी शक्तियां भारत को अपने अधीन इसलिए रख पाईं क्योंकि वे भारतीयों के बीच एक हीन भावना पैदा करने में सफल हो गई थीं , जिसे सही मायने में स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए जड़ से उखाड़ फेंका जाना चाहिए। गृह मंत्री स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में दूरदर्शन द्वारा निर्मित एक बड़े धारावाहिक शो 'स्वराज – भारत के स्वतंत्रता संग्राम की समग्र गाथा' की शुरुआत पर बोल रहे थे। 75 शृंखला वाला यह शो भारतीय इतिहास से जुड़ी कम–ज्ञात कहानियों का वृत्तांत है। इसका प्रसारण 14 अगस्त से दूरदर्शन पर हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं में किया जाएगा।

शाह ने आश्चर्य व्यक्त किया कि यदि भारत अपनी भाषाओं, संस्कृति और इतिहास की रक्षा करने में विफल रहता है तो क्या वह स्वराज के सच्चे आदर्शों



को प्राप्त करने का दावा कर सकता है। शाह ने कहा, ''स्वराज का वास्तविक अर्थ भारत को उसी तरह चलाना है जिस तरह से भारतीय इसे चलाना चाहते हैं। इसमें हमारी अपनी भाषाएं, हमारा धर्म, हमारी संस्कृति और हमारी कलाएं भी शामिल हैं।'' इस समारोह में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर, राज्य मंत्री एल मुरुगन और अन्य संसद सदस्य उपस्थित थे। शाह ने कहा कि आजादी के बाद से भारत का प्रशासन अच्छा रहा है और कई उपलब्धियां हासिल की हैं। शाह ने कहा, ''जिन्होंने हम पर शासन किया, उन्होंने हमारी सर्वश्रेष्ठ प्रणालियों को नष्ट कर दिया।

वे जानते थे कि वे हम पर तभी शासन कर सकते हैं, जब वे हमारे भीतर एक हीन भावना पैदा करने में सफल हों, क्योंकि हम हर मामले में उनसे आगे थे।''

## आरएसएस पर कुछ भी बोलने से पहले अखिलेश पहले एक महीने आरएसएस की शाखा में जाना चाहिएः केशव मौर्य

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

लखनऊ।डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने आरएसएस हेडक्वार्टर में झंडा न फहराने के सवाल पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर पर हमला किया है. उन्होंने कहा कि आरएसएस पर बोलने से पहले आरएसएस की शाखा में जाएं. यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के आरएसएस हेडक्वार्टर पर झंडा न फहराने के बयान पर निशाना साधा है. मौर्य ने कहा कि आरएसएस पर कुछ भी बोलने से पहले उन्हें पहले एक महीने आरएसएस की शाखा में जाना चाहिए. वहीं दूसरी तरफ उन्होंने महंगाई पर कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन पर भी निशाना साधा और कहा जब बबूल का पेड़ बोया है तो आम कहां से मिलेंगे। केशव प्रसाद मौर्य ने



कहा कि कभी–कभी अखिलेश यादव की समझदारी पर चिंता होती है. क्या वो हर समय सपा कार्यालय पर राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं. आरएसएस एक स्वयंसेवी संगठन है, उसका अपना एक भगवा ध्वज है. जब कोई राष्ट्रीय पर्व होता तब राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाता है. उन्हें जानकारी नहीं तो पहले जानकारी लेनी चाहिए और फिर बयान देना चाहिए. उन्होंने कहा कि आरएसएस पर कोई टिप्पणी करने से पहले कम से कम 1 महीना उसकी शाखा में जाएं तो उन्हें आरएसएस के बारे में क, ख, ग, घ पता चल जाएगा।

## गुटबाजी से जूझ रही सपा ने निकाय चुनाव के लिए निकाला एक नया फार्मूला

लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने नेताओं के बीच गुटबाजी खत्म करने को लेकर नई रणनिति तैयार की है. सपा अब विधायकों के नेतृत्व में निकाय चुनाव लड़ेगी. विधायकों को पड़ोसी जिले जिम्मेदारी की दी गई है. वहीं, निकायवार पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं।



सूत्रों के मुताबिक, जहां पर विधायक नहीं है वहां पूर्व विधायक और पूर्व सांसदों को इसकी जिम्मेदारी दी गई है. लखनऊ में तीन जबकि अन्य निगमों में दो या एक विधायक जिम्मेदारी निभाएंगे. विधायकों को अपने जिले की जगह दूसरे जनपद में पर्यवेक्षक बनाया गया है. इसके साथ में विधायकों की संगठनात्मक स्तर पर नेतृत्व क्षमता की भी परीक्षा ली जाएगी।

लखनऊ की जिम्मेदारी 3 विधायकों फरीद महफूज किदवई, अमिताभ बाजपेई और धर्मराज सिंह को सौंपी गई है. इसी तरह अलीगढ़ में विधायक नवाब जान और विधायक राम खिलाड़ी सिंह को जिम्मेदारी दी गई. कानपुर में विधायक विशंभर सिंह यादव, रविदास मेहरोत्रा और चंद्र प्रकाश लोधी को जिम्मेदारी दी गई है. गोरखपुर में विधायक राममूर्ति वर्मा और संग्राम सिंह को जिम्मेदारी मिली है।

इसके अलावा, वाराणसी में विधायक मनोज पांडे, जाहिद बेग और आर के वर्मा को पर्यवेक्षक बनाया गया है. साथ ही साथ अयोध्या में विधायक अतुल प्रधान और कमाल अख्तर को जिम्मेदारी मिली है.


### आवश्यक सूचना

शपथी अरविन्द दीक्षित की पुत्री अंशिक दीक्षित की वर्ष 2020 हाईस्कूल की मार्कशीट कहीं खो गयी है। बहुत खोजने के बाद भी नहीं मिल पाई। यदि किसी को मिलती है वह निम्न पते पर भेजनें का कष्ट करें। मार्क शीट का किसी भी तरह का उपयोग गैर कानूनी होगा।

शपथी
अरविन्द दीक्षित
पताः 116/138, सुरेन्द्र नगर,
रावतपुर गांव, कानपुर नगर

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# संक्षिप्त समाचार

## दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांग शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार

ब्यूरोचीफ अनुज प्रताप सिंह कानपुर देहात। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय द्वारा अवगत कराया गया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांग शादी– विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत दम्पत्ति में से युवक के दिव्यांग होने की दशा में रु0 15,000/–, युवती के दिव्यांग होने की दशा में रु0 20,000/– तथा युवक–युवती दोनों के दिव्यांग होने की दशा में रु0 35,000/– धनराशि दिये जाने की व्यवस्था शासन द्वारा की गई है एवं इस योजना से जनपद कानपुर देहात के ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति जिनकी शादी गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुई हो पात्र हैं। पात्र दिव्यांग दम्पत्ति आनलाइन आवेदन वेबसाइट http//divyangjan.upsdc.gov.in पर करते हुए हार्डकॉपी (समस्त संलग्नकों की स्वहस्ताक्षरित प्रति सहित) कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, कमरा नं0–105, माती, विकास भवन, कानपुर देहात को उपलब्ध करा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत न्यूनतम 40 प्रतिशत या अधिक का दिव्यांगता प्रमाण–पत्र, निबंधक कार्यालय द्वारा निर्गत विवाह पंजीयन प्रमाण–पत्र, दम्पत्ति का तहसील द्वारा निर्गत आय प्रमाण–पत्र, दम्पत्ति का आधार कार्ड, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित दम्पत्ति का संयुक्त खाता पासबुक की प्रति, अधिवास प्रमाण–पत्र, दम्पत्ति का संयुक्त नवीनतम फोटो एवं वर का जनपद कानपुर देहात का निवासी होना अनिवार्य है, दम्पत्ति का आयु प्रमाण–पत्र जिसमें जन्म तिथि का अंकन हो (आयु प्रमाण–पत्र) शादी के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम न हो तथा 45 वर्ष से अधिक न हो एवं युवती की आयु 18 वर्ष से कम न हो तथा 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए संबंधित अभिलेख आवश्यक रूप होना चाहिए। उन्होंने पत्र के माध्यम से समस्त उपजिलाधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी(न0पा0/न0पं0) को निर्देश दिए कि दिव्यांगजन शादी–विवाह पुरस्कार योजनान्तर्गत जनपद में निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हेतु अपने अधीनस्थ फील्ड स्तरीय कर्मचारियों के माध्यम से योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार कराकर आवेदन उपलब्ध करायें जिससे जनपद के दिव्यांग दम्पत्तियों को उक्त योजना से लाभान्वित कराया जा सके।

## जनपदीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी 2022/तिलहन मेला/कृ.सू.त.सु. योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय मेला का आयोजन

संवाददाता राधा ठाकुर कानपुर देहात। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय द्वारा बताया गया कि जनपदीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी 2022/तिलहन मेला/कृ०सू०त०सु० योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय मेला का आयोजन, जिलाधिकारी महोदय कानपुर देहात की अध्यक्षता में दिनांक 13.08.2022 को प्रातः 10:00 बजे से सामुदायिक भवन, ईको पार्क, माती, कानपुर देहात में किया जा रहा है। उपरोक्तानुसार आयोजित कार्यक्रम में कृषि एवं कृषि समावेशी विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं/कार्यकर्मों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी तथा कृषि वैज्ञानिकों/प्रगतिशील कृषकों द्वारा कृषकों को फसलों से सम्बन्धित नवीनतम तकनीकी जानकारी/सुझाव/अनुभव/प्रदान करते हुए जैविक कृषि/प्राकृतिक खेती/जीरो बजट खेती, पशु पालन, मत्स्य पालन आदि के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करने के साथ–साथ कृषि सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण हेतु सुझाव दिया जायेगा। गोष्ठी/मेला स्थल पर कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, बैंकर्स, फसल बीमा कम्पनी, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, विद्युत विभाग, रेशम विभाग, वन विभाग, इफको/कृभकों, उद्योग विभाग, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला, सहकारिता आदि विभागों एवं जनपद में संचालित स्वयं सहायता समूहो/निजी विक्रेताओं द्वारा प्रदर्शनी/स्टाल लगा कर कृषकों को जागरूक करने तथा अपने–अपने उत्पादों को विक्रय किया जायेगा । उन्होंने पत्र के माध्यम से समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोविड–19 के दृष्टिगत भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा निर्गत गाईड लाईन का अक्षरांश अनुपालन सुनिश्चित करते हुए जनपदीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी 2022/तिलहन मेला/कृ०सू०त०सु० योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय मेला का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन कराने में पूर्ण मनोयोग से कार्य करें।

## दम्पति की भरी सूनी गोद चेहरे पर आयी मुस्कान

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। गोंडा जिला प्रोवेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने बताया है कि बस्ती जनपद के थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में लावारिस हालात में मिले बालक को गोद दिया गया है। शुक्रवार को जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने बहराइच के एक दम्पत्ति को बालक आकाश को गोद दिया। डीपीओ ने दम्पत्ति से अपील कि वे बच्चे का ध्यान रखेंगें। उसके स्वास्थ्य व शिक्षा पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने बताया कि




माह अप्रैल 2022 में बालक लावारिस हालत में मिला था, जिसे बाल कल्याण समिति के आदेश् पर विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण में आवासित कराया गया था। बालक के परिजनों के खोजबीन के बाद कोई विधिक दावेदार या परिजन न मिलने पर बाल कल्याण समिति के आदेश पर बालक को गोद दिये जाने हेतु लीगली फ्री किया गया था, जिस पर कारा के गाइडलाइन के अनुसार आकाश का आनलाइन मैपिंग के बाद गोद देने की प्रक्रिया की गयी। इस दौरान बाल कुबेरराम, चन्द्रमोहन वर्मा, उपेन्द्र श्रीवास्तव, कार्यक्रम सहायक दीपक दूबे, आंकड़ा विश्लेषक शिवगोविन्द वर्मा, राजकुमार आर्य, अंकित कुमार पाण्डेय, सपना श्रीवास्तव, प्रदीप जायसवाल, सोहनलाल, सिद्धनाथ पाठक आदि उपस्थित रहे।

## निर्वाचक नामावलियों में सम्मिलित समस्त मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार पर आधार नम्बर एकत्रीकरण कार्यक्रम/ अभियान का शुभारम्भ

ब्यूरोचीफ अनुज प्रताप सिंह कानपुर देहात। अपर जिलाधिकारी (प्रशा०)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी केशव नाथ गुप्ता द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों में सम्मिलित समस्त मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार पर आधार नम्बर एकत्रीकरण कार्यक्रम/अभियान का शुभारम्भ दिनांक 01 अगस्त, 2022 से प्रारम्भ हो गया है। जनपद के समस्त गणमान्य नागरिकों/राजकीय विभाग/अर्द्धशासकीय संस्थाओं/बैंक/पोस्ट ऑफिस में कार्यरत समस्त अधिकारी/कर्मचारियों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं को अवगत कराना है कि मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार पर आधार नम्बर एकत्र करने हेतु समस्त बूथ लेबिल अधिकारियों द्वारा दिनांक 01.08.2022 से घर–घर भ्रमण के दौरान आयोग द्वारा निर्धारित फार्म–6बी में आधार नम्बर एकत्रीकरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त के अतिरिक्त ऑनलाइन फार्म–6बी भरने हेतु NVSP portal & VHA (Voter Helpline app) इत्यादि के माध्यम से सुविधा भी आयोग द्वारा प्रदान की गई है. साथ ही मतदाताओं की सुविधा हेतु इस माह दिनॉक 07–08–2022 (रविवार) एवं 21–08–2022 (रविवार) को समस्त मतदेय स्थलों पर विशेष कैम्प का आयोजन किया जायेगा। विशेष कैम्प दिवस पर सभी बी०एल०ओ० अपने–अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं से फार्म–6बी में आधार नम्बर एकत्र करेगें।

उन्होंने सभी से अपेक्षा की है कि अपनी स्वेच्छा से माननीय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र करने हेतु निर्धारित फार्म–6बी में अपना नम्बर अंकित करके अपने बूथ आफिसर को जमा कराने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

## पोस्टमास्टर उरई प्रभात मिश्रा के द्वारा जगह जगह जाकर के तिरंगों के वितरण



जालौन। घर घर तिरंगा के वितरण के लिए आज पोस्टमॉस्टर उरई प्रभात मिश्रा के द्वारा जगह जगह जाकर के तिरंगों के वितरण के लिए संपर्क किया। आज डाकपाल उरई प्रभात मिश्रा ने अर्चना महेश्वरी विद्या मंदिर में व पावर ग्रिड कारपोरेशन में लगभग 481 राष्ट्रीय ध्वज का वितरण किया। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आजादी के इस पुनीत पर्व पर घर घर तिरंगा फहराने का कार्यकृम को सफल बनाना है उन्होंने कहा कि प्रधान डाकघर के अलावा सभी डाकघरों में मात्र 25 रुपये राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध है।

## जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्री मनोज शुक्ला ने बताया है कि एक मुश्त समाधान योजना

कानपुर नगर। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्री मनोज शुक्ला ने बताया है कि एक मुश्त समाधान योजना के तहत उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा सी0बी0सी0 योजना में वित्तपोषित संस्था/समिति/व्यकितगत उद्यमियों/ईकाइयों को कोविंड–19 द्वितीय लहर के संक्रमण फैलने व लाकडाउन होने के कारण उक्त महामारी में आपदा–विपदाकाल में एक मुश्त समाधान योजना के अंतर्गत ऋण की धनराशि जमा किये जाने में परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यालय लेखा अनुभाग लखनऊ द्वारा दिनांक 01 अप्रैल, 2021 से दिनांक 31 दिसमबर तक 9 माह के लिए बढ़ायी गई थी। उपरोक्त के तारतम्य में बोर्ड बैठक दिनांक 24 जून, 2022 में प्रस्ताव संख्या–12 पर लिये गये निर्णय/अनुमोदन के क्रम में जनपद के उद्यमियों/ईकाइयों को ऋण जमा करने हेतु सी0बी0सी0 योजना के अंतर्गत एक मुश्त समाधान योजना की अवधि दिनांक 01 जनवरी, 2022 से दिनांक 31 दिसमबर 2022 तक एक वर्ष हेतु बढायी गई है। उन्होंने बताया कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वित्तपोषित संस्था/समिति/व्यकितगत उद्यमियों/ईकाइयों को सी0बी0सी0 योजना के अंतर्गत वितपोषित उद्यमियों/ईकाइयों को एक मुश्त समाधान योजना का लाभ नहीं प्राप्त किया है तो ऐसी समस्त संस्था/समिति/व्यकितगत उद्यमियों/ईकाइयों को दिनांक 31 दिसमबर, 2022 तक यथाशीघ्र समस्त अवशेष धनराशि जमा करते हुए एक मुश्त समाधान योजना (ओ0टी0एस0) का लाभ प्राप्त किया जा सकता है। मात्र माननीय न्यायालय में लंबित प्रकरण पर उपरोक्त योजना का लाभ प्रदान नहीं किया जायेगा।

## जिलाधिकारी ने ईको पार्क का किया निरीक्षण, सौन्दरीकरण कराये जाने हेतु दिये निर्देश





संवाददाता राधा ठाकुर कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन ने माती मुख्यालय कलेक्ट्रेट के समीप स्थापित ईको पार्क का निरीक्षण करते हुए जायजा लिया।

निरीक्षण के क्रम में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ईको पार्क को विकसित करते हुए सुरक्षा व्यवस्था, पार्क का रखरखाव, बच्चों के लिए मनोरंजन की व्यवस्था, लाइटिंग, बाउंड्री वॉल की पेटिंग आदि की व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित किया जाये, उन्होंने नगर पंचायत अकबरपुर अधिशाषी अधिकारी को निर्देशित किया कि पार्क की साफ सफाई और अच्छे से कराये, जल भराव की स्थिति को सुधार करें तथा ज्यादा से ज्यादा पौध रोपण करायें, वहीं जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता से कहा कि इस पार्क के सौन्दरीकरण कराये जाने हेतु एक स्टीमेट तैयार कराये और बजट की मांग शासन से करे, जिससे कि इस ईको पार्क को और अच्छा बनाया जा सके। इस मौके पर अधिकारीगण व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## सरकारी माडल प्राथमिक विद्यालय का आयुक्त द्वारा औचक निरीक्षण







कानपुर। छात्रों और शिक्षकों की उपस्थिति की औचक जाँच करने और छात्रों/बच्चों को प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से, आयुक्त कानपुर मंडल ने कानपुर नगर जनपद के कल्याणपुर ब्लॉक के कटरी शंकरपुर सराय के सरकारी मॉडल प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया. आयुक्त द्वारा दी गई टिप्पणियों और निर्देशों के महत्वपूर्ण बिंदु हैं : यह कक्षा 1 से 5 तक का अंग्रेजी माध्यम का मॉडल स्कूल है। स्कूल में कुल प्रवेश (अड्मिशन) 148 है। लेकिन आज 110 छात्र स्कूल में उपस्थित थे। इस विद्यालय में एक हेड मास्टर और 3 शिक्षक हैं। सभी मौजूद थे। छात्रों और शिक्षकों के साथ बातचीत करते हुए, आयुक्त के ध्यान में लाया गया कि इस स्कूल में इस शैक्षणिक सत्र के लिए स्कूल की किताबें अब तक प्राप्त नहीं हुई हैं। कमिश्नर ने एडी बेसिक को यह जांचने को कहा कि इस स्कूल में स्कूल की किताबें वितरण करने में लगभग 4 महीने की देरी क्यों हो रही है। उन्होंने एडी बेसिक को सभी जिलों के साथ जांच करने और अगले 24 घंटों में आयुक्त को रिपोर्ट देने के लिए कहा। आयुक्त ने छात्रों के उपस्थिति रजिस्टर की जांच की। आयुक्त ने कुछ अभिभावकों से भी फोन पर बात की, जिनके बच्चे आज की कक्षाओं में उपस्थित नहीं हुए, यह जानने के लिए कि छात्र अनुपस्थित क्यों हैं। आयुक्त ने अभिभावक शिक्षक बैठक के रजिस्टर की भी जाँच की। यह पाया गया कि पिछली अभिभावक शिक्षक बैठक (पीटीएम) मार्च 2022 में आयोजित की गई थी। उसके बाद पिछले 4 महीनों में कोई पीटीएम आयोजित नहीं किया गया है। गाइडलाइंस के मुताबिक हर महीने पीटीएम कराई जाएगी। इसके अलावा यह पाया गया कि केवल 10 से 15: माता–पिता ही पीटीएम में भाग लेते हैं। आयुक्त ने प्रधानाध्यापक और सभी शिक्षकों से कहा कि वे संपर्क करें और माता–पिता को पीटीएम में भाग लेने के लिए मनाएं। यदि वे भाग लेने में असमर्थ हैं, तो प्रधानाध्यापक और शिक्षकों को ऐसे माता–पिता से संपर्क करना चाहिए जो कई महीनों से पीटीएम में भाग नहीं ले रहे हैं और उन्हें अपने बच्चों की प्रगति के बारे में अद्यतन और जानकारी देने के लिए व्यक्तिगत रूप से संपर्क करें। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि स्कूल में बिजली की आपूर्ति नहीं थी। आयुक्त ने प्रधानाध्यापक से पूछा तो उन्होंने बताया कि पिछले 15 दिनों से बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है क्योंकि पोल से स्कूल तक बिजली आपूर्ति केबल क्षतिग्रस्त है. आयुक्त ने एबीएसए और प्रधान को इसकी मरम्मत और अगले 24 घंटों में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कहा। आयुक्त ने छात्रों के साथ बातचीत की, और उन्होंने छात्रों को उनमें से प्रत्येक को एक पौधा भेंट कर प्रेरित किया। कुछ छात्रों ने पौधों के फायदे भी बताए। सभी छात्रों ने आयुक्त को अपने घर या अपने खेतों में पौधे लगाने और बड़े होने तक उनकी देखभाल करने का आश्वासन दिया।

## जनपद की गौशालाओं में गौवंशों हेतु सम्पूर्ण व्यवस्थाऐं रहे दुरस्त : नोडल अधिकारी

• आवारा घूम रहे गौवंशों को गौशालाओं में करें संरक्षित : नोडल अधिकारी



कानपुर देहात। शासन के निर्देशों के तहत प्रदेश में संचालित गो–आश्रय स्थलों, संचारी रोग टीकाकरण एवं अन्य योजनाओं के निरीक्षण हेतु नामित नोडल अधिकारी दुग्ध आयुक्त, उत्तर प्रदेश लखनऊ श्री शशि भूषण लाल सुशील ने विगत दिवस बीती सायंकाल विकास भवन में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में आवारा गौवंशों के संरक्षण, गौ–आश्रय स्थलों के रख रखाव, गौवंशों को हरा चारा, चूनी–चोकर, पानी आदि के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने भी प्रतिभाग किया। बैठक में नोडल अधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा जो गौवंशो हेतु जो भी शासनादेश जारी हुए है उनका शत प्रतिशत पालन किया जाये। नोडल अधिकारी को रनियां कस्बे क्षेत्र में आवारा गौवंश दिखायी पड़ने पर उन्होंने उप जिलाधिकारी अकबरपुर व अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत रनियां को निर्देशित किया कि सड़कों व कस्बे में घूम रहे आवारा गौवंशों को गौ–आशय स्थलों पर संचालित किये जाये। उन्होंने कहा कि शासन के सख्त निर्देश है कि गौवंश आवारा सड़कों में न घूमे उन्हें गौशालाओं में अवश्य संरक्षित करें, नोडल अधिकारी ने पशुपालन विभाग व जिला पंचायत राज अधिकारी विभाग को निर्देशित किया कि जहां ज्यादा गौवंश है वहां और गौशालाऐं बनाये जाने की कार्यवाही करें जनपद में कही भी आवारा गौवंश न घूमें, उन्हें कैटल कैचर मशीन से गौवंशाओं में संरक्षित करें, गौशालाओं में लगे केयर टेकर का समय से वेतन का भुगतान किया जाये। गौशालाओं में शेड, भूसा, पानी आदि की व्यवस्था रहें, कही किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। वहीं मुख्य विकास अधिकारी ने नोडल अधिकारी को अवगत कराया कि जनपद के नगर निकायों द्वारा गौग्रास योजना चलायी जा रही है जिसके माध्यम से घरो से रोटी व खाद्य पदार्थ एकत्र कर गौशालाओं में भेजी जा रही है, इस पर नोडल अधिकारी ने प्रसन्नता जाहिर की तथा और अच्छे से योजना का क्रियान्वयन करने के निर्देश दिये। वहीं उन्होंने गाय के गोबर से प्रोडक्ट तैयार करने की बात कही। वहीं उन्होंने संचारी रोग के तहत साफ सफाई कराये जाने व अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर उप जिलाधिकारी अकबरपुर वागीश कुमार शुक्ला, डीसी मनरेगा हरीशचन्द्र, पशु चिकित्साधिकारी डा0 देवकीनन्दन लावनिया आदि अधिकारीगण व समस्त खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रेमिका से मिलने गया था प्रेमी, लड़की के घरवालों ने की निर्मम हत्या, बाद में शव गन्ने के खेत में फेंका



गोंडा। गोंडा में प्रेम प्रसंग में हुई हत्या के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है. दरअसल, बीती रात प्रेमी अपनी प्रेमिका से मिलने गया था, जिसकी भनक जब प्रेमिका के परिवार को लगी तो प्रेमी की निर्मम हत्या कर शव को गन्ने के खेत में फेंक दिया. गन्ने के खेत में काम करने गए मजदूरों को जब शव दिखाई दिया तो उन्होंने नजदीकी पुलिस स्टेशन छपिया को सूचना दी. छपिया थाने से फोर्स ने आकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

इस पूरे प्रकरण में पुलिस के ऊपर भी आरोप लगा कि पुलिस ने बिना परिजनों को सूचना दिए शव को पोस्टमार्टम के लिए गोंडा भेज दिया, जिसके बाद परिजनों ने मसकनवा गोंडा रोड पर काफी देर तक जाम लगा रखा और हंगामा किया. जिसके बाद पुलिस ने शव को वापस मंगाया और फिर पोस्टमार्टम के लिए वापस गोंडा भेजा।

दरअसल, यह घटना थाना छपिया की है जहां पर गन्ने के खेत में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और पुलिस ने जांच की. परिजनों ने तहरीर दी कि उनके पुत्र सरोज को बगल के गांव के रहने वाली एक लड़की से प्रेम हो गया था.।

मृतक के पिता ने तहरीर में बताया कि लड़की और लड़की के परिवार वालों ने रात में फोन कर लड़के को अपने घर बुलाया और उसकी हत्या कर गन्ने के खेत में उसका शव फेंक दिया. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. वहीं पूरे मामले पर मनकापुर सर्किल के क्षेत्राधिकारी संजय तलवार ने बताया कि युवक का शव गन्ने के खेत में पाया गया था. मृतक के पिता की दी गई तहरीर के आधार पर 5 लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान समारोह एवं देश की आजादी पर चर्चा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सदन कचहरी में



कानपुर। राष्ट्रीय लोक दल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष श्री रामआशीष राय के आवाहन पर संपूर्ण प्रदेश में देश की आजादी में जिनका योगदान रहा जिससे कि हम लोग आजाद देश में स्वतंत्र रूप से विचरण कर रहे हैं उन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान समारोह एवं देश की आजादी पर चर्चा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सदन कचहरी में हुआ जिन सेनानी का सम्मान किया गया फिर वह श्री धर्म कुमार सिंह एडवोकेट उन्हें खादी सूत की माला पुष्पमाला , अगं वस्त्र व देश की लड़ाई का प्रतीक खादी चरखा देकर सम्मानित किया गया साथ ही साथ सेनानी उत्तराधिकारी ओं को भी कार्यक्रम में उनके पूर्वजों द्वारा आजादी की लड़ाई लड़ने के कारण देश आजाद होने के लिए परिवार ने जो कष्ट उठाए उन पर भी संवेदना व्यक्त की मुख्य अतिथि श्री धर्म कुमार सिंह एडवोकेट स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ने अंग्रेजों द्वारा किए गए अत्याचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की आजादी के इतने साल हो गए हैं परंतु अभी तक आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति को न्याय नहीं मिल पा रहा है उन्होंने कहा कि बापू के बताए हुए रास्ते पर ही देश विकास की ओर जा सकता है जब तक छोटे उद्योगों को कुटीर उद्योगों को बढ़ावा नहीं होगा गांव में रोजगार सृजन नहीं होगा तब तक गांव से पलायन नहीं रोका जाएगा तब तक यह देश विकास की ओर नहीं बढ़ सकता।

सम्मान समारोह की अध्यक्षता श्री सुरेश गुप्ता ने किया संचालन मोहम्मद उस्मान ने किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नरेंद्र सिंह यादव डा.सोहेल चौधरी ,सत्येंद्र सिन्हा, अनिल त्रिपाठी, पदम कुमार गुप्ता अशोक शुक्ला ,राम दुलारे गुप्ता दीनानाथ द्विवेदी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# रविवार को प्रिकॉशन डोज को लेकर 96 सेंटर पर चलेगा महा अभियान

विमलेश भदौरिया
लखीमपुर,खीरी। शासन के निर्देश पर जनपद में सात अगस्त को प्रिकॉशन डोज को लेकर महा अभियान चलाया जाना है, इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले के सभी 96 सेंटर पर महा अभियान चलाया जाएगा।

जानकारी देते हुए जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा आम जनमानस को कोविड से सुरक्षित करने के लिए यह महा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रिकॉशन डोज को बढ़ावा देने के लिए शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग महा अभियान चलाने जा रहा है। सात अगस्त दिन रविवार को महा अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान जिला पुरुष अस्पताल, जिला महिला अस्पताल, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप केंद्रों पर यह अभियान चलेगा। कुल मिलाकर जनपद के 96 सेंटर पर प्रिकॉशन डोज लगाई जाएगी। दोनों ही वैक्सीनों की प्रिकॉशन डोज लगवाई जाएगी।

जिन लोगों को दूसरी खुराक लिए छह माह पूरे हो गए हैं, वे सभी प्रिकॉशन डोज लगवा सकते हैं, इसके साथ ही सभी सेंटर पर सामान्य कोविड वैक्सीनेशन भी जारी रहेगा।

# मुंसिफ कोर्ट परिसर में वादकारियों के बैठने के लिये टीनशेड निर्माण की मांग



विमलेश भदौरिया
लखीमपुर,खीरी। निघासन विधायक पटेल शशांक वर्मा की दूसरी बार जीत के बाद तहसील परिसर में प्रथम आगमन पर वकीलों ने उनका जोरदार स्वागत किया। वकीलों ने मुंसिफ कोर्ट परिसर में वादकारियों के बैठने के लिए टीन शेड के निर्माण की मांग की। इसके अलावा डीएम खीरी द्वारा जारी की गई मूल्यांकन सूची के विरोध में ज्ञापन सौंपा है।

शुक्रवार को अधिवक्ता संघ सभागार में क्षेत्रीय विधायक पटेल शशांक वर्मा को दूसरी बार जीत मिलने के बाद उनके प्रथम आगमन पर वकीलों ने उनका माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह भेंट कर जोरदार स्वागत किया। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र रुहेला, उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश, मंत्री राकेश वैश्य, संयुक्त मंत्री राजू गिरि, अंकेक्षक दिनेश गुप्ता, कार्यकारणी सदस्य राम गोपाल, आत्म कुमार सहित वकीलों ने बारी–बारी से माल्यार्पण कर उन्हे स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम में वक्ता मेजर सिंह, रामकृष्ण चतुर्वेदी व डीके सिंह ने पुनः जीत के बाद प्रथम आगमन पर उनका स्वागत व अभिनंदन कर मुंसिफ कोर्ट परिसर में टीन शेड डलवाए जाने की मांग की तथा वक्ता रमेश शर्मा ने तहसील परिसर में जर्जर पुरानी बिल्डिंग को नीलाम कराए जाने की मांग की।

तत्पश्चात् मुख्य अतिथि विधायक पटेल शशांक वर्मा ने सभी वकीलों का चुनाव के दौरान सहयोग करने व प्रथम आगमन पर सम्मान करने के लिए आभार व्यक्त किया और वकीलों की मांग पर मुंसिफ कोर्ट परिसर में टीन शेड का निर्माण कराए जाने का आश्वासन दिया है। इसके अलावा सर्किल रेट का विरोध करते हुए वकीलों सहित बैनामा लेखकों ने एक ज्ञापन क्षेत्रीय विधायक को सौंपा है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता सुबोध कुमार पांडेय व समापन संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रकाश रुहेला ने किया है। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता बीपी श्रीवास्तव, वीरेंद्र भदौरिया, उमाकांत जयसवाल, मेजर सिंह, रवि गुप्ता, सर्वेश गुप्ता, डीपी सिंह, रूपेश श्रीवास्तव, मो. अमीन, हरिनंदन यादव, मो. लतीफ़, धर्मेश यादव, अखिल श्रीवास्तव, सर्वेश यादव व मीडिया प्रभारी रजीउल्ला खान, रमेश भारती सहित तमाम अधिवक्ता व बैनामा लेखक मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## एसएचओ ने हर घर तिरंगा अभियान को लेकर स्टाफ के साथ की बैठक

नवीन भसीन सम्पूर्णानगर,खीरी। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक हर घर



तिरंगा अभियान के तहत ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य को लेकर एसएचओ बलवंत शाही ने पने स्टाफ के साथ बैठक की। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने की रणनीति बनाई। थाने का स्टाफ हर घर तिरंगा अभियान के तहत ग्रामीणों को जागरूक करेगा कि वह आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में अपने–अपने घरों पर 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा अवश्य लगाएं। क्योंकि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हम अपने देश की एकजुटता दिखाते हुए दुनिया को एक अच्छा संदेश पहुंचा सके।

## दम्पति की भरी सूनी गोद चेहरे पर आयी मुस्कान

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। गोंडा जिला प्रोवेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने बताया है कि बस्ती जनपद के थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में लावारिस हालात में मिले बालक को गोद दिया गया है।



शुक्रवार को जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने बहराइच के एक दम्पत्ति को बालक आकाश को गोद दिया। डीपीओ ने दम्पत्ति से अपील कि वे बच्चे का ध्यान रखेंगें। उसके स्वास्थ्य व शिक्षा पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने बताया कि माह अप्रैल 2022 में बालक लावारिस हालत में मिला था, जिसे बाल कल्याण समिति के आदेश् पर विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण में आवासित कराया गया था। बालक के परिजनों के खोजबीन के बाद कोई विधिक दावेदार या परिजन न मिलने पर बाल कल्याण समिति के आदेश पर बालक को गोद दिये जाने हेतु लीगली फ्री किया गया था, जिस पर कारा के गाइडलाइन के अनुसार आकाश का आनलाइन मैपिंग के बाद गोद देने की प्रक्रिया की गयी। इस दौरान बाल कुबेरराम, चन्द्रमोहन वर्मा, उपेन्द्र श्रीवास्तव, कार्यक्रम सहायक दीपक दूबे, आंकड़ा विश्लेषक शिवगोविन्द वर्मा, राजकुमार आर्य, अंकित कुमार पाण्डेय, सपना श्रीवास्तव, प्रदीप जायसवाल, सोहनलाल, सिद्धनाथ पाठक आदि उपस्थित रहे।

## जल जीवन मिशन परियोजना के कार्यो में तेजी लाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समयावधि में कराएं पूर्ण आयुक्त

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। गोंडा आयुक्त देवीपाटन मंडल एम0पी0 अग्रवाल ने



आयुक्त सभागार में जल जीवन मिशन योजना की मंडलीय समीक्षा की, उन्होंने कार्यदायी संस्था पी. एन. सी.दृएस.पी. एम.एल(जेवी) आगरा व लारसन एंड टुब्रो,चेन्नई के सदस्यों को भी निर्देश दिया कि वे सभी कार्य व परियोजनाओं की वास्तविक प्रगति की आख्या अपने स्तर से उपलब्ध कराएं। आयुक्त महोदय सभी कार्यदायी संस्थाओं को आवंटित लक्ष्य को ना पूर्ण किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कार्य परियोजनाओं की पूर्णता गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ सुनिश्चित करें।
उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं सहित समस्त अवर अभियंताओं को निर्देश दिया कि एक–एक कार्य बिंदुओं की समस्या के मूल में जाएं जिससे अपेक्षित कार्य प्रगति क्यों नहीं है, उसकी जानकारी हो सके व समाधान भी सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि यह सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है जो आम जन की सुविधाओं से जुड़ी है। इस योजना के तहत पाइप लाइन से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। अतः इसमें किसी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही कदापि नहीं होनी चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गोंडा गौरव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर संजीव कुमार मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी श्रावस्ती, जिला विकास अधिकारी बहराइच महेंद्र कुमार पांडे, अधीक्षण अभियंता सौरभ सुमन तथा समस्त अधिशासी अभियंता, कार्यदायी संस्था व सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सेहरिया वजीरगंज में गन्ने की खेती का किया निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। गोण्डा जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने आज शुक्रवार को विकासखंड वजीरगंज के अंतर्गत ग्राम सेहरिया में नई विधि से तैयार किये गये गन्ने की खेती का निरीक्षण किये



तथा जानकारी ली। गन्ना किसान मनोज सिंह के द्वारा नई विधि से तैयार किए गए गन्ने की बुवाई लाइन टू लाइन 5 फीट की दूरी तथा गन्ने की लंबाई लगभग 12 से 13 फीट है, जो बहुत ही उन्नतिशील किसान हैं।
इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी ओ.पी. सिंह सहित संबंधित विभाग के अन्य लोग उपस्थित रहे।

# तुलसीदास जयंती पर आयोजित हुई विचार गोष्ठी

श्रद्धा सिंह भदौरिया
लखीमपुर,खीरी। शहर के



आवास विकास स्थित डॉ. हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर में संत तुलसीदास की जयंती पर विद्वत परिषद की गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। मंचासीन अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य राममणि मिश्र ने कराया। कार्यक्रम के अध्यक्ष राम औतार शर्मा पूर्व प्रवक्ता बीएड विभाग वाईडीसी व मुख्य अतिथि दिनेश कुमार शर्मा पूर्व सैनिक व शिक्षक रहे।
गोष्ठी का मुख्य विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 रखा गया। दिनेश शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर बिन्दुवार चर्चा की। राम औतार शर्मा ने संस्कृति संरक्षण पर बल देते हुए अभिभावकों के द्वारा शिशु विकास में की जाने वाली विभिन्न आयामों की चर्चा की। इस अवसर पर विद्वत परिषद के सह मंत्री विनोद तिवारी, उपाध्यक्ष संतोष गौड़ एवं सदस्य अश्विनी गुप्ता सहित 37 अभिभावक, आचार्य आचार्या उपस्थित रहे। इस अवसर पर अभिभावकों ने भी अपने विचार रखे। अतिथियों अभिभावकों के प्रति आभार प्रदर्शन विद्वत परिषद के प्रमुख भूपेंद्र सिंह आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य श्याम बल्लभ शुक्ला ने किया।

# आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर घर-घर लगाये जायेंगे तिरंगा



- डीएम ने हर घर तिरंगा अभियान की सफलता के लिए ली बैठक

विमलेश भदौरिया
लखीमपुर,खीरी। शुक्रवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के संदर्भ में की तैयारियों की समीक्षा की और संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने नोडल विभागों द्वारा की तैयारियों के सम्बन्ध में बारी–बारी से जानकारी लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिशा–निर्देश भी दिए। बैठक का सफल संचालन डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने किया। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी नगरीय निकाय आवश्यकतानुसार झंडे का क्रय जेम पोर्टल अथवा डाकघर से करे। हर डाक घर में पर्याप्त मात्रा में झंडे उपलब्ध है। शासन द्वारा दिये गए लक्ष्य की प्राप्ति के लिए डीएम ने सभी विभागों की जिम्मेदारियां तय की। उन्होंने कहा कि जिले के कोने–कोने में राष्ट्रीय ध्वज लहराया जाएगा। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि ग्राम स्तर पर ग्राम व न्याय पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। उसी प्रकार नगरीय क्षेत्र में एसडीएम–ईओ समन्वय करके तिरंगे का वितरण सुनिश्चित कराए व पर्यवेक्षण हेतु ड्यूटी लगाएं। जिले में 5.10 लाख झण्डे का निर्माण कराया जा रहा। वहीं शासन से 4.50 लाख झंडे मिलेगे, जिन्हें शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में वितरित कराया जाएगा। इसकी प्रॉपर कार्ययोजना तैयार कर ले। डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने बताया कि शासन से अब तक 1.40 लाख झंडे शासन से प्राप्त हुए, जिनका समानुपातिक वितरण किया जा रहा है। बैठक में सीडीओ अनिल सिंह, एडीएम संजय सिंह, सभी एसडीएम, बीडीओ, ईओ, डीडीओ अरविंद कुमार, डीसी मनरेगा विपिन चौधरी, बीएसए डॉ. लक्ष्मीकांत पांडेय, डीआईओएस डॉ. अमरकांत सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

- 11–17 अगस्त तक अभियान

डीएम ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में ज़िले के सभी घरों, कार्यालयों, शैक्षणिक, व्यवसायिक, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों आदि पर 11 से 17 अगस्त तक शासन की मंशा के अनुरूप तिरंगा झंडा पर फहराना है। जनपद को 09.58 लाख तिरंगा झंडा लगाए जाने का लक्ष्य मिला है। उन्होंने सभी से अपील की है कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम में स्वैच्छिक भूमिका निभाएं और इस पावन कार्य में भागीदारी सुनिश्चित करें।

# कटरा शहबाजपुर के प्रधान पद के उपचुनाव में बरगदी परिवार समर्थित प्रत्याशी विजेता घोषित

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश।
कर्नलगंज, गोण्डा। गुरुवार को स्थानीय विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कटरा शहबाजपुर में हुए प्रधान पद के उप चुनाव में बरगदी परिवार से समर्थित उम्मीदवार को विजय श्री हासिल हुई, जबकि प्रतिद्वंदी प्रत्याशी को कड़ी शिकस्त मिली।



मालूम हो कि गुरुवार को विकास खण्ड कर्नलगंज के ग्राम पंचायत कटरा शहबाजपुर का चुनाव सम्पन्न हुआ था। जिसमे 1169 मत पड़े थे और शुक्रवार को ब्लाक कर्नलगंज में मतगणना की गई। जहाँ बरगदी परिवार से समर्थित प्रत्याशी सुग्रीव को 819 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंदी राजेश कुमार को मात्र 282 मत प्राप्त हुआ, वहीं 68 मत अवैध पाए गए। सुग्रीव की जीत पर बरगदी परिवार समर्थको मे उत्साह का माहौल है।

# उप जिला अधिकारी कर्नलगंज के आदेशों का नहीं हो रहा अनुपालन

- एक वर्ष पहले ग्राम निधि के द्वारा बनाई गई सड़क को दबंगों ने गिराया, मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध।।

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश।करनैलगंज, गोंडा( दैनिक अयोध्या टाइम्स )एक तरफ जहां उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार उत्तर प्रदेश में दबंगों व भू माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाकर उन्हें नेस्तनाबूद करने की कोशिश कर रहे हैं वही कुछ माफिया प्रवृत्ति के लोग अभी भी प्रशासन को ताक पर रखकर बिना किसी डर के अवैध कब्जा व सड़क निर्माण को बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं। ताजा मामला तहसील करनैलगंज अंतर्गत ग्राम बाल गोविंद पुरवा ठकुरापुर का है जहां के ग्रामीणों राम प्रताप पुत्र कन्हैया लाल ,हरि प्रताप, राजू परमानंद सच्चिदानंद सोनू रामरंग आशू आदि ने आरोप लगाया है कि विगत वर्ष फरवरी में ग्राम निधि के द्वारा ग्राम बालगोविंद पुरवा काली सड़क से एक सड़क का निर्माण राम प्रताप के घर से होते हुए गाँव की तरफ गई थी जिस पर बिगत कई माह पहले से दीनानाथ व राकेश ने घूर लगाकर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया था जिसके लिये ग्रमीणों ने एस0डी0 एम0 करनैलगंज, को एक प्राथना पत्र देकर शिकायत की थी ,जिसको संज्ञान में लेकर उप जिला अधिकारी ने आदेश देकर मार्ग को खाली कराने का आदेश प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात को दिया था लेकिन कोतवाली देहात पुलिस ने इस पर कोई कार्यवाही नहीं की, और मामला शून्य रहा ,उसके बाद मंगलवार की मध्य रात्रि में दीनानाथ विनोद राकेश हरि ओम आदि ने मिलकर पूरी सड़क को ढहाकर नष्ट कर दिया जिससे पूरे गांव वालों का रास्ता बंद हो गया है।

# प्रधान संघ की मुहिम : पढेगा पलिया, खेलेगा पलिया, बढ़ेगा पलिया



विमलेश भदौरिया
लखीमपुर,खीरी। पलिया तहसील के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों की सामूहिक मुहिम पढ़ेगा पलिया, खेलेगा पलिया, बढ़ेगा पलिया अब जोर पकड़ने लगी हैं। मुहिम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को सेना व अन्य सरकारी सेवाओं की तैयारी कराने के साथ–साथ युवाओं को चौमुखी विकास के लिए तैयार करना है। जिसके चलते प्रति दिन प्रत्येक विभाग का सहयोग युवाओं को प्राप्त हो रहा है। जिसके चलते बच्चों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। प्रधान संघ के द्वारा यह मुहिम पूरी तरह निःशुल्क है और बडी संख्या में युवा इसका लाभ भी ले रहे हैं। प्रधान संघ के प्रधान प्रतिनिधि संदीप सिंह व प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक रवि कुमार गुप्ता के आग्रह पर सेना में भर्ती के लिये अग्निवीर बनने की तैयारी कर रहे बच्चों की मेहनत को उचित दिशा निर्देश देने के लिए पहुंचे पलिया कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्रा ने सबकी तारीफ की। उन्होंने तैयारी कर रहे बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि हमने खुद सुबह दूध, गुड, चना आदि पौस्टिक आहार खाकर कैसे दौड़ लगाई। कोतवाल प्रमोद मिश्र ने सभी से प्रतिदिन अखबार पढ़ने की आदत डालने पर भी जोर दिया। उनके साथ ही कांस्टेबल प्रदीप कुमार व मनदीप ने भी बच्चों को मार्गदर्शन देकर मनोबल बढ़ाया। तैयारी कर रहे बच्चों को कुशल प्रशिक्षक प्रमोद यादव, सुखवंत सिंह, संदीप अवस्थी द्वारा शारीरिक व लिखित परीक्षा की तैयारी के लिए चौकी इंचार्ज हनुमंत लाल तिवारी, रवि कुमार गुप्ता, रोहित सर व राजेश सक्सेना मार्गदर्शन दे रहे हैं।

# सुदामा चरित और परीक्षित मोक्ष कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रोता



श्रद्धा सिंह भदौरिया
लखीमपुर,खीरी। गोला नगर के त्रिलोक गिरि मार्ग भूतनाथ रेलवे क्रॉसिंग पर आयोजित द्वितीय सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में विश्राम दिवस कथाव्यास संजीवनी मिश्रा ने सुदामा चरित्र व राजा परीक्षित मोक्ष सुनाकर उपस्थित श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

कथाव्यास संजीवनी मिश्रा ने उपस्थित श्रोताओं को कथा श्रवण कराते हुए कहा कि संदीपन मुनि के आश्रम में भगवान श्रीकृष्ण के बचपन के सखा सुदामा ने गुरुमाता के दिए हुए चनों की चोरी की थी। जिस कारण उन्हें दरिद्रता प्राप्त हुई तथा वह अपनी पत्नी सुशीला के बार–बार कहने पर भगवान श्रीकृष्ण के यहां द्वारिकापूरी गए, जहां उन्हें उनके सखा भगवान श्रीकृष्ण के द्वारा बिना कहे ही धन और वैभव की प्राप्ति हुई।
कथाव्यास ने कहा कि राजा परीक्षित को श्राप लगा था कि उनकी सर्प के काटने से सात दिन बाद मृत्यु हो जाएगी। जिस कारण उन्होंने व्यासजी के पुत्र सुखदेव महाराज से सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सुनी और श्राप के कारण सर्प के काटने से उनकी मृत्यु हो गई और वह मोक्ष को प्राप्त हुए। इस मौके पर श्रीमद्भागवत कथा आयोजक पत्रकार संदीप शुक्ला, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, समाजसेवी सिद्धार्थ शुक्ला, डॉ. सौरभ दीक्षित, रामनरेश मिश्रा, पत्रकार पंकज मिश्रा, पत्रकार सचिन शर्मा, पत्रकार करन सिंह राठौर, विपिन मिश्रा, सुनील मौर्य, धीरज बाजपेई, हरद्वार बाजपेई व हरिप्रकाश पांडेय सहित तमाम श्रीमद्भागवत प्रेमी मौजूद रहे।

# एसएसबी ने छात्र-छात्राओं को वितरित किया तिरंगा झंडा



नवीन भसीन
सम्पूर्णानगर,खीरी। केंद्रीय विद्यालय 39वीं वाहिनी गदनिया ने एसएसबी 39 वी वाहिनी के सहयोग से हर घर तिरंगा के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस मौके पर केंद्रीय विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। एसएसबी 39 वाहिनी गदनिया मुख्यालय स्थित केंद्रीय विद्यालय व सशस्त्र बल 39वीं वाहिनी के हर घर तिरंगा कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा देश भक्ति के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। सशस्त्र सीमा बल द्वारा छात्र–छात्राओं को इंसास 5.56 एमएम रायफल के साथ ही सेना के सभी हथियारों को दिखाकर उनके बारे में जानकारी दी गयी।
केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य पूनम सिंह द्वारा सम्मानित अतिथियों का स्वागत उपरांत तिरंगे के इतिहास व उसके महत्वत्ता के बारे में बताया गया। कमाडेंट 39वीं वाहिनी पराग सरकार द्वारा बच्चों को राष्ट्र के आजादी से पूर्व से आज तक की यात्रा के बारे में बताते हुए ध्वज के बारे में जागरूकता व हर घर तिरंगा कार्यक्रम के आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए सभी छात्रों को अपने घरों पर भारत का राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया गया।
एसएसबी 39 वी वाहिनी द्वारा सभी छात्रों को तिरंगे वितरित किये गए।

# सम्पादकीय....

## ताइवान पर तनाव, अमेरिका का चाव, भारत के भाव

अमेरिका और चीन के बीच तनाव के जो मुद्दे हैं वो बने हुए हैं, चाहें वो ताइवान हों, दक्षिण चीन सागर में बढ़ता चीन का प्रभाव हो या फिर दोनों देशों के बीच चल रहा ट्रेड वॉर हो इन सभी से परे ताइवान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भी साख का सवाल बनता जा रहा है. चीन की आर्थिक हालत इस समय खराब है. शी जिनपिंग ऐसे समय में कमजोर नहीं दिखना चाहेंगे, इसलिए वो राष्ट्रवाद का सहारा लेंगे और ताइवान की तरफ जाएंगे. इसलिए चीन ताइवान को लेकर आक्रामक है और भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल कर रहा है. अमेरिकी कांग्रेस की स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा को लेकर दोनों देशों के बीच तीखा तनाव पैदा हो गया है। मंगलवार को जब अमेरिकी कांग्रेस की स्पीकर ताइवान पहुंची तो अमेरिकी फाइटर जेट्स भी पीछे–पीछे सुरक्षा में रवाना हुए। इससे नाराज चीन ने ताइवान के आसपास सैन्य युद्ध अभ्यास का ऐलान कर दिया। चीन भड़का हुआ है। अमेरिका ने भी साफ कर दिया कि सुरक्षा के मुद्दे पर अमेरिका ताइवान के साथ खड़ा है। नैंसी पेलोसी के दौरे पर चीन क्यों खफा है। क्या रूस और यूक्रेन की तरह चीन और ताइवान के बीच युद्ध की संभावना है। अमेरिकी स्पीकर नैन्सी पेलोसी की ताइवान यात्रा का चीन ने स्वागत नहीं किया है। इसने दो शक्तिशाली देशों– चीन और अमेरिका के बीच तीव्र तनाव पैदा कर दिया है क्योंकि चीन ताइवान को एक अलग प्रांत के रूप में देखता है। ताइवान, जो खुद को एक संप्रभु राष्ट्र मानता है, मगर चीन ताइवान को अपना अलग प्रांत मानता है। फिर भी ताइवान अमेरिका को अपना सबसे बड़ा सहयोगी मानता है और अमेरिकी स्पीकर नैन्सी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद दुनिया एक नए टकराव की ओर बढ़ रही है. यात्रा के बाद अमेरिका और चीन के बीच तनाव बढ़ गया है, जिसके केंद्र में ग्लोबल सेमीकंडक्टर ट्रेड पर वर्चस्व बनाना है. ऐसा अनुमान है कि ग्लोबल सेमीकंडक्टर कैपेसिटी में अकेले ताइवान की 20 फीसदी हिस्सेदारी होगी. दूसरी ओर अमेरिका और चीन सेमीकंडक्टर के सबसे बड़े उपभोक्ताओं में से हैं. बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप की एक रिपोर्ट के अनुसार, सेमीकंडक्टर दुनिया में चौथा सबसे ज्यादा ट्रेड होने वाला प्रोडक्ट है. इसमें दुनिया के 120 देश भागीदार हैं. सेमीकंडक्टर से ज्यादा ट्रेड सिर्फ क्रूड ऑयल, मोटर व्हीकल व उनके कल–पुर्जों और खाने वाले तेल का ही ट्रेड होता है। ताइवान, आधिकारिक तौर पर चीन गणराज्य, पूर्वी एशिया में एक देश है, और उत्तर पश्चिमी प्रशांत महासागर में पूर्वी और दक्षिण चीन सागर के जंक्शन पर जापान और फिलीपींस के बीच है। अर्धचालकों की अधिकांश वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला ताइवान पर निर्भर है। वर्तमान में, केवल 13 देश (प्लस वेटिकन) ताइवान को एक संप्रभु देश के रूप में मान्यता देते हैं। चीन और ताइवान की अर्थव्यवस्थाएं अटूट रूप से जुड़ी हुई हैं। 2017 से 2022 तक 515 बिलियन डॉलर के निर्यात मूल्य के साथ चीन ताइवान का सबसे बड़ा निर्यात भागीदार है, जो अमेरिका से दोगुना से अधिक है। ताइवान अन्य द्वीपों की तुलना में मुख्य भूमि चीन के बहुत करीब है, और बीजिंग इसे अपना समझता है क्योंकि 1949 में चीनी क्रांति के दौरान राष्ट्रवादियों को वहां से खदेड़ दिया था। अमेरिका और चीन के बीच जिन मुद्दों को लेकर तनाव है, उनमें है ट्रेड वॉर– दोनों ने एक–दूसरे के उत्पादों पर आयात कर बढ़ाया है. हाल के सालों में एक–दूसरे पर कई तरह के आर्थिक प्रतिबंध भी लगाए हैं. समंदर में बढ़ते चीन के प्रभाव और दक्षिण चीन सागर में चीन के पैर फैलाने से अमेरिका और पश्चिमी मुल्क नाराज हैं. इसे लेकर कई बार दोनों के बीच तनाव चेतावनी तक भी बढ़ा है. चीन की घेराबंदी कर अमेरिका पेसिफिक के देशों के साथ संबंध बढ़ाना चाहता है. यहां वो अपने सहयोगी ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर चीन के प्रभाव को रोकने की कोशिश कर रहा है. अमेरिका, यूके और ऑस्ट्रेलिया के बीच हाल में ऑकस सुरक्षा गठबंधन बना है. अमेरिका चीन पर वीगर अल्पसंख्यक मुसलमानों के मानवाधिकारों के उल्लंघन का भी आरोप लगाता है, हालांकि चीन इससे इनकार करता रहा है. अमेरिका और चीन के बीच तनाव के जो मुद्दे हैं वो बने हुए हैं, चाहें वो ताइवान हों, दक्षिण चीन सागर में बढ़ता चीन का प्रभाव हो या फिर दोनों देशों के बीच चल रहा ट्रेड वॉर होय इन सभी से परे ताइवान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भी साख का सवाल बनता जा रहा है. चीन की आर्थिक हालत इस समय खराब है. शी जिनपिंग ऐसे समय में कमजोर नहीं दिखना चाहेंगे, इसलिए वो राष्ट्रवाद का सहारा लेंगे और ताइवान की तरफ जाएंगे. इसलिए चीन ताइवान को लेकर आक्रामक है और भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल कर रहा है. आज के वैश्विक परिवेश में अमेरिका की शक्ति कम हो रही है और चीन एक उभरती हुई शक्ति है. जहां तक भारत की बात है, भारत एक अनिश्चित शक्ति है, रूस–यूक्रेन युद्ध में भारत ने भी वही पक्ष लिया है जो चीन ने लिया है. चीन भारत का पड़ोसी है, दोनों करीब 3488 किलोमीटर की सीमा साझा करते हैं. लेकिन बीते कुछ सालों से भारत और चीन सीमा विवाद में उलझे हैं. जून 2020 में गलवान घाटी में दोनों मुल्कों के सैनिकों के बीच हुई झड़प के बाद दोनों के रिश्तों में तनाव बढ़ा है. भारत ने दर्जनों चीनी मोबाइल ऐप्स प्रतिबंधित किए हैं और कुछ चीनी उत्पादों पर एंटी डंपिंग कर भी लगाया है. वहीं, भारत के अमेरिका के साथ मजबूत रिश्ते रहे हैं. चीन का मुकाबला करने के लिए एशिया में भारत अमेरिका का अहम सहयोगी है. अमेरिका ने खुलकर भारत के साथ रिश्ते मजबूत करने के संकेत भी दिए हैं. ऐसे में अगर चीन और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ता है तो उसका असर भारत पर पड़ने की आशंका भी है. भारत और चीन के बीच हाल के सालों में रिश्तों में तनाव आया है. इसी बीच भारत ने ताइवान के साथ अपने संबंधों को निभाने की कोशिश की है. 2020 में गलवान में में हुए विवाद के बाद भारत ने विदेश मंत्रालय में तत्कालीन संयुक्त सचिव (अमेरिका) गौरांगलाल दास को ताइवान में राजनयिक नियुक्त किया. भारत ने अभी तक तक ताइवान के साथ औपचारिक राजनयिक रिश्ते नहीं बनाए है। भारत के लिए अहम ये नहीं है कि चीन और अमेरिका बात कर रहे हैं. भारत के लिए अहम ये है कि चीन ने जिस तरह से अमेरिका को स्पष्ट कहा है कि ताइवान के मामले में वो किसी को दखल नहीं देने देगा. इससे भारत के लिए संकेत ये है कि चीन अपने और भारत के तनाव में भी किसी को दखल नहीं देने देगा. भारत की एक्ट ईस्ट विदेश नीति के एक हिस्से के रूप में, भारत ने ताइवान के साथ व्यापार और निवेश के साथ–साथ विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण के मुद्दों और लोगों से लोगों के आदान–प्रदान में सहयोग विकसित करने की मांग की है। उदाहरण के लिए, नई दिल्ली में भारत–ताइपे एसोसिएशन और ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र। भारत और ताइवान के बीच औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं हैं, लेकिन 1995 के बाद से, दोनों पक्षों ने एक–दूसरे की राजधानियों में प्रतिनिधि कार्यालय बनाए रखा है जो वास्तविक दूतावास के रूप में कार्य करते हैं। 1949 से, भारत ने एक चीन नीति को स्वीकार किया है जो ताइवान और तिब्बत को चीन के हिस्से के रूप में स्वीकार करती है। हालांकि, भारत एक कूटनीतिक बिंदु बनाने के लिए नीति का उपयोग करता है, अर्थात, यदि भारत ष्एक चीनष् नीति में विश्वास करता है, तो चीन को ष्एक भारतष् नीति में भी विश्वास करना चाहिए। भले ही भारत ने 2010 से संयुक्त बयानों और आधिकारिक दस्तावेजों में वन चाइना नीति के पालन का उल्लेख करना बंद कर दिया है, लेकिन चीन के साथ संबंधों के ढांचे के कारण ताइवान के साथ उसका जुड़ाव अभी भी प्रतिबंधित है। आखिरकार, ताइवान का मुद्दा केवल एक सफल लोकतंत्र के विनाश की अनुमति देने के नैतिक प्रश्न के बारे में नहीं है, मगर अंतरराष्ट्रीय नैतिकता के बारे में है, ताइवान पर चीन के आक्रमण के अगले दिन एक बहुत ही अलग एशिया दिखेगा, चाहे कुछ भी हो जाए। ऐसे में ताइवान पर तनाव में, अमेरिका का चाव, भारत के भाव निर्णायक साबित होंगे।

–सत्यवान. 'सौरभ'

# महात्मा गांधी का ग्राम स्वराज का सपना आखिर कब होगा पूरा!

भारत की आजादी को 15 अगस्त 2022 को 75 वर्ष पूरे हो जायेंगे, भारतीय इतिहास के इस बेहद महत्वपूर्ण ऐतिहासिक अवसर को यादगार बनाने के लिए केन्द्र की नरेंद्र मोदी सरकार आजादी की गौरवशाली 75वीं वर्षगांठ को पूरे देश में श्अमृत महोत्सवश् के रूप में विभिन्न प्रकार के भव्य कार्यक्रमों का आयोजन करके धूमधाम से मना रहा है। इस महोत्सव की शुरुआत 12 मार्च 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के अहमदाबाद में स्थित स्वयं महात्मा गांधी के द्वारा स्थापित ऐतिहासिक श्साबरमती आश्रमश् में श्दांडी मार्च' को हरी झंडी दिखा कर की थी। इस पल को यादगार बनाने के लिए केन्द्र सरकार देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने से 75 हफ्ते पहले यानी की 12 मार्च 2021 से ही देश में श्अमृत महोत्सवश् के रूप में विभिन्न छोटे व बड़े कार्यक्रमों का आयोजन करके मना रहा है, जो कि एक वर्ष बाद 15 अगस्त 2023 तक निरंतर चलते रहेंगे। आजादी की 75वीं वर्षगांठ का यह अवसर सभी देशवासियों के लिए बेहद अहम है। हालांकि देशवासियों के मन में देश के सर्वांगीण विकास को लेकर आज भी बहुत सारे ज्वलंत सवाल उठ रहे हैं, वह देश के सिस्टम से उनका स्थाई निदान चाहते हैं, ऐसा ही एक सवाल देश के ग्रामीण अंचलों के विकास का है। लेकिन श्अमृत महोत्सवश् के इस बेहद गौरवशाली अवसर पर हम सभी देशवासियों को, देश के सभी नीतिनिर्माताओं व ताकतवर कर्ताधर्ताओं को हर हाल में यह आत्ममंथन अवश्य करना चाहिए कि क्या हम लोग देश की आजादी के लिए प्राण न्यौछावर व संघर्ष करने वाले मां भारती के वीर सपूतों के सपनों के वास्तविक भारत का 75 वर्ष बाद भी धरातल पर वास्तव में निर्माण कर पाये हैं क्या। आजादी के 75 वर्ष बाद भी क्या हमारा सिस्टम देश के गांवों में निवास करने वाली सत्तर फीसदी ग्रामीण आबादी का समुचित सर्वांगीण विकास कर पाया है क्या। वैसे भी आजकल देश में जिस तरह का माहौल व्याप्त हो गया है, वह महात्मा गांधी के सपने को पूरा करने में व देश के सर्वांगीण विकास में खुद ही एक बहुत बड़ा बाधक है। आज सरकार व आम जनमानस को तत्काल ही इस तरह के तनाव पूर्ण माहौल को समाप्त करने के लिए धरातल पर बेहद सख्त ठोस पहल करनी चाहिए। हम लोगों को समय रहते यह समझना होगा कि सर्वांगीण विकास, एकता–अखंडता के लिए देश में शांति व आपसी भाईचारे को हर हाल में कायम रखना बेहद जरूरी है। आज जो स्थिति देश में बनी हुई है उस हाल में हम सभी देशवासियों, शासन व प्रशासन में बैठे हुए लोगों व नीतिनिर्माताओं के लिए विचारणीय तथ्य यह है कि क्या देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ तक भी देश में अमन चौन, शांति, अनुशासन व नियम–कायदे–कानून का राज स्थापित होकर के महात्मा गांधी के श्ग्राम स्वराजश् का सपना पूरा हो पाया है क्या। आम जनमानस से यह प्रश्न पूछने पर देश में हर तरफ से केवल एक ही आवाज आयेगी की आजादी के 75 वर्षों के बाद भी हम महात्मा गांधी के सपनों का भारत व श्ग्राम स्वराजश् की कल्पना को धरातल पर मूर्त रूप देने में पूर्णतः विफल रहे हैं।

हालांकि देश–दुनिया में यह सर्वविदित है कि गांधीवादी विकास की अवधारणा में श्ग्राम स्वराजश् का विशेष महत्व है। महात्मा गांधी ही हमेशा मानते थे कि आजाद भारत के पुनर्निर्माण में देश के ग्रामीण अंचल के क्षेत्रों का सबसे अहम योगदान रहेगा। महात्मा गांधी अच्छे से जानते थे कि गांव के पुनर्निर्माण व विकास पर ही देश का सर्वांगीण विकास निर्भर करता है, इसलिए महात्मा गांधी ने श्ग्राम स्वराजश् का सपना देखा था। वैसे भी महात्मा गांधी ने जिस स्वराज की परिकल्पना की थी, वह देश में दूर–दूर तक नजर नहीं आता है। आज श्ग्राम स्वराजश् के केंद्र में वर्ष 2022 के आंकड़ों के अनुसार देश के 6,28,221 गांव विशेष रूप से आते हैं। गांधी की इस श्ग्राम स्वराजश् परिकल्पना में देश के सभी गावों को पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बनाते हुए, गावों की स्वतंत्र, स्वावलंबी एवं प्रबंधन सत्ता का लक्ष्य हासिल करना था, लेकिन अफसोस आज आजादी के 75 वर्ष बाद भी गांधी का यह सपना बहुत दूर की बात बना हुआ है महात्मा गांधी अच्छे से जानते थे कि भारत को विश्वगुरु बनाने का रास्ता देश के गांवों से निकलता है, इसके लिए देश के ग्रामीण अंचल को हर हाल में अपने पैरों पर खड़ा करना होगा। इसलिए ही महात्मा गांधी ने श्ग्राम स्वराजश् की परिकल्पना के रूप में एक बेहद विस्तृत खाका आत्मनिर्भर गांवों के एक महत्वपूर्ण विचार के साथ ताकतवर भारत की परिकल्पना को धरातल पर साकार करने के लिए भारत की आजादी से वर्षों पहले ही बना लिया था। महात्मा गांधी के इस प्रस्तावित श्ग्राम स्वराजश् के सपने में देश की सत्तर फीसदी ग्रामीण आबादी के जीवन स्तर को सुधारने के लिए एक बृहद रणनीति थी। महात्मा गांधी ग्रामीण क्षेत्रों के पुनर्निर्माण के लिए देश में श्ग्राम स्वराजश् की एक अनूठी अवधारणा पर कार्य करना चाहते थे। उनके इस दृष्टिकोण का मुख्य लक्ष्य देश के लाखों गांव का विकास करते हुए वहां की ग्रामीण आबादी को अपने पैरों पर खड़ा करने का था। महात्मा गांधी यह अच्छे से जानते थे कि भारत का पुनर्निर्माण देश के ग्रामीण क्षेत्रों के पुनर्निर्माण पर ही निर्भर करता है। लेकिन अफसोस आज हमारा सिस्टम आजादी के 75 वर्षों के बाद भी महात्मा गांधी व देश के अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सपनों के भारत का निर्माण करने में विफल रहा है। देश में गांवों का विकास करने का प्रयास तो किया गया, लेकिन महात्मा गांधी के श्ग्राम स्वराजश् की अवधारणा के अनुरूप देश के गांवों का पुनर्निर्माण करने के मामले में हमारा सिस्टम बहुत पिछड़ गया है। जिसके चलते ही आज धरातल पर स्थित बेहद भयावह होती जा रही है, ग्रामीण अंचलों से शिक्षा, चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं व रोजीरोटी की तलाश में गांवों से बड़े पैमाने पर लोगों का शहरों की तरफ पलायन हो रहा है, जिसके चलते देश के विभिन्न शहरों का बहुत ही अव्यवस्थित ढंग से विस्तार होकर अंधाधुंध शहरीकरण होता जा रहा है, जिसकी वजह से शहरों में भी एक बहुत बड़ी आबादी नारकीय हालत में जीवनयापन करने के लिए मजबूर है। फिर भी निरंतर बड़ी संख्या में ग्रामीण आबादी गांवों से पलायन करके भारत के विभिन्न शहरी क्षेत्रों में काम धंधे की तलाश करने के लिए पहुंच रही है, क्योंकि गांव में मूलभूत सुविधाओं का पूर्ण रूप से अभाव है। उसके बावजूद भी हमारे देश का सिस्टम ग्रामीण आबादी के शहरी क्षेत्रों में पलायन करके आने के मुख्य कारणों का निदान करने में नाकाम है। वह आजादी के 75 वर्ष बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के दुष्कर जीवन स्तर को सरल बनाकर बेहतर बनाने में विफल रहा है। लेकिन अब वह समय आ गया है जब हमें देश व समाज के हित में महात्मा गांधी के सपने को पूरा करते हुए देश के ग्रामीण अंचल के पुनर्निर्माण के लिए श्ग्राम स्वराजश् की परिकल्पना को धरातल पर अमलीजामा पहनाना होगा, अंधाधुंध शहरीकरण रोकने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूदा आय के विभिन्न स्रोतों जैसे कृषि, विभिन्न प्रकार के कुटिर उधोगों को बढ़ावा देकर लोगों की आय को बढ़ाकर गांव में ही बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करके, ग्रामीण अंचल में कम आय व बेरोजगारी जैसे बेहद गंभीर मुद्दों का निदान करना होगा। सरकार को ग्रामीण अंचल में निवास करने वाले लोगों के जीवन स्तर को सरल बनाते हुए उसको ऊपर उठाने के लिए तेजी से कार्य करना होगा। आज समय की मांग है कि देश के लाखों गांव को भी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाये, ग्रामीण अंचल में उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा व चिकित्सा सेवाओं को सुलभता से उपलब्ध करवाया जाये। हमारे सिस्टम को समझना होगा कि महात्मा गांधी ने अपने अनुभवों के आधार पर ही देश के ग्रामीण अंचल के पुनर्निर्माण के लिए आर्थिक विचारों का परिचय समय–समय पर दिया था, जिसमें वर्ष 1917 में चंपारण में ग्रामीण पुनर्निर्माण के प्रयोग, वर्ष 1920 में सेवाग्राम के प्रयोग, वर्ष 1938 में वर्धा का प्रयोग मुख्य हैं। गांधी ने हमेशा ग्रामीण पुनर्निर्माण के विचारों को पेश करते हुए अपने अनुयायियों और सहयोगियों से ग्रामीण क्षेत्रों के पुनर्निर्माण पर विशेष ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया था। महात्मा गांधी ने अपने श्ग्राम स्वराजश् के सपने को पूरा करने के लिए समय–समय पर पंडित जवाहरलाल नेहरू से लिखित व मौखिक चर्चा की थी। उन्होंने नेहरू को लिखे अपने एक पत्र में प्रत्येक व्यक्ति के मानसिक, आर्थिक, राजनीतिक और नैतिक विकास के लिए समान अधिकार और अवसर देने का सुझाव दिया था। लेकिन ना जाने क्यों आजादी के बाद से ही देश में महात्मा गांधी के श्ग्राम स्वराजश् के विचारों की उपेक्षा की जाने लगी, जिसका देश में परिणाम यह हुआ कि देश में गांवों से तेजी से पलायन हुआ और देश अंधाधुंध अव्यवस्थित शहरीकरण की गंभीर बीमारी से ग्रस्त हो गया, जिसके चलते आज देश में गंभीर समस्याओं का अंबार लग गया है जो धन देश के विकास के लिए खर्च होना चाहिए था, वह धन देश में समस्याओं के निदान पर खर्च हो रहा है, जो कि भारत को विश्वगुरु बनाने की राह में बहुत बड़ा बाधक है।

।। जय हिन्द जय भारत ।।

।। मेरा भारत मेरी शान मेरी पहचान ।।

दीपक कुमार

# स्वयं की क्षमता, ऊर्जा का विकास, राष्ट्रीय विकास में हितकर

स्वयं की क्षमता, शक्ति एवं ऊर्जा को पहचानना आज के नव युवकों के लिए अत्यंत आवश्यक है। स्वयं के विकास से तात्पर्य खुद के लिए रोजगार की तलाश और राष्ट्रीय हित में योगदा भी हो सकता है। भारत की विशाल आबादी के हिसाब से भारत नौजवानों का देश है और भारत सरकार के लिए इतने युवा लोगों के लिए नौकरी उपलब्ध कराना संभव भी नहीं है कि सभी युवकों के लिए समुचित नौकरी का प्रबंध या इंतजाम कर सके। ऐसे में पढ़े–लिखे नौजवानों का यह महती दायित्व बन जाता है कि वह स्वयं की क्षमता को पहचान कर मेक इन इंडिया या स्वावलंबी होने का भरसक प्रयास करें। स्वयं की क्षमता को पहचानने वाला व्यक्ति समाज में एक आदर्श बनकर उभरता है और उसकी प प्रसिद्धि समाज में स्वयं हो जाती है। युवक स्वयं का रोजगार बनाकर न सिर्फ खुद की बेरोजगारी दूर करता है, बल्कि वह दूसरों के लिए भी रोजगार का साधन बन जाता है। यह राष्ट्रीय हित में अत्यंत आवश्यक समीचीन तथा राष्ट्रीय विकास के लिए एक अच्छे सूचक के रूप में सामने आता है। स्वयं अपनी क्षमताओं को पहचानना एवं अपने अंदर के उद्यमी को रोजगार के लिए उपयोग में लाना मनुष्य का एक तरह का अलंकार या आभूषण ही है जो मनुष्य के लिए सुखी होने का बड़ा स्रोत है। वैसे भी नौकरी करके युवा एक तरह से परतंत्र, पराधीन हो जाता है और अपनी क्षमताओं का खुलकर प्रयोग नहीं कर पाता यही कारण है कि राष्ट्र के समग्र विकास में उसकी क्षमताओं का सही उपयोग नहीं हो पाता। राष्ट्रीय योजना मेक इन इंडिया के अंतर्गत आव्हान किया गया है कि नौजवानों को अपनी शिक्षा,तकनीकी शिक्षा एवं स्किल का उपयोग कर भारत देश के लिए हर तरह के आवश्यक वस्तुओं का स्वयं निर्माण करें एवं दूसरे नौजवानों के लिए आदर्श स्थापित करें जिससे संपूर्ण देश स्वावलंबी बने। स्वयं की क्षमताओं को पहचानने वाला व्यक्ति स्वतंत्र ,स्वाभिमानी होकर स्वयं पर पूर्ण विश्वास करने वाला आत्मविश्वासी व्यक्ति होता है। ऐसे में भविष्य में राहों में जितनी भी मुश्किल है या कठिनाई आती है उसका वह अपने ज्ञान और आत्मविश्वास के साथ मुकाबला करने से नहीं चूकता है। अपनी क्षमताओं को पहचानने के कारण व्यक्ति अत्यंत सरल, सहज एवं आत्मविश्वासी होकर दूसरों की मदद करने से भी पीछे नहीं हटता। स्वयं का रोजगार तलाशने या अपने लिए कोई उद्यम बनाने में युवाओं में जो ज्ञान प्राप्त होता है फल स्वरूप वह युवा अत्यंत त्यागी तथा समाज के लिए सेवा भाव भी रखने वाला होता है। स्वावलंबन से दूसरों पर निर्भर होने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती एवं अपने ही ज्ञान तथा क्षमता से वह उन्नति के सोपान चढ़ते जाता है, एवं राष्ट्र के लिए एक धरोहर की तरह होता है। खुद की क्षमता पहचान कर अपना उद्यम डालने से न सिर्फ समाज में विकास होता बल्कि देश में भी विकास के योगदान में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होता है। ऐतिहासिक तौर पर भी खुद की क्षमता पहचानने एवं अपनी उर्जा को सही दिशा में लगाने के कारण बड़े–बड़े महापुरुषों का जन्म हुआ है। जितने भी बड़े महापुरुष हुए हैं, वे पैदाइशी महापुरुष नहीं थे उन्होंने अपनी क्षमता, शक्ति एवं ज्ञान को पहचान कर उसमें समुचित एवं निरंतर परिश्रम कर एक नए मुकाम को हासिल किया था और तब ही वे महापुरुषों की श्रेणी में शामिल हुए हैं। पौराणिक तौर पर प्रभु श्री राम ने वन गमन कर रावण का वध किया और एक धार्मिक इतिहास बनाया। अपनी क्षमताओं को पहचान कर उसे सही दिशा देने का सबसे बड़ा उदाहरण एकलव्य है जिसने जंगल में धनुर्विद्या लगातार अभ्यास करके अर्जुन की तरह बहुत बड़े धनुर्विद्या के शूरवीर बने। कोलंबस ने भी अपनी शक्ति क्षमता को पहचानते अमेरिका की खोज की और गरीब मां बाप की संतान अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने अमेरिका का सर्वोच्च पद प्राप्त किया। राइट ब्रदर्स ने अपने ज्ञान का समुचित विकास एवं उपयोग कर हवाई जहाज की खोज की। खुद की शक्ति एवं ऊर्जा के विकास और स्वावलंबन का सबसे बड़े उदाहरण महात्मा गांधी रहे जिन्होंने ना सिर्फ अपनी क्षमता को पहचाना बल्कि पूरे हिंदुस्तानियों को दिशा दिखा कर स्वतंत्रता का आह्वान कर स्वाधीनता प्राप्त की और महात्मा गांधी के रूप में भारत में स्थापित हुए। खुद की क्षमता एवं शक्ति को पहचानने से व्यक्ति भी महानता की श्रेणी में खड़ा होकर देश के विकास में एक बड़ा सोपान अर्जित करता है। इससे सिर्फ व्यक्ति ही महान नहीं बनता बल्कि देश को भी महान बनाने में उसका योगदान बहुत ज्यादा तथा महत्वपूर्ण होता है। मनुष्य अपनी क्षमताओं को वैसे तो आसानी से पहचान नहीं पाता है लेकिन यदि वह अपनी अंतर शक्ति, विशेषताओं को किसी भी उम्र में भी पहचान कर उसका देश के लिए समुचित उपयोग कर सकता है इसीलिए मेक इन इंडिया के लिए युवकों को अपनी क्षमताओं शक्ति तथा ऊर्जा को पहचान कर नए नए उद्यम लगाकर देश के विकास में सहयोग करना चाहिए। यह एक सकारात्मक चरित्र विकास की प्रथम पंक्ति होती है। इससे मनुष्य में और खासकर युवा वर्ग में निर्भीकता,कठोर श्रम करने की शक्ति एवं संयम जैसी विशेषताओं का प्रादुर्भाव होता है। व्यक्ति समाज एवं राष्ट्र की उन्नति में चार चांद लग जाते हैं। उन्नत शिक्षित परिश्रमी एवं सदाचारी युवाओं से ही कोई राष्ट्र महानता की श्रेणी में पहुंच जाता है।

संजीव ठाकुर, रायपुर छत्तीसगढ

# ईयर टू हियर ने की महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक पहल

- ईयर टू हियर का वर्ष 2022 का वार्षिक सम्मेलन संपन्न, महिलाओं को वुमन एंपावरमेंट अवॉर्ड 2022 एवं लीडरशिप अवार्ड 2022 से नवाजा गया

महिला सशक्तिकरण की दिशा में ईयर टू हियर एक उत्कृष्ट, सकारात्मक और सार्थक पहल है। महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु श्रीमती रिचा मेहता द्वारा आरंभ की गई सामयिक सामाजिक पहल ईयर टू हियर समूची नारी शक्ति के लिए उल्लेखनीय प्रशंसनीय कदम है। सामाजिक सरोकार की इस संस्था ने मात्र डेढ़ वर्ष में ही संपूर्ण भारत में अपने नाम को सार्थक किया है । विगत 26 जुलाई को नई दिल्ली के सीडी देशमुख ऑडिटोरियम इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में संस्था की वार्षिक बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वृंदावन इस्कॉन टेंपल के प्रतिनिधि ने रिचा मेहता, रीटा जैरथ, शिबानी कश्यप एवं संदीप मारवाह के साथ मंत्रोच्चार किया स इस अवसर पर दिल्ली क्षेत्र के विधायक श्री सोमनाथ भारती,श्री विजय सिंगला– डायरेक्टर टोटल केयर, विजय चौधरी चेयरमैन रामरतन ग्रुप, सुभाष जिंदल डायरेक्टर प्राइमर ग्रुप, सत्येंद्र अग्रवाल एवं सुकृति रैली एकेडमी की संस्थापिका सुकृति रैली मुख्य रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने इस अवसर पर कहा ईयर टू हियर की संस्थापक श्रीमती रिचा मेहता के द्वारा महिला शक्ति को जागृत करने, उन्हें संगठित करने व उनकी मेंटल हेल्थ की समस्याओं को दूर करने के लिए सराहनीय प्रयास किए हैं। इसके लिए श्रीमती रिचा मेहता,संस्था के सभी पदाधिकारी एवं वॉलिंटियर्स बधाई के पात्र है। कार्यक्रम के आरंभ में श्रीमती रिचा मेहता ने अतिथियों का सम्मान किया। श्री विजय



चौधरी– चेयरमैन, रामरतन ग्रुप द्वारा प्रोजेक्ट नारी फॉर्म्स का अनावरण किया गया ।

श्रीमती रिचा मेहता ने इस अवसर पर बताया कि महिलाओं की मेंटल हेल्थ से जुड़े बिंदुओं पर केंद्रित संस्था ईयर टू हियर मैं पूरे भारत के सभी हिस्सों से महिलाएं निस्वार्थ भाव से जुड़कर अपना योगदान दे रही हैं। उन्होंने आगे कहा संस्था की सफलता का श्रेय मैं अपने टीम के सभी सदस्य एवं वॉलिंटियर्स को समर्पित करती हूं और उम्मीद करती हूं कि आगे भी इसी प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। श्रीमती रिचा मेहता ने ईयर टू हियर की समस्त टीम सदस्य को वूमेन एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान करके उनका सम्मान किया. टीम की सदस्य अवनीत कौर,अमृतपाल सिंह द्वारा डांस की प्रस्तुति दी गई, कार्यक्रम में एनसीसी के बच्चे द्वारा नारी जीवन के कड़वे सच पर आधारित रोमांचकारी नाटक की प्रस्तुति दी गई। अन्य विभूतियां भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रही जैसे डॉक्टर प्रीतिंदर कौर – डायरेक्टर डेंटल अफेयर्स, सुभाष जिंदल, सत्येंद्र अग्रवाल, शरद कोहली, गौरव गुप्ता, डॉ मुकेश माहेश्वरी योगी, प्रियव्रत अनिमेष, राजा तालुकदार,हरिश्चंद्र, पवन कौशिक एवं अरविंद अरोरा. कार्यक्रम में अनुज गुप्ता गिफ्टपीडिया , कार्नाडो , मिठास घर की, एलिसियन क्राफ्ट हाउस ऑफ जैसी, एवं अन्य लोगों ने गिफ्ट पार्टनर के रूप में शिरकत की स विशेष प्रस्तुति अमित अरोरा ने दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ माधवी बोरसे ने किया । जो कि ईयर टू हियर कि सदस्य होने के साथ–साथ एक नेशनल एडवाइजर भी है और इन्हें भी रिचा मेहता द्वारा वुमन एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान किया गया स ईयर टू हियर की टीम के इस कार्यक्रम इस की समूची व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारु बनाने में टीम के प्रमुख आधार स्तंभ तनवीर एवं देवाशीष का अभूतपूर्व एवं सराहनीय योगदान रहा।

अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
**मो. : 9956096265**
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
**DAVP CODE 133691**
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

आवश्यक सूचना

समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

**: प्रसारित :**

**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**

# संक्षिप्त समाचार

## श्रीमती मोटकी पत्नी इबरारअली उप निर्वाचन में सदस्य क्षेत्र पंचायत निर्वाचित हुई

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी। जनपद श्रावस्ती जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार उपजिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र ने बताया है कि सदस्य क्षेत्र पंचायत निर्वाचन हेतु श्रीमती मोटकी पत्नी–इबरार अली, क्षेत्र पंचायत हेमपुर के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र संख्या–45 से सम्पन्न हुए उपनिर्वाचन में सदस्य क्षेत्र पंचायत निर्वाचित हुई है। जिन्हें सम्बन्धित निर्वाचन अधिकारी सिरसियाध्सहायक निदेशक मत्स्य सुरेश कुमार प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया गया है। निर्वाचन के दौरान श्रीमती मोटकी को 416, श्रीमती मोमिना बेगम को 164 एवं श्रीमती हसीमा को 02 मत प्राप्त हुए।



## शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाएं सभी तीज-त्योहार : जिलाधिकारी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी

- आगामी त्योहारों को देखते हुए बिजली, पानी एवं साफ–सफाई की मुकम्मल व्यवस्था करें सम्बन्धित अधिकारीगण : जिलाधिकारी

श्रावस्ती। आगामी त्योहारों में श्रावण मास का आखिरी सोमवार, मोहर्रम, रक्षाबंधन एवं कजरी तीज को दृष्टिगत रखते हुए शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाये जाने के सम्बन्ध में केन्द्रीय शान्ति समिति की बैठक जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी तीज त्योहार हो हिल–मिलकर मनाने पर उसका आनन्द बढ़ जाता है। इसलिए त्योहारों को हिल–मिलकर मनाना चाहिए तथा कोई भी ऐसा कार्य नहीं करना चाहिए, जिससे अमन–चौन में बाधा उत्पन्न होने की सम्भावना हो। उन्होने सभी जनपद वासियों से अपील किया है कि आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाए। उन्होने कहा कि यह जनपद गंगा–जमुनी तहजीब की एक मिशाल है। यहां पर सभी तीज–त्योहार लोगों ने हिल–मिलकर मनाया है, और निर्वाचन के दौरान भी सभी जनपद वासियों ने शान्ति का परिचय देकर व्यवस्थापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया है। उन्होने कहा कि अमन–चौन विकास की मुख्य कड़ी है। जिले में जो भी विकास कार्य किये जा रहे है। निश्चित ही उससे निश्चित ही जिले का विकास होगा इसलिए सभी जनपद वासी भाईचारे के रूप में त्योहारों को मनायें और कोई भी कार्य ऐसा न करें, जिससे अमन–चौन में बाधा उत्पन्न होने की आशंका हो। उन्होने कहा कि जिला प्रशासन सभी त्योहारों को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए वचनबद्ध है। त्योहारों के दौरान कोई भी नई परम्परा कायम करने की कोशिश नही की जायेगी। जिससे अमन–चौन में बाधा उत्पन्न होने की आशंका हो। यदि कोई भी व्यक्ति अमन–चौन में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश करते पाया गया तो, उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, कई धर्मगुरूओं एवं बुद्धिजीवीगणों ने भी अपना विचार व्यक्त किया। बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र ने किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी क्रमशः भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, इकौना आर0पी0 चौधरी, जमुनहा सौरभ शुक्ला, उपजिलाधिकारी आशुतोष सहित समस्त थानाध्यक्षगण, दोनो समुदायों के धर्मगुरू व बुद्धिजीवीगण उपस्थित रहे।



## न्याय पंचायत आम्बा में नेटवर्क ना होने से ग्रामीणों को करना पड़ता है गंभीर समस्याओं का सामना

संवादाता मोतीपुर रोशनी तिवारी दैनिक अयोध्या टाइम्स

ब्लॉक मिहिपुरवा, बहराइच। न्याय पंचायत आम्बा में नहीं रहता मोबाइल नेटवर्क लाइट आने पर मिलता है बीएसएनएल का नेटवर्क वह भी सिर्फ नाम मात्र का नेटवर्क ना होने से कोटे का राशन नहीं मिल पाता है जिससे ग्रामीण काफी परेशान हैं साथ ही ग्राम प्रधान भी। ग्राम प्रधान बिशुनापुर से बात करने पर पूरा मामला सामने आया कि अंगूठा ना लगने से राशन नहीं मिल पा रहा है जिससे ग्रामीण ग्राम प्रधान को कोसते हैं ग्राम प्रधान बिशुनापुर व अन्य ग्राम प्रधानों ने कई बार इस संबंध में आवाज उठाई पर किसी की सुनवाई नहीं हो रही। समस्या सिर्फ नेटवर्क की होती तो कोई बात नहीं पर कोटे के राशन की मशीन में थंब इंप्रेशन ना हो पाने के कारण राशन नहीं मिल पा रहा है यह प्राथमिक समस्या है। जब ग्रामीण कोटेदार से पूछते है तो बताया जाता है कि नेटवर्क की प्रॉब्लम है अब ग्रामीण क्या करें कहीं ना कहीं सरकार को इस संबंध में ठोस कदम उठाने चाहिए ताकि पूरे न्यायपंचयात आम्बा की जनता को उनका राशन मिल सके।



## विरवा बभनी गौशाला का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। गोंडा शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने विकासखंड झंझरी के अंतर्गत विरवा बभनी के गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में संरक्षित सभी गायों को मिलने वाली व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही गौशाला के भूसा बैंक, रोटी बैंक, चारा मैदान, पेयजल, विद्युत व्यवस्था तथा संक्षिप्त गायों के रहने के स्थानों का भी निरीक्षण किया, तथा वहां पर उपस्थित खण्ड विकास अधिकारी झंझरी एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि गौशाला में संरक्षित गायों के हरे चारे की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था एवं टैगिंग आदि सभी व्यवस्थायें ठीक होनी चाहिए तथा गायों को गुड़ खिलाया और कहा कि सभी गायों का विशेष ध्यान रखा जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, उप जिलाधिकारी सदर गोण्डा विनोद कुमार सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी रविंद्र सिंह राठौर, खंड विकास अधिकारी झंझरी, ग्राम पंचायत अधिकारी, संबंधित गांव के लेखपाल, ग्राम प्रधान सहित अन्य सभी लोग उपस्थित रहे।

## तिरंगा वॉल पेंटिंग से अपने गांव को सजा रही गांव की बेटी



दैनिक अयोध्या टाइम्स

हमीरपुर। सुमेरपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम भौरा में स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व एवं घर–घर तिरंगा अभियान के तहत गांव की बेटी आस्था सिंह स्वयं दीवारों पर तिरंगा कलर की बाल पेंटिंग कर रही है जिससे पूरा गांव तिरंगा कलर से सुसज्जित दिख रहा है। इस गांव की बेटी आस्था सिंह का कहना है की तिरंगा मेरे देश की शान है और आज मुझे मौका मिला है तो मुझे अपने तिरंगे के लिए कुछ कर लेने दीजिए। इस बच्ची के उत्साह से पूरा गांव गदगद है। और गांव के लोगों को राष्ट्रीय झंडे के बारे में जागरूकता भी मिल रही है। वॉल पेंटिंग कार्य में आस्था सिंह के साथ सुशील अवस्थी, कालीदीन प्रजापति, ब्रह्म दत्त तिवारी, कामता नामदेव, सुरेंद्र सिंह भदोरिया का काफी सराहनीय सहयोग देखने को मिला।

## हर घर तिरंगा की तैयारी, फौजी भाईयों से जबरदस्त उत्साह





- सभी फौजी भाईयों ने देश के सभी युवाओं भरा जोश

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट जम्मू। आजादी की 75वीं साल में इस बार उत्साह और देशभक्ति का भाव पैदा होगा। आजादी का अमृत महोत्सव सप्ताह मनाने के लिए हर घर तिरंगा बांटने के लिए गांव से शहर तक सरकारी कर्मी और समाजसेवी जुटें हुए हैं वहीं, भारतीय फौजी भाईयों में भी जबरदस्त उत्साह भरा हुआ है । इस साल समूचा राष्ट्र आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इस बार 11 से 17 अगस्त तक एक सप्ताह का अमृत महोत्सव मनाया जाएगा।

## नवागत बीईओ से की शिष्टाचार मुलाकात



दैनिक अयोध्या टाइम्स तजवापुर बहराइच। शुक्रवार को जिले के विकास खण्ड तेजवापुर के नवागत बीईओ से राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ तेजवापुर ने शिष्टाचार भेंट की तथा विद्यालयों में पठन पाठन, शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए चर्चा की। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ तजवापुर के ब्लॉक संयोजक आशीष कुमार शुक्ल ने नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी तेजवापुर अखिलेश कुमार वर्मा से मुलाकात कर उन्हें भारत माता का चित्र एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की पत्रिका शैक्षिक संकल्प भेंट की। बीईओ तजवापुर ने मुलाकात के दौरान क्षेत्र के विद्यालयों की जानकारी लेते हुए आकांक्षी जनपद में परिषदीय विद्यालयों के छात्रों में शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार हेतु, व विभागीय कार्यों में शिक्षको से सहयोग की अपेक्षा जताई। साथ ही विकास खण्ड के शिक्षकों की समस्याओं को बीआरसी स्तर से यथासम्भव निस्तारित किये जाने का आश्वासन भी दिया।

## आधार प्रमाणीकरण न करने वाले लाभार्थियों की पेंशन रोक दी जाएगी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय ने बताया है कि राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत जनपद में 2021–22 में कुल 22372 बुजुर्ग लाभार्थियों के खाते में समाज कल्याण विभाग ने पेंशन भेजी थी। नई व्यवस्था के तहत अब आधार प्रमाणीकरण कराना जरूरी कर दिया गया है।

बिना आधार प्रमाणीकरण के लाभार्थियों को योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा। करीब दो महीने से कुल 11665 बुजुर्गो आधार प्रमाणीकरण कराया गया है। जनपद में अभी भी 10707 लाभार्थी अपना आधार प्रमाणीकरण नहीं करा सके है। वर्ष 2022–23 में वृद्धावस्था योजनान्तर्गत 11665 बुजुर्ग लाभार्थियों ने के0वाई0सी कराया गया था। शासन द्वारा अभी तक 7414 लाभार्थियों के खुले खातों में धनराशि प्रेषण कर दिया गया है। वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत के लाभार्थी आधार प्रमाणीकरण के0वाई0सी0 कराने की अन्तिम तिथि 14 अगस्त, 2022 निर्धारित की गयी है। इसके बाद आधार प्रमाणीकरण न करने वाले लाभार्थियों की पेंशन रोक दी जायेगी।

## अब्दुल कलाम सभागार में डीएम की बैठक सम्पन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स

हमीरपुर। एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, बुंदेलखंड पैकेज योजना एवं अनुसूचित जाति ध्जनजाति कृषकों के हितार्थ औद्यानिक विकास योजना एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना समिति की बैठक जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि उद्यान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का वृहद स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाए तथा विभाग में संचालित योजनाओं के माध्यम से नियमानुसार कृषकों को लाभ पहुंचाया जाए । उन्होंने कहा कि बागवानी की कृषि हेतु अधिक से अधिक कृषको को प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में उद्यान विभाग द्वारा संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत नवीन उद्यान रोपण, मसाला की खेती एवं संकर शाकभाजी 263 हे0क्षे0 के सापेक्ष रू0 42.48 लाख का अनुमोदन जिलाधिकारी द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत ड्रिप, स्प्रिंकलर, मिनी स्प्रिंकलर, माइक्रो स्प्रिंकलर एवं रैनगन स्थापना हेतु 2985 हे0क्षे0 के सापेक्ष रू0 1207.62 लाख का अनुमोदन किया गया। सिंचाई, लघु सिंचाई एवं कृषि विभाग द्वारा संचालित खेत तालाब योजना, कुसुम योजना एवं अटल भूजल योजनान्तर्गत जनपद के 57 ग्रामों के लाभार्थियों को वरीयता के आधार पर लाभान्वित किया जायेगा। तत्पश्चात अवशेष स्प्रिंकलर के लक्ष्यों की पूर्ति प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर की जायेगी। बुन्देलखण्ड पैकेज योजना हेतु 163 हे0क्षे0 के सापेक्ष रू0 52.64 लाख का अनुमोदन किया गया। अनु0जाति/जनजाति कृषकों के हितार्थ औद्यानिक विकास (एस0सी0पी0) योजना हेतु 66 हे0क्षे0 के सापेक्ष रू0 16.32 लाख का अनुमोदन किया गया। राज्य आयुष मिशन योजना हेतु 30 हे0क्षे0 के सापेक्ष रू0 4.726 लाख का अनुमोदन किया गया। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाई की स्थापना हेतु 124 यूनिट का अनुमोदन किया गया। बैठक में कृषकों द्वारा पैक हाउस के लक्ष्यों को बढ़ाने हेतु जिलाधिकारी से आग्रह किया गया। जिलाधिकारी द्वारा पैक हाउस, पपीता, अमरूद एवं राज्य आयुष मिशन योजनान्तर्गत ड्राइंग शेड एवं गोडाउन के लक्ष्य को बढ़ाये जाने हेतु जिला उद्यान अधिकारी, हमीरपुर को निदेशक, उद्यान को पत्र निर्गत कर लक्ष्य बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मथुरा प्रसाद मिश्रा, वरिष्ठ कोषाधिकारी दिनेश कुमार, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए साधना दीक्षित, उप कृषि निदेशक, के0वी0के0 के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ प्रशान्त तथा प्रगतिशील कृषक मिथुन राजपूत ग्राम मुस्करा एवं राजेन्द्र सिंह ग्राम–गोहानी पनवाड़ी, कौशल किशोर ग्राम–औड़ेरा एवं बलराम दादी मौजूद रहे।



## मा0 विधायक एवं जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से किया अपील 13 से 15 अगस्त, 2022 तक अपने-अपने घरों पर फहरायें तिरंगा

- खरीफ गोष्ठी में मा0 विधायक एवं जिलाधिकारी ने ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत किसान बन्धुओं को उपलब्ध कराया तिरंगा

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। माननीय विधायक रामफेरन पाण्डेय एवं जिलाधिकारी नेहा प्रकाश द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के अंतर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत किसान बन्धुओं को तिरंगा उपलब्ध कराया। इस दौरान मा0 विधायक एवं जिलाधिकारी ने आजादी के अमृत महोत्सव अभियान अंतर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम 13 से 15 अगस्त तक अनिवार्य रूप से प्रत्येक घरों पर झण्डा फहराने के लिए जन सामान्य से अपील किया है।

इस अवसर पर मा0 विधायक ने कहा कि जनपद के प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराया जाएगा।

इसके लिए सभी जनपद वासियों का सहयोग आवश्यक है। सभी जनपदवासी इस महा अभियान में अपनी पूर्ण सहभागिता निभाते हुए अपने घरों पर तिरंगा लगायें और समरस भाव से इस आयोजन से जुड़ें और कार्यक्रम को सफल बनायें।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम चलाया जा रहा है। तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नही है, अपितु देश के लिए हमारी भावनाओं का वह प्रतीक है, जिसके लिये अनेक सेनानियों ने अपना सर्वस्व बलिदान किया है। इसलिए हर घर तिरंगा आंदोलन को मजबूत करने हेतु अपने घरों में तिरंगा अवश्य फहराएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र, जिला कृषि अधिकारी अवधेश कुमार यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव, जिला कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी शिशिर वर्मा, अधिशासी अभियंता सरयू नहर खाण्ड–6 अजय कुमार, अधिशासी अभियंता बाढ़ कार्य खण्ड विनोद कुमार गुप्ता, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश कुमार चौधरी, सहायक निर्देशक मत्स्य सुरेश कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं किसान बन्धु उपस्थित रहे।



## अगर किसानों को शुरुआती दौर में ही रोगो का पता चल जाये तो फसल बचाई जा सकती है : जिला कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती जिला कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार ने बताया है कि मौसम में परिर्वतन होने के कारण जनपद मे खरीफ में बोई जाने वाली समस्त फसलो मे कीटध्रोगो के प्रकोप का घनत्व बढ जाता है। रोगों की पहचान व उससे बचाव की जानकारी न होने के कारण फसल बर्बाद हो जाती है। अगर किसानों को शुरूआती दौर में ही रोगों का पता लग जाये तो फसल बचायी जा सकती है। बाग में हरे पेड़ सूख रहे हो, खेत में किसी रोग के कारण फसल खराब हो रही हो,किसी घास व कीट के प्रकोप से मिलने वाली उपज कम हो जाती हो। जिसके निवारण के लिए कृषि विभाग द्वारा संचालित सहभागी फसल निगरानी एवं निदान प्रणाली में किसानों की समस्याओं का निस्तारण 48 घंटे के भीतर किया जा रहा है। किसान भाई अपने फसलो में लगने वाले कीट रोग एवं अन्य समस्या के लिए मो0 नम्बर 9452247111 एवं 9452257111 पर फसल की फोटो वाट्सएप पर भेज कर रोग व कीट से बचाव के सम्बन्ध मे जानकारी प्राप्त कर सकते है। कुछ जनपदों में खरीफ सीजन की फसलों में फॉल आर्मी वर्म का प्रकोप बढ रहा है। ऐसी स्थिति से बचने के लिए जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने किसानों को इस कीट से अपनी फसलों को बचाने के लिए सुझाव दियें। फॉल आर्मी वर्म की पहचान करना आवश्यक है। कीट की मादा ज्यादातर पत्तियों की निचली सतह पर और कभी–कभी पत्तियों की ऊपरी सतह एवं तनों पर अण्डें देती है। इसकी मादा एक से ज्यादा प्रति में अण्डें देकर सफेद झांग से ढक देती है। अण्डे हल्के पीले (क्रीम कलर) या भूरे रंग के होते है, फॉल आर्मी वर्म का लारवा भूरा, धूसर रंग का होता है। इस कीट की रोकथाम के लिए फसल की नियमित निगरानी एवं सर्वेक्षण करें। प्रकोप की स्थिति में तत्काल विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों को सूचित करें। अण्डे परजीवी 02 से 05 ट्राइकोग्रामा कार्ड या टेलीनोमस रैमस का प्रयोग करें, शाम 7:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक प्रति एकड 03 से 04 की संख्या में लाइटट्रेप एवं 8 से 10 बर्ड पर्चर लगायें, इस कीट को रसायनिक विधि से भी रोका जा सकता है। जिसके लिए रसायन स्पीनेटोरम 11.7 प्रतिशत एससी 0.5 मिली या थायामेथाक्सॉम 12.6 प्रतिशत+ लेमडासाइहैलोथ्रिन 9.5 प्रतिशत एससी 0.25 मिली0 को प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिडकाव करें। वैसिलस थ्रोजेनसिस 1 किग्रा0 प्रति हेक्टेयर या नीम ऑयल 2.5 ली0 प्रति हेक्टेयर अथवा इमामेक्टीन बेन्जोंएट 250 ग्राम प्रति हेक्टेयर 500 से 600 लीटर पानी में घोलकर छिडकाव करें। राई एवं सरसों की फसल में माहू एवं पत्ती सुरंग की कीट के नियंत्रण के लिए एजाडिरेक्टिन 0.15 प्रतिशत ई0सी0 की 2.5 ली0 मात्रा को 500–600 ली0 पानी में घोल बनाकर छिडकाव करें, अल्टरनेरिया घब्बा, सफेद गेरूई एवं तुलासिता रोग के नियंत्रण के लिए मैंकोजेब 75प्रतिशत डब्लू0पी0 की 2.5 कि0ग्रा0 प्रति हे0 की दर से 600–700 ली0 पानी का घोल बनाकर छिड़काव करें। जिला कृषि रक्षा अधिकारी श्रावस्ती ने बताया की किसान भाई अपने नजदीकी कृषि रक्षा इकाई से भी सर्मपक करके लगने वाले कीटध्रोग से समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते है।

## किसानों के उत्थान हेतु तमाम योजनाएं संचालित कर किया जा रहा लाभान्वित : जिलाधिकारी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। शुक्रवार को माननीय विधायक रामफेरन पाण्डेय एवं जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने कलेक्ट्रेट सभागार में द्वीप प्रज्वलित कर जनपद स्तरीय ''खरीफ उत्पादकता गोष्ठी'' का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मा0 विधायक ने कहा कि देश एवं प्रदेश सरकार किसानों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। देश एवं प्रदेश के विकास का रास्ता गॉव के पगडंडियों से हो कर जाता है इस लिए गॉव का किसान खुशहाल होगा तो देश प्रदेश के साथ हमारा समाज भी खुशहाल होगा। किसानों के उत्थान से सम्बंधित जुडे विभागीय अधिकारी किसानों को सरकार द्वारा प्रद्त्त सभी सुविधाएं समय से उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें सब्जी, बागवानी एवं जैविक खेती के लिए प्रशिक्षित कर उन्हें जोडे, ताकि वे अपनी खेती में बेहतर उत्पादन कर के अपनी आमदनी बढ़ा सके और वे आर्थिक रूप से समृद्ध हो सके। उन्होने किसान बन्धुओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि अब किसान भाई गोबर की खाद की जगह अधिक उत्पादन के चक्कर में अपने खेतो में उर्वरक का ही इस्तेमाल करते है। रासायनिक खाद के प्रयोग से मिट्टी में पोषक तत्व घट रहे है। रासायनिक खाद के उपयोग से खेत की मिट्टी में अम्ल की मात्रा बढ़ने के साथ अब जिंक और बोरान जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी होती जा रही है। इसका दुष्प्रभाव मिट्टी पर तो पड़ रहा है, इसका दुष्प्रभाव मनुष्य के स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है, जो चिन्ता का विषय है। इसलिए किसान भाई अपने गोवंशों से लाभ लेने के बाद उन्हें बेसहारा न छोड़े इससे उनकों गोबर की खाद मिलेगी और सरकार द्वारा भी प्रति गोवंश पर 900 रूपये प्रतिमाह दिया जा रहा है, इसका किसान भाई लाभ उठायें।





बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था किसानों के वजह से ही चल रही है, सरकार किसानों के उत्थान के लिए निरन्तर तमाम योजनाओं का संचालन कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। किसानों को अपनी परम्परागत खेती त्याग कर दलहन, तिलहन खेती की ओर आगे बढ़ना होगा तथा आधुनिक एवं वैज्ञानिक विधि के मुताबिक खेती की तरफ विशेष ध्यान देना होगा ताकि वे अपने खेतों में अधिक अन्न का उत्पादन कर आर्थिक रूप से मजबूत हो सकें। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार ने किया। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता सरयू नहर खण्ड–6 अजय कुमार, अधिशासी अभियंता बाढ़ कार्य खण्ड विनोद कुमार गुप्ता, अधिशासी अभियंता विद्युत सहित गोष्ठी से सम्बन्धित विभागों के अधिकारी एवं काफी संख्या में किसान बन्धु उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## जिलाधिकारी ने गायन, वादन, कत्थक नृत्य के कलाकारों को दिया प्रमाण पत्र लोगों में दिखी खुशी की लहर

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा



सुलतानपुर। कलेक्ट्रेट में अशोक एवं त्रिपुरारी महाराज शि क्षा पारम्परिक कथक नाट्य सांस्कृतिक केन्द्र कोईरीपुर, सुलतानपुर शिक्षारत गायन, वादन, कथक नृत्य के कलाकार कु0 दृष्टि सिंह, कु0 प्रिया पाण्डेय, कु0 दिव्या तिवारी, कु0 रिश्ता तिवारी व मो0 सद्दाम हुसैन को प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने बताया कि अशोक एवं त्रिपुरारी महाराज शिक्षा पारम्परिक कथ्क नाट्य सांस्कृतिक केन्द्र मुख्यालय कोईरीपुर (शाखा) दुर्गा मार्केट पुरानी हनुमानगढ़ी के पीछे गायन, वादन, कथक नृत्य का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसकी मान्यता भातखण्डे संगीत विद्यापीठ केसरबाग, लखनऊ द्वारा प्राप्त है। इस अवसर पर पारम्परिक कथ्क नटवरी के सुप्रसिद्ध अन्तर्राष्ट्रीय कलाकार अशोक महाराज मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में आफ साइट इमरजेंसी प्लान का रिहर्सल कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। गोण्डा शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में आफ साइट इमरजेंसी प्लान का रिहर्सल माकड्रिल मेसर्स हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एल.पी.जी बॉटलिंग प्लांट) जानकीनगर बहराइच रोड गोंडा में कराया गया। यह कार्यक्रम जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण विभाग व यह माक ड्रिल जिले में स्थापित अति खतरनाक प्रकृति के कारखानों में विद्यमान परिसंकटमय रसायनों से किसी आपात स्थिति में बचाव के दृष्टिगत किया गया। उन्होंने बताया है कि इस माकड्रिल का आयोजन श्रम विभाग (कारखाना प्रभाग) के अधिकारी अनंत कुमार सहायक निदेशक, कारखाना अयोध्या क्षेत्र द्वारा जिलाधिकारी से पूर्वानुमति लेकर कराया गया। माकड्रिल में यह परिकल्पना किया गया कि एल.पी.जी का एक टैंकर कारखाने में प्रवेश द्वार पर टैंकर को पीछे करते समय एक अन्य ट्रक से टकराया तत्पश्चात बचाओ हेतु टैंकर जब अपने टैंकर को साइड लगाने का प्रयास किया तो पेड़ की टहतियों से एल.पी.जी टैंकर का वाल्ब खुल गया। जिससे एल.पी.जी का रिसाव होने लगा, एल. पी.जी हवा में फैलने लगा। इस कारण आग लगने की संभावना बढ़ गई जिससे बचाव हेतु कारखाने द्वारा जिला कंट्रोल रूम को दूरभाष से अवगत कराया गया। अग्निशमन विभाग व स्वास्थ्य विभाग को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग का फायर टैंकर आ गया तथा आग की संभावना को रोकने हुए होज पाइप से एल. पी.जी. टैंकर पर पानी का जेट चलाने लगे। साथ में कंपनी के फायर फाइटिंग टीम द्वारा भी अपने संसाधनों का प्रयोग कर वाटर जेट चलाने लगे। इसी दौरान एंबुलेंस द्वारा 2 विनिन्टम को जिला अस्पताल ले जाया गया। पुलिस विभाग द्वारा आम जनता का उस मार्ग पर आवागमन को रोक दिया गया। जिससे आम जनता को किसी भी तरह की हानि से बचाया जा सके। रिसाव को रोकने हेतु कारखाने का कर्मचारी पितम proximity shirt पहनकर टैंकर के पास गया तथा वाल्ब पर टकड़ी गुटका व सिल लगाकर रिसाव बंद किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, उप जिलाधिकारी सदर गोण्डा विनोद कुमार सिंह, जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश कुमार श्रीवास्तव, स्वास्थ्य विभाग, सहायक निदेशक कारखाना अनंत कुमार, एआरटीओ प्रदूषण विभाग के अधिकारी, अग्निशमन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी पुलिस विभाग, कंपनी के ऑपरेशन प्रबंधक पंकज चौधरी, व टीम तथा अन्य विभाग के अधिकारीगण घटना स्थल पर पहुंचकर अपने दायित्वों का पूर्ण निर्वाहन किया।



## डीएम की अध्यक्षता में जिला पर्यावणीय समिति एवं जिला गंगा संरक्षण समित की बैठक सम्पन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। गोण्डा जिलाधिकारी डॉ० उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में जिला पर्यावरणीय समिति एवं जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त सम्बन्धित विभाग आपस में समन्वय स्थापित करते हुए वृक्षारोपण के अभियान को जन सहभागिता से बृहद स्तर पर पौधों का रोपण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त तक पौध रोपण का लक्ष्य विभागवार आवंटित किया गया था उसे पूरा किया जाय। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार विभाग वार आवंटित की गई लक्ष्य के सापेक्ष आगामी 15 अगस्त तक सभी विभाग अपना अपना लक्ष्य पूर्ण कर लें।



उन्होंने सभी संबंधित विभाग निर्देश दिया कि पौधरोपण हेतु निर्धारित लक्ष्य को गंभीरता से लेते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करें तथा सुनियोजित ढंग से पौधरोपण कराना भी सुनिश्चित करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण से ही पर्यावरण में आ रहे असंतुलन को रोका जा सकेगा। वृक्ष हमारे लिए कई प्रकार से लाभदायक होते हैं। इनसे अनेक प्रकार की सुविधाएं मिलती है तथा जल संचयन में भी सहायतायुक्त होते हैं। यह मानव जीवन के लिए प्रकृति के अनुपम उपहार हैं। उन्होंने कहा कि वन पेड़–पौधे ही नहीं हैं अपितु ये अनेकों उपयोगी जीव–जंतुओं व औषधियों का भंडार भी हैं, इससे गिर रहे जलस्तर को भी रोका जा सकेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, डीएफओ आर.के. त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, उप जिलाधिकारी तरबगंज, करनैलगंज, सदर गोण्डा, तहसीलदार करनैलगंज, जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी, डीसी मनरेगा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, जिला उद्योग अधिकारी, डीएचओ, एक्सईएन जलनिगम, श्रम प्रवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित सहित संबंधित विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जयसिंहपुर क्षेत्र में 03 लोगों के जांच रिपोर्ट आई कोरोना पॉजिटिव क्षेत्र में मचा हड़कंप

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। जयसिंहपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जांच करने निकले कई गांव में टीम के माध्यम जांच के दौरान कोविड प्रोटोकॉल को लेकर प्रशासनिक स्तर पर जा लोगों को लगातार बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं वही स्थानीय तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांव में शुक्रवार को 03 लोगों की जांच रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद स्थानीय स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के निर्देश पर स्वास्थ बिभाग की टीम के नोडल चिकित्साधिकारी डा. दिग्विजय सिंह,देवी प्रसाद तिवारी व अन्य गांव पहुंचकर कोरोना पॉजिटिव पाए गए मरीजों के स्वास्थ्य के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उन्हें कोरोना



संक्रमण से बचाव के प्रति जागरूक करते हुए होम आइसोलेट कर दिया।नोडल चिकित्सा अधिकारी डा. दिग्विजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के उमरी, सुरौली, डोमनपुर गांवो में तीन लोगों की जांच रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। इससे पहले क्षेत्र में दो लोगो की जांच रिपोर्ट कोविड पॉजिटिव आ चुकी है ।अभी तक कुल 05 लोगो की जांच रिपोर्ट पॉजीटिव आ चुकी है।उन सभी को जरूरी दवाए देकर उन्हें होम आईशोलेट कर दिया गया है और उनके परिजनों को संक्रमण से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

## अधिकारी किसानो को करे जागरुक : डीएम चांदनी सिंह




दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई। जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने एफपीओ कृषक उत्पादक संगठनों के साथ रानी लक्ष्मीबाई सभागार विकास भवन में बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा कि एफपीओ यानी कृषक उत्पादक संगठन एक ऐसी योजना है जिसके अंतर्गत ऐसे किसानों का एक समूह बनाया जाता है।जो कृषि उत्पादक कार्यों में लगे होते है। कहा कि पीएम किसान एप पीओ योजना के तहत तकनीकी और आर्थिक उन्नयन कार्य करेंगे। जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले स्तर पर किसान उत्पादक सगठनों को नई–नई तकनीकों की जानकारी दें। एफपीओ संचालक ने जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए कहा कि वर्तमान में उत्पादन के लिए कार्य किया जाता है।लेकिन जिले स्तर पर प्रोसेसिंग की व्यवस्था न होने से परेशानी होती है। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि एफपीओ के संगठनों द्वारा जो भी समस्या आती है उनका समाधान कराना सुनिश्चित करें।ताकि इस योजना से लाभार्थी लाभान्वित हो सके।

इस अवसर पर एस के उत्तम, जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव, समस्त भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटिहार किसान सुभाष द्विवेदी, राघवेंद्र नगाइच, आदि सहित मौजूद रहे।

## चुर्खी थाना क्षेत्र के पत्रकारों ने नवागन्तुक कोतवाल से की मुलाकात



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चुर्खी(जालौन)। चुर्खी के तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के द्वारा चलाई गई तबादला एक्सप्रेस के क्रम में पुलिस अधीक्षक के शिकायत प्रकोष्ठ प्रभारी रहे नागेंन्द्र कुमार पाठक को चुर्खी कोतवाली का इंस्पेक्टर बनाया गया है ।आज चुर्खी थाना क्षेत्र के पत्रकारों ने थाना चुर्खी जाकर नवागन्तुक कोतवाल नागेंन्द्र कुमार पाठक से मुलाकात की ।मुलाकात में कोतवाल नागेंन्द्र कुमार पाठक ने बताया कि उनका गृह जनपद मिर्जापुर है ।वह मूलतः मिर्जापुर जनपद के रहने वाले हैं ।इस जालौन जिले में तैनाती से पूर्व वह कानपुर देहात ,कन्नौज ,इटावा आदि जिलों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं ।उन्होंने पत्रकारों से कहा कि वह किसी का दबाव नहीं मानते हैं ।जो सही होगा, वही होगा । उन्नीस–बीस तो चल जाएगा लेकिन पन्द्रह– बीस नहीं चलेगा ।इस संम्बंध में हम आपको बता दें कि इसके पूर्व में चुर्खी कोतवाली के इंस्पेक्टर जितेन्द्र कुमार सिंह जी थे जिनका अब वर्तमान में इसी पद पर कालपी कोतवाली के लिए तबादला हो गया है । जितेन्द्र कुमार सिंह एक बहुत ही मृदुभाषी और मिलनसार कोतवाल थे । उनके इस व्यवहार की प्रशंसा नवागन्तुक कोतवाल नागेंन्द्र कुमार पाठक ने भी पत्रकारों के सामने की है। मुलाकात करने वाले पत्रकारों में जीवन यादव चुर्खी, विजय करन गौतम बाबई , मेहेरवान सिंह कुशवाहा सरसई ,संदीप विश्वकर्मा खल्ला, बृजमोहन चतुर्वेदी जरारा ,राम मनोहर यादव न्यामतपुर ,मोहित शर्मा न्यामतपुर आदि उपस्थित रहे ।

## डीएम चांदनी सिंह ने किया कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण कलेक्ट्रेट नाजिर को दिये परिसर में साफ-सफाई के निर्देश



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। जिलाधिकारी चांदनी सिंह से कलेक्ट्रेट आते ही कैंपस का निरीक्षण किया। कैंटीन का निरीक्षण किया वहां गंदकी की अंबार देख उन्होंने नाजिर को आदेश दिया कि सफाई नियमित होना चाहिए इसके बाद परिसर में जल भराव हो रहा है जो उनकी नजरों से छुप नहीं सका उन्होंने फिर नाजिर को तलब कर निर्देशित किया कि जहां भी पानी भराव हो रहा उस पूरे स्थान को पक्का कराए जिससे जलभराव न हो अधिवक्ताओ को परेशानी का सामना न करने पढ़े । निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी पूनम निगम मौजूद थी।

## जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ने किया सीसी रोड का लोकार्पण

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत विकास क्षेत्र के पीढ़ी स्थित गौवंश आश्रय स्थल को जाने के लिए खस्ताहाल मार्ग पर जिला पंचायत निधि से लाखों की लागत से बनकर तैयार सीसी रोड का जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ने शुक्रवार को फीता काटकर लोकार्पण किया। जयसिंहपुर विकास क्षेत्र के पीढ़ी मेहंदिया स्थित गौशाला से लेकर बगियागांव –पीढ़ी सड़क से जुड़ने वाले खस्ताहाल सम्पर्क मार्ग के सीसी रोड सड़क निर्माण का कार्य पूरा होने के बाद जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ने समारोह पूर्वक सड़क का लोकार्पण किया।

बता दें कि पीढ़ी मेहंदिया गांव स्थित अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल से पंडित रामखेलावन तिवारी के घर तक करीब 165 मीटर सीसी रोड की सड़क का निर्माण कार्य वार्ड–17के जिला पंचायत सदस्य अनीता देवी के द्वारा हाल के दिनों में स्थानीय लोगो की मांग पर जिला पंचायत निधि से कराया गया। जिसकी अनुमानित लागत 10 लाख 10,000/ हजार रही। गोवंश आश्रय स्थल की ओर जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद शुक्रवार



को जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सूरज कुमार द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में सड़क का समारोह पूर्वक लोकार्पण किया गया ।उन्होंने बताया कि उनके द्वारा स्थानीय लोगो की मांग पर क्षेत्र की कई सड़कों के निर्माण को लेकर अभी तक कार्य किया गया हैं ।अन्य सड़को के निर्माण का कार्य प्रगति पर है ।इस अवसर पर पीढी ग्राम प्रधान कुलदीप मौर्य,प्रधान प्रतिनिधि अनिल वर्मा, रामखेलावन तिवारी लक्ष्मण पांडेय, भगवती प्रसाद तिवारी ,मातादीन, अंकुर सिंह ,दानिश खान मौजूद रहे।

## मुख्य चिकित्साधिकारी ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण ओपीडी में बैठे डाक्टरों को दिये बाहर की दवाएं न लिखने के निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन. डी. शर्मा द्वारा प्रातः 10:00 बजे जिला चिकित्सालय जालौन स्थान उरई में ओपीडी का औचक निरीक्षण किया गया। ओपीडी में डा. शक्ति मिश्रा, डा. संजीव अग्रवाल, डा. एस. पी. सिंह, डा. संजीव गुप्ता ओपीडी में रोगियों को देख रहे थे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वयं ओपीडी में 08–10 रोगियों को देखा गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. अवनीश बनौदा के साथ सभी ओपीडी कक्षों का निरीक्षण किया गया। रोगियों से वार्ता की गयी एवं पूछा गया कि किसी रोगी को बाहर से कोई दवा तो नहीं लिखी जा रही हैं, कोई जाँच तो बाहर से नहीं करायी जा रही है



? अधिकांश रोगियों एवं तीमारदारों द्वारा बताया गया कि सभी दवायें चिकित्सालय से ही उपलब्ध करायी जा रहीं हैं एवं जांचें भी चिकित्सालय में ही हो रही हैं। रोगियों द्वारा पर्चा दिखया गया जिसमें डा०दीपक आर्या द्वारा बाहर से दवा लिखी हुई थीं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्देशित किया कि डा.दीपक आर्या से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाये एवं भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति नहीं की जायेगी तब तक इनका वेतन आहरित न किया जाये। ओपीडी में डा. दीपक आर्या एवं डा. बी. पी. सिंह, ईएनटी सर्जन उपस्थित नहीं थे, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि दोनों चिकित्सक अवकाश पर हैं। फिजियोथेरेपी कक्ष में फिजियोथेरेपिस्ट एप्रन नहीं पहने हुई थी, उसको हिदायत दी गयी कि ड्रेस कोड का पालन करें एवं रोगियों की भीड़ न लगायें, इसके लिये अपॉइन्टमेन्ट रजिस्टर बनायें एवं रोगियों को निर्धारित समय पर ही बुलायें ताकि उनको इन्तजार न करना पडे। डा. शक्ति मिश्रा के कक्ष में काफी भीड़ थी, उनको निर्देशित किया गया कि रोगियों को बारी–बारी से देखने हेतु कक्ष में बुलायें तथा एक कर्मचारी कक्ष के गेट पर बैठकर आने वाले रोगियों की कतार लगायें जिससे रोगियों का कम सुनिश्चित हो सके। सभी चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देश दिये गये कि किसी भी रोगी को बाहर की जॉच/दवा न लिखें। आने वाले रोगियों से मृदुल व्यवहार करने एवं समुचित साफ–सफाई रखने तथा पेयजल हेतु समुचित व्यवस्था कराने हेतु मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया गया।

## सेव अर्थ बाय प्लांट के तहत वितरित किए गए सहजन के पौधे

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण के संरक्षण को लेकर समाजसेवी युवाओं द्वारा एक मुहिम के तहत सेव अर्थ सेव प्लांट कार्यक्रम को अभियान के रूप में लेते हुए ग्रामीणों द्वारा शुक्रवार को 5 गांव पांच पांडव के तहत ग्रामीणों को सहजन के 108 पौधे वितरित किए गए। जयसिंहपुर विकास क्षेत्र के कारेबन गांव में ग्रामीणों द्वारा सेव अर्थ बाई प्लांट अभियान के तहत ग्रामीणों ने शुक्रवार को सहजन के पौधे वितरित किए। 5 गांव, 05पांडव के अभियान सफल बनायें जाने के लिए पर्यावरण प्रेमी जितेंद्र प्रताप सिंह व संस्था के सहकर्मियों द्वारा पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पर्यावरण प्रेमी व पूर्व



एडीओआईएसबी जितेंद्र प्रताप सिंह व संगठन प्रभारी बृजेश सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सहजन के पौधे के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई ।और उन्हें पौधरोपण के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक पूर्व सैनिक धनन्जय सिंह ने ग्रामीणों को सहजन के पौधे वितरित करते हुए उन्हें इस पौधे की उपयोगिता के बारे में अवगत कराया ।उन्होंने कहा कि सहजन के पौधों को रोपित करने से पर्यावरण के सरक्षण में मदद मिलेगी। यह पौधा अन्य सब्जियों की तुलना में बेहद गुणकारी है ।उन्होंने इस पौधे के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए लोगो को अपने आसपास अधिक से अधिक पौधरोपण पर जोर दिया। पौध वितरण कार्यक्रम में कुल 108 ग्रामीणों को सहजन के पौधे वितरित किए गए ।इस अवसर पर शैलेश सिंह, नयका भगाने, इंद्रावती , सुरेश, भगवानदीन, प्रधान प्रतिनिधि भानु प्रताप सिंह, राम सिंह, संतोष सिंह, लवकुश, राम पदारथ समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।


## कार्यालय–ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत–खैराबर (नदीगांव)

पत्रांक मीमो /निविदा/लेखा–मनरेगा/2022–23 दिनांक :– 05.08.2022

**अल्पकालीन निविदा**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से मनरेगा योजना के अन्तर्गत कार्यों की सामग्री हेतु मोहरबन्द निविदा लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग/ जिला पंचायत/विकास खण्ड कार्यालय/ग्राम पंचायत में सिविल कार्य हेतु पंजीकृत पात्र ठेकेदारों से दिनांक 11.08.2022 को अपरान्ह 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 11.08.2022 को ही 3.00 बजे अपरान्ह में विकास खण्ड नदीगांव के ग्राम पंचायत–खैराबर में टेण्डर समिति द्वारा उपस्थिति निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर धनराशि के रूप में डाकघर पासबुक/एफ0डी0आर जो ग्राम पंचायत–खैराबर के पदनाम बंधक हो, जमा करनी होगी। विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकी है। निविदा प्रपत्र दिनांक 06.08.2022 से 11.08.2022 तक किसी भी दिवस में ग्राम पंचायत–खैराबर से कय किये जा सकते है।

| क्र0 सं0 | विकास खण्ड | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0) | धरोहर धनराशि (लाख रू0) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नदीगांव | ग्राम खैराबर में पप्पू गुप्ता के मकान से रामसेवक दद्दा के मकान तक इण्टरलाकिंग निर्माण | 7.69 | 0.154 | 500+500 +GST 18% | 3 माह |

नोट :– निविदादाता को निविदा के साथ 100·00 रू0 का स्टाम्प एवं 1·00 रूपये की रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर करना होगा। इसके साथ नियमानुसार टी–4, टी–5, टी–6 भी संलग्न करना अनिवार्य होगा। 1–निविदा स्वीकार होने पर अनुबन्ध के साथ ठेकदार को धरोहर धनराशि के रूप में कुल मिलाकर 10 प्रतिशत जमानत धनराशि के रूप में धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र/डाकघर पासबुक/एफ0डी0आर0 जो ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत–खैराबर के नाम बंधक हो, जमा करनी होगी अन्य कोई जमानत धनराशि मान्य नहीं होगी। 2–निविदा स्वीकार किये जाने की दशा में निविदाताओं को अनुबन्ध करते समय निविदानुसार स्टाम्प शुल्क भी देय होगा। 3–निविदा को बिना कारण निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी। 4– अनुबन्ध के बीजक में से नियमानुसार आयकर/जीएसटी व अन्य कटौतियां की जायेगी। 5–निविदा शुल्क पर 18 प्रतिशत जीएसटी अलग से देय होगी। 6– एक टेण्डर फार्म केवल एक कार्य के लिये मान्य होगा।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–खैराबर
विकास खण्ड–माधौगढ

सचिव
ग्राम पंचायत–खैराबर
विकास खण्ड–नदीगांव

## बाजिदपुर बाजार में जल जमाव के कारण हो रही है परेशानी

'संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता दैनिक अयोध्या



टाइम्स समस्तीपुर! विद्यापति प्रखंड के बाजिदपुर बाजार में वर्षा के जल जमाव होने के कारण आम लोगों को हो रही है काफी परेशानी! गौरतलब हो कि पानी के जल जमाव के कारण सड़कों पर इतनी भारी मात्रा में कचरा एवं टीचर हो जाता है जिसके कारण पैदल चलने वाले आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसका मुख्य कारण यह है कि जो सडक नाला पहले से बना है, वह सालो से जाम पड़ा हुआ है क्योंकि नाली का अतिक्रमण कर दुकान व दुकान के सामान रखने की जगह बना ली गई है। वहीं कुछ दुकानदारों का कहना है कि अगर मुकेश कुमार मुखिया जी नाली की सफाई करवाना चाहे तो हम लोग दुकान को भी आगे से तोड़ने के लिए तैयार हैं। मौके पर रामसेवक स्वीट्स के मालिक चंदन कुमार साह , गोपाल कुमार साह, अजय कुमार साह, मिंटू साह आदि दुकानदार उपस्थित थे।

## स्कूल में बॉस्केटबॉल खेलते-खेलते छात्रा की हुई मौत-मौत का यह कारण आया सामने खबर सुनते ही चार सहेलियां हुई बेहोश

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। मुंगेर जिले में आठवीं क्लास की एक छात्रा की बॉस्केटबॉल खेलने के दौरान मौत हो गई। हादसा जिले के जमालपुर स्थित सेंट्रल स्कूल से जुड़ा है। छात्रा की पहचान पायल कुमारी (14 साल) बताया गया है। वहीं इस हादसे की सूचना मिलने के बाद स्कूल में मौजूद सिर्फ उसकी चार सहेलियां बेहोश हो गई। जिन्हें हाथ से छूटकर नीचे गिरती है और पायल का सिर उसी बॉल से जमीन पर टकराता है। उसके गिरते ही कई बच्चे दौड़कर उसके पास आते हैं और उसे उठाते हैं। हालांकि, वह तब भी बेहोशी की हालत में ही रहती है और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया जाता है। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। दिल में छेद बना मौत का कारण वहीं इस मामले में स्कूल के प्रिंसिपल केसी मीना



अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में उन्हें घर भेज दिया गया। पायल की मौत को लेकर एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि पायल हाथ में बास्केटबॉल लेकर किसी को बुलाते हुए आगे बढ़ती है।
उसी दौरान अचानक बीच ग्राउंड में ही बेहोश होकर गिर पड़ती है। बास्केटबॉल उसके ने बताया, श्मृत छात्रा के परिजनों के बयान के अनुसार बच्ची के दिल में बचपन से ही छेद था। इसका इलाज चल रहा था। इसी से ही बच्ची की मौत हुई। प्रबंधन की कोई लापरवाही नहीं है और स्कूल के CCTV में भी साफ देखा जा सकता है। खेलने के दौरान मृत छात्रा कैसे अचानक जमीन पर गिर गई।

## मुख्य सचिव, बिहार सरकार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोक सूची से संबंधित जिलाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। मुख्य सचिव, बिहार सरकार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोक सूची से संबंधित जिलाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक का अनुरोध किया गया था, जिन को अनावश्यक रूप से रोक सूची में सम्मिलित किया गया है । उक्त के अनुसार कार्रवाई करते हुए रोक सूची को अद्यतन करने संबंधी उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को



आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से संबंधित जिला के निबंधन कार्यालयों में संधारित सूची में अंकित खेसरा की जांच कर संधारित सूची की समीक्षा करते हुए ऐसे खेसरा को रोक सूची से हटाने आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।
इस अवसर पर अपर समाहर्ता , उप विकास आयुक्त, अवर निबंधन पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ें थें।

## डॉ राधाकृष्णन भवन मोतिहारी में वरीय पदाधिकारी की उपस्थिति में जनता दरबार का आयोजन किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। डॉ राधाकृष्णन भवन, मोतिहारी में वरीय पदाधिकारी की उपस्थिति में जनता दरबार का आयोजन किया गया ।जनता दरबार में संबंधित पदाधिकारियों के



द्वारा 121 फरियादियों की फरियाद को सुना गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को शिकायतों का त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आपूर्ति, भूमि विवाद, पर्चा वितरण ,परिवहन ,राजस्व,मद्य निषेध,शिक्षा,नगर निगम,भू अर्जन,अतिक्रमण, आई सीडीएस,पेंशन,भूमि विवाद आदि से संबंधित आवेदन को शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर सभी संबंधित प्रशासनिक पदाधिकारीगण उपस्थित थे ।

## बापू की कर्मभूमि चंपारण में बापू के सपनों पर पानी फेर रहा जिला प्रशासन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। बदहाली का आलम ऐसा की आश्रम बना मूत्रालय।वर्ष 1987 में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री विंदेश्वरी दुबे ने गांधी आश्रम का कराया था निर्माण। गांधी जी ने देखा था स्वच्छ भारत का सपना३ लेकिन आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर भी स्मारक का हाल है बेहाल। स्मारक के पास ही शौचालय निर्माण होने से स्मारक आने वाले लोगों को होती है खासा परेशानी। अधिकारीयो व पदाधिकारियों को इतनी फुर्सत नहीं की स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बापू के स्मारक की सफाई व्यवस्था दुरुस्त हो सके, दुर्गंध और कचरे के बीच बापू के सुनहरे यादों को समेटे यह आश्रम अपनी बदहाली पर बहा रहा है आंसू, पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है,शासन प्रशासन के लोग लाखों करोड़ों खर्च कर रहे हैं, लेकिन पुर्वी चम्पारण,मोतिहारी के सगौली की ऐतिहासिक धरती अमृत महोत्सव के लिए नहीं बल्कि अपने गंदगी और अव्यवस्था के लिए चर्चा में बना हुआ है। अधिकारियों और पदाधिक ारियों को इतनी फुर्सत नहीं है कि वे सुगौली में स्थित गांधी स्मारक के आसपास सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त कर सकें। हर रोज उसके आसपास का पूरा क्षेत्र मूत्रालय में तब्दील होता रहता है।
सुगौली बाजार का मुख्य पथ पूरे इलाके में बदबू के लिए चर्चा में रह हुआ है। विभिन्न प्रखंडों से आने वाले लोग नाक



बंद करके इस चित्र को पार करते हैं,गाँधी को राष्ट्रपिता की उपाधि मिली है लेकिन इनके मूर्ति के आस पास मूत्रालय शर्म की बात है।इस जगह पर लोग आते है और मूत्र विसर्जन कर के चले जाते हैं।
चारो तरफ सिर्फ बदबू और कचरा का अंबार लगा पड़ा है।ना कोई अधिकारी इसकी सुद्धि लेने आ रहे हैं और ना ही कोई जनप्रतिनिधि। चम्पारण जो गांधी के नाम से जाना जाता है उसी चम्पारण का एक हिस्सा सुगौली जहाँ गाँधी जी के मूर्ति को स्थापित करने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री विंदेश्वरी दुबे 1987 में में आये थे और आज वही गाँधी आश्रम के पास का एरिया मूत्रालय में तब्दील हो चुका है।
सुनिए क्या कहते हैं स्वतंत्रता सेनानी संगठन के जिलाध्यक्ष श्रीकिशोर पाण्डे और प्रखण्ड अध्यक्ष श्याम किशोर प्रसाद।

## सहरसा जिला अधिकारी आनंद शर्मा ने शहर के मुख्य मुख्य समस्या को लेकर शहर के गणमान्य व्यक्तिवार्ड पार्षद के साथ शहर के विकास भवन में एक बैठक आयोजित की गई



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। सहरसा जिला अधिकारी आनंद शर्मा ने शहर के मुख्य मुख्य समस्या को लेकर शहर के गणमान्य व्यक्ति वार्ड पार्षद के साथ शहर के विकास भवन में एक बैठक आयोजित की जहां इस बैठक में नगर परिषद क्षेत्र के तमाम वार्ड पार्षद गणमान्य व्यक्ति के साथ–साथ सभी विभाग के अधिकारी इस बैठक में मौजूद थे इस बैठक में शहर के मुख्य समस्या पर चर्चा की गई जिसका निदान कैसे निकाला जाए उसको लेकर बैठक में मौजूद लोगों से विचार–विमर्श किया गया साथ ही साथ समस्या से संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए और समस्या का समाधान जल्द से जल्द हो उसको लेकर निर्देश दिया गया जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने बताया कि शहर की मुख्य समस्या जलजमाव जाम यातायात से संबंधित समस्या मुख्य है।
जिससे लोग प्रतिदिन जूझते नजर आते हैं ऐसे में इन सभी समस्या को लेकर शहर के लोगों के साथ बैठक की और समस्या का निदान कैसे हो उस को लेकर चर्चा किया गया उम्मीद है कि जल्द ही सभी समस्या का जल्द से जल्द निदान किया जाएगा।

## 10 अगस्त तक वृक्षारोपण का लक्ष्य प्राप्त किया जाए जिलाधिकारी वैशाली

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) हाजीपुर। जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जल जीवन हरियाली मनरेगा पीएम आवास एवं अपशिष्ट प्रबंधन में प्रगति समीक्षा की गई और निर्देश दिया गया कि जिले वृक्षारोपण का लक्ष्य 10 अगस्त प्राप्त कर लिया जाए। समीक्षा में पाया गया कि वैशाली जिला को 2022 –23 में 567600 वृक्षारोपण का लक्ष्य प्राप्त है जिसके विरोध अभी तक 133560 वृक्ष लगाए गए हैं। ओबी का साइज के द्वारा बताया गया कि वैशाली जिला के प्रत्येक पंचायत में गा रहे हैं उन्हीं तथा 2200 वृक्ष लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला अधिकारी के द्वारा सबसे अच्छा और सबसे कम कार्य करने वाला प्रखंड के बारे में पूछा गया। इस पर उप विकास आयुक्त ने बताया कि चेहरा कला में 6400 वृक्षारोपण के विरुद्ध 18000 वृक्ष लगाया गया है जिस की उपलब्धि 68: है जो जिला में सर्वाधिक है। गूगल 58: उपलब्धि के साथ दूसरे स्थान पर है वहीं माहनार में मात्र 9: की उपलब्धि पर नाराजगी प्रकट की गई और वहां के पियो मनरेगा से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। जिला अधिकारी के द्वारा भगवानपुर प्रखंड के पियो से वृक्षारोपण का भौतिक सत्यापन करने के विषय में पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि अभी तक सात स्कीम का सत्यापन किया गया है। वहां पर कुल 103 एस्कीम ली गई है। मात्र 7 स्कीम की वेरिफिकेशन पर नाराजगी प्रकट की गई और सभी प्रिय को योजनाओं की भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया गया। जिला अभियंता मनरेगा एवं जिला प्रोग्राम पदाधिकारी मनरेगा को भी योजनाओं की सत्यापन का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जो वृक्षारोपण किया जा रहा है उसका मार्किंग एवं जियो टैगिंग करा ली जाए। अमृत सरोवर की समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने बताया कि अभी तक 22 फरवरी को पूर्ण कराया गया है। कुल 86 का लक्ष्य प्राप्त था जिसमें अभी तक 61 पर कार्य चल रहा है। जिला अधिकारी के द्वारा सभी तालाबों को 15 अगस्त के पहले पूर्ण करा लेने का निर्देश दिया गया। अपशिष्ट प्रबंधन इकाई के विषय में उप विकास आयुक्त ने बताया कि उन 40 जगह इसके लिए जमीन चिन्हित कर ली गई है और 17 जगहों पर इसके निर्माण का



कार्य चल रहा है। अभी दो पंचायतों में जाकर कौन हो गई है जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि इसका विधिवत उद्घाटन भी कराई जाए। मनरेगा की समीक्षा में बताया गया कि अभी 28999 श्रमिक कार्ड पर लगाए गए हैं जिसमें सबसे अधिक जंदाहा प्रखंड में 2981 भगवानपुर में 2681 महुआ में 2611 तथा राजापाकर प्रखंड में 2370 श्रमिक लगाए गए हैं जबकि देसरी प्रखंड में 430 तथा चेहरा कला में 901 सबसे कम श्रमिक कार्यशील हैं। जिला अधिकारी के द्वारा मानदेय भुगतान समय पर करने के विषय में पूछने पर बताया गया कि 93: भुगतान समय पर किया जा रहा है।
पीएम आवास योजना के तहत आवास प्लस के विषय में बताया गया कि दो हजार 11 2022 में कुल 44793 का लक्ष्य के विरुद्ध 19080 आवास अभी तक पूर्ण कराया गया है। कुल लक्ष्य के विरुद्ध 43267 आवास की स्वीकृति दी गई थी। जिसमें 38842 लाभुकों को प्रथम के 1553 लाभुकों का द्वितीय तथा 12849 लाभुकों को तीसरी किस्त की राशि दी गई है। आवासों के पूर्णता के आधार पर वर्तमान में वैशाली जिला बिहार में प्रथम स्थान बनाए हुए हैं। बैठक में जिला अधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त श्री चित्रगुप्त कुमार निदेशक डीआरडीए श्री संजय कुमार निराला जिला अभियंता मनरेगा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा और सभी कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित थे।

## महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ शिवहर कांग्रेस ने दी थाने में गिरफ्तारी



गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स शिवहर। अखिल भारतीय कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के आदेश पर और प्रदेश अध्यक्ष डॉ मदन मोहन झा जी के निर्देश पर शिवहर जिला कांग्रेस कमिटि के अध्यक्ष मो असद के नेतृत्व में कांग्रेस के नेताओं एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर शिवहर थाना में गिरफ्तारी दिया। गिरफ्तारी देने में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष मो असद, प्रवक्ता मुकेश सिंह, सचिव अफरोज आलम, कोषाध्यक्ष सद्दाम हुसैन, मो मुर्तुजा, प्रमोद राय, न्याज अहमद, नवल सिंह, संजय राम, महबूब आलम थे। मौके पर मो असद ने कहा कि देश मे महंगाई रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। पेट्रोल–डीजल, एलपीजी से लेकर दाल कुकिंग ऑयल जैसी जरूरत की चीजे की बढ़ी कीमतों ने आम जनता को जीना मुहाल कर रखा।
प्री पैकेज्ड अनाज, आंटा, शहद, दही जैसी आवश्यक वस्तुओं पर अतार्किक ढंग से ळैज लगाने के कारण महंगाई और बढ़ी है साथ ही देश के नौजवानों से अग्निवीर योजना के माध्यम से छलावा किया जा रहा है जिसे सरकार को वापस लेना होगा एवं शिवहर जिला के हर विभाग में भ्रष्टाचार भरा हुआ है जैसे मनरेगा, एफसीआई, शिक्षा विभाग के मिड–डे मिल, जनवितरण प्रणाली, जैसे अनेको जगहों में काफी अनियमितता है। इसकी उच्चस्तरीय जांच हो अन्यथा कांग्रेस पार्टी एक बड़ा आंदोलन करेगी। पूरे बिहार के साथ साथ शिवहर जिले में भी यूरिया की भारी किल्लत है ,किसान दिनभर लाइन में लगकर भी यूरिया नही ले पा रहे है इसीलिए जिला अधिकारी किसानों को सहयोग करे एवं यूरिया दिलाने में किसानों की मदद करे। प्रवक्ता मुकेश सिंह ने कहा कि जनता अब नही जागी तो देश मुश्किल हालात में चला जाएगा क्योंकि ये तानाशाह सरकार 2024 के बाद देश मे चुनाव नही होने देगी जिससे देश फिर से गुलाम हो जाएगा एवं भाजपा की तानाशाह सरकार देश के जनता को बधुवा मजदूर बना देगी।
सचिव अफरोज आलम ने कहा कि देश मे बेरोजगारी अप्रत्याशित रूप से आसमान छू रही है। गांवो में, शहरों में, संगठित क्षेत्र में, असंगठित क्षेत्र में हर जगह बेरोजगारी ने विकराल रूप कर रखा है जिससे देश की जनता त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है हम सबको मिलकर इस भाजपा की सरकार को 2024 में उखाड़ फेंकना है। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से कौशल झा, मो शरफुद्दीन, नारद राय, अहमद हुसैन, मनोज कुमार, मो खती बुल्लाह, चितरंजन राय, मो, एहरार, रामनाथ यादव, मो रशीद आदी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक द्वारा आईएएस प्रशिक्षुओं को दिया गया प्रशिक्षण

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
जिलाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक द्वारा आईएएस प्रशिक्षुओं को दिया गया प्रशिक्षण जिलाधिकारी महोदय को लाल बहादुर शास्त्री नेशनल अकेडमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन (LBSNAA), मसूरी द्वारा "Experience sharing on Urban Development Module विषय पर प्रशिक्षण देने हेतु किया गया था आमंत्रित। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी रहे शामिल एवं जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी को दिया गया प्रशिक्षण। Experience sharing on Urban Development Module प्रशिक्षण दिनांक– 03 अगस्त 2022 को की गई थी आयोजित।



### समाहरणालय स्थित टी.सी.पी भवन, सुपौल में जिलाधिकारी सुपौल द्वारा आयोजित जनता दरबार

(आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल बिहार)। समाहरणालय स्थित टी.सी.पी भवन, सुपौल में जिलाधिकारी सुपौल द्वारा आयोजित जनता दरबार में आम



जनता से साक्षात्कार के उपरांत प्राप्त 39 (उनचालीस) आवेदन पत्रों का निष्पादन किया गया। जनता से प्राप्त आवेदनों में मुख्य भूमि विवाद एवं मार–पीट से संबंधित मामले थे। जनता दरबार में श्री कौशल कुमार, जिलाधिकारी सुपौल, श्री मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त, सुपौल एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### अनुदान योजना के अंतर्गत विवाहित जोड़े को 1 लाख की राशि की फिक्स्ड डिपॉजिट प्रमाणपत्र प्रदान किया गया

(आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल बिहार)। सामाजिक सुरक्षा कोषांग कार्यालय में अंतर्जातीय विवाहित प्रोत्साहन अनुदान योजना के अंतर्गत विवाहित जोड़े को 1 लाख की राशि की फिक्स्ड डिपॉजिट प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।मौके पर सहायक निदेशक समाजिक सुरक्षा कोषांग, श्री शशि कुमार तथा सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, श्री आलोक कुमार



भारती मौजूद रहे। अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना बिहार सरकार की अत्यंत महात्वाकांक्षी योजना है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज में मौजूद कुरीतियों को दूर करना है। इस विवाह के अंतर्गत विवाह के 2 साल बाद तक आवेदन किया जा सकता है। तथा राशि 3 वर्ष के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट की जाती है तदुप्रांत राशि प्रदान की जाती है।

### आजादी के 75 वें वर्षगांठ पे चंपारण मोतिहारी के 3 शेर ने दिखाई तिरंगे से प्यार एवं देश भक्ति इस जज्बे को सलाम करती है चंपारण

(प्रदीप कुमार सिंह दैनिक अयोध्या टाइम्स तुरकौलिया)।



मोतिहारी जिला के चकिया प्रखंड ग्राम नरहर पकड़ी से गुड्डू यादव सूरज कुमार एवं आदित्य उर्फ हर्ष यह तीनों शेर तिरंगा लेकर दिल्ली लाल किला का पदयात्रा एवं बापू की राजघाट पर माल्यार्पण कर स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने का लक्ष्य है! इस पदयात्रा में देश में शांति अमन चयन कायम रहे एवं जिस वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी उनके प्रति श्रद्धांजलि! वीर शहीद अमर रहे! भारत माता की जय !वंदे मातरम! का नारा लगाते हुए आगे मंजिल के तरफ चंपारण की शेर बढ़ते जा रहे हैं! चंपारण की जय! बिहार की जय !भारत माता की जय!

### डीएम के जनता दरबार में 48 व्यक्तियों के समस्याओं पर हुई त्वरित करवाई

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता के कार्यालय प्रकोष्ठ में आज पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराहन 2:00 बजे तक जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के 48 व्यक्तियों की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई की गई। जिला पदाधिकारी के जनता दरबार में जमाबंदी का रद्दीकरण, दाखिल खारिज, मुआवजा की राशि का भुगतान, ग्राम सभा की बैठक का नहीं होना, जमीन पर अवैध कब्जा, चापाकल को ठीक कराने, कुआं की सफाई, राशन कार्ड बनवाने, पैसा लेने के बावजूद



जमीन रजिस्ट्री नहीं करने, जमीन की मापी कराने ,सास ससुर एवं देवर द्वारा प्रताड़ित करने, नल जल का पाइप टूट जाने आदि से संबंधित था। डीएम श्री गुप्ता द्वारा जनता दरबार में आए व्यक्तियों की समस्याओं को धर्य पूर्वक सुना गया तथा फरियादी के सामने ही संबंधित पदाधिकारी को कार्यालय कक्ष में बुलाकर तथा प्रखंडध् अंचल स्तरीय पदाधिकारी को दूरभाष पर अविलंब कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा आम जनता से अपील किया गया है कि प्रत्येक शुक्रवार को पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराहन 2:00 बजे तक जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, इस जनता दरबार में जिले का कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की समस्या को लेकर जिला पदाधिकारी से मिल सकते हैं।

## वन विभाग कार्यालय परिसर में वन रेंजर्स ने किसानों के साथ किया बैठक

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण)। मशरक वन विभाग कार्यालय परिसर में वन रेंजर्स संजय कुमार की अध्यक्षता में किसानों के साथ बैठक आयोजित शुक्रवार को किया गया, इस बैठक में मुख्य रूप से वनरक्षी मलय कुमारी के साथ क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे। रेंजर्स संजय कुमार ने बताया कि जल जीवन हरियाली के तहत क्षेत्र में काफी संख्या में पौधारोपण करना जरूरी है, इसके लिए अनुदान दर पर क्षेत्र के किसानों को पौधा का विक्रय किया जा रहा है, फलदार वृक्ष से लेकर सभी प्रकार के पौधे सिर्फ 10 में वन विभाग में उपलब्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि किसान अगर 10 की दर से पौधा को ले जाकर अपने खेतों में लगाते हैं तो 3 वर्ष बाद उपलब्ध पाए गए पौधे पर 70 प्रति पौधा की दर से सरकार द्वारा पैसा प्रदान किया जाएगा। वनरक्षी मलय कुमारी ने उपस्थित किसानों को खेतों में पौधारोपण करने को लेकर तकनीकी बातों को बताया, उन्होंने यह भी कहा कि फिर पौधा लगाना बहुत जरूरी है। कुछ पौधे ऐसे होते हैं जो जल से प्रभावित होने के कारण सूख जाते हैं, इस प्रकार के पौधों को जहां जमीन पर पानी का लगाओ कम होता है वहां लगाने के लिए बताया गया। उपस्थित किसानों ने भी पौधे के विषय में वन पदाधिकारी से



जानकारी प्राप्त किया। इस बैठक में मुख्य रूप से वन रेंजर्स संजय कुमार, वनरक्षी मलय कुमारी, वन कर्मी रमन कुमार सिंह, किसान वीरेंद्र सिंह, ओमप्रकाश सिंह, रविंद्र सिंह, सुरेश प्रसाद सिंह, राज किशोर राय सहित प्रखंड क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे।

## बैरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नया भवन शीघ्र बनेगा -बाधा दूर, 73 डिसमील जमीन सीओ ने सिविल सर्जन को सौंपी

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) बेतिया। बैरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण का रास्ता अब साफ हो गया है। इसके लिए सीओ बैरिया ने सिविल सर्जन को 73



डिसमील जमीन सौंप दी है। गुरुवार को सिविल सर्जन डॉ बीरेन्द्र कुमार चौधरी बीडीओ व सीओ के साथ सीएचसी के निर्माण के लिए मिली भूमि का निरीक्षण करने गए। डॉ बीके चौधरी ने कहा कि अब बैरिया के जर्जर स्वास्थ्य केंद्र से लोगों को मुक्ति मिलेगी। जल्द ही नए भूमि पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण होगा। डॉ बीके चौधरी ने कहा कि नए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए स्वास्थ्य विभाग काफी तत्पर था। नए भवन मिलने से लोगों के बीच ओपीडी सेवा का बेहतर लाभ मिलेगा। बिल्डिंग के साथ नए उपस्कर भी खरीदे जाएगें। इससे बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर लोगों को उपलब्ध हो पाएगें। लोगों को प्रसव की सेवा आसानी से उपलब्ध हो पाएगी। स्वास्थ्य के विभिन्न कार्यक्रमों का भी संचालन आसान हो जाएगा। जल्द ही नए भवन का शिलन्यास भी किया जाएगा। सीएस ने कहा कि पुराने भवन में लोगों के बीच चिकित्सकीय सुविधा देने में दिक्कत आ रही थी।

पुराना भवन जर्जर हो चुका है। सीओ के समक्ष जमीन की बात को रखा गया था। जिसे उन्होंने 73 डिसीमल जमीन देकर पूरा किया गया। निरीक्षण के दौरान सीएचसी के प्रभारी डॉ मिथिलेश कुमार तथा डीपीसी अमित कुमार गुप्ता भी मौजूद थे।

## मानव व्यापार के रोकथाम हेतु संवेदीकरण एवं जागरुकता विषय पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार। जिला बाल संरक्षण इकाई एवं राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में मानव व्यापार के रोकथाम हेतु संवेदीकरण एवं जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला निबंधन एवं परामर्षन केन्द्र में किया गया है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में दिनांक–01.08.2022 से 25.08.2022 तक देश के 75 सीमावर्ती जिलों में ''बाल तस्करी से आजादी'' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्वी चम्पारण भी एक सीमावर्ती जिला है। अतः यहाँ भी आयोग द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग से आये विधि विषेषज्ञ सुश्री कात्यायनी आनंद ने बताया कि बाल तस्करी एक गंभीर अपराध है एवं यह बहुत दुख की बात है कि अबतक हमारे देष के कई भागों में यह अपराध हो रहा है। विकसित भारत की ओर अग्रसर हमारे लक्ष्य तभी पूरे हो पायेंगे जब हम सामाजिक स्तर पर एवं सभी प्रशासनिक हितधाराकें के साथ मिलकर इस समस्या पर काबू पायेंगे। खुले सीमावर्ती क्षेत्रों इलाकों में मानव तस्करों के लिये बाल तस्करी आसान हो जाती है। मौके पर उपस्थित अनुमण्डल पदाधिकारी श्री सौरभ सुमन ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग एवं राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि इस तरह के संवेदीकरण कार्यक्रमों के माध्यम से आयोग द्वारा जो प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकरियों का क्षमतावर्द्धन किया जा रहा है, वह निष्चित रूप से आनेवाले समय में मानव तस्करी को रोकने में कारगर होगा।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग से आये तकनीकी विशेषज्ञ श्री मनीष शर्मा ने बाल तस्करी को रोकने के सूक्ष्म तकनीकी बिन्दुओं की जानकारी दी। वहीं श्री अरिजीत अधिकारी ने पुलिस पदाधिकारियों को इस विषय में संवेदनीकृत किया कि कैसे बाल तस्करी अथवा गुमशुदगी के मामलें संज्ञान में आने पर उसपर त्वरित कार्रवाई की जाय। उक्त कार्यक्रम में सहायक निदेशक, ममता झा द्वारा पूर्वी चम्पारण जिले में बाल



तस्करी विषय पर चुनौतियां एवं क्रियाकलाप के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। उक्त कार्यक्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्रधिकार, प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय परिषद्, श्री मनोज शर्मा, एस0एस0बी0, श्री सत्य प्रकाश, श्रम अधीक्षक, श्री राहुल कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, सभी थाना के बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी, चाईल्ड लाईन के सदस्यगण एवं स्वयं सेवी संस्था के सदस्यगण उपस्थित थे।

## प्रधानाध्यापकों की परीक्षा में सफल होकर मंजू बनी चम्पारण की आयरन लेडी

दैनिक अयोध्या टाइम्स से नरकटियागंज संवाददाता दीपू साह। उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक कक्ष में पूर्व प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार गुप्ता ने अंगवस्त्र और फूल माला से मंजू कुमारी सागर को सम्मानित किया।

उन्होंने बधाइयाँ देते हुए कहा कि यह सफलता उच्च माध्यमिक विद्यालय परिवार के लिए एक ऐतिहासिक पल है जो आज मंजू कुमारी सागर की मेधा की बदौलत आया है। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा 6421 रिक्तियों के विरुद्ध लगभग 14000 अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल किया गया था जिसमें से मात्र 421 अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। चम्पारण के सबसे बड़े उच्च विद्यालय उच्च माध्यमिक विद्यालय नरकटियागंज की मंजू कुमारी सागर, चम्पारण की एक मात्र महिला शिक्षिका हैं जिनका चयन इस अत्यंत ही कठिन परीक्षा में हुआ है जो कि एक अद्भुत सफलता जैसी है। प्रधानाध्यापक रघुवर शरण ने मिठाई खिलाते हुए उद्‌गार व्यक्त किया और कहा कि इस ऐतिहासिक सफलता से मैं और मेरा विद्यालय परिवार गौरव से हर्षित है।

और इस सफलता से मंजू कुमारी सागर चम्पारण की आयरन लेडी बन गई हैं। विद्यालय के कला संस्कृति व मीडिया प्रभारी सह कवि साहित्यकार मुकुंद मुरारी राम ने कहा कि मंजू कुमारी सागर की ऐसी सफलता न सिर्फ विद्यालय के लिए अपितु पूरे चम्पारण के लिए गर्व की बात है और हम सभी इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। प्रधानाध्यापक कक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में श्रीमती सागर के गुरु शक्तिनाथ मिश्र भी पुष्पमाला अर्पित किए और शिष्या को आशीष दिए। इस मौके पर लोकेश कुमार पाठक, अरविंद कुमार तिवारी, शिव कुमार साह, इम्तेयाज अहमद शुकुल प्रसाद, विजय कुमार, सबिता कुमारी सहित अन्य सभी शिक्षक उपस्थित रहे।




## जिले के 438 टीबी मरीजों का रखा जा रहा ख्याल-जिले को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रयासरत, मरीजों की हो रही निगरानी



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) शिवहर। जिले को 2025 तक टीबी से मुक्त बनाना है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग भरपूर प्रयास कर रहा है। टीबी मरीजों को चिह्नित करने और उनका इलाज करने का काम लगातार चल रहा है। जिले में अभी 438 मरीजों का ख्याल रखा जा रहा है। उनकी निगरानी करते हुए उचित इलाज किया जा रहा है। जिला यक्ष्मा केंद्र के डीपीएस सुधांशु शेखर रौशन ने बताया कि कोविड के बाद टीबी मरीजों की संख्या में कुछ वृद्धि हुई है, लेकिन जिले में टीबी मरीज तेजी से ठीक भी हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में टीबी को लेकर अभियान काफी तेजी से चल रहा है। प्रखंड स्तर पर तो मरीजों का ध्यान रखा ही जा रहा है। साथ ही जिला स्तर से भी मरीजों की निगरानी हो रही है। यहां से पर्यवेक्षक लगातार मरीजों का हालचाल पूछते रहते हैं। कोई भी मरीज बीच में दवा नहीं छोड़ दे, इसे लेकर गाइड भी करते हैं। डीपीएस सुधांशु शेखर रौशन ने बताया कि जिला अस्पताल से प्रखंड स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी के मरीजों की जांच और इलाज की निरूशुल्क सुविधा उपलब्ध है। दवा भी मुफ्त दी जाती है। स्वास्थ्य केंद्रों पर बलगम की जांच माइक्रोस्कोप एवं टूनेट सीबीनेट मशीन द्वारा निःशुल्क किया जाता है। मरीजों की जांच के उपरांत टीबी की पुष्टि होने पर पूरा इलाज उनके घर पर ही डॉट प्रोवाइडर के माध्यम से निःशुल्क किया जाता है। नए रोगी चिन्हित होने पर उनके पारिवारिक सदस्यों को भी टीवी प्रीवेंटिव ट्रीटमेंट दिया जाता है, ताकि परिवार के अन्य सदस्यों में यह बीमारी नहीं फैले। जिले में टीबी रोग की रोकथाम के विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं। डीपीएस सुधांशु शेखर रौशन ने बताया कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है। इसे जड़ से मिटाने के लिए हम सभी को इसके खिलाफ लड़ाई लड़ने की जरूरत है। उन्होंने टीबी मरीजों से अपील की कि वह अपना इलाज बीच में ना छोड़ें। कोई भी हमारे परिवार में या आस–पास में टीबी संभावित व्यक्ति दिखाई देता है या ऐसा लगता है कि उसको टीबी हो सकती है, तो उसकी जांच अपने किसी भी आसपास के सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर करानी चाहिए।

## जिला शिक्षा पदाधिकारी तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के होंगे नोडल पदाधिकारी तंबाकू उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग करेंगे आपसी सहयोग

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मुजफ्फरपुर। तंबाकू सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, इस तथ्य से सभी वाकिफ हैं लेकिन फिर भी तंबाकू की लत से बाहर नहीं आ पाते हैं। युवाओं को तंबाकू सेवन से जुड़े खतरों के बारे में जागरूक करने के लिए सामूहिक प्रयास की जरुरत है", उक्त बातें एनसीडीओ डॉ नवीन ने कही। सीड्स के कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज कुमार झा ने बताया कि तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाने हेतु जिले के शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी बनाने का निर्देश शिक्षा विभाग के विशेष सचिव सह निदेशक (प्रशासन) मनोज कुमार ने पत्र जारी कर दिया है। तंबाकू उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग आपसी सहयोग करेंगे। हाल में प्रकाशित ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे के आंकड़ों में बिहार के युवाओं में 7.3: तंबाकू उत्पाद के प्रयोग के आंकड़े सामने आए हैं। विदित हो कि वर्ष 2019 में यह सर्वे बिहार के 38 जिला में की गई थी। जिसमें बिहार के 7.3 प्रतिशत छात्र तंबाकू उत्पाद प्रयोग करने की बात सामने आई है। जिसमें 6.6: लड़के और 8.0: लड़कियां तंबाकू उत्पाद का प्रयोग करती हैं। सीड्स के मनोज कुमार झा ने बताया, मुजफ्फरपुर सहित राज्य के 22 जिले धुम्रपान मुक्त घोषित किये जा चुके हैं। ये वैसे जिले हैं जहाँ सार्वजानिक जगहों पर तंबाकू सेवन नहीं करने वालों का प्रतिशत 80 फीसदी या उससे ज्यादा है। उन्होंने बताया कोटपा कानून का सख्ती से लागू करना और सभी शिक्षण संस्थानों में तंबाकू के दुष्प्रभाव को लेकर युवाओं को जागरूक करना बहुत आवश्यक है। सभी प्रकार के कैंसरों में तंबाकू के सेवन से जुड़े कैंसरों का हिस्सा 40 प्रतिशत है एवं 90 प्रतिशत मुँह का कैंसर तंबाकू के प्रयोग से होते हैं। एनसीडीओ डॉ नवीन ने बताया, पूरे विश्व में हर वर्ष करीब 80 लाख लोग तंबाकू सेवन से जनित रोगों के कारण अपनी जान गंवाते हैं। देश में हर वर्ष 13 लाख मृत्यु का आंकड़ा तंबाकू सेवन के कारण है। उन्होंने बताया, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग को आपसी सामंजस्य से सभी शिक्षण संस्थानों में तंबाकू के दुष्प्रभाव को लेकर युवाओं में अलख जगाने की जरुरत है। शिक्षण संस्थान के सौ मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पाद का बिक्री वर्जित है। इसका उलंघन करने वालों पर कानूनी करवाई क् प्रावधान है।



सिविल सर्जन डॉ यूसी शर्मा ने बताया तंबाकू सेवन पर रोक लगाने एवं साथ ही तंबाकू से होने वाले विभिन्न प्रकार के कैंसर के बारे में वृहत पैमाने पर जन–जागरूकता फैलाने की जरुरत है। तंबाकू का दुष्प्रभाव सबसे अधिक स्कूली बच्चों एवं युवाओं पर पड़ रहा है। युवा वर्ग जनमानस में तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करने में अहम् भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने बताया विभाग पहले कुछ चयनित जगहों पर तंबाकू उन्मूलन को लेकर अभियान चलायेगा।

## हाजीपुर हादसे में मारे गए लोगों से मिले पप्पू यादव मृतक की बेटी की शादी कराने का किया वादा



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। हाजीपुर के पातेपुर बहुआरा चौक पर अनियंत्रित तेज रफ्तार हाइवा ट्रक सड़क किनारे बने मिठाई की दुकान में बुधवार की दोपहर में घुस गया था, हादसे में 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी और दर्जन से अधिक लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए थे. घटना के बाद पूरे इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया था और लोग सड़क जाम कर भारी हंगामा किया था। वहीं मौत में मरनेवालों की संख्या को लेकर भी विवाद हो गया है। जहां सरकार हादसे में मरनेवालों की संख्या तीन बता रही है, वहीं स्थानीय विधायक यह संख्या आठ बता रहे हैं। जिसके बाद अब जाप सुप्रीमो ने सरकार पर हमला बोल दिया। इससे पहले जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू यादव गुरुवार को पूरे लाव लश्कर के साथ हादसे में मरने वाले व्यक्ति के परिजन के घर पहुंच गए. पप्पू यादव पहले घटनास्थल का मुआयना किया जिसके बाद मृतक व्यक्ति के परिजनों के घर बारी बारी से पहुंचे मृतक व्यक्ति के परिजनों से मिलेवहीं मृतक के परिजन पप्पू यादव से लिपट कर सेक्सी कर रोते बिलखते दिखे. गरीबों का मसीहा कहे जाने वाले पप्पू यादव ने सड़क हादसे में मरने वाले सभी मृतक के परिजनों को 25–25 हजार नगद कैश दिया है. सरकार से 20 लाख का मुआवजा की मांग की है। इस दौरान जाप नेता ने भरोसा दिया कि वह मृतक व्यक्ति के बेटी के शादी में खुद शादी में शामिल होंगे और अपनी देखरेख में कराएंगे। लेकिन पप्पू यादव ने इस हादसे पर सवाल खड़ा कर दिया है क्योंकि स्थानीय बीजेपी विधायक का कहना है कि इस हादसे में 8 लोगों की मौत हुई है वहीं मुख्यमंत्री कार्यालय से 3 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है और स्थानीय प्रशासन भी तीन लोगों की मौत बतला रही है जबकि (1) मुकेश कुमार पिता देवेंद्र साहनी, (2) मोहब्बत मुबारक पिता मोहम्मद कयूम वैशाली जिले के रहने वाला है (3) जगमाया देवी पति मनीष चौधरी (4) पंकज कुमार पिता रविंदर चौधरी जो समस्तीपुर जिले के रहने वाले थे जिनकी सड़क हादसे में मौत हुई है। पप्पू यादव ने स्थानीय प्रशासन पर सीधे आरोप लगाया है कि जब स्थानीय विधायक कर रहे हैं कि 8 लोगों की मौत हुई है तो यहां के प्रशासन डेड बॉडी को गायब कर दिया है जल्द ही इस मामले में स्पीडी ट्रायल ट्रायल कर इस मामले की जांच होनी चाहिए. और यह बड़ी घटना ड्राइवर के शराब पीने के वजह से हुई है सरकार जल्द से जल्द शराबबंदी जैसे कानून पर एक कठोर कदम उठाए और इस कानून पर पहल करें।

इतनी बड़ी घटना होने के बाद स्थानीय सांसद नित्यानंद राय भी सुध लेने का उचित नहीं समझा यह बेहद शर्मनाक है वैशाली जिले से कई विधायक मंत्री नेता और मुख्यमंत्री तक बने हैं यहां के जनता के सहयोग से और इतनी बड़ी घटना होती है ना तो सत्ता पक्ष और विपक्ष के कोई नेत इन लोगों का दूध लेने का काम करते हैं सभी नेता और अधिकारी दारू और बालों में लगे हुए हैं जनता मरे या जिए उससे कोई मतलब नहीं है किसी को।

# संक्षिप्त समाचार

## दहेज प्रथा एक अभिशाप

☒ दहेज तो समाज पर वह अभिशाप है,
☒ जहाँ बाप पूछता है३क्या बेटी होना कोई पाप है?

दैनिक अयोध्या टाइम्स पत्रकार सुमित सिंह। विवाह के समय वधू पक्ष की ओर से वर पक्ष को जो उपहार स्वरूप में प्रदान की जाती है उसे दहेज कहते हैं! दहेज प्रथा अत्यंत पुरानी है ऋग्वेद में इस प्रथा के प्रारंभिक रूप से दृष्टिगत होते हुए किंतु तब यह प्रथा निष्कलुष थी संभवतरू नई–नई गृहस्थी बसाने वाले जोरे की सुविधा के लिए इस प्रथा की अत्यंत की शुरुआत हुई थी आरंभ में यह प्रथा कन्या पक्ष के प्रेम दर्शन के रूप में प्रकट हुई मध्यकाल में यह



अपनी वास्तविक चेतना खो बैठी इसने झूठा सामाजिक प्रतिष्ठा का रूप ले लिया अधिक से अधिक दहेज आन तथा शान की बात समझी जाने लगी निसंदेह आज या प्रथा घृणित अमानवीय एवं अनुचित है और इसका रचनात्मक विरोध होना चाहिए जिस समाज में शिक्षक डॉक्टर इंजीनियर और आईएस अफसर दहेज लेते हैं लज्जत नहीं होते हैं वहाँ विरोध की बात है महज आकर्षण छलावा है। वस्तु रूतत्व दहेज प्रथा का विरोध वाणी से नहीं कर्म में हो और वह भी सामूहिक स्तर पर हो तो निश्चित ही सफलता मिलेगी!

## किसानों को खाद उपलब्ध कराया जाये : विनय कुमार सिंह

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता का ध्यान आकृष्ट करते हुए अनुरोध किया है कि किसान पहले ही सुखा से परेशान है



,किसी तरह कर्ज लेकर सिंचाई कर धान रोपनी कर दिया थोड़ी बहुत वारिश हो रही है खाद की किल्लत झेल रहे हैं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने डीएम से अनुरोध किया है कि खाद का आवंटन कम के बहाना बनाकर कालाबाजारी चल रही है। सुबह से शाम तक किसान लाइन में लगाता है ,दर दर भटकता है, फिर भी खाद नही मिल रहा है। उन्होंने डीएम से निवेदन किया है कि आवंटन का जांच कर कालाबाजारी करने वाले दुकानदार पर उचित करवाई किया जाए, किसान को उर्वरक की कमी नही हो इसका इंतजाम किया जाए। किसान त्राहिमान कर रहा है, अगर आवंटन की कमी है तो आवंटन सुनिश्चित करने का हर सम्भव प्रयास किया जाना चाहिए।

जिला उपाध्यक्ष ने जिला पदाधिकारी से अनुरोध किया की सभी दुकानों पर बोड लाकर स्टौक की स्थिति प्रतिरोज प्रद्रर्शित किया जाये ताकि किसानो को पता चल सके कि स्टौक कि स्थिति क्या है।सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी अपने अपने प्रखंड मे मोनिटरिंग करने कि कृपा करे।

## अतिरिक्तप्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का हुआ उद्‌घाटन, स्थानीय लोगों में खुशी की लहर

संजय कुशवाहा,अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ,दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वी चंपारण रक्सौल। प्रखंड के भेलाही बाजार अवस्थित राजकीय मध्य विद्यालय के समीप अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्‌घाटन शुक्रवार को भेलाही पंचायत के लोकप्रिय मुखिया श्रीमती सुमन पटेल , बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश सचिव श्री कपिल देव पटेल उर्फ भुवन पटेल व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी



डॉक्टर एस के सिंह द्वारा किया गया, तदोपरांत उद्‌घाटन समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बिहार जदयू प्रदेश सचिव श्री भुवन पटेल ने कहा कि यह अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जरूरतमंद लोगों के विश्वास पर पूरा खरा उतरेगा व लोगों को ज्यादा से ज्यादा चिकित्सीय सुविधाएं भी प्रदान करेगा. वहीं इस नए स्वास्थ्य केंद्र के उद्‌घाटन व लोगों को मिल रहे बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं को लेकर स्थानीय लोगों में खुशी की लहर देखी गई. इस दरम्यान मौके पर भेलाही ओपी प्रभारी श्री मनोज कुमार यादव, जामदार शंभू प्रसाद, रक्सौल जदयू प्रखंड प्रवक्ता इंद्रजीत पटेल, जदयू पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विकास पटेल, पंचायत समिति सदस्य पति बृज किशोर चौधरी, स्थानीय सरपंच सदस्य पति राम विनय सिंह, सन्यास कुमार, चंदन कुमार, प्रियांशु कुर्मी, विनय पटेल, लग्न यादव ,चेगन सिंह, गौतम पासवान, मुख्तार मियां, पप्पू पटेल ,अजय पटेल, छोटन पासवान ,कुंदन पटेल, मंटन कुमार, रणधीर गुप्ता ,प्रमोद गुप्ता, मनु महाराज, विनोद महतो, संदीप प्रजापति, नितेश गुप्ता ,अनुरोध यादव व शैलेश दास सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

## विद्यापति प्रखंड रौशन कुमार की अध्यक्षता में युवाओं ने थामा जेडीयू का हाथ

संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता! दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर! बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री माननीय विजय कुमार चौधरी की विकास कार्यों को देखते हुए समस्तीपुर जिला के मुख्य मीडिया प्रभारी रौशन कुमार जी की अध्यक्षता में माननीय शिक्षा मंत्री के आवास पर सोठगामा पंचायत के उप मुखिया, शिव जी शर्मा, प्रिंस कुमार, विकास कुमार साह आदि युवाओं ने जेडीयू के सदस्यता ग्रहण की।



## सीएम के आगमन पर नाले को तिरंगा से ढकने के मामले में सपा ने की कानूनी कार्रवाई की मांग

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़

1– रमाकान्त यादव पर एक के बाद एक मुकदमा दर्ज किये जाने को लेकर सपा का प्रतिनिधि मण्डल डीएम से मिला





आजमगढ़। समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष हवलदार यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनपद आगमन पर शहर में नाले को ढकने के लिए तिरंगा लगाकर राष्ट्रीय झण्डे का अपमान करने वालों पर कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की।

उक्त बातें उन्होंने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय पर प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के नाम पर गरीबों, ठेला, गुमटी वालों व मजदूरों को सड़क किनारे से हटाने के नाम पर परेशान किया गया। विकास कार्यों का सीएम द्वारा उद्घाटन किये जाने के सवाल पर हवलदार यादव ने कहा कि ग्राम, क्षेत्र व जिला पंचायतों द्वारा कराए गए प्रस्तावित कार्यों का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कराकर यह उनके पद का अपमान किया गया है। इन विकास कार्यों का उद्घाटन एमपी, विधायक व पंचायत के अध्यक्ष करते हैं।

उन्होंने बताया कि सपा सरकार में संगीत व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए तमाम निर्माण कराये गये जो आज भी निर्माणाधीन है। विकास भवन के बगल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए निर्माणाधीन प्रेक्षागृह का निर्माण पैसे के अभाव में रूका हुआ है। प्रदेश के निर्माण का अधिकांश बजट वाराणसी व गोरखपुर में खर्च हो रहा है और आजमगढ़ की उपेक्षा की जा रही है। कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के नाम पर पिछड़े, दलितों, अल्पसंख्यकों के विरुद्ध गैंगेस्टर व रासुका की कार्यवाही की जा रही है, वहीं पर जाति विशेष के बड़े अपराधियों को बनारस में जमानत पर रिहा कर दिया गया। धर्म और जाति के नाम पर अन्य लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

निवर्तमान जिलाध्यक्ष हवलदार ने कहा कि बसपा और भाजपा के अंदरूनी तालमेल के कारण ही दिनेश लाल निरहुआ चुनाव जीत गए। आने वाले 2024 के चुनाव में सपा दोनों सीटों पर जीत दर्ज कर भाजपा का चेहरा बेनकाब करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा टिकट किसी और को देती है चुनाव किसी और जिताने का काम करती है। मुख्यमंत्री के मंच पर रिशु सिंह एमएलसी और अरूणकांत यादव का मौजूद रहना इस बात का प्रमाण है।

इसी क्रम में समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मण्डल जिलाधिकारी से मिला। प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से समाजवादी पार्टी के फूलपुर विधायक रमाकांत यादव के ऊपर एक पर एक मुकदमें लगाये जाने को गैरवाजिब बताया। प्रतिनिधिमण्डल ने जिलाधिकारी को क्षेत्र की समस्याओं से भी अवगत कराया। इस दौरान निवर्तमान जिलाध्यक्ष हवलदार यादव, विधायक दुर्गा प्रसाद यादव, संग्राम यादव, पूजा सरोज, रामदुलार राजभर, अखिलेश यादव, नफीस अहमद के साथ रामआसरे विश्वकर्मा, नन्दकिशोर यादव, पूर्व विधायक बृजलाल सोनकर आदि लोग मौजूद रहे।

## आजमगढ़ कप्तानगंजः रात में मायके से लापता नवविवाहिता का छोटी सरयू नदी किनारे मिला शव

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा

कप्तानगंज, आजमगढ़ । कप्तानगंज थाना क्षेत्र छोटी सरयू नदी किनारे शुक्रवार की सुबह एक नवविवाहिता



का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों ने हत्या किए जाने की आशंका जताई है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के लखनपुरा गांव निवासी रामपति की 22 वर्षीय पुत्री प्रियंका की शादी बीते 13 मई को अंबेडकर नगर जिले के आदमपुर गांव में हुई थी। वह एक सप्ताह पूर्व ससुराल से विदा होकर मायके आई हुई थी। मायका पक्ष का कहना है कि गुरुवार की रात को भोजन करने के बाद परिवार के सभी लोग सो गए। रात में ही प्रियंका घर से लापता हो गई। सुबह परिवार के लोग सो कर उठे तो प्रियंका को न देख उसकी तलाश शुरू कर दी। इधर कुछ देर बाद प्रियंका का शव छोटी सरयू नदी किनारे ग्रामीणों ने देखा। ग्रामीणों की सूचना मिलते ही एसपी ग्रामीण सिद्धार्थ, क्षेत्राधिकारी बूढ़नपुर सिद्धार्थ तोमर, प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रियंका के शरीर पर जींस का पैंट और शर्ट मिला। परिवार के लोग प्रियंका की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण ज्ञात हो सकेगा। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बता दें कि प्रियंका की अलग–अलग स्थानों पर पूर्व में दो शादी हुई थी। किन्हीं कारणों के चलते उसकी दोनों शादियां टूट गई। अंबेडकरनगर में प्रियंका की तीसरी शादी हुई थी। वह दो भाई दो बहनों में दूसरे नंबर पर थी।

## मामूली कहासुनी पर दबंग दंपत्ति ने पीट दिया युवक

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। फतेहाबाद । निबोहरा थाना क्षेत्र के ग्राम चीकना में मामूली कहासुनी पर एक दबंग दंपत्ति ने अपने बेटे के साथ मिलकर एक युवक को पीट दिया। जिसके चलते युवक को चोटे आई। पीड़ित ने इसकी सूचना निबोहरा पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निबोहरा थाना क्षेत्र के ग्राम चीकना में नाथ संप्रदाय के कुछ लोगों के आवास बने हुए हैं । जहां रामनाथ नामक युवक से पड़ोस के ही एक दंपति ने अपने पुत्र के साथ मिलकर मामूली कहासुनी होने पर बृहस्पतिवार शाम उसे जमकर पीट दिया। वहीं गांव के अन्य लोग मूकदर्शक बने रहे। शुक्रवार सुबह पीड़ित रामनाथ ने इसकी सूचना पुलिस को दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कर्ज चुकाने से बचने के लिए व्यापारी ने खुद को ही कराया किडनैप

लखनऊ।उत्तर प्रदेश में एक शेयर बाजार के व्यापारी ने 40 लाख रुपये का कर्ज चुकाने से बचने के लिए खुद का अपहरण करवा लिया. शम्सी रजा नाम के इस व्यापारी ने दावा किया कि सोमवार को फिरौती के लिए उनका कथित रूप से अपहरण कर लिया गया और गुरुवार को लखनऊ पुलिस ने उन्हें बचाया. जांच में हालांकि यह साबित हुआ कि कर्ज में डूबे व्यापारी ने अपने दो सहयोगियों शाहिद और मोहम्मद की मदद से खुद का अपहरण किया था।

सीसीटीवी फुटेज में उसे दोस्तों के साथ चाय पीते और अपहरण के लिए एक कार का इस्तेमाल करते हुए दिखाया गया है।

डीसीपी ईस्ट एंड क्राइम प्राची सिंह ने बताया कि, सआदतगंज के दरगाह रोड इलाके में शम्सी पत्नी फरहीन फातिमा और दो बच्चों के साथ रहता है. पुलिस ने बताया कि शम्सी ने अपने कई रिश्तेदारों और दोस्तों से कर्ज भी लिया था. जिससे वो अपना ही अपहरण करवाने का फैसला किया और अपने रिश्तेदार को बताया कि उसने जो 40 लाख रुपये दिए थे, वह फिरौती देने में खर्च हो गए।

## आजमगढ़ में न्याय के लिए बाबूलाल यादव चढ़ा पानी की टंकी पर, लेखपाल की पैमाइश को नहीं मानता है ढोंगी, आश्वासन पर उतरा

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़

आजमगढ़ । कलेक्ट्रेट स्थित पानी की टंकी पर शुक्रवार को बाबूलाल यादव नाम का एक शख्स पानी की टंकी पर इसलिए चढ़ गया कि उसे न्याय नहीं मिल रहा है, जबकि लेखपाल से लेकर तहसील प्रशासन कई बार इस बाबू लाल यादव की जमीन की पैमाइश कर चुका है, और खूंटा भी गड़ चुका है, इसके बावजूद इस बाबू लाल यादव को तहसील प्रशासन पर विश्वास नहीं है, और हमेशा जिलाधिकारी से लेकर अन्य अधिकारियों के यहां न्याय के लिए चक्कर लगाता रहता है, ऐसा ही चक्कर 4 वर्ष पूर्व यह बाबू लाल यादव चक्कर लगा रहा था, इसी बीच विरोधी महिला ने इस ढोंगी साधु को कलेक्ट्रेट में इसको कई चप्पल ताबड़तोड़ मार चुकी भी है, लेकिन यह ढोंगी बाबू लाल यादव जो अपने को साधु बताता अपने उल्टा सीधा क्रियाकलाप से नहीं मानता है, और हमेशा जमीन की पैमाइश के लिए अधिकारियों के यहां चक्कर लगाता रहता है, शुक्रवार को यह ढोंगी साधु जमीन की पैमाइश कराने के लिए कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी के यहां पहुंचने से पहले पास में पानी की टंकी पर चढ़ गया, और आत्मदाह करने का नाटक करने लगा, इस बात की जानकारी जब सिविल लाइन पुलिस चौकी इंचार्ज व अन्य अधिकारियों को हुई तो वह मौके पर पहुंचे, और न्याय का आश्वासन देकर इस ढोंगी साधु बाबूलाल



यादव को नीचे उतरवाया और जिलाधिकारी के यहां ले जाकर पेश किया ।

बता दें कि सगड़ी तहसील क्षेत्र के अजगरा गांव निवासी बाबू लाल यादव का अपने पट्टीदार से जमीन का विवाद चलता है । बाबूलाल के पट्टीदार लवकुश यादव ने बताया कि बाबूलाल यादव साधु नहीं बल्कि यह ढोंगी है ।

प्रशासन कई बार आकर के जमीन का पैमाइश करा चुका है इसके बाद भी हम लोगों को परेशान करते रहता है।

## शिक्षा, विज्ञान, गणित, खेल और कला क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली प्रतिभाओं का होगा सम्मान

- राष्ट्रीय शैक्षिक महाकुंभ में शिक्षा जगत के पुरोधाओं का होगा जमावड़ा।
- देशभर के शिक्षाविदों , वैज्ञानिकों , गणितज्ञों और समाजसेवियों का होगा अदभुत संगम
- पर्यावरण, विज्ञान एव गणित के प्रति संचेतना जागृति करने हेतु स्कूली बच्चों हेतु क्रियाकारी एव स्थिर मॉडल प्रदर्शनी
- सांस्कृतिक संध्या में विलक्षण प्रतिभाशाली स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जायेंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम
- यूपी बोर्ड , सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में टॉप 3 मेधाओं का सम्मान, प्रतापगढ़ के चिलबिला में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय शैक्षिक महाकुंभ

कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में न केवल राष्ट्रीय अपितु अंतरराष्ट्रीय ख्याति लब्धि विद्वत मनीषियों को एक मंच पर एकत्रित करना है ताकि युवाओं को न केवल हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के विकल्प एवं अवसरों की जानकारी हो सके बल्कि वे हर क्षेत्र में सफलता हेतु आवश्यक बारीकियों से रूबरू हो सकें। आज हुई प्रेस वार्ता में सादर विधायक राजेंद्र मौर्य, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष और विधायक हरि प्रताप सिंह , आयोजक राम सजीवन मौर्य तथा चीफ मेंटर अरहम सिद्दीकी उपस्थिति रहे। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी को उद्घाटन के लिए आमंत्रण दिया गया है। इसके अलावा उप मुख्यमंत्री एवम शिक्षामंत्री को भी आमंत्रण दिया गया है। कार्यक्रम में सुपर 30 के आनंद कुमार जी और सिटी मांटेसरी स्कूल्स लखनऊ के संस्थापक डा जगदीश गांधी विशिष्ट अतिथि होंगे। इसके अतिरिक्त वरिष्ट विज्ञान संचारक अनिल त्रिपाठी, विद्यार्थी विज्ञान मंथन के राज्य समन्वयक सुशील द्विवेदी, विकास एव राज्य बाल विज्ञान कांग्रेस के डॉ सतेन्द्र कुमार सिंह, वरिष्ट वैज्ञानिक डॉ चंद्र मोहन नौटियाल, एससीईआरटी नई दिल्ली के





डॉ राजेश ठाकुर, नेहरू तारामंडल के वैज्ञानिक डॉ जे जे रावल, डॉ चंद्र मौली जोशी , विज्ञान प्रसार के वरिष्ट वैज्ञानिक कांबले, ब्रिगेडियर एम न कड़ापत्ती, गणितज्ञ टी आर जोतिलीगाम , यश भारती पुरस्कार से सम्मानित डॉ शिवानी मातनहेलिया, फिल्म इंडिया कम्युनिकेशन के निदेशक डॉ सिब्ते अब्बास, मिस इंडिया क्वीन डॉ सारिका महेश शाह, मिस इंडिया खादी बिंकल शुक्ला , मैथ्स गुरु बी एन राव, फिल्म अभिनेता राजन कुमार, पर्यावरण संचारक राजेश सुमन समेत कई दर्जन महान हस्तियां कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। राष्ट्रीय शैक्षिक महाकुंभ में विशाल मुलिया द्वारा साइंस कार्टून एनीमेशन फिल्म, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर डॉ हरीश रावत द्वारा लाफिंग योगा, जानेमाने जादूगर हरीश यादव द्वारा साइंस मैजिक शो एव सुनील सूर्या मेमोरी गुरु द्वारा याददास्त कैसे बढ़ाएं विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। देश की बाल विलक्षण प्रतिभाओं में अवि शर्मा, अंकिता बाजपेई, स्वरा त्रिपाठी, कुमारी अनीशा , गुगल गर्ल आरोही सिंह, गुगल गुरु गुरु उपाध्याय, पर्यावरण संचारिकां ईहा दीक्षित , यंगेस्ट फिजिस्ट युट्यूबर एजुकेटर सारिम खान समेत दर्जनों बच्चों को सम्मानित किया जाएगा।

इसी संदर्भ में अभिभावकों ,स्कूली शिक्षकों तथा विद्यार्थियों का व्यापक स्तर पर मार्गदर्शन करने तथा पथ प्रदर्शित करने वाली तमाम महान सफल विभूतियों का उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जनपद में तीन दिवसीय 16, 17, 18 सितंबर 2022 को चिलबिला में राष्ट्रीय शैक्षिक महाकुंभ में आमंत्रित किया गया है। किसी भी छात्र को सही समय पर ,सही दिशा में ,सही मार्गदर्शन मिल सके ताकि छात्र को अपने कौशल, दिलचस्पी ,क्षमता एवं पारिवारिक और आर्थिक स्थिति के अनुसार कैरियर को चुनने में सक्षम हो सके।

देश और विदेश के सैकड़ों वैज्ञानिक गणितज्ञ समाजसेवी उद्यमी युद्ध मोटिवेशनल स्पीकर तथा करियर काउंसलर कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे हैं। इस राष्ट्रीय शैक्षिक महाकुंभ में शिक्षा ,कला, विज्ञान गणित तथा संस्कृति क्षेत्रों को शामिल किया गया है। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में 23 राज्यों से प्रतिभाशाली विद्यार्थी और शिक्षाविद आयेंगे। इस मौके पर स्कूली बच्चों में पर्यावरण, विज्ञान एव गणित के प्रति संचेतना जागृति करने के लिए विज्ञान तथा गणित मॉडल प्रदर्शनी , पुस्तक मेला , स्कूली बच्चों में नृत्य एव गायन प्रतियोगिताएं तथा विभिन्न राज्यों से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। गणित के प्रति संचेतना छात्रों में अभिरुचि जागृति करने के लिए 16वें राष्ट्रीय गणित सम्मेलन का आयोजन एआरआईएमसी द्वारा राष्ट्रीय शैक्षिक महाकुंभ में हो रहा है। भारत सरकार की संस्था विज्ञान प्रसार एव इसरो द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

शिक्षा जगत एवं राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान करने वाली विभिन्न क्षेत्रों विज्ञान गणित पर्यावरण एव कला की विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा।कैंप स्थल पर देश के प्रतिष्ठित संस्थाएं जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराती हैं , को आमंत्रित किया गया है।

## खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा महराजगंज आजमगढ़

खेल–कूद से बच्चों के अंदर शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है वहीं उनके अंदर प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता की वृद्धि होती है । उक्त बातें युवा कल्याण विभाग द्वारा शुक्रवार को महेशपुर जूनियर हाई स्कूल के प्रांगण में आयोजित ब्लाक स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए भाजपा नेता सत्येंद्र राय ने कही ।

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए आसपास के गांवों से काफी संख्या में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चे व बच्चियां उपस्थित थीं । प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल किया । बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में रोमेनिका कनौजिया प्रथम, आकांक्षा यादव द्वितीय तथा प्रियंका यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । 200 मीटर दौड़ में रंजना यादव प्रथम, प्रभा द्वितीय तथा कुसुम ने तीसरा स्थान हासिल किया । 400 मीटर दौड़ में संतोषी प्रथम, रागिनी द्वितीय तथा रंजना यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में अयोध्या प्रथम, सत्यम द्वितीय, रामप्रवेश तृतीय रहे । 200 मीटर दौड़ में प्रथम अयोध्या, द्वितीय रणविजय और तृतीय स्थान सत्यम को मिला । 400 मीटर की दौड़ में भी अयोध्या ने पहला मुकाम बनाए रखा तथा प्रदीप यादव द्वितीय व रामआशीष यादव ने तृतीय स्थान हासिल किया । पंद्रह सौ मीटर की दौड़ में अरविंद कनौजिया ने प्रथम, संतोष द्वितीय तथा राकेश यादव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया । बालिका वर्ग की वालीबाल प्रतियोगिता में पैकौली की टीम को पराजित करते हुए महेशपुर की बालिकाओं ने विजय प्राप्त किया । बालिका वर्ग की लंबी कूद में पैकौली गांव की रागनी को प्रथम तथा इसी गांव की प्रियंका को द्वितीय व सहदेवगंज की सुनीता को तृतीय स्थान मिला । प्रतियोगिता के समापनोपरांत विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार दिया गया ।



इस मौके पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अनिल कुमार खरवार, ग्राम प्रधान सुरेश यादव, हरीश पाठक, दीनानाथ मिश्र, नरेंद्र मिश्र, सत्यप्रकाश मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे ।

## कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रवीण सिंह सहित दर्जनों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ किया था प्रदर्शन व चक्का जाम

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा

आजमगढ़। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के आवाह्न पर महंगाई बेरोजगारी के विरोध में कांग्रेस कार्यालय से जुलूस निकाला, कांग्रेसियों ने नारेबाजी करते हुये अग्रसेन चौराहा नेहरू हाल होते हुये कलेक्ट्रेट चौराहे पर पहुंच कर धरना दिया और सड़क को जाम कर दिया मौके पर पहुंचे प्रशासन ने कांग्रेसियो को हिरासत लेकर पुलिस वैन से पुलिस लाइन लाया, जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने कहा देश में रिकॉर्ड बेरोजगारी एवं डीजल पेट्रोल एलपीजी तथा दालों एवं कुकिंग आयल की मूल्य वृद्धि ने आम आदमी का जीना मुहाल कर दिया है। खाद्य सामग्रियों प्री पैक्ड आनाज आटा चावल शहद दही तथा अन्य दुग्ध उत्पादों पर जीएसटी लगाने से मंहगाई और बढ़ गयी है। आम आदमी मंहगाई की मार से पूरी तरह त्रस्त है। सरकार द्वारा जल्दीबाजी में थोपी गयी अग्निपथ योजना में कई जोखिम हैं जिसने सशस्त्र बलों की वर्षो से चली आ रही परंपराओ और लोकाचार और देश के करोड़ों युवाओं के आकांक्षाओं को नष्ट कर दिया है। देश के युवा हताश एवं निराश हैं। सरकार तानशाही पर उतारू है सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। लोकतांत्रिक देश मे आंदोलन करना भी गुनाह हो गया है। सरकार लगातार अपने तंत्र के माध्यम से आंदोलनों को कुचलने का काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी किसी भी हाल में सरकार के आगे घुटने नहीं टेकेगी। जनहित के मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा। गिरफ्तारी होने वालों में अवधेश कुमार सिंह, रमेश राजभर, नजम शमीम, मनोज कुमार सिंह, मुन्नू यादव, ओंकार पाण्डेय, पूर्णमासी प्रजापति, तेजबहादुर यादव, अमर बहादुर यादव, अजीत कुमार राय, अरविंद पाण्डेय, जगदम्बिका चतुर्वेदी, राम गनेश प्रजापति, मिर्जा शाने आलम बेग, जावेद मंदे,शीला भारती, मो० आमिर, अंजली पाण्डेय, मो० शाहिद खान, रीता मौर्य, हफीज खान, रविशंकर



पाण्डेय, अंशुमाली राय, सुधाकर पाठक, इश्तियाक अहमद, नदीम अहमद, जीशान अहमद, शैलेन्द्र सिंह, शशिकान्त पाण्डेय, सुरेन्द्र तिवारी, आनंद सिंह, अरविंद सिंह, घनश्याम सिंह, अविनाश विश्वकर्मा, जयराम, शंभू शास्त्री, वृजेश पाण्डेय, रिजवान अख्तर, मुजाहिद आदि लोग थे।

## तुलसी जयंती पर काव्य संध्या का भव्य आयोजन

अयोध्या शोध संस्थान एवं पॉजिटिव इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में तुलसी जयंती के अवसर पर काव्य पाठ संगोष्ठी का आयोजन किया गया सुप्रसिद्ध कवि व समाज सेवी उपस्थित रहे।

अयोध्या टाइम्स संवाददाता हरिओम कानपुर । गुरुवार उत्कर्ष अकैडमी सभागार में अयोध्या शोध संस्थान एवं पॉजिटिव इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में तुलसा के राम विषय पर संगोष्ठी एवं काव्य संध्या का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ० सुरेश अवस्थी (अन्तर्राष्ट्रीय कवि) ने कहा ष्तुलसी के राम अफले हिंदुओं के ही नहीं सभी धर्मों के प्रेरक है इसीलिए उन्हें मर्यादा रुगोल कहा गया। सनातनी लोग उन्हें हिदोत्तम भी कहते हैं।

मुख्य वक्ता डॉ० प्रदीप दीक्षित ने कहा कि पूरे विश्व में तुलसी के राम ही भारत के ब्रांड एम्बेसडर हैं। सात देशों में रामकथा कही जाती है एवं 24 देशों में रामलीला खेली जाती है। रामलीला का प्रारम्भ तुलसीदास ने ही वाराणसी से किंवा था। तुलसी ने राम के माध्यम से समाज को राजनैतिक पारिवारिक मूल्यों का उपहार दिया है। तुलसी के नाम पर आयोजित काव्य संध्या में कोटा के कुंवर जावेद ने राम से व्यक्ति के जुड़ाव के बारे में पंक्तियाँ कहीं

सभी से मिलते हैं यारों सभी को मिलते हैं। कभी भी करते नहीं भेद राम जी मेरे।।

जहाँ से जुड़के जो अनुभव हुआ तो यह पाया।

मैं राम जी का हूँ जावेद राम जी मेरे।

श्री लोकेश शुक्ल ने कहा– अभिभूत हूँ जन जन के दिल में बसे, मर्यादा के धाम।

कुटिल अधर्मी भी तरे, लिया अंत जो नाम।



वही डॉ सुरेश अवस्थी ने पढ़ा

भुजा मुजा लक्ष्मण बसें,भरत बसें हूद–धाम।

संकल्पों में पवनसुत स्वयं मिलेंगे राम।

संगोष्ठी संचालक अनिल दीक्षित की भी पंक्तियों सराही गई। खुशियों के ढेर लगते उदासी के सामने

उन पर कभी भी राम की कृपा नहीं होती

जो लोग नहीं बैठते तुलसी के सामने

प्रख्यात कवियित्री डॉ० कमल मुसद्दी ने राम राज की परिभाषा करते हुए कहा– छल, असत्य, धन लोलुपता, मर्यादा के बड़े विरोधी हैं

जाति पांत वर्गवाद सब, राम राज अवरोधी है।

डॉ राजीव राज ने राम के वनवास को परिभाषित करते हुए पंक्तियां पढ़ी

अति अनुरागी ने लिया बना विरागी वेश ।।

रतना रटना छोड़ तब किया राम मय देश ।।

समारोह में धन्यवाद ज्ञापन डॉ० अलका दीक्षित ने दिया। नीरज शुक्ला, अंशुमान दीक्षित, राजीव चतुर्वेदी संहित युवा श्रोताओं ने आयोजन में सहभागिता की कार्यक्रम का कर रहे कुशल संचालन अनिल जी ने भी कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी आगंतुकों का अभिवादन करते हुए धन्यवाद किया। निदेशक डॉक्टर लव कुश द्विवेदी अपनी आभा से उपस्थिति दर्ज कराई।

देहदान अभियान के संयोजक मनोज सेंगर जी भी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## दोहावली

ब्राह्मण कुल पैदा हुए, कविवर तुलसीदास।
बाँदा इनका गाँव था, माँ हुलसी की आस।।
बालक तुलसी के लिए, बने सहारा संत।
इनके पुण्य–प्रताप से, मिली दिशा जीवंत।।
परिणति दारा प्रेम की, दिखी सुनहरी राह।
हुई जागृत चेतना, जगा नवल उत्साह।।
राम–कथा पावन अमित, तुलसी का उपहार।
उच्च भाव की कल्पना, पा पुलकित संसार।।
सुंदर कर्मों की झलक, मानस में है व्याप्त।
भक्ति नीति की बात से, तुलसी जन–जन आप्त।।
मानस काव्य प्रबंध से, मिलती मन को शांति।
विश्व धर्म संकल्प में, दिखती अभिनव कांति।।
तुलसी जन–जन पूज्य हैं, मानस है उपहार।
प्रतिदिन मन से पाठ कर, लाएँ सौम्य विचार।।
अमिय ज्ञान से है भरा, तुलसीकृत साहित्य।
काव्य–व्योम में दीप्त है, बनकर नित आदित्य।।
मानस अनुपम ग्रंथ है, सद्गुण की यह खान।
नित उपयोगी शब्द से, सदा बढ़ाएँ ज्ञान।।
तुलसी जगत् महान् है, काव्य अलौकिक सार।
अंतर्मन धारण करें, होगा बेड़ा पार।।

देव कांत मिश्र दिव्य सुलतानगंज, भागलपुर, बिहार

## कानपुर में भ्रष्टाचार नहीं, चूहे के आतंक से धंस गया पुल

कानपुर।बारिश का मौसम हो या फिर कोई और मौसम पुल बनते ही धंसने की खबरें आती रहती हैं. लेकिन कानपुर में एक पुल इसलिए चर्चा में है क्योंकि ये चूहों की वजह से धंस गया है. कानपुर का खपरा मोहाल एक ऐसा पुल है जो भ्रष्टाचार नहीं बल्कि चूहों के आतंक से धंस गया है. इसे लेकर पीडब्ल्यूडी अधिकारी परेशान हैं और इसको लेकर नगर निगम को मदद के लिए पत्र भी लिखा गया है।

पुल में हुआ तीन मीटर गहरा गड्ढाः कानपुर शहर के मुख्य पुलों में शामिल छावनी के खपरा मोहाल पुल का एक हिस्सा अचानक धंस जाने से हड़कंप मचा हुआ है. इस पुल से रोजाना हजारों लोगों की आवाजाही होती है. ये पुल साल में दूसरी बार क्षतिग्रस्त हुआ है. यहां करीब दो मीटर चौड़ा और तीन मीटर गहरा गड्ढा हो गया है. इस पुल के रखरखाव जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी विभाग की है. छावनी क्षेत्र में बना यह खपरा मोहाल पुल माल रोड को सेंट्रल स्टेशन से जोड़ता है. इसी पुल के जरिए हजारों लोग माल रोड और शुक्लागंज की ओर जाते हैं।



पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की मानें तो यह पुल चूहों की वजह से धंस रहा है. पास में ही कानपुर सेंट्रल स्टेशन है और सेंट्रल स्टेशन से भारी–भरकम चूहे इस पुल को कुतर कुतर कर भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं. पुल में भरी गई मिट्टी और राख बिल बनाने के लिए चूहे बाहर निकाल रहे हैं. जिससे पुल का आधार कमजोर हो रहा है और बारिश होते ही पुल धंस जाता है. चूहों से तंग आ चुके पीडब्ल्यूडी विभाग में अब नगर निगम को पत्र भी लिखा गया है. इस पत्र में पुल के नीचे किए गए अतिक्रमण और गंदगी को हटाने की बात कही गई है. 11 अगस्त सेतु निगम के चीफ इंजीनियर दौरा करेंगे और इस समस्या का स्थाई हल भी बताएंगे. फिलहाल पीडब्ल्यूडी यहां लोहे की जाली बिछाकर चूहों के आतंक से मुक्ति पाने की जुगत में है।

### ईडी के सूत्रों का दावा- वित्तीय फैसले लेने के सबूत नहीं, सभी नेताओं ने लिया था मोतीलाल वोरा का नाम

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के करीबी सूत्रों ने कहा है कि पूछताछ के लिए बुलाए गए कांग्रेस नेताओं में से किसी ने भी यह साबित



करने के लिए कोई दस्तावेज नहीं दिया कि एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) और यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड सौदे से जुड़े सभी वित्तीय निर्णय स्वर्गीय मोतीलाल वोरा द्वारा लिए गए थे। बता दें कि कांग्रेस पार्टी के सबसे लंबे समय तक कोषाध्यक्ष रहे वोरा का 2020 में निधन हो गया। दिलचस्प बात यह है कि जब राहुल गांधी से यंग इंडियन–एजेएल सौदे के वित्तीय पहलुओं के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने अधिकारियों से कहा था कि सभी लेनदेन वोरा द्वारा नियंत्रित किए जाते हैं। ईडी के सामने राहुल और सोनिया के अलावा कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और पवन कुमार बंसल ने भी यही नाम लिया था।

### किला मजदूर यूनियन के पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई ने तेजतर्रार लोकप्रिय सपा नेत्री पूजा शुक्ला को पत्र लिखकर मिलने का समय मांगने के साथ पूर्व सासंद डिंपल यादव से मिलवाने का भी किया आग्रह

कानपुर। आर्डिनेंस इक्विपमेंट फैक्ट्री फूलबाग कानपुर किला मजदूर यूनियन के पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई ने लखनऊ उत्तर 172 विधानसभा से समाजवादी पार्टी पूर्व प्रत्याशी लोकप्रिय तेजतर्रार युवा नेत्री पूजा शुक्ला को शुक्रवार को पत्र लिखकर यूनियन प्रतिनिधिमंडल को मिलने के लिए 15 अगस्त के बाद का समय देने का निवेदन किया है। पत्र के माध्यम से लिखते हुए किला मजदूर यूनियन के पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई ने सपा नेत्री पूजा शुक्ला से कहा कि आर्डिनेंस फैक्ट्रियों के निगमीकरण को लेकर



पूर्व में भी आपकों दो से तीन बार लिखा जा चुका है। लेकिन उसके बावजूद निगमीकरण के विरोध में आज तक न तो आपकी कोई प्रतिक्रिया आई और न ही आपके राष्ट्रीय नेतृत्व की। जो कि बहुत ही चिंताजनक है। इसलिए अबकी बार पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई ने पत्र लिखकर सपा नेत्री से 15 अगस्त के बाद मिलने का समय देने का निवेदन किया है। साथ ही पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई ने उसी दिन सपा की पूर्व लोकसभा सांसद डिंपल यादव जी से भी यूनियन प्रतिनिधिमंडल को मिलवाने का आग्रह किया है।

## 7,8,9 अगस्त को माता के सम्मान में सज रहा है मेला

राज शर्मा (संस्कृति संरक्षक, आनी कुल्लू हिमाचल प्रदेश

देवी कंगोत्री बडार हिमाचल प्रदेश जिला मंडी में चुराग उपण्डल के अंतर्गत ग्राम पंचायत सोरता में समुद्रतल से 6200 फीट ऊंचाई पर बडार गांव में विराजती है। आदि शक्ति देवी कंगोत्री जो अनेक शक्तियों से परिपूर्ण है इस गांव में सैंकड़ो वर्षो से विराजमान है देवी कंगोत्री का 3 दिवसीय मेला 7 अगस्त से 9 अगस्त तक लगता है



जानकारी देते हुए टी सी ठाकुर कारदार च्वासीगढ़ करसोग तथा देव समाज समिति करसोग के संस्थापक नरेन्द्र राजपूत ने बताया कि मेले में माता जब श्रृंगार रूप में नृत्य करती है तो महाशिव देओ महासू घने कोहरे में छुप जाते है सैंकड़ो वर्षो से यह चमत्कार हर वर्ष होता है जिसको देखने के लिए सैंकड़ो लोग हर वर्ष मेले में आते है माता अपने कठोर नियमो में लिए प्रसिद्ध है आदि शक्ति देवी कंगोत्री आज भी एकांत में रहना पसंद करती है और अन्य किसी देवता के साथ मेल मिलाप नहीं करती हर वर्ष की भान्ति इस वर्ष भी मेला 7,8 ,9 अगस्त को धूमधाम से मनाया जा रहा है।

## सोसल आडिट में घोर अनिमितताओं का अम्बार

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर


अशोक वर्मा(लम्भुआ) चांदा सुल्तानपुर। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा के अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में कराए गए कार्यों का सोशल ऑडिट विकासखंड प्रतापपुर कमैंचा की अलग–अलग ग्राम पंचायतों में चल रहा है।



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा के अनुसार ग्राम पंचायतों में कराए गए कार्यो की सोशल ऑडिट अनिवार्य है। कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत अधिकारी अभिलेख उपलब्ध कराते हैं। अभिलेखों का मिलान करने के बाद ग्राम पंचायत की खुली बैठकों में कराए गए कार्यों को पढ़कर सुनाया जाता है। टीम स्थलीय निरीक्षण भी करती है। इस तरह से सोशल ऑडिट का तीन दिन का कार्यक्रम प्रत्येक ग्राम पंचायतों में नियत होता है। विकासखंड प्रतापपुर कमैंचा की पांच ग्राम पंचायत हड़िया सरपतहा, गौरा, बैंती कला, आनापुर नारायणगंज व गलहिता में शुक्रवार को सोशल ऑडिट के अंतर्गत खुली बैठक का आयोजन किया जाना था। हडिया सरपतहा ग्राम पंचायत में सोशल ऑडिट खुली बैठक संपन्न हुई है। इसके अलावा गौरा,गलहिता, आनापुर नारायणगंज, बैती कला की खुली बैठक नही हुई है। खंड विकास अधिकारी देव नायक सिंह ने बताया गौशालाओं का निरीक्षण के चलते मैं किसी भी गांव में खुली बैठक में सम्मिलित नहीं हो सका। खुली बैठक की आद्यतन जानकारी भी उपलब्ध नही है।

## IIT Kanpur ने जारी की GATE 2023 की परीक्षा तिथि, जानें कब शुरू होंगे रजिस्ट्रेशन

कानपुर नगर ।आईआईटी कानपुर ने ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग परीक्षा तिथियों की घोषणा कर दी है। आपको बता दें कि यह परीक्षा 4, 5, 11 और 12 फरवरी, 2023 को आयोजित की जाएगी। GATE 2023 एक कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) होगी, जिसके लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 30 अगस्त 2022 से शुरू होगा। IIT Kanpur की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार आवेदन की प्रक्रिया 30 सितंबर तक चलेगी। कुछ विषयों में दो पेपरों के चयन के विकल्प के साथ 29 विषयों में परीक्षा होगी। गेट क्वालिफाई करने वाले उम्मीदवार को इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी या वास्तुकला के मास्टर प्रोग्राम में दाखिला मिलता है।



GATE 2023 महत्वपूर्ण तिथियां

गेट 2023 आवेदन पत्र शुरू होने की तारीख– 30 अगस्त

गेट 2023 रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख– 30 सितंबर

GATE 2023 लेट फीस के साथ आवेदन प्रक्रिया की आखिरी तारीख– 7 अक्टूबर, 2022

गेट 2023 आवेदन सुधार विंडो– 4 नवंबर से 11 नवंबर, 2022

GATE 2023 की परीक्षा कुल 100 अंकों के लिए है। इस बार यह परीक्षा संयुक्त रूप से आईआईटी बॉम्बे, दिल्ली, गुवाहाटी, कानपुर, खड़गपुर, मद्रास, रुड़की और आईआईएससी बेंगलुरु द्वारा आयोजित की जाएगी।

GATE 2023 के लिए ऐसे करें आवेदन

सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट gate.iitk.ac.in पर जाएं।

अब "GATE 2023 registration" लिंक पर क्लिक करें।

अपनी लॉगिन डिटेल्स दर्ज करें और सबमिट पर क्लिक करें।

आवेदन फॉर्म भरें और आवेदन फीस का भुगतान करें।

इसके बाद सबमिट पर क्लिक करें और कंफर्मेशन पेज डाउनलोड करें।

## डाक विभाग ने मोटर साइकिल रैली निकाल लोगो को किया जागरूक

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई–आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा फहराने की कवायद में डाक विभाग भी जोर शोर से मुहिम चला रहा है ।इसी मुहिम के तहत डाक विभाग ने शुक्रवार को लोगो को जागरूक करना है। पोस्टमास्टर ने कहा कि जिले के सभी डाकघरों में राष्ट्रीय ध्वज मात्र 25 रुपये की कीमत पर उपलब्ध हैं ।उन्होंने कहा कि डाकघर के द्वारा हर घर तक तिरंगा फहराने का लक्ष्य




सहायक डाक अधीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा व पोस्टमास्टर प्रभात नारायण मिश्रा के नेतृत्व में मोटरसाइकिल रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष के साथ रैली प्रधान डाकघर से शुरू हुई कोंच स्टैंड पहुंची और वहां से जिला परिषद होते हुए प्रधान डाकघर में समाप्त हुई।

सहायक डाक अधीक्षक ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य है ।जिसके लिए उनकी टीम सतत प्रयास कर रही है। कहा कि आज की इस रैली में लगभग 400 राष्ट्रीय ध्वज की बिक्री भी डाकघर से की गई ।इस अवसर पर रैली में आरबी अवस्थी, संजीव अग्निहोत्री,मुरारी मोहन द्विवेदी,अक्षय शुक्ला, रामाकांत शुक्ला,नरेश सिंह, अशोक सोनी,अविनाश, दीपक,सुघन, प्रदीप, सौरभ, अर्पित,परवेज,निधि शर्मा, अनुराधा,शिवानी,अंकित, आदि लोग मौजूद रहे।

## ट्राई कलर रन कार्यक्रम की धूम, एसएसबी जवानों ने तिरंगा के साथ लगायी दौड़

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बहराइच उत्तर प्रदेश

बहराइच सशस्त्र सीमा बल 42 वीं वाहिनीं के कार्यवाहक कमांडेंट अनुज कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को सीमा चौकी बक्शी फारेस्ट से सीमा चौकी जमुनहा तक ट्राई कलर रन कार्यक्रम का आगाज किया गया। इस कार्यक्रम में 42वी वाहिनी के अधिकारी,बल कार्मिक एवं स्थानीय स्कूल के छात्र–छात्राएं तथा स्थानीय जनता ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया।

42 वीं वाहिनीं सशस्त्र सीमा बल लगातार सीमा क्षेत्र एवं अपने कार्यक्षेत्र में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। जिसमें विभिन्न गतिविधियाँ शामिल है द्य शुक्रवार कों भारत–नेपाल सीमा स्थित रुपईडीहा में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत ट्राई कलर रन कार्यक्रम का का आगाज किया गया। कार्यक्रम के प्रचार अधिकारी पार्थ रॉय, उप कमांडेंट ने एसएसबी जवानों के साथ सीमा चौकी बक्शी गांव फारेस्ट से इस कार्यक्रम का आगाज किया। ट्राई कलर रन भारत नेपाल सीमा पर युवाओं एवं स्थानीय जनता में देशभक्ति एवं जोश भरते हुए एवं सीमा चौकी शिवपुर मोहनिया से होते हुए व्यापार एवं पारगमन मार्ग रुपईडीहा पर पहुची,जहाँ इस ट्राई कलर रन कार्यक्रम का भव्य स्वागत कार्यक्रम का व्यापक स्तर पर आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रुपईडीहा स्थित सीमान्त स्नाकोत्तर महाविद्यालय,



सीमान्त इंटर कॉलेज, एजीसी स्कूल रुपईडीहा एवं प्रेम सेवा चिल्ड्रेन स्कूल रुपईडीहा के छात्र–छात्राओं तथा अध्यापक ने पूरे जोश एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। वाहिनीं के कार्यवाहक कमांडेंट अनुज कुमार ने अपने संबोधन में सभी उपस्थित जनता को राष्ट्रीय ध्वज की संहिता के बारे में जानकारी दी, तथा कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा शुरु किया गया एक अभियान है। इसे आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए शुरू किया गया है। इसका मुख्य उद्द्येश्य लोगो के बीच राष्ट्रीय ध्वज क बारे में जागरूकता फैलाना साथ ही नागरिको के बीच



स्वतंत्रा सेनानियों की वीरता के बारे में जानकारी देना एवं देशभक्ति का आह्वान करना है। चूँकि यह अभियान राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में है, इसलिए सभी से आग्रह है कि राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में अपने घरो पर तिरंगा जरूर फहराएँ साथ ही दूसरो को भी इसके लिए प्रेरित करें। हर घर राष्ट्रीय ध्वज फहराना देश के प्रति हमारी देशभक्ति को प्रदर्शित करेगा। यह अभियान एक भारतीय नागरिक को देश के प्रति उसकी जिम्मेदारियों को भी याद दिलाएगा। हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का भी प्रतिनिधित्व करता है, साथ राष्ट्रीय अखंडता के प्रतिक के रूप में,यह लोगो की आशा और आकांक्षा का का भी प्रतिनिधित्व करता है। सीमान्त मुख्यालय पी.जी.कालेज रुपईडीहा के प्रबंधक सुभाष चन्द्र पाण्डेय ने सशस्त्र सीमा बल द्वारा किये जा रहे अभियान की भूरि–भूरि प्रशंसा की। उन्होंने एसएसबी के इस कार्यक्रम को इंगित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम हम सभी देशवासियों का कार्यक्रम है। हम सभी इसे मिलकर मनाएंगे। यह हमारे लिए बेहद गौरवपूर्ण पल है।

विदित हों कि यह ट्राई कलर रन लखनऊ से आरम्भ होकर सीमान्त मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल लखनऊ के अंतर्गत सीमावर्ती वाहनियों से होते हुए महाराजगंज तक जाएगी। रुपईडीहा में 42 वीं वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट अनुज कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज लहराकर ट्राई कलर रन को आगे के लिए रवाना किया। ट्राई कलर रन 42 वीं वाहिनीं के कार्यक्षेत्र में प्रत्येक सीमा चौकी से होते हुए सीमा चौकी जमुनहा तक जायेगा।

कार्यक्रम के दौरान 42 वीं वाहिनीं के कार्यवाहक कमांडेंट अनुज कुमार, पार्थ सारथी रॉय, बासुकी नंदन पाण्डेय, रुपईडीहा समवांय प्रभारी, सीमान्त पी. जी. कालेज, सीमान्त इंटर कालजे, ग्राम प्रधान, ग्राम–केवलपुर हाजी अब्दुल कलीम, एजीसी स्कूल रुपईडीहा के प्रबंधक, शिक्षकगण एवं बच्चो सहित लगभग 500 लोग उपस्थित रहें।

## संचारी रोग अभियान में खोजे गए 40 क्षय रोगी और 20 कुपोषित बच्चे दस्तक अभियान में टीमों ने दी 944 घरों में दस्तक

- 3733 पात्रो की हुई जांच

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई (जालौन), 5 अगस्त से 31 जुलाई तक संचारी रोग दस्तक अभियान में स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने 40 संभावित क्षय रोगी और 20 कुपोषित बच्चों को खोजा है। जिन्हें इलाज के लिए संदर्भित करने के बाद उनका इलाज भी शुरू हो गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनडी शर्मा ने अभियान की सफलता के लिए टीमों को बधाई देते हुए आगे भी इसी तरह काम करने को कहा है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जुलाई माह में बारिश होने के कारण बीमारियां फैलने की संभावना रहती है। बीमारियों के बारे में लोगों को जागरूक करने और बीमारों का समय से इलाज करने के लिए शासन के निर्देश पर एक जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान चलाया गया था। इसमें 1 से 15 जुलाई तक जागरूकता कार्यक्रम किए गए । जबकि 16 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान के तहत घर घर जाकर टीमों ने संभावित मरीजों की खोज की। अभियान में स्वास्थ्य विभाग के अलावा नगर निकाय, पंचायती राज विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास, पशुधन विभाग, शिक्षा विभागों का सहयोग लिया गया था। अभियान की रोजाना ब्लाक स्तर से लेकर जिला स्तर तक मानीटरिंग की गई। उन्होंने लोगों से स्वच्छता अपनाने, अपने आसपास गंदगी न पनपने देने, खानपान अच्छा रखने को कहा है। जिला मलेरिया अधिकारी डा. जीएस स्वर्णकार ने बताया कि अभियान के लिए 1231 आशा वर्कर और 1411 आंगनबाड़ी वर्कर को लगाया गया था। टीमों ने 944 घरों में जाकर 3733 बर्तनों (पात्रों) की जांच गई। इसमें सात ऐसे पात्र मिले, जिसमें मलेरिया पनपने की संभावना थीं। 93 पात्रों को खाली कराया गया। तीन लोगों को नोटिस नगर पालिका के माध्यम से जारी किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान में टीमों ने 40 संभावित क्षय रोग से पीड़ित मरीजों की खोज की है। कोरोना संभावित पांच मरीज खोजे गए हैं। 20 कुपोषित बच्चों की खोज की गई। 162 मरीज बुखार से पीड़ित मिले। 132 मरीजों की मलेरिया स्लाइड बनाकर जांच की गई। इसमें माधौगढ़ क्षेत्र में एक मलेरिया का मरीज मिला।

लाभार्थी का कहना है कि–कदौरा ब्लॉक की महिला ने बताया कि उसे हल्का बुखार रहता था। कमजोरी भी बनी रहती थी। दस्तक अभियान की टीम जब आई तो मैंने पूरी बात बताई। टीम ने सीएचसी में टीबी की जांच करवाने की सलाह दी। जांच में टीबी की पुष्टि हुई। इसके बाद टीबी सुपरवाइजर ने मेरा पंजीकरण कर मुझे मुफ्त दवा दिलवाई।

## मण्डलायुक्तकी अध्यक्षता में सैनिक स्कूल की विभिन्न समस्याओं को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई

लखनऊ 05 अगस्त 2022(सूचना विभाग), मण्डलायुक्त डा0 रोशन जैकब की अध्यक्षता में कैप्टन मनोज कुमार पांडे यू0पी0 सैनिक स्कूल की विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में कैप्टन मनोज कुमार पांडे यू0पी0 सैनिक स्कूल से संबंधित प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया, साथ ही साथ निम्नवत बिंदुओं पर चर्चा की गई। मंडलायुक्त ने स्कूल के प्लेग्राउंड के बारे में संबंधित कार्य से जानकारी लिया और स्कूल के मूलभूत सुविधाओं के बारे में विधिवत चर्चा की गई। स्कूल में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विचार विमर्श किया गया।

मण्डलायुक्त के द्वारा निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। भूमि का अतिक्रमण और माप, सभागार मुद्दा, ट्रांसफार्मर, एचध्टी ओवर, निविदा, भवन का विध्वंस, स्कूल को कानपुर के पूर्वी हिस्से में स्थानांतरित करना, हवाई अड्डे से बिजली कनेक्शन, स्पीड ब्रेकर, कानपुर रोड़ पर ट्रैफिक लाइट, स्वीमिंग पूल और स्क्वैश कोर्ट की बस और एम्बुलेंस की खरीद की मरम्मत, बोट क्लब का नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण कार्यालय लखनऊ, एन0पी0एस0, हाउस मास्टर भत्ता वर्तमान में रुपये 500, चिकित्सा, राज्य सरकार के समकक्ष प्रतिपूर्तिध्नकद रहित। कर्मचारियों, विशेष आवासीय भत्ता, जीपीएफ मुद्दा, सामूहिक बीमा, कोषागार के माध्यम से पेंशन, प्रस्तावित बुनियादी ढांचा परियोजनाएं नियुक्ति प्राधिकारी, एच0एम0 का पदनाम बदलकर वाइस प्रिंसिपल करें, स्कूल के लिए 8एक्स घोड़े, शुल्क की प्रतिपूर्ति – यदि एन0डी0ए0 के लिए चुना गया है। शुल्क वृद्धि वर्ष 2012 से नहीं



बढ़ाई गई, लाँड्री शुल्क रु. 3000/– प्रति वर्ष विद्युत प्रभार रु. 2500/– प्रति वर्ष,विलंब शुल्क– रु0 100 प्रति दिन, आई0/सी0 टी0आर0 जी0, जीपी "सी" में जीपी "डी" से ड्राइवरों की भर्ती, ग्यारहवीं कक्षा में पदोन्नति के लिए नीति, एनटीए द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा सहित आदि बिन्दुओं पर गहनतापूर्वक चर्चा की गई। सम्बन्धित अधिकारी ने बताया कि सभागार का निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया गया है और साथ ही साथ बाउण्ड्री का कार्य भी ससमय पूर्ण करा लिया जायेगा।

इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन श्री रणविजय यादव, कर्नल श्री राजेश राठौर, उपजिलाधिकारी सरोजनी नगर श्री सिद्धार्थ सहित सम्बन्धित अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## डीएम के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट कु. वीरेन्द्र मौर्य ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान महिला थाना झांसी रोड से लेकर राम राजा पैलेस तक हटवाया अतिक्रमण

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई (जालौन) ।जिलाधिकारी चाँदनी सिंह के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट कुंवर वीरेंद्र मौर्य के नेतृत्व में आज महिला थाना झांसी रोड से लेकर राम राजा पैलेस तक सड़क के दोनों तरफ फुटपाथ पर अतिक्रमण के फैले मकड़जाल व सड़क किनारे अवैध कब्जों से राहगीरों को चलने में हो रही परेशानी को लेकर नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण अभियान चलाया गया। साथ ही सड़क के किनारे कब्जा करने वालों पर लगभग 70 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि 2 दिन के अंदर सड़क के किनारे रखे मटेरियल को हटा ले। जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने निर्देशित किया है कि शहर में



अतिक्रमणकारियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाए। ताकि शहर को साफ सुथरा व जाम मुक्त किया जा सके। आज जिसमें नगर पालिका टीम ने प्रशासन के साथ मिलकर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। बुलडोजर की मदद से दुकानों के अतिरिक्त बाहर निकली टीन शेड व फुटपाथ के कब्जों को हटाया गया।

शुक्रवार की दोपहर नगर मजिस्ट्रेट वीरेंद्र मौर्य के नेतृत्व में शहर के झांसी चुंगी से लेकर झांसी रोड रामराजा पैलेस के आगे तक अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अभियान चलाया गया। नगर पालिका के बुलडोजर ने सरकारी नाले और फुटपाथ व सड़क किनारे जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण का ध्वस्तीकरण कराया ।दोपहर से शुरू हुई ध्वस्तीकरण की यह कार्रवाई देर शाम तक चलती रही ।साथ ही अवैध अतिक्रमण करने वाले लोगों से शमन शुल्क भी वसूला गया ।इस दोरान नगर मजिस्ट्रेट वीरेंद्र मौर्य ने बताया कि नगर में सड़क मार्गों को अवरुद्ध होने नहीं दिया जाएगा। सड़क मार्गों पर अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों पर दंडात्मक व सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जाएगी ।इस मौके पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विमलापति मौजूद रहे।

## रक्षाबंधन नजदीक आते ही बाजारों में सजने लगी राखी की दुकाने

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई ।भाई–बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबन्धन के त्योहार को नजदीक आता देख बाजार गुलजार हो गया। बाजार में जगह–जगह रंग बिरंगी आकर्षक राखियां दिखाई देने लगी है। बहनों ने भाईयों के लिए राखियों की खरीदारी शुरू कर दी है। हालांकि मौसम को लेकर बाजार में अभी रौनक दिखाई नहीं दे रही है। इक्का दुक्का बहनें ही मोतियों, जरकिन तथा डायमण्ड जडित राखियां खरीदती दिखाई दे रही है। उक्त राखियां महिलाओं के लिए आकर्षक का केन्द्र बनी है।



पिछली वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष महंगाई अधिक होने के बाद भी राखियों की बिक्री पर कोई असर नही दिखाई दे रहा है। रक्षाबन्धन का त्योहार नजदीक आता देख बाजार मे चहल पहल तो नजर आने लगी है। जिसकों लेकर बाजार में जगह–जगह राखियो की दुकाने सज गई है। इस बार धागा छोडकर कोई भी राखी पांच रूपये से कम नही है। दस रूपये से रेशमी धागे की राखिया की शुरूआत है। बाजार में अब काफी चहल पहल बढ़ चुकी है ।लेकिन राखियों की दुकानों पर कम भीड भाड दिखाई दे रही है ।इस बार अमेरिकन डायमण्ड तथा जरकिन नग से बनी राखियों की मांग अधिक है। बाजार में इस बार बीस रूपये से लेकर पांच सौ रूपये तक की राखियां बिक रही है। बाजार में अधिंकाश दुकानों पर कोलकाता की राखियां दिखाई दे रही है। वही पर बच्चों के लिए पीकेमान, गणेशा, मोटू पतलू, स्पाइडरमेन सहित कई तरह की राखियां बच्चों को आकर्षित कर रही है। मौसम के कारण राखी व्यापारियों का धंधा कम चलने से राखी बेचनें वाले दुकानदार मायूस नजर आ रहे है।

# संक्षिप्त समाचार

## राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन हेतु मोटर दुर्घटना दावा प्रतिकर के मामलों के निस्तारण पर दिया जोर

कानपुर देहात । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में देवराज प्रसाद सिंह, पीठासीन अधिकारी–मोटर दुर्घटना दावा




अधिकरण, कानपुर देहात के द्वारा प्री–लिटिगेशन बैठक आहुत की गयी। प्री–ट्रायल बैठक में मोटर दुर्घटना प्रतिकर के वादों से सम्बंधित पक्षकारों, अधिवक्ताओं व बीमा कम्पनियों के अधिकारियों के साथ सुलह–समझौते के आधार पर वाद निस्तारण की चर्चा की। देवराज प्रसाद सिंह, पीठासीन अधिकारी–मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण एवं श्रीमती संगीता– सचिव, जिला विधिकि सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात द्वारा बताया गया कि दिनांक–13.08.2022 को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में मोटर दुर्घटना के प्रतिकर से सम्बन्धित वादों का सुलह–समझौता के आधार पर निस्तारण किया जायेगा। समस्त विद्वान अधिवक्तागण एवं वादकारीगण अपने मामलों को मोटर दुर्घटना दावा प्रतिकर के प्रार्थना–पत्र के माध्यम से लगवाकर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण करवाकर लाभ उठा सकते है।

बैठक में अधिवक्तागण– दिलीप कुमार सिंह, शिवम् कुमार, अभीजीत साहू, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, विकास मिश्र, विनय कुमार अग्निहोत्री, संजय प्रताप सचान, संतोष कुमार, राम सिंह सेंगर उपस्थित रहे।

## 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव का कार्यक्रम देश भर में गरिमामय रूप से मनाया जा रहा-डीएम

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो ।

उरई (जालौन)जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किये जाने के संबंध में बताया कि स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव का कार्यक्रम देश भर में गरिमामय रूप से मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है। इस संदर्भ में मुख्य सचिव उ. प्र. शासन के पत्र के द्वारा प्रदेश में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु दिशा–निर्देश निर्गत किये गये हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में ष्हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु निम्नवत कार्यवाही की जानी है– हर घर तिरंगा कार्यक्रम प्रत्येक सरकारी, अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षकगण, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमां स्वयं सहायता समूहों, विभिन्न नागरिक संगठनों आदि के सहयोग से क्रियान्वित किया जाये।वाणिज्यिक एवं व्यवसायिक समूहों एवं संगठनों को उनकी सहभागिता एवं तिरंगा झण्डा बनवाने के लिए सीएसआर संसाधनों को उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रेरित कियाजायें। समस्त सरकारी, विभागीय बेबसाइट एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अमृत महोत्सव की बेबसाइट पर उपलब्ध ष्हर घर तिरंगा का लिंक दिया जाये। ग्राम पंचायत स्तर पर संबंधित विभाग द्वारा जागरूकता सत्र का आयोजन करते हुए ग्राम प्रधानों को शत–प्रतिशत घरों, दुकानों, कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों तथा नलकूपों इत्यादि पर झण्डा फहराने हेत प्रेरित किया जाय । जनपद के समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में झण्डा का वितरण, बिक्री हेतु



केन्द्रों को चिन्हित कर जनपद की समस्त सरकारी राशन की दुकानो को झण्डा वितरण एवं बिक्री केन्द्र के रूप में प्रयोग किया जाय । झण्डों के निर्माण हेतु स्वयं सहायता समूहों को सम्मिलित करते हुए ष्झण्डा निर्माण समूहों का गठन किया जाय । नगरीय एवं पंचायत स्तर पर लोगों को झण्डा क्रय करने एवं कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु प्रेरित किया जाय । जनपद के समस्त सरकारी, सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक संस्थानों, व्यवसायिक एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों, रेस्टारेंट शॉपिंग काम्पलेक्स, टोल प्लाजा, पुलिस चौकी, थाना इत्यादि को इस कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से झण्डा फहराये जाने हेतु निर्देशित किया जाय । सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, उ. प्र. राज्य सड़क परिवहन निगम समस्त बसों, निजी बसों, ट्रकों एवं अन्य सार्वजनिक परिवहन साधनों तथा सरकारी वाहनों में ष्हर घर तिरंगा ष कार्यक्रम का संदेश स्टीकर अथवा अन्य माध्यम से लगाया जाये । जनपद के समस्त टोल प्लाजा, चेक प्वाइन्टस इत्यादि पर बैनर, स्टैण्डी आदि लगाया जाय।

ष्हर घर तिरंगा ष कार्यक्रम हेतु जनपद के समस्त सरकारी अधिकारी, कर्मचारियों, शिक्षकों, शिक्षामित्रों स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, ऑगनबाड़ी कर्मियों, आशा बहुओं आदि का निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित कराये जाने में अपेक्षित सहयोग प्राप्त किया जाय। जिलाधिकारी ने जनपद में कार्यरत समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित कि वह मुख्य सचिव महोदय एवं विभागीय निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया जाना सुनिश्चित करें। झण्डा फहराने के दौरान निम्न नियमों का अक्षरसः पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक नागरिक को अपने आवास, स्कूल तथा सरकारी कार्यालयों में झण्डा सम्मान के साथ झण्डा संहिता का अनुपालन करते हुए फहराना लगाना है। झण्डा फहराते समय सदैव केसरिया रंग की पट्टी झण्डे के ऊपर की तरफ होनी चाहिए ।झण्डे को यदि सरकारी परिसर में फहराया जाता है तो सूर्योदय के उपरान्त ध्वजारोहण किया जाना चाहिए तथा सूर्यास्त के साथ ही सम्मान के साथ इसे उतारना चाहिए। दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 तक निजी आवासों एवं प्रतिष्ठानों पर लगाये जान वाले झंडो को उक्त समयाबधि के उपरान्त आदर भाव के साथ उतार कर सुरिक्षत रखा जाएगा। झण्डा उतारने के बाद किसी भी नागरिक के द्वारा इसे फेंका नहीं जाएगा। उसे सम्मान के साथ फोल्ड करके रखा जाना चाहिए। विशेष परिस्थितियों में झण्डा रात्रि में फहराया जा सकता है। हर घर पर झण्डा विधिवत तरीके से लगाया जाना चाहिए। आधा झुका फटा या कटा झण्डा लगया जाना निषेध होगा।

सम्यक रूप से आपसे अपेक्षा की जाती है कि अपने अधीनस्थ कार्यालयों में दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 तक आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम पूर्ण निष्ठा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाना सुनिश्चित कराया जाय तथा इस दौरान कार्यालयों, कार्यालय परिसरों विद्यालयों, विद्यालय परिसरों ग्राम पंचायत कार्यालयों सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में पूर्ण सफाई व्यवस्था एवं साज–सज्जा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाय। कार्यक्रम एक उत्सव के रूप में मनाया जाय।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



## इब्रान खान के निर्देशन में बन रही भोजपुरी फिल्म पत्थर के फूल की शूटिंग महुआ के स्थानिया गांव में शुरू

दैनिक अयोध्या टाइम्स
सुशीलाजित साहनी मुम्बई । ए.एस फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले इब्रान खान के निर्देशन में बन रही भोजपुरी फिल्म पत्थर के फूल की शूटिंग महुआ के स्थानिया गांव में शुरू हो गई है । फिल्म में मुख्य कलाकारों में सीतामढ़ी के श्रवण सुरु , प्रियंका महाराज के संग रोमांस करते नजर आएंगे जिनके साथी कलाकारों में सूरज सिंह, आर.के गोस्वामी , अनूप अरोड़ा , रूपा सिंह , पिंकी सिंह , अभय शर्मा नजर आएंगे , मेक अप आकाश, वेस भूषा मोहम्मद मुस्ताक राज, फिल्म के निर्देशक इब्रान खान हैं , निर्माता अक्षत अग्रवाल , अजीत सहगल और फिल्म के लेखक अमीर हमजा है,डी.ओ.पी विजय साहनी एवं जनसंपर्क अधिकारी सुशीलाजित साहनी व जितेन्द्र साहनी जित हैं ।



## जवाहर नवोदय विद्यालय बहराइच मे एनडीआरएफ टीम द्वारा दी गई आपदा प्रबंधन की जानकारी

दैनिक अयोध्या टाइम्स
तजवापुर बहराइच
कमांडेंट श्री मनोज कुमार शर्मा के निर्देशानुसार, 11 वाहिनीं, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, की एक टीम, निरीक्षक आर बी गौतम के नेतृत्व में बहराइच में बाढ़ के दौरान राहत एवं बचाव के लिए आयी है।



जवाहर नवोदय विद्यालय, कीर्तनपुर, बहराइच में आपदा प्रबंधन के बारे में प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम का आयोजन किया गया. जिसमें छात्रों को प्राथमिक उपचार देने के बारे में, सी.पी.आर. एवं एफ. बी.ए.ओ. के बारे में, बाढ़ के पूर्व, दौरान एवं बाद में सावधानी, घरेलू सामान से विभिन्न प्रकार के राफ्ट बनाने के तरीके एवं इस्तेमाल, भूकंप आने पर क्लास रूम से बाहर निकलने की ड्रिल, आग बुझाने के तरीकों में – अग्निशमन यंत्रों के प्रयोग का तरीका, सर्प–दंश का प्राथमिक उपचार, वर्षा के दौरान बिजली चमकने एवं तड़ित चालक, मे सहायक दामिनी एप का प्रयोग, मौसम एप, भूकंप एप, सागर वाणी, एन.डी.ई.एएम. एप इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई।
एनडीआरएफ टीम के साथ निरीक्षक आर. बी. गौतम, निरीक्षक इन्द्रदेव कुमार, उपनिरीक्षक अनिल सिंह कुशवाहा, सहायक उपनिरीक्षक प्रकाश सिंह, हवलदार हितेश, हवलदार कन्हैया एवं पूरी टीम, तथा श्रीमती अनुपमा श्रीवास्तव, प्रधानाचार्या, के साथ स्कूल– के समस्त शिक्षकगण, छात्र – छात्राओं को मिला कर लगभग 461 लोग कार्यक्रम के दौरान मौजूद थे।
कार्यक्रम समापन पर विद्यालय प्रशासन की तरफ से कार्यक्रम की भूरि–भूरि प्रशंसा की गई।

## देश का प्रत्येक नागरिक राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज अपने मकान पर फहराएगा

दैनिक अयोध्या टाइम्स
महसी बहराइच
बहराइच। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चलाए जाने वाले हर–घर तिरंगा अभियान के तहत देश का प्रत्येक नागरिक राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज अपने मकान पर फहराएगा। इस अभियान को सफल बनाने को मंगलवार को महसी ब्लाक के बीडीओ हेमंत कुमार यादव की अगुवाई में समूह की महिलाओं को विकासखंड परिसर से तिरंगा देकर सरकार की मंशानुरूप ब्लाक परिसर से महसी ग्राम पंचायत के अमृत सरोवर तक रैली निकली । इस दौरान सहायक खंड विकास अधिकारी साद अहमद , पत्रवाहक



लेकर ब्लाक प्रशासन और लोग जोरशोर से तैयारी कर रहा है।
11 अगस्त से 17 अगस्त तक आयोजित होने वाले इस अभियान को लेकर ब्लाक प्रशासन ने साथी कर्मचारियों को पूर्वाभ्यास कराया।व तिरंगा यात्रा निकालकर देश प्रेम का जोश भरा। अनिल कुमार सोनी, ग्राम पंचायत महसी प्रधान प्रतिनिधि उमाशंकर मिश्र, इउउ महसी रानू बर्मा, इउउ महसी आनन्द कुमार, कमव अनुपम दीक्षित, , समूह सखी अंकिता व हसमीन बैंक सखी जुली व समूह की अन्य महिलाएं व ग्राम पंचायत अधिकारी एवं प्रधान मौजूद रहे।

# केस्को जाजमऊ के सहायक अभियंता ने पूर्व में प्रकाशित खबरों का खंडन गलत खाता संख्या द्वारा किया गया

राकेश डंग कानपुर दैनिक अयोध्या टाइम्स
कानपुर। पूर्व में प्रकाशित खबरों में खाता संख्या दिए गए थे जिसमें केस्को जाजमऊ डिवीजन के सहायक अभियंता फर्जी मीटर की रीडिंग न दर्शा कर पीडी कर दिए और उसी दिन नया कनेक्शन जारी कर दिया इस खबर के जवाब में उनके द्वारा गलत खाता संख्या देना संवाददाता को गुमराह किया। प्रकाशित खाता संख्या पर कोई भी नोटिस नहीं दी गई ।सवाल ये उठता है कि जाजमऊ डिवीजन के सहायक अभियंता विवेक सिंह निर्दोष है तो दूसरे के कनेक्शन संख्या दिखाकर लीपापोती क्यों की जा रही है । जब संवाददाता ने जाजमऊ डिवीजन के अधिशासी अभियंता जे.सी. यादव से फोन पर बात की इस खबर के बारे में पूछा गया तो उन्होंने पल्ला झाड़ते हुए बोले यह मामला हमारे समय का नहीं है आप डिवीजन के सहायक अभियंता से बात कर ले । केस्को में दागी अभियंताओं को बचाने का कुचक्र चल रहा है।




# 11 अगस्त से 17 अगस्त के मध्य सभी स्कूलों ,विश्व विद्यालयों, मेडिकल कालेज, इंजीनियरिंग कालेजों में आयोजित होंगे विभिन्न देश भक्ति कार्यक्रम

कानपुर नगर।
◆ तिरंगे रंग की रौशनी से जगमग होंगे शहर के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालय।
◆13 अगस्त से 15 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत फहराया जाएगा तिरंगा।
◆ सभी विभाग द्वारा कल 06 अगस्त से झण्डे का वितरण आरम्भ किया जायेगा । सभी एडीएम , एसडीएम ,एसीएम वितरण कार्यक्रम में रहेंगे उपस्थित।
◆ स्कूलों कालेजो में देश भक्ति थीम पर आयोजित होगा निबन्ध , चित्र कला , विचार गोष्ठी ।
◆ 15 अगस्त को नही होगा सरकारी अवकाश।
जिलाधिकारी श्री विशाख जी की अध्यक्षता में आजादी की 75वी वर्षगाँठ को भव्य रूप से मनाने के दृष्टिगत बैठक का आयोजन विकास भवन के सभागार में हुई ।
बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर–घर–तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा व 11 अगस्त से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा, इस अवसर पर पूरे सप्ताह वृहद स्तर पर विभिन्न देश भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन सभी स्कूल ,कालेजों आदि अन्य जगहों पर किया जाएगा।
जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी की 75वी वर्षगाँठ को भव्य रूप से मनाने हेतु विभिन्न संबंधित विभागों द्वारा सरकारी कार्यालयों के भवनों पर तिरंगे झण्डे के कलर की लाइट लगाई जाएगी, साथ ही शहर के अंदर नगर निगम द्वारा चौराहों पर लाईटिंग से सजावट की जाएगी।
जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी की 75वी वर्षगाँठ के अवसर पर 11 से 17 अगस्त तक विद्यालयों में व अन्य स्थानों पर देश भक्ति व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से जुड़े हुए कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।
इसके साथ जनपद स्तर पर एक जनपद स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन कराया जाएगा।
बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि 11 अगस्त से 17 अगस्त तक बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन व समस्त निजी व सरकारी स्कूलों के भवनों में तिरंगा लगवाना सुनिश्चित कराया जाए।
उक्त बैठक में अपर जिलाधिकारी (नगर) श्री अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी (भू0/आ0) श्री सत्येंद्र कुमार सिंह, अपर नगर आयुक्त श्री सूर्य कान्त त्रिपाठी सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# महान संत त्यागी बाबा के नेतृत्व में आज शुक्रवार को कावड़ियों का एक जनसैलाब छोटी काशी गोला गोला गोकरननाथ जाते समय लहरपुर में विश्राम हेतु प्रवास किया

लहरपुर सीतापुर। महान संत त्यागी बाबा के नेतृत्व में आज शुक्रवार को कावड़ियों का एक जनसैलाब छोटी काशी गोला गोला गोकरननाथ जाते समय लहरपुर में विश्राम हेतु प्रवास किया। कावड़ियों के जनसैलाब को देखते हुए जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।
ज्ञातव्य है कि तहसील एवं पुलिस प्रशासन द्वारा कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंध किए गए थे, आज शुक्रवार को कांवरियों के आने वाले मार्ग पर वेरी केटिंग कर लोगों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया गया जिससे कांवरिया सुरक्षित निकल सकें। आज तंबौर लहरपुर मार्ग पर केवल कांवरियों का जनसैलाब ही दिखाई दे रहा था।
कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह भारी पुलिस बल के साथ कांवरियों की सुरक्षा के लिए उनके साथ पैदल चल रहे थे।
त्यागी बाबा की सुरक्षा के लिए भारी पुलिस बल उनके साथ मौके पर मौजूद था। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ राजीव दीक्षित, क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी अनुपम मिश्रा, कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह पूरे क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर पेट्रोलिंग करते नजर आए। स्थानीय खेमकरण इंटर कॉलेज में कांवरियों के विश्राम एवं भोजन व्यवस्था हेतु शिव शाक्ति सनातन सेवा समिति के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां हजारों की संख्या में कांवरियों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया, नगर के मजाशाह चौराहे पर पुलिस की तरफ से कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह व पुलिस टीम के द्वारा त्यागी बाबा वाह कांवरियों पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया इसी क्रम में नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध कुमार पटेल के व एवं उनके समस्त स्टाफ द्वारा भी कांवरियों पर पुष्पवर्षा एवं माला पहनाकर खाने–पीने की फल सेब केला एवं शीतल जल की भी व्यापक व्यवस्था की गई थी साफ सफाई के लिए भी खुद भ्रमण पर समय–समय पर आवश्यक दिशा निर्देश देते नजर आए और व्यवस्था पूरी तरह चाक–चौबंद रही, वही इस मौके पर पूर्व भाजपा विधायक सुनील वर्मा, शिव शक्ति सनातन सेवा समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा आने वाले कांवरियों का स्वागत किया गया। त्यागी बाबा के आगमन पर स्थानीय ओमकारेश्वर मंदिर में उनके विश्राम की व्यवस्था की गई जहां भारी संख्या में श्रद्धालुओं एवं सपा विधायक अनिल वर्मा ने उनके दर्शन कर आशीर्वाद ग्रहण किया।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला महासचिव कैलाश राजपूत ग्रामीण समस्याओं को लेकर विसवा तहसील उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

दैनिक अयोध्या टाइम्स क्राइम ब्यूरो चीफ शिव गोविंद शुक्ला जनपद सीतापुर।
जनपद सीतापुर विकास खंड रेउसा के अंतर्गत ग्राम पंचायत चहलारी कैलाश राजपूत जिला महासचिव सीतापुर व सभी पदाधिकारी राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के विसवा तहसील उप जिलाधिकारी को आवारा पशु से किसानों को निजात दिलाई जाए व ग्राम पंचायत चहलारी में बाढ़ के पानी से पुलिया टूटी पड़ी है आवागमन बंद रहता है पुनः पुलिया निर्माण निर्माण करायाजाए इसके संबंध मेंसौंपा ज्ञापन। और साथ में ज्ञापन में लिखित दिया गया है की अगर हमारी मांगे नहीं पूरी हुई तो 20 अगस्त 2022 को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन विशाल धरना प्रदर्शन करेगा अगर कोई धरना प्रदर्शन में बाधाए आती है तो उसका जिम्मेदार उसका जिम्मेदार शासन प्रशासन होगा और साथ में धरना प्रदर्शन में परमिशन की मांग की क्योंकि विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन देने वाले पदाधिकारियों के नाम इस प्रकार हैं। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारी कैलाश राजपूत जिला महासचिव सीतापुर, कमलेश



गौतम ब्लॉक सचिव रेउसा अलीअहमद ग्राम सभा अध्यक्ष चहलारी रेउसा दिनेश चहलारी ग्राम पंचायत संगठन मंत्री, अर्जुन चौहान लालपुर ग्राम सभा सदस्य आदि लोग उपस्थित रहे।

# लहरपुर सीतापुर किसान मंच की मासिक बैठक शुक्रवार को लहरपुर कस्बे के मोहल्ला कटरा में संपन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स के क्राइम ब्यूरो चीफ शिव गोविंद शुक्ला जनपद सीतापुर
स्थित कार्यालय में संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने की उन्होंने उपस्थित संगठन के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गौ संरक्षण पर जोर देते हुए स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक सहयोग से गौशालाओं की व्यवस्था को सुधारने की दिशा में प्रयास करने की बात कही स उन्होंने कहा कि वर्तमान में गौशालाओं की हालत बेहद खराब है और आवारा पशुओं ने किसानों की फसलों के लिए बेहद कष्टकारी




संकट उत्पन्न कर दिया है स उन्होंने बताया कि संगठन लगातार गौशालाओं का निरीक्षण कर रहा है और उसे प्रत्येक गौशाला में गंभीर अनियमितताएं मिल रही हैं जिनके बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है स उन्होंने कहा कि प्रशासन यदि गौशालाओं की व्यवस्था को सुधारने की दिशा में जरूरी कदम नहीं उठाता है तो संगठन प्रत्येक स्तर पर धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा स इस अवसर पर संगठन के मंडल उपाध्यक्ष मोहम्मद नफीस, मंडल प्रवक्ता दिनेश शुक्ला, जिला प्रभारी अंबुज श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष मतीन खान, शराफत खान, आशीष पांडे, वकील बाश्शा, विजय कुमार सिंह, डॉ इस्लामुद्दीन, राजू खान, चमने मियां, अजीम, संतोष पांडे, राजेंद्र कुमार एवं महिला मोर्चा से आयशा सिद्दीका, अफसाना अली, रुकसाना खातून उपस्थित रहीं ।

# नगरपालिका अध्यक्ष हाकिम सिंह द्वारा चलाया गया तिरंगा वितरण अभियान

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा
भरथना,इटावा। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम हेतु नगर पालिका परिषद भरथना द्वारा नगर में तिरंगा झंडा वितरण का कार्यक्रम शुरू कराया गया। जिसका शुभारंभ पालिकाध्यक्ष हाकिम सिंह, नायब तहसीलदार संपूर्ण कुलश्रेष्ठ, व कस्बा चौकी प्रभारी सतपाल सिंह के द्वारा किया गया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष ने यह बताया कि नगर में प्रत्येक वार्ड में 2 कर्मचारियों को हर घर तिरंगा झंडा वितरण हेतु लगाया गया है, नगर में स्थित 25 वार्डों में झंडा वितरण हेतु टीम तैयार कर ली गई है जो दिनांक 5 अगस्त से लेकर 9 अगस्त तक घर–घर झंडा वितरण करेगी, झंडा वितरण के दौरान पालिकाध्यक्ष हाकिम सिंह नायब तहसीलदार




संपूर्ण कुलश्रेष्ठ के द्वारा जिन लोगों को झंडा वितरण किए जा रहे हैं उनसे यह अनुरोध किया कि वह तिरंगे झंडे का पूरा सम्मान रखें और अपने अपने घरों पर दिनांक 11 अगस्त से 17 अगस्त तक झंडा अवश्य लगाएं। इस मौके पर आदित्य प्रताप सिंह भदोरिया द्वारा वार्ड सभासद अंशु सिंह,निहालउद्दीन,पालिका कर्मी संतोष यादव, साहेब खान, अरविंद रावत, वीर सिंह, पवन पोरवाल,राजीव सोलंकी, अशोक यादव सहित अन्य लेखपाल चंदन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## कोरम पूरा न होने पर कोटे का चुनाव स्थगित, ग्रामीणों की मांग सचिवालय में हो चुनाव, उप जिला अधिकारी को लिखा पत्र

दैनिक अयोध्या टाइम्स/शिवपुर बहराइच
बहराइच। चौकसाहार में कोरम पूरा न होने पर कोटे का चुनाव स्थगित हो गया।ग्रामीणों ने पंचायत भवन में खुली बैठक कराकर कोटे का चुनाव कराने की मांग की।शिवपुर ब्लाक क्षेत्र के चौकसाहार ग्राम पंचायत की पूर्व कोटेदार अनीता देवी की दुकान अनियमितता के कारण निलंबित होने के बाद निरस्त हो गयी थी।रिक्त दुकान के चयन के लिए गुरुवार को कोटे की खुली बैठक होनी निश्चित हुई थी।सहायक विकास अधिकारी कॉपरेटिव विनीत कुमार सिंह, ग्राम विकास अधिकारी देवब्रत मिश्रा सहित थाना खैरीघाट से सुरक्षा बल के जवान ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय में पहुंचे और चुनावी प्रक्रिया में लग गए।लेकिन खुली बैठक में डुग्गी मुनादी करने के बाद भी महज 70 से 80 लोग ही आए।कोरम पूर्ण न होने के कारण नामित चुनाव अधिकारी विनीत कुमार सिंह ने चुनाव प्रक्रिया को स्थगित कर दिया। आगामी चुनाव के लिए समय निर्धारित होने पर पुनः चुनाव कराया जाएगा।वहीं दूसरी तरफ सदस्य क्षेत्र पंचायत विजय कुमार, ग्राम पंचायत सदस्य मीरा देवी,सुमन देवी,संजय कुमार,उमेश कुमार,ओमकार सहित दो दर्जन से अधिक लोगों ने उप जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कोटे का चुनाव पंचायत भवन में कराने की मांग की है।

## उप चुनाव में शिवकुमार ने मारी बाजी

दैनिक अयोध्या टाइम्स/शिवपुर बहराइच
बहराइच। खैरा धौकल में सदस्य ग्राम पंचायत के उप चुनाव में शिवकुमार ने 11 वोटों से जीत दर्ज की है।सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे।ब्लाक शिवपुर क्षेत्र के खैरा धौकल ग्राम पंचायत में एक पद के लिए सदस्य ग्राम पंचायत का उप चुनाव गुरुवार को सकुशल संपन्न हुआ था।दो उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। मतगणना कड़ी सुरक्षा के बीच शुक्रवार सुबह आठ बजे से शुरू हुई।सुरेश कुमार पुत्र हंशा को 61 मत,शिवकुमार पुत्र जोखन को 72 मत मिले 1 मत अवैध रहा।प्रतिद्वंदी सुरेश से शिवकुमार को ग्यारह मत अधिक मिले।मतगणना अधिकारी राम कुमार ने शिवकुमार को जीत का प्रमाण पत्र देते हुए घोषणा की।ज्ञात हो कि पूर्व में निर्वाचित सदस्य ग्राम पंचायत जगत राम पुत्र बल्ली की की मृत्यु हो गई थी।

## हर घर तिरंगा फहराने से युवाओं में जागृत होगा देश प्रेम

दैनिक अयोध्या टाइम्स महसी बहराइच
बहराइच। आजादी का 75 वां वर्ष अमृत महोत्सव के रूप में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाने की पूरी तैयारी में ब्लॉक प्रशासन है। खंड विकास अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारी व अधिकारी के साथ हाथों में तिरंगा लेकर सड़कों पर जब उतरे तो आसपास के लोग भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरा माहौल देश प्रेम से ओतप्रोत कर दिया। बताते चलें खंड विकास अधिकारी महसी हेमंत कुमार यादव एडीओ कोआपरेटिव अमरनाथ दुबे, प्रधान प्रतिनिधि महसी उमाशंकर मिश्रा,समाजसेवी अनिल कुमार सोनी, वरिष्ठ सहायक विमल श्रीवास्तव, रानू बर्मा, आनंद कुमार,अनुपम दिच्छित, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं अंकिता बाल्मीकि ,हाशमीन, जुली,अमृत सरोवर महसी से ब्लाक महसी में बन रहे अमृत सरोवर तक झंडे लेकर तिरंगा यात्रा निकाली।

## नायब तहसीलदार द्वारा गौशाला का किया गया निरीक्षण

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा
भरथना,इटावा । भरथना नगर पालिका परिषद भरथना के अंतर्गत संचालित कान्हा गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण नायब तहसीलदार संपूर्ण कुलश्रेष्ठ के द्वारा किया गया। जिसमे गौशाला की रखवाली करने वाले शिवराज बॉबी व गौशाला में पर्याप्त मात्रा में भूसा व हरा चारा ना होने के कारण जमकर फटकार लगाई और भूसे की समुचित व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।इस दौरान मौके पर उन्होंने पालिका कर्मी आदित्य प्रताप सिंह को बुलाया, इस पर पालिका कर्मियों द्वारा यह बताया गया कि भूसा ग्रामीण क्षेत्र से आता है जिसके लिए संबंधित आपूर्तिकर्ता को कार्य आदेश दिया गया है ,वह आज शाम तक भूसा हरा चारा वहां पर उपलब्ध करा दिया जाएगा।इसके अतिरिक्त उन्होंने गौशाला में विशेष साफ सफाई एवं जल निकासी के भी दिशा निर्देश दिए इस दौरान लेखपाल चंदन आदि उपस्थित रहे।



## मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया अमृत सरोवर का औचक निरीक्षण

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा
उदी,इटावा। जनपद के बढ़पुरा ब्लॉक के आदर्श ग्राम पंचायत चंदरपुर(पछायगांव) के ग्राम सिकंदरपुर सरकार की योजना अमृत सरोवर मिशन के तहत चल रहे में निर्मित अमृत सरोवर तालाब का मुख्य विकास अधिकारी इटावा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। अमृत सरोवर तालाब पर हुए कार्य से संतुष्ट होकर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए सराहना की। इस दौरान ग्राम प्रधान संजय सिंह भदौरिया व आई हुई टीम के साथ खंड विकास अधिकारी,कृषि विकास अधिकारी,जेई व ग्रामीण मौजूद रहे।



## थानाध्यक्ष द्वारा समस्त पुलिस स्टाफ के साथ कस्बा में निकाली तिरंगा यात्रा,लोगों को घर घर तिरंगा लगाने हेतु किया प्रेरित

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा
बकेवर,इटावा। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत थाना प्रभारी विद्यासागर सिंह ने समस्त पुलिस स्टाफ के साथ हाथों में तिरंगा झण्डा लेकर कस्बा में देश भक्ती गीतों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों पर तिरंगा यात्रा निकाली गयी इस दौरान समस्त थाना पुलिस स्टाफ मौके पर उपस्थित रहा। नगर के समाजसेवियों व व्यापरियों ने पुष्पबर्षा व पुष्पमाला पहनाकर थाना प्रभारी व उनके समस्त स्टाफ का किया स्वागत। इस दौरान स्वागत करने वालों में व्यापार मण्डल अध्यक्ष शीलू शर्मा, राजेश कुमार तिवारी, दामोदर पाठक पत्रकार, श्याम दुबे प्रमुख रुप से है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आजादी के अमृत अमृत महोत्सव के तहत घर घर तिरंगा अभियान को लेकर थाना पुलिस ने लोगों को अपने अपने घरों में तिरंगा झण्डा लगाने का प्रेरित किया। तिरंगा यात्रा के दौरान एसएसआई यसवंत सिंह, लखना चौकी प्रभारी दिनेश कुमार, उपनिरीक्षक अकिंत पटेल,उपनिरीक्षक तरुण प्रताप, उपनिरीक्षक देवी चरन शाहू,कस्बा इंचार्ज आरके वर्मा,तरुण प्रताप सिंह, समस्त पुलिस कर्मी मौके पर उपस्थित रहे।



## अधिकारियों के उदासीनता से बघेल खंड गोरऊ नाला ना बांधकर जल संचय न होने एंव पानी बर्बाद करने के कारण पशुओ पक्षियों के मरने का संकट।

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

बलरामपुर! भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस ने बताया कि प्रतिवर्ष गोरँऊ नाला बरसात के पहले ही बांध दिया जाता था जिससे जंगल का सारा पानी बाँध बघेल खंड में संचय हो जाता था।जिससे हजारों किसानों को सिचाई मे लाभ होता था,लेकिन इस वर्ष अभी तक नाला बांधा नहीं गया। जिससे पानी ना के बराबर है। जो पानी है भी लापरवाही के कारण नहर से निकल रहा है,आधा सिंचाई मे जा रहा है और आधा पानी नहर कटने के कारण पेरा नाले में गिर कर बरबाद हो रहा है अब वारिस अत्याधिक हो गयी है सिचाई हेतु जल की आवश्यकता नही है फिर भी 5 मई 2022 तक पानी पानी की बर्बाद हो रहा है मुख्य विकास अधिकारी स्तर के आधिकारी को भी गुमराह विभाग द्वारा किया जा रहा है कई बार आख्या मागने पर भी जबाब नही दिया जा रहा है।

क्यों कि विभाग द्वारा जलाशय खाली कराकर भू माफियाओं द्वारा खेती एंव अन्य कार्य करा कर धन उगाही की जाती रही है इस लिए जल बर्बाद किया जा रहा है पूरे विभाग द्वारा मनमानी लापरवाही अनिमित्तता की जा रही है।

इस मुख्यमंत्री जी द्वारा 16 से 22 जुलाई तक भू जल संरक्षण सप्ताह मनाये का आवाहन किया था फिर भी मुख्यमंत्री के आदेशों का संज्ञान न लिए जाने को पार्टी द्वारा गंभीरता से लिए जाने एवं उदासीन अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने के उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाए किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## शुक्रवार को सदस्य- पूर्वांचल विकास बोर्ड उत्तर प्रदेश शासन बौद्ध अरविंद सिंह पटेल जी का औचक निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता।

उतरौला(बलरामपुर) शुक्रवार को सदस्य– पूर्वांचल विकास बोर्ड उत्तर



प्रदेश शासन बौद्ध अरविंद सिंह पटेल जी का औचक निरीक्षण उतरौला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों का किया गया। सर्वप्रथम डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर तथा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम एवं कस्तूरबा गांधी इंटर कॉलेज ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान ओपीटी कक्ष, लेबर रूम,फार्मेसी कक्ष, पैथालाजी कक्ष,प्रसव इकाई कक्ष,उपस्थित पंजिका का अवलोकन किया जिसमें सभी स्वास्थ कर्मी उपस्थित रहे।निरीक्षण में संपूर्ण चिकित्सालय का भ्रमण किया, और संतोषजनक पाया।इस दौरान साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही।इस मौके पर स्वास्थ अधीक्षक डा0चन्द्र प्रकाश सिंह समेत सभी स्वास्थ कर्मी मौजूद रहे। पिपरा घाट पुल बांध का निरीक्षण, दुरूखहरण नाथ मंदिर दर्शन किया, वृद्धा आश्रम में स्वागत कार्यक्रम एवं निरीक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि उतरौला महिपाल चौधरी, रामनिवास यादव , अशोक कुमार , संतोष चौरसिया , दुखीराम यादव , मंगल प्रसाद , अनिल कुमार शुक्ला, अमिता अजय पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

## सुभाष नगर स्थित इमामबरगाह मरहूम तौकीर हुसैन में एजाज रजा की ओर से एक मर्सिये आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता। उतरौला (बलरामपुर)सुभाष नगर स्थित इमामबरगाह मरहूम तौकीर हुसैन में एजाज रजा की ओर से एक मर्सिये(पंक्तियों में करबला की घटना



का वर्णन)आयोजन किया गया जिसे जरवल से आए हुए मर्सिया ख्वां एजाज अब्बास जौहर जरवली ने सम्बोधित किया।

इस एतिहासिक मजलिस को पिछले पच्चास वर्षों से विश्व विख्यात मर्सिया ख्वां हैदर नवाब जाफरी लखनवी सम्बोधित करते थे,जिनका एक मुहर्रम को स्वर्गवास हो गया

मजलिस से पूर्व शकील उतरौलवी,अनीस उतरौलवी,कौसर उतरौलवी, शुजा उतरौलवी और हसन उतरौलवी ने करबला के शहीदों को अपने अशआर के जारिये पुरसा पेश किया

मजलिस को संबोधित करते हुए एजाज अब्बास जरवली ने मौला हजरत अब्बास की बहादुरी,जंग, सेना की अगुवाई वफा और प्यास का विस्तृत वर्णन किया।

अंत में जब उन्होनें अपनी पक्तियों में हजरत अब्बास की शहादत का जिक्र किया तो मजलिस में मौजूद सभी अजादारों की आंखे नम हो गईं इस अवसर पर एजाज रजा, वारिस रिजवान, फहमीद रजा,अरशद रिजवी,कमाल जाफरी,अजमल रिजवी,हैदर जाफरी,अली नवाज,अजीज जाफरी,ओजम रिजवी,अजीम जाफरी शामिल रहे।

## सेना भर्ती रैली में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी 05 अगस्त से 03 सितम्बर तक कर सकते है अपना रजिस्ट्रेशन

- अग्निपथ योजना के अन्तर्गत अमेठी सहित 13 जनपदों के लिए 16 नवम्बर से 06 दिसम्बर के मध्य डोगरा रेजीमेंट सेंटर, अयोध्या में सेना भर्ती रैली का किया जायेगा आयोजन।



आनलाइन रजिस्ट्रेशन वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर किया जा सकेगा।

एस० बी० यादव ब्यूरो चीफ अयोध्या टाईम्सअमेठी 05 अगस्त 2022, कर्नल/एआरओ अमेठी ने बताया है कि वर्ष 2022–23 के लिए अग्निपथ योजना के अन्तर्गत अमेठी जनपद के साथ ही अम्बेडकर नगर, कुशीनगर, बस्ती, अयोध्या, कौशाम्बी, प्रयागराज, महाराजगंज, प्रतापगढ़, रायबरेली, संतकबीर नगर, सिद्धार्थ नगर तथा सुल्तानपुर (कुल 13 जनपद) जनपदों की सेना भर्ती रैली का आयोजन 16 नवम्बर से 06 दिसम्बर के मध्य डोगरा रेजीमेंट सेंटर, अयोध्या में किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया है कि आयोजित होने वाली सेना भर्ती रैली में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी अपना रजिस्ट्रेशन 05 अगस्त से 03 सितम्बर, 2022 तक कर सकते है। आनलाइन रजिस्ट्रेशन वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर किया जा सकेगा।

# बीडीसी के परिणाम घोषित, आरओ ने विजेताओं को दिए प्रमाण पत्र, ऐरवाकटरा ब्लाक के तीन बीडीसी क्षेत्रों में हुआ उपचुनाव

बिधूना। क्षेत्र के विकास खंड ऐरवाकटरा में पंचायत सदस्य पद के रिक्त तीन क्षेत्रों में हुए उपचुनाव का शुक्रवार को मतो की गणना के बाद परिणाम घोषित कर दिये गये है। निर्वाचन अधिकारी ने सदस्यों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान कर बधाई दी। शेखूपुर में पति की मृत्यु के बाद रिक्त हुए क्षेत्र से उपचुनाव लड़ीं अंजू सविता ने 10 के मुकबले 676 मत पाकर 666 मतों से इकतरफा जीत हासिल की।

विकास खंड ऐरवाकटरा में क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के रिक्त वार्ड संख्या 32, 40 व 43 में उपचुनाव सम्पन्न कराया गया। गुरूवार को तीनों क्षेत्रों के लिए मतदान हुआ था। जिसके बाद मत पेटिकाओं को ब्लाक कार्यालय पर रखा गया था। शुक्रवार को निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेश कुमार त्रिपाठी की देखरेख व कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ब्लाक कार्यालय पर मतों की गणना हुई। तीनों वार्डो की अलग–अलग हुई मतों की गणना में वार्ड संख्या 32 शेखूपुर में पति मोहित सविता की मृत्यु से रिक्त हुई सीत से उनकी पत्नी अंजू देवी चुनाव लड़ीं थीं इस वार्ड में सिर्फ दो उम्मीदवार मैदान में थे। मतो की हुई गणना में



अंजू देवी ने 676 मत पाकर अपनी प्रतिद्विंदी मुन्नी देवी 10 मतों को 666 मतो से पराजित कर विजय श्री हासिल की। अंजू को विजयी घोषित किये जाते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गयी। इसी प्रकार वार्ड संख्या 40 से पांच उम्मीदवार मैदान में थे। मतों की हुई गणना में साधना कुमारी 359 मत पाकर विजयी रहीं। यहां पर साधना की प्रतिद्विंदी रिंकी देवी को 276, रीना देवी को 245 एवं प्रियंका कुमारी व रिचा कुमारी को 5–5 मत प्राप्त हुए। साधना कुमारी को 158 मतो से विजेता घोषित किया गया। क्षेत्र पंचायत के वार्ड 43 में तीन उम्मीदवार मैदान में थे। यहां पर हुई मतो की गणना में विनीता कुमारी 644 मत पाकर विजयी रहीं। यहां पर विनीता के प्रतिद्विंदी रामऔतार को 199 जबकि मिथलेश कुमार को सिर्फ 4 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार विनीता कुमारी को 445 मतो से विजयी घोषित किया गया।



आरओ ने दिये प्रमाणपत्र : मतों गणना समाप्त होने के बाद निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेश कुमार त्रिपाठी ने तीनों विजेताओं अंजू देवी (वार्ड 32), साधना कुमारी (वार्ड 40) एवं विनीता कुमारी (वार्ड 43) को निर्वाचन प्रमाणपत्र देकर जीत की बधाई दी। आरओ ने विजेताओं को दिए प्रमाण पत्र ऐरवाकटरा ब्लाक के तीन बीडीसी क्षेत्रों में हुआ उपचुनाव।

# छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध थे स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र : रंजीत यादव

ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव अयोध्या टाईम्स अमेठी। मिश्र जी की जयंती पर सपाईयों के द्वारा याद किए पंडित जनेश्वर मिश्र

छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध प्रखर समाजवादी चिंतक स्वर्गीय पंडित जनेश्वर मिश्र की जयंती शुक्रवार को नहर कोठी चौराहे पर मनाई गई। इस मौके पर उनके संघर्षशील जीवन पर प्रकाश डालते हुए विचार गोष्ठी का आयोजन करके लौह पूरूष को याद किया गया। इस अवसर पर सपा नेता रंजीत यादव ने कहा कि पंडित जनेश्वर मिश्र एक सच्चे समाजवादी कर्मठ एवं ईमानदार नेता थे।जो चौधरी चरण सिंह व ड़ा०जैप्रकाश लोहिया के विचारों को ध्यान में रखते हुए समाज की सेवा में तल्लीन रहे। जिनका सारा जीवन समाज की सेवा के लिए समर्पित रहा। उनके समाजवादी विचारधारा के प्रति श्रद्धा एवं निष्ठा के कारण उन्हें छोटे लोहिया कहा जाता है। युवावस्था में डॉ राम मनोहर लोहिया के विचारों से प्रभावित होकर वे समाजवादी विचारधारा से जुड़े और उसके बाद निरंतर उन्होंने समाजवाद की अलख जगाने का कार्य किया।

इस मौके पर ब्रह्म मौर्या ने कहा 1977 में जनेश्वर मिश्र ने इलाहाबाद शहर से लोकसभा में वी पी सिंह को भारी मतों से हराया है, इस मौके पर सुरेश मिस्र, गजराज सिंह, रामराज यादव, पवन यादव, योगेंद्र यादव, राम केश पासी, सत्य प्रकाश कोरी आदि लोग मौजूद रहे।



# फुटवियर डिजाईन एवं आकृति डेपलपमेंन्ट के तहत पुरस्कार वितरण

एस० बी० यादव ब्यूरो चीफ अयोध्या टाईम्स अमेठी,ध्फुर्सतगंज में फुटवियर डिजाइन एंड डेव्लपमेंट इंस्टीट्यूट संस्थान मे "आकृति प्रतियोगिता" के तहत पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कि शुरूवात जिसमे जिले एवं आस–पास के स्कूली छात्र छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। रेयान इंटरनेशनल स्कूल, केन्द्रीय विद्यालय, दयावती मोदी पब्लिक स्कूल के छात्रों को प्रतिभाग का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। जो





केंद्र प्रभारी वरुण गुप्ता, फैशन विभागाध्यक्ष राजेश शर्मा, फुटवियर के विभागाध्यक्ष सुमित फर्नांडीज के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शूरुआत की गई। आकृति प्रतियोगिता कक्षा दसवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं के छात्रों के लिए ऑनलाइन डिजाइन प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी। कि छात्र वर्तिका सिंह, अपर्णा त्रिवेदी, श्रष्टि सिंह रेयान इंटरनेशनल स्कूल, रायबरेली को दिया गया।

इस प्रतियोगिता की प्रथम पुरुस्कार विजेता सिद्धि गुप्ता, द्वितीय पुरुस्कार विजेता प्रकृति सिंह एवं त्रतीय पुरुस्कार विजेता पंखुड़ी त्रिवेदी रही। इस प्रतियोगिता मे पुरस्कार राशि क्रमशः रुपया 11000/–, 5100/– एवं 2100/– प्रदान किया गया।

पुरस्कार वितरण प्रतियोगिता के साथ मे वित्तविहीन व शैक्षणिक स्कूलों के प्राचार्यों का समागम भी आयोजित किया गया। रायबरेली जिले के संघ अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र यादव जी ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होने अपने उद्‌बोधन मे कहा कि जिले मे इतने अच्छे शैक्षणिक संस्थान का लाभ आस पास के छात्रों को उठाना चाहिए। उन्होने आगे कहा कि आस–पास के स्कूलों का शैक्षणिक भ्रमण का कार्यक्रम वह सुनिश्चित कराएंगे। जिससे जिले छात्रों को जिले के इस उत्कृष्ट संस्थान कि जानकारी हो सके।

कार्यक्रम का संचालन नलिन पाण्डेय जी ने किया। कार्यक्रम मे अरविंद श्रीवास्तव, मनोज विमल, मुकेश सैनी, वरुण त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

# मतदाता पहचान पत्र को आधार नंबर से लिंक कराने हेतु आनलाइन या आफलाइन फार्म-6बी भरें

ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव अयोध्या टाईम्स अमेठी। 05 अगस्त 2022, मा. निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी (विध्रा)ध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी ए0के0 सिंह ने बताया कि निर्वाचक नामावलियों में शामिल मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र की कार्यवाही 01 अगस्त 2022 से प्रारम्भ है। लोक प्रतिनिधित्व 1950 के नियम–23 के अनुसार शामिल मतदाताओं द्वारा आधार नम्बर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के उप नियम–26बी द्वारा अधिसूचित फार्म–6बी में दिया जायेगा, जो ऑनलाइन दअेच.पद पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि स्व–प्रमाणान (ूपजी self&authentication) के साथ सम्बन्धित मतदाता, मतदाता पोर्टलध्ऐप पर ऑनलाइन फार्म–6बी भर सकता है तथा यूआईडीएआई (आधार कार्ड) में पंजीकृत अपने मोबाइल नम्बर पर प्राप्त होने वाले ओटीपी का उपयोग करके आधार को प्रमाणित कर सकता है, बिना स्व–प्रमाणीकरण मतदाताओं द्वारा आवश्यक संलग्नकों के साथ फार्म–6बी ऑनलाइन जमा किया जायेगा। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अभियान के दौरान बी0एल0ओ0, ए0ई0आर0ओ0 या अधिकृत किसी भी अधिकारी के माध्यम से ऑफलाइन फार्म जमा कराने हेतु समुचित मात्रा में फार्म–6बी उपलब्ध कराने हेतु उन्हें निर्देशित किया गया है। आधार नम्बर एकत्रीकरण हेतु अगस्त माह में 2 तिथियॉ यथा–07 अगस्त एवं 21 अगस्त दिन रविवार को विशेष कैम्प आयोजन हेतु निर्धारित किया गया है जिसे जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर मतदाता सूची में शामिल मतदाता फार्म–6बी में स्वैच्छिक रूप से अपना आधार नम्बर भरकर बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध करा सकते है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि मतदाताओं द्वारा आधार उपलब्ध कराना स्वैच्छिक है और इस आधार पर उनका नाम मतदाता सूची डेटाबेस से अपमार्जित नही किया जायेगा कि उनके द्वारा आधार नम्बर उपलब्ध नही कराया गया है, किसी भी परिस्थिति में प्राप्त आधार नम्बर को सार्वजनिक नही किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त आयोग द्वारा परिवर्धन/ अपमार्जन /संशोधन इत्यादि से सम्बन्धित फार्मो को परिवर्तित किया गया है, परिवर्तित फार्मो में से प्रथम बार आवेदन कर रहे नये मतदाताओं के पंजीकरण हेतु फार्म–6, निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने के प्रस्ताव पर आपत्ति हेतु तथा पूर्व से शामिल नाम को अपमार्जित करने हेतु फार्म–7 तथा निवास परिवर्तन/निर्वाचक नामावली में संशोधन/मतदाता पहचान पत्र प्रतिस्थापन/दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन हेतु फार्म–8 है। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा चार अर्हक तिथियॉ 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर निर्धारित की गयी है। उक्त अर्हक तिथियों को या उससे पूर्व यदि कोई मतदाता 18 वर्ष की आयु पूर्ण करता है तो वह अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकता है।

# शोषितों और वंचितों के मसीहा छोटे लोहिया की मनाई गई जयंती

एस० बी० यादव ब्यूरो चीफ अयोध्या टाईम्स अमेठी।

जिला मुख्यालय समाजवादी कार्यालय पर जनेश्वर मिश्र छोटे लोहिया की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान जिलाध्यक्ष राम उदित यादव और संचालन निवर्तमान महासचिव अरशद अहमद ने किया। जिलाध्यक्ष ने उनके चित्र पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुवात की, और उनके जीवन व कार्यों पर प्रकाश डाला गया। गौरतलब हो कि समाजवादी आन्दोलन के अगुआ रहे और छोटे लोहिया के नाम से विख्यात जनेश्वर मिश्र जीवन पर्यन्त लोगों के विकास और भलाई के काम करते रहे। उनके जीवित रहते जन्मदिवस के अवसर पर संसद परिसर के आस–पास सभी जाति पाति के लोग एक साथ बैठ कर भोजन करते थे। और सबके लिए खुला आमन्त्रण था। इस मौके पर खास तौर पर सभी जरूरत मंद लोगों की मदद भी की जाती थी। वह लोगों को हर मदद के लिए सदैव तैयार रहते थे। वह दलितों, पीड़ितों, वंचितों और शोषितों की आवाज थे। छोटे लोहिया इलाहाबाद में छात्र आन्दोलन से राजनीति में आये जनेश्वर मिश्रा ताउम्र लोहिया के समाजवाद को जीते रहे। शोषितों,पीड़ितों,गरीबों,मजलूमों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते थे। यही वजह थी कि अपने समकालीन सभी नेताओं में वह सबसे ज्यादा लोकप्रिय हैं। पूंजीपतियों को वह खुले दिल से गरीबों की मदद करने के लिए प्रेरित करते थे। और सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ सदैव आवाज उठाते थे। एक तरफ वह पूरी मजबूती के साथ सरकार को समर्थन देते थे, लेकिन गलत सरकारी नीतियों पर जमकर सरकार का विरोध भी करते थे। संसद में वह बजट को हमेशा अंतिम आदमी के हित में बनाने पर जोर देते और अपनी दलीलों से वह अपनी बात मनवा भी लेते थे। बजट सत्र में बहस के दौरान उन्होंने कूड़ा बीनने वालों के पुनर्वास, स्वास्थ्य,शिक्षा के लिए किसी प्रकार की नीति ना होने को लेकर दुःख व्यक्त करते हुए लोकतंत्र के खोखले चरित्र को लेकर सरकार को लताड़ा था। वह किसानों के विकास, जाति–धर्म से ऊपर उठकर हमेशा मानवता के लिए कार्य किया। लोहिया और उसके बाद के समाजवादी परम्परा को आगे बढ़ाने के बाद उन्होंने मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ताउम्र वह समाजवादी पार्टी की नीतियों को किसान और वंचितों के विकास के अनुकूल बनाने में लगे रहे। युवाओं के भी वह आदर्श थे। अखिलेश यादव ने उनके महान व्यक्तित्व को देखते हुए लखनऊ में जनेश्वर मिश्र के नाम पर एशिया महाद्वीप का सबसे बड़ा जैव विविधता से परिपूर्ण



पार्क स्थापित किया। और उनके राजनीतिक कद के अनुरूप आदमकद मूर्ति की स्थापना और उसी परिसर में अधिकतम ऊंचाई का राष्ट्रध्वज निर्मित किया गया है। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनके आदर्शो पर चलते हुए आखिरी पायदान के लोगो तक सेवा करते हुए समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस मौके पर तुफैल खान, चंद्रशेखर यादव, राकेश कौहार, राम केवल यादव, महेन्द्र शुक्ला, अनवार खान, बहरैची गुप्ता, बी डी यादव, राम सुन्दर यादव, राम धीरज यादव, पूर्व विस प्रत्याशी विमलेश सरोज आदि सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## घर-घर तिरंगा फैराव देश को आजाद बनाओ, महिला मोर्चा कि जिला उपाध्यक्ष

औरैया–अटसू क्षेत्र में घर–घर तिरंगा वितरण कार्यक्रम में भाजपा की महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष मनोरमा के देख रेख में चलाया गया अभियान में घर घर जाकर तिरंगा वितरण कर आजादी की रणवाकुरो के बारे में विस्तार पूर्वक आम जनता को जानकारी दी । कार्यकर्ताओं ने आव्हान किया कोई घर बकाया ना रहे आजादी की 75 वी वर्षगांठ को देश बड़े धूमधाम से मना रहा है। यह कार्यक्रम 13 अगस्त से 17 अगस्त तक अनवरत चलाया जाएगा ।इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा से महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष मनोरमा ब तमाम स्वयंसेवी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## भ्रष्टाचार की शिकायत पर जिलाधिकारी सख्त, कानूनगो को किया निलंबित

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला (बलरामपुर) बलरामपुर ,भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाते हुए जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार ने तहसील उतरौला में कार्यरत राजस्व निरीक्षक कप्तान मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए, विभागीय कार्रवाई का निर्देश दिया। राजस्व निरीक्षक कप्तान मिश्रा के विरुद्ध सख्त शासकीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही एवं किसी व्यक्ति से पैसे के लेनदेन के आरोपों पर उप जिलाधिकारी उतरौला की जांच आख्या पर जिलाधिकारी द्वारा निलंबन की कार्यवाही की गई।

## विद्युत लाईन ठीक करते समय चपेट में आने से संविदा कर्मी झुलसा

ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव अयोध्या टाईम्सजगदीशपुर। अमेठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत 11000 विद्युत तार को खींचते समय 33000 लाइन में टच होने से संविदा कर्मी गंभीर रूप से झुलस गया। स्थानीय कर्मचारियों की मदद से सी एच सी जगदीशपुर इलाज हेतु ले जाया गया। जहां पर इलाज चल रहा है।



थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा बगाही में 11000 विद्युत लाइन का तार टूट जाने से विद्युत सप्लाई को बहाल करने के लिए सभी संविदा कर्मी काम कर रहे थे। जिसमें दिलीप कुमार यादव पुत्र मनीराम यादव उम्र 32 वर्ष ग्राम पुरे नरसिंह मोहब्बतपुर थाना जगदीशपुर अमेठी को तार खींचते समय 11000 लाईन का तार 33000 लाईन में टच होने से संविदा कर्मी गंभीर रूप से झुलस गया। घटना की सूचना मिलने पर विद्युत कर्मियों मै स्टाप सहित घटनास्थल पर पहुंचकर तुरंत झुलसे कर्मी को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर ले जाया गया। जहां पर घायल का इलाज चल रहा है। वहीं पर मौजूद नरेंद्र सिंह यादव जे०ई० व टीजीटू प्रशांत मिश्रा एवं अन्य संविदा कर्मियों के सहयोग से अस्पताल तक पहुंचाया गया।जहां पर घायल का ईलाज चल रहा है।

## हरेन्द्र पाठक का डेढ़ साल का कार्यकाल रहा सराहनीय - प्रभारी निरीक्षक थाना बखिरा

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव

संत कबीर नगर । पुलिस चौकी प्रभारी बखिरा हरेन्द्र पाठक के स्थानांतरण पर थाना परिसर में विदाई समारोह आयोजित हुआ । विदाई समारोह में क्षेत्र के भारी संख्या में संभ्रान्त नागरिक उपस्थित रहे ।




प्रभारी निरीक्षक थाना बखिरा अनिल कुमार सिंह ने कहा कि चौकी प्रभारी हरेन्द्र पाठक का डेढ़ साल का कार्यकाल काफी सराहनीय रहा ।विदाई समारोह में उन्होंने कहा कि सेवा काल के दौरान स्थानांतरण एक सतत प्रक्रिया है । व्यक्ति अपने कर्तव्य निष्ठा एवं व्यवहार कुशलता से ऐसी अमिट छाप छोड़ जाता है । जो सदैव अविस्मरणीय रहता है । प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि चौकी प्रभारी बखिरा ने अपने प्रयास से चौकी के नए भवन का निर्माण करवाया । यह उनकी एक बड़ी उपलब्धि है । जिसे लोग सदैव याद रखेंगे । विदाई समारोह से अभिभूत चौकी प्रभारी बखिरा हरेन्द्र पाठक ने कहा कि यहां के लोगों ने जो प्यार , स्नेह एवं सहयोग दिया है । उसे भूल पाना सम्भव नहीं है । यहां का कार्यकाल मेरे सेवाकाल का अविस्मरणीय काल रहेगा । इस अवसर पर नवागत पुलिस चौकी प्रभारी बखिरा चन्द्र प्रकाश सिंह का भी लोगों ने गर्म जोशी से स्वागत किया । इस दौरान पुलिस चौकी प्रभारी राजेडीहा विवेकानन्द तिवारी , उप निरीक्षक कल्पनाथ सिंह , क्षेत्र के विकास सिंह, व्यापारी सिंह, सागर कसेरा, दरगाही समेत अनेक गणमान्य उपस्थित रहे ।

## बाल श्रमिकों को बचाने एवं पुनर्वास से जोड़ने का डीएम ने दिया निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला संवाददाता राहुल त्रिपाठी

संत कबीर नगर । बाल संरक्षण समिति की बैठक में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बाल श्रमिकों को बचाने एवं उनको पुनर्वास से जोड़ने के लिए उप श्रम आयुक्त को निर्देश दिया । बैठक में ग्राम पंचायतों के बैठकों , बाल संरक्षण समितियों का बैठक करा करके स्पान्सरशिप योजना एवं फास्टर केयर के कार्यों पर चर्चा किया । इसके साथ ही अधिक से अधिक लोंगो को लाभान्वित करने के लिये निर्देश दिया ।

जिलाधिकारी ने कहा कि बाल संरक्षण समिति की बैठक हर तीसरे



महीने होनी चाहिए । इसके साथ ही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थियों को चिन्हित कर उनको योजना का लाभ दिलाया जाना चाहिए । जनपद के समस्त स्थानों पर तैनात बाल कल्याण अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी 18 वर्ष से कम उम्र का बच्चा मिलता है , तो उसे बाल कल्याण समिति के सामने जरूर प्रस्तुत किया जाए । बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने के साथ बेसिक शिक्षा अधिकारी , जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि इस तरह के बच्चों का स्कूल में नामांकन कराने के साथ उनको मुख्य धारा से जोड़ा जाना चाहिए । इस दौरान अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह , मुख्य विकास अधिकारी अतुल कुमार मिश्र , अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह , मुख्य चिकित्साधिकारी अनिरूद्ध कुमार सिंह , जिला विकास अधिकारी सुदामा प्रसाद , पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा राम प्रकाश , जिला विद्यालय निरीक्षक मनमोहन शर्मा , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेन्द प्रसाद, जिला प्रोबेशन अधिकारी डा0 श्वेता त्रिपाठी, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज समेत अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत मिशन शक्ति कार्यक्रम का जिलाधिकारी द्वारा किया गया शुभारम्भ



पीलीभीत ईशर अकादमी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, भोपतपुर सकरिया, में आजादी के अमृत महोत्सव के 75वीं वर्षगॉठ के उपलब्ध में मिशन नारी शक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी पुलकित खरे द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम नारी शक्ति को प्रोत्साहित करने हेतु जूडो



प्रशिक्षक जितेन्द्र कुमार के निर्देशन में जूडो की कला का जोरदार प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही साथ स्कूल की अन्य छात्राओं ने भी विभिन्न क्रिया कलापों में भाग लेकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य गुरदीप सिंह व प्रबन्धक हरजीत सिंह द्वारा मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते अपने विचार रखे। जिलाधिकारी द्वारा सभी को सम्बोधित करते हुये कहा कि आज के बदलते परिवेश में महिलाओं को भी निर्भीक व निडर रहने की आवश्यकता हैं महिलाऐं भी पुरूषों से कम नहीं है, परन्तु समाज में वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने में संकोच करती है। उन्होंने बिना संकोच किये अपनी प्रतिभा दिखानी चाहिए जिससे की वह भी आगे बढ़ सके। जिलाधिकारी द्वारा छात्राओं के प्रदर्शन की सराहना की गई तथा विद्यालय प्रबन्ध समिति को इस तरह के कार्यक्रम को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय परिसर में पौधा रोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की उप प्रधानाचार्या श्रीमती मनजिन्दर पाल रियाड़ द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अमृत महोत्सव 15 अगस्त 2022 के उपलक्ष्य में दिनांक 14.08.2022 को मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन

पीलीभीत। सर्व जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आजादी के अमृत महोत्सव 15 अगस्त 2022 के उपलक्ष्य में दिनांक 14.08.2022 को मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। मैराथन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु जन साधारण दिनांक 10.08.2022 तक अपना नामांकन करा सकते हैं। उक्त के सम्बन्ध में निम्नलिखित शर्तोधनियमों का अनुपालन किया जायेगा। यह प्रतियोगिता तीन श्रेणी में विभाजित की गई है। प्रथम श्रेणी में 16 से 60 वर्ष तक उम्र के (महिला एवं पुरूष) प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रतियोगिता का आयोजन गांधी स्टेडियम मैदान में प्रातः 7:00 बजे किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु वैभव गुप्ता डिप्टी कलेक्टर के वाट्सएप नम्बर 9548251627 पर रजिस्टेशन करा सकते है। द्वितीय श्रेणी में 60 वर्ष से अधिक उम्र के (महिला एवं पुरूष) प्रतिभाग कर सकते है। प्रतियोगिता का आयोजन ड्रमण्ड राजकीय इण्टर कालेज पीलीभीत के मैदान में प्रातः 7:00 बजे से किया जायेगा। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु संदीप याद0, एस0डी0एम0 के वाट्सएप नम्बर 8368035675 पर नामांकन करा सकते हैं। तृतीय श्रेणी में सरकारी अधिकारियों (पुरूषध्महिला अधिकारीगण) प्रतिभाग कर सकते है। उक्त का आयोजन प्रातः 7:00 बजे कलेक्ट्रेट परिसर से किया जायेगा। प्रतियोगिता में प्रत्येक व्यक्ति तिरंगा झण्डा लेकर आयेंगे। झण्डे का आकार 3:2 रहेगा। प्रत्येक प्रतियोगी मर्यादित पोशाक धारण करेंगे।

## प्रधानमंत्री यंग अचीवर्स छात्रवृत्ति अवार्ड योजनान्तर्गत ओ0बी0सी0 एवं अन्य छात्रों को टाप क्लास शिक्षा प्रदान किये जाने हेतु प्रधानमंत्री यशस्वी प्रवेश परीक्षा का आयोजन

पीलीभीत। पिछडा वर्ग कल्याण, उत्तर प्रदेश के द्वारा प्रधानमंत्री यंग अचीवर्स छात्रवृत्ति अवार्ड योजनान्तर्गत ओ0बी0सी0 एवं अन्य छात्रों को टाप क्लास शिक्षा प्रदान किये जाने हेतु प्रधानमंत्री यशस्वी प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। चयन मेरिट के आधार पर होगा। चयनित छात्रों को कक्षा 9–10 में अध्ययन हेतु रू0 75,000.00 तथा 11–12 में अध्ययन हेतु 1,25000.00 प्रति वर्ष छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी।

उक्त योजना में आवेदन हेतु वेबसाइट http://yet.nta.ac.in निर्धारित है। ऑनलाईन आवेदन 26.08.2022 तक किया जा सकता है। आवेदन में सुधार हेतु दिनांक 27.08.2022 से 31.08.2022 तक किया जा सकता है।

प्रवेश पत्र दिनांक 05.09.2022 परीक्षा तिथि 11.09.2022 है। आवेदन हेतु माता पिताध्अभिभावक की वार्षिक आय 2,50,000.00 से अधिक नही होनी चाहिए। आवेदन करने के लिए छात्र के पास एक्टिव मोवाईल नम्बर, आधार नम्बर, आधार लिंक खाता, आय प्रमाण एवं जाति प्रमाण होना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क करें।

## ''गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय पुरस्कार'' दिये जाने से सम्बन्धित योजना के क्रियान्वयन हेतु निर्देश

पीलीभीत प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, राष्ट्रीय एकीकरण अनुभाग के द्वारा वर्ष 2022–23 के लिये ''गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय पुरस्कार'' दिये जाने से सम्बन्धित योजना के क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिये गये है।

उक्त प्राप्त निर्देशों के जनपद के ऐसे पात्र व्यक्ति जिनके द्वारा मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट कार्य किये गये हों तथा पूर्णतः समर्पित रहे हों, को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार गुरू गोविन्दसिंह जी के जन्म दिवस (05 जनवरी) पर ''गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार'' प्रदान किये जाने एवं रूपये एक लाख का नगद पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र दिये जाने की व्यवस्था की गयी है। जिसके क्रम में जनपद से इस पुरस्कार के मापदण्डों को पूरा करने वाले पात्र महानुभावों के प्रस्ताव उनके द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यों का तथ्यात्मक विवरण एवं अभिलेखीय साक्ष्यों के साथ प्रारूप स्पष्ट आख्या सहित शासन को निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुये प्रस्तावक का नाम व पूर्ण विवरण भरकर दिनांक 25.09.2022 तक चार प्रतियों में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## तिलक बंदना कर रवाना करते ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि

पूरनपुर।तिलक बंदना कर कांवड़ियों को फर्रुखाबाद के लिए रवाना किया गया।बम बम भोले जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

शुक्रवार को थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव महुआगुन्दे से फरूखाबाद को कॉंबड़ यात्रा रवाना हुई।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आशुतोष दीक्षित राजू ने भक्तों का तिलक बंदना कर फूल मालाएं डालकर रवाना किया। फरूखाबाद से पवित्र गंगाजल भरकर रविवार को छोटी काशी गोलागोकर्णनाथ में जलाभिषेक किया जायेगा। तत्पश्चात बाबा क्लेशहरण में जलाभिषेक किया जायेगा। फिर यात्रा पावन धाम श्री त्रेतानाथ मंदिर पर जलाभिषेक करेगी।इस मौके पर अचलेन्द्र मिश्रा,अचलमोहन पान्डेय, विकास अवस्थी,सौमित्र शुक्ला,रबीश अवस्थी,अन्ना,रुपेश मिश्रा,कौशल दीक्षित,समरेन्द्र मिश्रा,दिलीप, अवनेन्द्र मिश्रा,रामदेव सक्सेना, राहुल बाजपेई,प्रमोद राठौर,लाखन सिंह,सीताराम सहित कई मौजूद रहे।



## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय मानीटरिंग समिति की बैठक सम्पन्न



पीलीभीत कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय, कृषि, सहकारिता एवं कृषक कल्याण विभाग, भारत सरकार, की केन्द्रीय योजनाएँ "कृषक उत्पादक संगठनों(एफ पी ओ) का गठन और संवर्द्धन" एवं "कृषि आधारभूत संरचना निधि" के सुचारु क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय मानिटरिंग समिति की बैठक जिलाधिकारी पुलकित खरे की अध्यक्षता में दिनांक 05.08.2022 को पूर्वाह्न 11.30 बजे गांधी सभागार में आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने उक्त योजना के अंतर्गत पीलीभीत जिले के पूरनपुर ब्लॉक मे बनाए जा रहे एफपीओ पूरनपुर शारदा सागर महिला उत्पादक संगठन की प्रगति का जायजा लिया एवं समयानुसार निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु कार्य करने के लिए सीबीबीओ को निर्देश दिये।

इसके अतिरिक्त कृषि आधारभूत संरचना निधि के अंतर्गत प्रगति का जायजा लिया एवम इस योजना के अंतर्गत ब्याज मे छूट की सुविधा का फायदा अधिक से अधिक कृषि उद्यमियों को पहुँचने हेतु कृषि संबंधी विभागों एवं बैंकों को लक्ष्य देने के निर्देश दिये। बैठक का आयोजन चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी, जिला विकास प्रबन्धक, नाबार्ड पीलीभीत द्वारा किया गया।

बैठक मे धर्मेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, कृषि एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## पूरनपुर मे व्यापारियों ने दुकान स्वामी पर चोरी का लगाया गंभीर आरोप कोतवाली में दिया लिखित शिकायत पत्र

• व्यापारियों ने पुलिस पर भी एक तरफा कार्यवाही की कही बात

पीलीभीत।पूरनपुर नगर मे व्यापारी की दुकान पर दुकान स्वामी के द्वारा कब्जा कर लेने का मामला सामने आया।जिसमें ब्यापारी महेश गुप्ता की मेन मार्केट में कपड़े की दुकान है जो कि दुकान में लगभग पचास बर्षों से उसी दुकान में ब्यापार कर रहे हैं। उक्त ब्यापारी लगातार समय पर दुकान का किराया दुकान मालिक को देते चला आ रहा है। वहीं ब्यापारी महेश गुप्ता की दुकान डॉ अनूप के सामने मेन मार्केट मोहल्ला बमनपुरी में है। ब्यापारी महेश गुप्ता सिद्धार्थ पुत्र संजीव गुप्ता की किराए की दुकान में सन 1974 से कपड़े का ब्यापार कर रहे हैं। किराए को लेकर मुकदमा कोर्ट में बिचाराधीन है। वहीं बीते दिनांक 2 अगस्त 2022 को साम को अपनी दुकान सायं 7बजे बंद कर घर चले गए।

उसी रात्रि में किसी समय उक्त दुकान मालिक सिद्धार्थ ने उक्त दुकान का शटर हटाकर तथा पीछे की दीवार को तोड़कर उक्त ब्यापारी का दुकान में रखा लगभग 18 लाख रुपये का कपड़ा और एक लाख रुपया मंदिर का व पचास हजार रु. उक्त ब्यापारी का रखा था उक्त दुकान मालिक पर स्थानीय पुलिस की मिलीभगत के चलते गायब करने का आरोप महेश गुप्ता ने लगाया है। वहीं जब उक्त ब्यापारी रोज की तरह अगले दिन सुबह दुकान खोलने गये तो दुकान का माजरा देख सन्न रह गये। इससे सम्बन्धित कोतबाली में लिखित शिकायत करने पहुंचे तो स्थानीय कोतबाल ने शिकायतकर्ता ब्यापारी को कोतबाली में बैठाकर जेल भेजने की नियत से कोतबाली में बैठा लिया। वहीं नगर ब्यापार मंडल के हस्तक्षेप के बाद कपड़ा ब्यापारी को आश्वासन देकर छोड़ दिया गया।वहीं स्थानीय पुलिस की भूमिका संदिग्ध होने का महेश गुप्ता ने आरोप लगाया है। लेकिन महेश गुप्ता और नगर के ब्यापारी संयुक्त होकर जब घटना की जानकारी स्थानीय बिधायक बाबूराम पासवान को दी तो बिधायक की कोतबाल ने एक न सुनी। वहीं पीड़ित ब्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक को घटना की जानकारी दी वहीं पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय सीओ से मिलकर बात करने को कहा। वहीं ब्यापारियों ने सीओ को लिखित शिकायती पत्र देकर उक्त दुकान मालिक के खिलाफ कार्यवाही और दुकान तोड़कर गायब किया गया लगभग 18 लाख का कपड़ा और नगदी वापस दिलाने की मांग की है।

## गोवंशीय पशु के साथ तीन आरोपियों को दुधारा पुलिस ने किया गिरफ्तार, गए जेल

• दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला संवाददाता राहुल त्रिपाठी

संत कबीर नगर । जिले की दुधारा पुलिस ने एक गोवंशीय पशु के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया । गिरफ्तार आरोपियों अबूशाद , मोहम्मद जैद एवं मोहम्मद उमर पर एक बछड़े को बध के लिए ले जाने का आरोप लगाया है । इन आरोपियों के पास से दो अवैध चाकू के साथ एक बोगदा पुलिस ने बरामद किया । गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय रवाना किया । न्यायालय ने गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया ।

पुलिस क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र ने बताया कि दुधारा पुलिस क्षेत्र भ्रमण पर थी । सूचना मिलने पर पुलिस ने अगया बगीचे में घेरा बंदी किया । बागीचे में एक गोवंशीय बछड़ा बरामद हुआ । इसके साथ ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने दो चाकू और एक बोगदा बरामद किया ।

प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा सर्वेश राय ने बताया गिरफ्तार आरोपी अबूशाद पुत्र मोहम्मद सेराज ग्राम जुझारपुर , मोहम्मद जैद पुत्र मोहम्मद जकी ग्राम हटवा एवं मोहम्मद उमर पुत्र मकबूल अहमद ग्राम ककरहिया थाना दुधारा के रहने वाले हैं । इन आरोपियों के विरुद्ध धारा 3 , 5 ए , 8 गोबध निवारण अधिनियम एवं धारा 4 / 25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया ।



## राष्ट्र भक्तिके रंग में रंग जाएं - हर घर तिरंगा फहराएं - जिलाधिकारी

–11 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा सप्ताह हो सफल , डीएम ने किया बैठक

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव






संत कबीर नगर । राष्ट्र भक्ति के रंग में रंग जाएं , हर घर तिरंगा फहराएं के नारे के साथ जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने 11 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा सप्ताह को सफल बनाने का आह्वान किया । आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष को यादगार बनाने के लिए जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के सभागार में बैठक किया । देश के गौरवशाली इतिहास , त्याग , बलिदान और राष्ट्रीय एकता के स्मरण में 76 वां स्वाधीनता दिवस 15 अगस्त को परम्परागत हर्षोल्लास एवं आकर्षक ढंग से मनाए जाने का आह्वान किया।

जिलाधिकारी ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि प्रातः 6 से 8 बजे तक प्रार्थना एवं प्रभातफेरी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा । तत्पश्चात सभी सरकारी , गैर सरकारी भवनों पर पूर्वाह्न 8 बजे राष्ट्रीय ध्वज में गुलाब की पंखुड़ियाओं बांध कर ध्वजारोहण किया फहराया जाएगा । स्वंतत्रता दिवस के अवसर पर 14 एवं 15 अगस्त की रात्रि में सरकारी भवनों एवं स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े ऐतिहासिक भवनों को प्रकाशमान किया जाएगा उन्होंने कहा कि आगामी 11 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा सप्ताह मनाया जाएगा । इस दौरान घरों , दुकानों , प्रतिष्ठानों पर देश भक्ति की भावना के साथ झण्डा फहराना है । इसके अलावा आस–पास के लोगों को प्रेरित भी करना है ।जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने सभी को निर्देशित किया है कि ध्वजारोहण के समय झंडा कटा – फटा नहीं होना चाहिए । झण्डा साफ–सुथरा रहना चाहिए । किसी भी दशा में झंडा उल्टा नहीं फहरना चाहिए और न ही समय से पूर्व फहराया जाए । इसका उल्लंघन दण्डनीय होगा । इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता , अखण्डता , पंथ निरपेक्षता , सामाजिक समरसता , तथा सम्प्रदायिक सौहार्द की भावना को मजबूत बनाने पर जोर दिया जाएगा । ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रीय एकता का संकल्प भी लेना है । पूर्वाह्न साढ़े बजे वृक्षारोपण किया जाएगा । नगर पालिका एवं नगर पंचायतों द्वारा स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा । शहीद स्मारक स्थलों पर प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक राष्ट्रीय चेतना जागृत करने के लिए शहीदों , देश भक्तों तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन के प्रेरक प्रसंगों से लोगों को अवगत कराया जाएगा । शिक्षण संस्थानों में खेल–कूद , वाद–विवाद एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाएगा । अपरान्ह साढ़े बारह बजे से कबीर जन सेवा संस्था एवं व्यापार मण्डल से सौजन्य से जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरण कराया जाएगा । पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने कहा कि हमारे देश का राष्ट्रध्वज नागरिकों के सम्मान का प्रतीक है । हम सभी को देश की एकता , अखण्डता और आपसी भाई चारे की भावना को बलवती बनाने में राष्ट्रीय ध्वज के महत्व से बच्चों एवं युवाओं को प्रेरित करना चाहिए । इसके साथ ही कार्यक्रम में बच्चों की सहभागिता भी सुनिश्चित कराने की जरूरत है , जिससे बच्चों एवं युवाओं में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति आदर , सम्मान एवं देश प्रेम की भावना का विकास हो सके । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज का किसी भी रूप में अपमान करने वाले के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी । इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष बलराम यादव , अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह , सीडीओ अतुल कुमार मिश्र , एएसपी संतोष कुमार सिंह, सीएमओ अनिरूद्ध कुमार सिंह , डीडीओ सुदामा प्रसाद समात अनेक अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा की गई फुट पेट्रोलिंग

पीलीभीत पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी. के निर्देशन में आज दिनांक 05.08.2022 को जनपद में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत कानून व्यवस्था को प्रभावी एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारीध्थाना प्रभारी द्वारा पुलिस बल के साथ अपने–अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त करते हुए चौराहों, मार्केट तथा सार्वजनिक जगहों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों/वस्तुओं की गहनता से चेकिंग करते हुए आम जनता में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाया गया।



## ससुरालियों ने जबरन जहर पिलाकर कर दी हत्या कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज की रिपोर्ट

पूरनपुर।घर से बाहर खींच कर युवक को आरोपी पिटाई लगाते हुए बाहर ले गए।खोजबीन करने के बाद आरोपी युवक का शव लेकर घर पहुंचे।परिजनों ने जबरन जहर पिलाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की।लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के कस्बा घुंघचाई निवासी कमला देवी ने बताया उसने अपने पोते सुनील की शादी गांव की प्रान्सी के साथ छह माह पहले हुई थी।इस शादी से युवक के ससुराल के लोग संतुष्ट नहीं थे।आए दिन इसको लेकर विवाद होता रहता था। 22 मई को उसकी पुत्रवधू प्रान्सी को आरोपियों ने जमकर मारा पीटा।जिससे वह घायल होकर बेहोश होकर जमीन पर गिर गई।आरोप है कि उसके पोते सुनील दुबे को घर से जबरन बाहर निकाल कर पिटाई करते हुए उसको ले गए।काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन की।लेकिन कोई पता नहीं चल सका।कुछ ही देर बाद उसके ससुराली उसका शब लेकर घर पहुंचे।महिला ने बताया कि जब उसके पोते का शव घर आया तो उसके मुंह से झाग निकल रही थी।आरोपियों ने गांव के लोगों को बहला–फुसलाकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों ने जबरन जहर खिलाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए विरोध जताया। सूचना पूरनपुर पुलिस को दी।लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।इस पर महिला ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर गांव घुंघचाई निवासी आदित्य त्रिवेदी,उषा देवी,प्रान्सी की नानी, मुकेश,खीरी निवासी निशा शुक्ला के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।विवेचना के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

# संक्षिप्त समाचार

### ग्राम पंचायत कल्याणपुर नौगवां में जन जागरूकता एवं महिलाओं की समस्याओं हेतु जन चौपाल का होगा आयोजन

पीलीभीत ।मिशन शक्ति 4.0 के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रचार– प्रसार एवं महिलाओं में जागरूकता करने व उनकी समस्याओं के स्थलीय समाधान हेतु उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमति अंजू प्रजापति दिनाँक–05.08.2022 को जनपद पीलीभीत में पधार रही हैं। वह दिनाँक– 06.08.2022 को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक पी0डब्ल्यू0डी0 गेस्ट हाउस पीलीभीत जन सुनवाई करेंगी एवं अपराहन–4बजे से विकासखंड मरौरी के ग्राम पंचायत कल्याणपुर नौगवां में जन जागरूकता एवं महिलाओं की समस्याओं हेतु जन चौपाल का आयोजन करेंगी ।

अतः जनपद की समस्त महिलाओं से अनुरोध है यदि किसी महिला की समस्या का निस्तारण न हो पा रहा हो तो वह अपनी समस्या को उ0 प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमति अंजू प्रजापति को दिनाँक 06.08.2022 को प्रातः 10 बजे से पी0डब्ल्यू0 डी0 गेस्ट हाउस म अथवा अपराहन 04बजे से ग्राम पंचायत कल्याणपुर नौगवां में जाकर बता सकती हैं।

### आजादी के अमृत महोत्सव 15 अगस्त 2022 के उपलक्ष्य में दिनांक 13.08.2022 को बाइक तिरंगा रैली का आयोजन

पीलीभीत। सर्व जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आजादी के अमृत महोत्सव 15 अगस्त 2022 के उपलक्ष्य में दिनांक 13.08.2022 को बाइक तिरंगा रैली का आयोजन किया जायेगा। रैली में प्रतिभाग करने हेतु निम्नांकित शर्तो का अनुपालन करते हुए सर्वजन साधारण दिनांक 10.08.2022 तक अपना नामांकन कराना सुनिश्चित करें। उक्त रैली में प्रतिभाग करने अवनीश कुमार डिप्टी कलेक्टर के वाट्सएप नम्बर 8299574193 पर सम्पर्क कर रजिस्टेशन करा सकते है। प्रत्येक बाइक चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य है। यातायात नियमों का पालन करने के साथ साथ बाइक चालक व पीछे बैठने वाले व्यक्ति को हेलमेट लगाना अनिवार्य है। एक बाइक पर दो व्यक्ति रहेंगे, पीछे वाले व्यक्ति के हाथ में तिरंगा रहेगा। बाइक चालक अपना तिरंगा लाना सुनिश्चित करें, बाइक चालक को किसी प्रकार का पुरस्कार व भुगतान नहीं किया जायेगा। रैली का प्रातः 7:00 बजे किया जायेगा।

### 11.08.2022 को तिरंगा साईकिल रेस का आयोजन

पीलीभीत। सर्व जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आजादी के अमृत महोत्सव 15 अगस्त 2022 के उपलक्ष्य में दिनांक 11.08.2022 को तिरंगा साईकिल रेस का आयोजन किया जायेगा, उक्त रेस में प्रतिभाग करने हेतु जन साधारण दिनांक 09.08.2022 तक अपना नामांकन करा सकते हैं। नामांकन हेतु तनवीर अहमद डिप्टी कलेक्टर वाट्सएप नम्बर 7303166368 पर सम्पर्क कर सकते हैं। प्रतियोगिता का आयोजन गांधी स्टेडियम प्रातः 7:00 बजे किया जायेगा। उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु न्यूनतम आयु सीमा 16 वर्ष होनी चाहिए जिसमें महिला और पुरूष वर्ग प्रतिभाग करेंगे। प्रत्येक प्रतियोगी अपनी साईकिल (जिसमें तिरंगा बंधा हो) लाना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रतियोगी मर्यादित पोशक धारण करेंगे।

### ई-प्रतिज्ञा लेने हेतु अपने अधीनस्थ सभी कार्मिकों/ कार्यालयों/ प्रतिष्ठानों को निर्देशित किये जाने की अपेक्षा

पीलीभीत। स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाये जाने के उपलक्ष्य में नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरा द्वारा नशीली दवाओं के सेवन एवं दुरूप्रयोग को रोकने के लिए बेब लिंक साइट पर ''जीवन के लिए हॉ, नशीली दवाओं के लिए ना'' SAY YES TO LIFE, NO TO DRUGS शीर्षक से ई–प्रतिज्ञा mygov.in बेवसाइड पर अपलोड किया गया है। स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष पर नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव का संदेश आम जनता के प्रसारित करने के दृष्टिगत ई–प्रतिज्ञा लेने हेतु अपने अधीनस्थ सभी कार्मिकों/ कार्यालयों/ प्रतिष्ठानों को निर्देशित किये जाने की अपेक्षा की गई। उपरोक्त के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त जिला स्तरीय अधिकारीध्कार्यालयध्यक्ष को निर्देशित किया गया कि दिनांक 11.08.2022 को सभी स्कूल/कालेजों के छात्रध्दात्राओं को SAY YES TO LIFE, NO TO DRUGS- की प्रतिज्ञा दिलवाई जाये तथा सभी अधिकारी/कर्मचारी/अध्यापक उक्त के सम्बन्ध में बैव लिंक http://pledge.mygov.in/fightagainstdrugabuse/ पर ई–प्रतिज्ञा लेना सुनिश्चित करें।

### ग्राम प्रधान देवपाल से रू0 99,113 की धनराशिके वसूली के आदेश पारित

पीलीभीत। जिलाधिकारी खरे द्वारा दिनांक 24.06.2022 को ग्राम पंचायत बढैरा, बरखेडा के ग्राम प्रधान देवपाल से रू0 99,113 की धनराशिके वसूली के आदेश पारित हुये वसूली की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट मुख्य विकास अधिकारी पीलीभीत के पद नाम से वनवाकर 03 दिन के अन्दर जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराये जाने के आदेश पारित किये गये थे। परन्तु अभी तक कार्यालय में कोई बैंक ड्राफ्ट उपलब्ध नही कराया गया है। जिलाधिकारी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुये दो दिवस में ग्राम प्रधान से वसूली का बैंक ड्राफ्ट प्राप्त करते हुये जिला पंचायतराज अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।। अन्यथा की स्थिति आपके वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों पर रोक लगाते हुये अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

### डकैती की योजना बना रहे तीन को दवोचा,भेज जेल

पूरनपुर।डकैती की योजना बना रहे तीन आरोपियों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबोच लिया।तीनों के पास से असलहे बरामद कर जेल भेज दिया गया।

कोतवाली पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि नगर के रोडवेज बस अड्डे के पास खेत में कुछ डकैत घटना को अंजाम देने की योजना वना रहे हैं।इस पर पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस मुखबिर के जरिए बताए हुए स्थान पर पहुंच गई।पुलिस को देखकर खेत में बैठे आरोपी भागने लगे।इस पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेरावंदी कर तीन आरोपियों को दवोच लिया।तलाशी लेने पर उनके पास से 315 बोर तमंचा,जीवित कारतूस बरामद किए गए।पुलिस पूंछतांछ में पकडे गए तीनों आरोपियों ने अपने नाम मनदीप सिंह निवासी कालावोझ,बडे निवासी खानकहा,जुनैद निवासी शेरपुर कला वताया।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है।

### चोर समझकर संदिग्ध युवक को ग्रामीणों ने दवोचा पूछताछ पर दिलावरपुर का निकला पकड़ा गया युवक

पूरनपुर।गांव में चोर घुसने को लेकर एक संदिग्ध को ग्रामीणों ने दबोच लिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया है।पूछताछ करने पर पकड़ा गया युवक पड़ोसी गांव का निकला।लगातार बदमाशों की चहल कदमी से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है।

कोतवाली क्षेत्र में इन दिनों गांव गांव में बदमाशों का शोर है।गुरुवार की देर रात कोतवाली क्षेत्र के गांव जनकापुर में चोरों की चहल कदमी देखी गई।इसको लेकर ग्रामीण सतर्क हो गए।गांव से गुजर रहे एक युवक पर ग्रामीणों की नजर पड़ी।चोर समझ कर उन्होंने शोर–शराबा शुरू कर दिया।तमाम लोग लाठी डंडा लेकर मौके पर पहुंच गए।घेराबंदी करते हुए संदिग्ध युवक को ग्रामीणों ने दबोच लिया।वारदात को लेकर खलबली मच गई।मामले की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई।सूचना पर घुंघचाई पुलिस के अलावा डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची।पकडे गए युवक को ग्रामीणों ने पुलिस के सुपुर्द कर दिया।जानकारी लगने के बाद पकड़ा गया युवक पडोसी गांव दिलाबरपुर का निकला।जो अपने किसी काम से वापस गांव लौट रहा था।लगातार बदमाशों की चहल कदमी से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है।घुंघचाई चौकी प्रभारी मंगल सिंह ने बताया कि पकडा गया युवक पुलिस की हिरासत में है।उससे पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में पकड़ा गया युवक दिलावरपुर का है।

### मंदिर गए मां वेटे की पिटाई कर लूट लिए कुंडल

पूरनपुर।कोतवाली क्षेत्र के गांव अमरैयाकला सुखरानी रोजाना गांव में स्थित लाल बाबा मंदिर पर पूजा अर्चना करने जाती है।बुधवार की शाम महिला अपने पुत्र के साथ पूजा करने गई थी।पूजा करने के बाद वह अपने पुत्र के साथ वापस घर लौट रही थी।इसी दौरान रास्ते में उसे चार वाइक सवारों ने वाइक को लहराते हुए महिला को टक्कर मार दी।विरोध करने पर महिला की पिटाई लगाकर कुंडल लूट लिए।महिला के पुत्र ने उनको रोकने का प्रयास किया तो बाइक सवारों ने जान से मारने की नियत से उसके पुत्र पर बाइक चढाने का प्रयास किया।शोर शराबा करने पर वाइक सवार जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।वारदात को लेकर खलबली मच गई।घर पहुंच कर महिला ने परिवार के लोगो को जानकारी दी।मामले की शिकायत पुलिस से की है।कोतवाल अशोक पाल ने वताया कि मामले की तहरीर पर जांच शुरु कर दी गई है।

## जगनपुर के जंगलों में तेंदुए की आहट, फैली दहशत-पुजारी को दो दिन पहले दिखाई दिया था आदमखोर तेंदुआ,ग्रामीणों में दहशत, मौके पर पहुँची वन विभाग की टीम को नही मिला कोई सुराग

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। जगनपुर के जंगलों में तेंदुए की आहट से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। खौफ इतना है कि एक साथ कई किसान इकट्ठे होकर





अपने खेतों पर जा रहे हैं। मौके पर पहुँची वन विभाग की टीम ने पंजों के निशानों की जांच की और ग्रामीणों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। टीम तेंदुए का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा पाई है। क्षेत्र के गांव जगनपुर के ग्रामीण पिछले तीन दिनों से आदमखोर तेंदुए की आहट से खौफजदा हैं और डर के मारे अपने घरों से बाहर भी नहीं निकल रहे हैं। सबसे पहले तालाब के निकट स्थित श्रीकृष्ण मंदिर के पुजारी चरण सिंह ने तेंदुए को घूमते देखा। उन्हों ने तुरन्त ग्रामीणों को तेंदुआ होने की जानकारी दी और सभी को सतर्क रहने के लिए कहा। तेंदुए का खौफ इतना है कि ग्रामीण किसान अपने खेतों की ओर समूह बनाकर जा रहे हैं। एक दिन पहले गौतम पुत्र मोती राम ने भी तेंदुए को देखे जाने का दावा किया था,जो उत्तरांचल में स्थित पहाड़ी क्षेत्र में रोजगार के लिए गया हुआ है और छुट्टी के बाद गाँव में आया हुआ था। उसने बताया कि रास्ते से तेंदुआ सीधा खेतों में घुस गया।सूचना के बाद गाँव दहशत फैल गई। शुक्रवार की प्रातः ग्रामीण तेंदुए के तलाश में निकल पड़े,जिन्हें गाँव निकट स्थित आम के बाग के पास तेंदुआ दिखाई दिया। ग्राम प्रधान द्वारा तुरन्त वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई। जिसके बाद जंगल मे वन विभाग की ओर से उपनिरीक्षक आदित्य शर्मा तीन सदस्य टीम के साथ पहुँचे। उन्होंने जंगल मे तेंदुए के पंजों के निशान की जांच कर ग्रामीणों को सतर्क रहने को कहा है। वन विभाग की टीम जंगल में तेंदुए के पैरों के निशान के आधार पर तलाश में जुटी है। ग्रामीणों को अकेले में जंगलों की ओर न जाने की हिदायत दी गई है।

## ग्रामीणों की समस्याओं को इकरा हसन ने एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपा-ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर हठधर्मिता करने व पानी की टँकी का प्रस्ताव गलत भूमि पर कराने के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। ग्रामीणों की



समस्याओं को लेकर इकरा हसन ने एसडीएम कैराना को शिकायती पत्र देकर समस्याओं का जल्द निराकरण कराने की मांग की। शुक्रवार को चौधरी इकरा हसन के नेतृत्व में क्षेत्र के गाँव रमाडा के दर्जनों ग्रामीण तहसील मुख्यालय पहुँचे, जहाँ इकरा हसन ने उनकी समस्याओं के संबन्ध में एक शिकायती पत्र एसडीएम कैराना शिव प्रकाश यादव को सौंपा। शिकायती पत्र में कहा गया है कि शासन की ओर से गाँव में पानी की टंकी स्वीकृत की गई है,जिसे ग्राम प्रधान हठधर्मिता के चलते पथवाड़े की भूमि पर लगाना चाहता है,जबकि यह भूमि ग्रामीणों के लिए आरक्षित है। पूर्व प्रधानपति मोमिन ने बताया कि 6 लेंड की भूमि पर प्रस्ताव भेजा दिया गया है, जो नियमानुसार नहीं है,जबकि नवीन परती की भूमि खसरा नम्बर 367 रकबा 0.1550 हैक्टेयर मौजूद है, जो वर्तमान में खाली पड़ी हुई है। इस दौरान नसीम,यासीन,अनीस, गुल बहार, परवेज, नदीम, जाहिद व गफ्फार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## पानी की निकासी न होने पर ग्रामीणों में उबाल, की शिकायत दर्जनों महिला पुरुष ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पर एकत्रित होकर एसडीएम कैराना को शिकायती पत्र सौंपा

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। पानी की निकासी न होने पर दर्जनों महिला पुरुषों ने तहसील मुख्याल पहुँचकर



एसडीएम कैराना को शिकायती पत्र सौंपा शुक्रवार की प्रातः क्षेत्र के गाँव बीनडा के दर्जनों महिला–पुरुष ग्रामीण ग्राम प्रधान ईश्वर पाल के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पहुँचे और पानी की निकासी न होने पर शिकायती पत्र एसडीएम कैराना शिवप्रकाश यादव को सौंपा। शिकायती पत्र में बताया गया है कि गाँव में बाइपास रोड का निर्माण किया जा रहा है, जिसके बराबर में नाले का निर्माण हो रहा था। ग्रामीणों का आरोप है कि बाईपास रोड का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है,जिस कारण नाले का भी निर्माण रुका हुआ है। नाले का निर्माण अधर में लटका होक के कारण गाँव के पानी की निकासी नहीं हो रही है,जिस कारण गन्दा पानी गलियों में भरा हुआ है और आने–जाने में परेशानी हो रही है। एसडीएम ने समस्या का जल्द निराकरण कराने का आश्वासन दिया है। शिकायती पत्र विनोद,शिव कुमार,रमेश, सोहनपाल,सचिन, राजकुमार, पंकज,कुसुम, देवी, शकुंतला,शीला,प्रकाश, नेत्रपाल सहित दर्जनों लोगों के हस्ताक्षरयुक्त है।

## चोरी की पिकअप के साथ दो वाहन चोर गिरफ्तार

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बाईपास खुरगान रोड से मेरठ क्षेत्र से चोरी की गई पिकअप गाड़ी के साथ दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए नगर के बाईपास खुरगान रोड से दो वाहन चोरों वसीम पुत्र अय्यूब निवासी गाँव खुरगान व जुनैद पुत्र मतलूब निवासी गाँव अकबरपुर सुन्हेटी को चोरी की पिकअप गाड़ी संख्या डीएल 1 एल ए सी 0502 के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों शातिर पुलिस टीम को गुमराह करते रहे, जब उनसे गाड़ी के कागजात दिखाने को कहा गया तो उन्होंने पूरी कहानी बयान कर दी। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि गाड़ी को पानीपत बेचने के लिए ले जाया जा रहा था और 24 जुलाई को इसे मेरठ क्षेत्र के गाँव से चार लोगों द्वारा चोरी किया गया था।तलाशी के दौरान दोनों के कब्जे अवैध धारदार हथियार भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोनों को न्यायालय में पेश किया है, जहां से न्यायियक हिरासत में उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## शामली जिला कांग्रेस अध्यक्ष टीम के साथ दिल्ली 24 अकबर रोड कांग्रेस मुख्यालय पर गिरफ्तार



दैनिक अयोध्या टाइम्स दिल्ली में महंगाई व व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में 24 अकबर रोड, कांग्रेस मुख्यालय नई दिल्ली में देशव्यापी प्रदर्शन के कार्यक्रम के दौरान शामली के कांग्रेसियों को जबरजस्ती गिरफ्तार किया गया तथा मंदिर मार्ग थाना नई दिल्ली मे लाया गया।

यहां लाकर कांग्रेस पार्टी शामली के 10 कार्यकर्ताओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। कांग्रेस यूवा प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा सींगरा व जिलाध्यक्ष दीपक सैनी के नेतृत्व में जनपद शामली के कांग्रेसी महंगाई के विरुद्ध गांधी वादी तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे।किंतु भाजपा की पुलिस द्वारा कार्यकर्ताओं की आवाज को दबाने का काम करते हुए गिरफ्तार करके कार्यकर्ताओं को जबरदस्ती गाड़ी में बैठाकर मंदिर मार्ग थाने में लाया गया तथा बंद करते हुए मुकदमा दर्ज करा दिया गया। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि दिल्ली पुलिस द्वारा बहोत ही घटिया रवैया अपनाया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक सैनी ने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस केंद्र सरकार के इसारे पर काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी तब नही झुकी थी जब देश में ब्रिटिश शासन था। कांग्रेस नेता अशवनी



शर्मा सींगरा ने बताया कि एक प्री प्लान के तहत कांग्रेस पार्टी के नेताओं को माईण्डली ट्रार्चर किया जा रहा है।

केंद्र सरकार विपक्ष को खत्म कर देना चाहती है।आये दिन कांग्रेस नेताओं के विरुद्ध मुकदमे दर्ज किये जा रहे हैं। ईडी का डर दिखाकर जनता की आवाज को दबाया जा रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक सेनी, यूवा प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा सींगरा, प्रदेश सचिव लव कश्यप, प्रदेश महासचिव शिक्षक प्रकोष्ठ निर्भय सिंह, अय्यूब जंग, राजेन्द्र गोल्डी, सुधीर मंगलोरा, अनवर गुर्जर कांधला, अमित, शुभम शर्मा आदि को गिरफ्तार किया गया।

## चोरी के आभूषण खरीदने वाला सर्राफ चढ़ा सीआईए के हत्थे

- –हरियाणा पुलिस ने साथ लेकर आई आरोपी की निशानदही पर सर्राफ के यहां से सोने के दो आभूषण किए बरामद
- (रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना



संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। जनपद पानीपत की सिद्धार्थ नगर कालोनी में हुई चोरी की घटना में शामिल आरोपी को साथ लेकर उसकी निशानदही पर सीआईए टू की टीम ने कस्बे में सर्राफ के यहां दबिश देकर उसे पकड़ लिया और मौके से सोने के दो आभूषण बरामद किए। टीम कोतवाली से सर्राफ को अपने संग ले गई। कार्रवाई से नगर में हड़कंप मचा रहा। शुक्रवार को सीआईए 2 की टीम एएसआई जयबीर राणा के नेतृत्व में चोरी के आरोपी को अपने साथ लेकर कैराना पहुँचीं और उसकी निशानदही पर नगर में स्थित एक सर्राफ की दुकान पर दबिश डाली। टीम ने मौके से चोरी हुए सोना चांदी के आभूषणों में से दो जेवर नग व टीका बरामद किया। साथ ही चोरी के आभूषण खरीदने वाले सर्राफ विशाल को भी हिरासत में लेकर कैराना कोतवाली ले आई। सूचना मिलते ही सर्राफ यूनियन के लोग कोतवाली पहुँचे और घटना के संबन्ध में जानकारी जुटाई। इस दौरान कोतवाली में भीड़ लगी रही और हिरासत में लिए सर्राफ को छुड़ाने के लिए सीएएब 2 की टीम से





सांठगांठ होती रही। लगभग एक घण्टे बाद उसे लेकर कोतवाली से निकल गई। बताया जाता है कि सिद्धार्थ नगर में पिछले दिनों हुई चोरी के आरोप में नगर के मोहल्ला गुलशन नगर निवासी दंपति को हिरासत में लिया गया था,जिसकी निशानदही पर कैराना में छापेमारी की गई है।पूछताछ में सर्राफ ने टीम को बताया कि बरामद आभूषणों को गिरवी रखा गया था,लेकिन सर्राफ उसका कोई प्रमाण नहीं दिखाया पाया।इस दौरान कुछ दलालरूपी लोग भी कोतवाली में सक्रिय भूमिका निभाते देखे गए, जो सांठगांठ कराकर मामले को रफादफा करने के प्रयास में जुटे हुए थे,लेकिन टीम सर्राफ को लेकर कोतवाली से निकल गई।

## आजादी के अमृत महोत्सव के प्रति छात्राओं ने रैली निकालकर किया जगरूक

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। सेन्टआरसी साईंटिफिक कान्वेंट स्कूल जे छात्र एंव छात्राओं द्वारा तिरंगा रैली निकालकर आजादी अमृत महितसव तिरंगा रैली निकालकर जागरूक किया गया।शुक्रवार को विद्यालय के छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक आन–बान –शान के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। सभी छात्र –छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर फहराया तथा हर घर तिरंगा फहराने हेतू समाज को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। इस दौरान विद्यालय डायरेक्टर यशपाल पंवार ने छात्र –छात्राओं को तिरंगा फहराने के नियम सविस्तार समझाये तथा देश प्रेम भावना से ओत –प्रोत होकर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रधानाचार्य यशस्वी पंवार ने भी छात्रों को आजादी के अमृत महोत्सव के महत्व को समझाते हुए भारत सरकार द्वारा चलाये गये हर घर तिरंगा फहराने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रशान्त शर्मा, इमरान अली, अमित गर्ग, विवेक चौहान आदित्य सिंह, मोहित गर्ग लोकेन्द्र



सिंह, अजीत चौहान अजेन्द्र सिंह , अमित तोमर नितिन चौहान, कल्पना तोमर, संध्या शर्मा , उषा अग्रवाल , मरियम, नेहा, शिवानी, ममता, समरीन सहित मीडिया प्रभारी प्रदीप कौशिक मौजूद रहे।

## जो अल्लाह के दीन की नुसरत करेगा तो अल्लाह उसकी मदद करेगा

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। इमामबाड़ा मिर्जा मोहम्मद जफर बेग में पांचवी मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना तालिब हुसैन ने कहा कि अपने को आमादा करो जो अल्लाह के दीन की नुसरत करेगा तो अल्लाह उसकी मदद करेगा। यह अल्लाह का वायदा हैं। नुसरत दीन इलाही के लिए ईमान के साथ मारफत जरूरी हैं और कुरान से बावस्तग भी जरूरी हैं। इमाम हुसैन ने जब हबीब इब्ने मजाहिर की शहादत की खबर सुनी तो फरमाया यह मेरा वह साथी था जो एक रात में पूरे कुरान की तिलावत करता था। शबे आशूर हुसैन के खैमों से तिलावत और मुनाजात की आवाजे इस तरह बुलन्द थी जैसे शहद की मक्खियों की आवाजे इनके छत्ते से बुलन्द होती हैं। राह खूफा व शाम में नौ नेजों को बुलन्दी से सरे हुसैन का तिलावत कुरान करना यह वह नमूने हैं जो हुसैन और अंसार हुसैन को कुरान से बावस्तगी की दलील हैं। हुसैन जो आवाज इस्तेगासा बुलन्द की ओर नुसरत के लिए पुकारा था लब्बेक या हुसैन इसी इस्तेगासे का जवाब हैं। ए हुसैन हम हाजिर हैं हम नुसरत दीन इलाही के लिए हर तरह की कुर्बानी के लिए तैयार हैं। जब इनके सामने आयात इलाही की तिलावत होती हैं तो इनके ईमान में इजाफा होता हैं। कर्बला के शहीदों का पैगाम हैं कि नुसरत इलाही के लिए किसी भी किस्म की कुर्बानी से परहेज न करो। अदल व इंसाफ के कयाम के लिए जुल्म का डटकर मुकाबला करो इमाम हुसैन का यह पैगाम हैं हक हमेशा कामयाब हैं बातिल को मिट जाना हैं।

मजलिस से पहले नौजवान सौज ख्वान मिर्जा तकी अब्बास ने अपनी पुरसोज आवाज में इमाम हुसैन और उनके बहत्तर जा निसारों को नजराना अकीदत पेश किया। तबरेज आबदी ने नौहा पढ़ा। मजलिस में मुजतबा आबदी, रजा अब्बास, मिर्जा मुजतबा अली बेग, मिर्जा एहतेशाम, इकबाल मेंहदी, मोहसिन हुसैन, शब्बर हुसैन, राशिद



हुसैन, नजमी आदि मौजूद थे।

## ताजिये वाले रूटों पर जर्जर तारों को बदलने का काम शुरूः भीष्म कुमार

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। मोहर्रम त्यौहार को लेकर जिला प्रशासन के साथ–साथ अब रामपुर का विद्युत विभाग भी पूरी तरह एक्टिव मोड में नजर आ रहा हैं। मोहर्रम के जुलूस व ताजिये निकलने वाले स्थानों का एक्सईन प्रथम भीषम कुमार तोमर ने सिटी मजिस्ट्रेट के साथ बारीकी के साथ मुआयना किया ताकि किसी भी ताजियदार को कोई दिक्कत न हो। थाना सिविल लाइन क्षेत्र स्थित इमामबाड़ा वाले रूट पर एक्सईन भीष्म कुमार तोमर व सिटी मजिस्ट्रेट ने बारीकी के साथ मुआयना किया। जिन स्थानों पर विद्युत तार जर्जर हालत में हैं उनको बदला जायेगा वहीं जो विद्युत तार नीचे नजर आ रहे हैं उनको ऊपर किया जायेगा ताकि ताजिये निकलते समय किसी ताजियदार को कोई दिक्कत न हो। एक्सईन भीष्म कुमार ने बताया कि एसडीओ विनय कुमार व विद्युत विभाग की टीम के साथ सिटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में थाना सिविल लाइन क्षेत्र स्थित इमामबाड़ा वाले रूट का बारीकी के साथ निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान में जिन रूटों से ताजिये निकलने हैं उन रूटों पर जर्जर विद्युत तारों को बदलने का काम शुरू कर दिया गया हैं वहीं जो विद्युत तार ताजिये लग सकते हैं



उनको ऊपर किया जा रहा हैं। उन्होने कहा कि मोहर्रम त्यौहार पर ताजियदारों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो इसके लिए विद्युत विभाग पूरी मुस्तैदी के साथ काम कर रहा हैं ।

वहीं आगामी त्यौहारों को शहर के बाशिंदों को निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाये इसके लिए प्रयास किये जा रहे हैं।

## जिला युवा कल्याण अधिकारी जय सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को खेल कूद के लिए प्रोत्साहित करने के लिए 11 अगस्त से प्रतियोगिता का आयोजन शुरू

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। जिला युवा कल्याण अधिकारी जय सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को खेल कूद के लिए प्रोत्साहित करने के लिए 11 अगस्त से प्रतियोगिता का आयोजन शुरू हो रहा हैं।

जय सिंह ने बताया कि जनपद स्तरीय युवा उत्सव के आयोजन के लिए युवा उत्सव में प्रतिभाग करने वाले युवाओं व कलाकारों का विभागीय पोर्टल पर आन लाइन पंजीकरण शुरू हो चुके हैं। जनपद स्तर पर युवा उत्सव का आयोजन 11 अगस्त को सुबह दस बजे से ब्लाक सभागार चमरौआ में कराया जायेगा। युवा उत्सव के लोक नृत्य, लोकगीत, एकांकी, सितारवादन, बासुरीवादन, तबलावादन, गिटारवादन आदि विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। प्रतिभागियों की आयु 12 जनवरी 2023 को 15 से 29 साल के मध्य होना अनिवार्य हैं। प्रतिभागियों को साज–वाज का सामान स्वयं लाना होगा।



# संक्षिप्त समाचार

### मजलिस में मसायब -ए-इमाम हुसैन पढ़े गए-इमाम बारगाह खुर्द में हुई मजलिस में इमाम हुसैन के बाटे जनाबे कासिम की शहादत को याद कर मौजूद सोगवारों की आँखें हुई नम

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। इमाम बरगाहों में मजलिसों का दौर जारी है,जिसमें सोगवार हजरत इमाम हुसैन को याद कर आँखें नम कर रहे हैं। शुक्रवार को नगर के इमाम बारगाह कलां में मजलिस का आयोजन किया गया। इस दौरान



अल्हाज अली हैदर जैदी द्वारा मरसिया ख्वानी की गई। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना इकरार हुसैन व मौलाना रजी बिस्वानी ने हजरत इमाम हुसैन के बेटे जनाबे कासिम की शहादत पर रोशनी डाली और उनकी शहादत को याद किया गया।इस दौरान मजलिस में मौजूद सोगवारों की आँखें नम हो गई। मजलिस में अल्हाज कौसर जैदी,शबाब हैदर जैदी,सरवर हुसैन,रईस हैदर जैदी, कुर्रतूलऐन मेहदी, सय्यद मौहम्मद, शारिब हुसैन,शबी हैदर,नातिक अब्बास मौहम्मद अली,मौहसिन हुसैन अब्बास अली,रजी हैदर जैदी आदि सैंकड़ों सोगवार मौजूद रहे।

### लेखपाल संघ शाखा कैराना के अध्यक्ष निर्वाचित हुए शमशेर सिंह

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के चुनाव शान्तिपूर्वक संपन्न हुआ,जिसमें शमशेर सिंह अध्यक्ष, सहसचिव अकबर अली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मुजककिर अली को निर्वाचित घोषित किया गया। शुक्रवार को तहसील मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ का वार्षिक चुनाव प्रातः लगभग दस बजे शुरू हुआ और चुनाव अधिकारियों रोहित मलिक, योगेंद्र राणा व दिलशाद अली की देखरेख में शान्तिपूर्वक व निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराया गया,जिसमें 13 मत लेकर शमशेर सिंह अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किए गए, जबकि उनके प्रतिद्वंदी अमित गुलिया को 12 मत प्राप्त हुए।वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मुजककिर खान,कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शरद भरद्वाज,सचिव पद पर पंकज चौहान,सहसचिव पद पर अकबर अली,कोषाध्यक्ष पद पर सचीन कुमार को निर्वाचित घोषित किया गया, जबकि ऑडिटर पद पर भगत सिंह निर्विरोध चुने गए।

### पानी की निकासी न होने पर ग्रामीणों में उबाल, की शिकायत-दर्जनों महिला पुरुष ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पर एकत्रित होकर एसडीएम कैराना को शिकायती पत्र सौंपा

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। पानी की निकासी न होने पर दर्जनों महिला पुरुषों ने तहसील मुख्याल पहुँचकर एसडीएम कैराना को शिकायती पत्र सौंपा।

शुक्रवार की प्रातः क्षेत्र के गाँव बीनडा के दर्जनों महिला–पुरुष ग्रामीण ग्राम प्रधान ईश्वर पाल के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पहुँचे और पानी की निकासी न होने पर शिकायती पत्र एसडीएम कैराना शिवप्रकाश यादव को सौंपा। शिकायती पत्र में बताया गया है कि गाँव में बाइपास रोड का निर्माण किया जा रहा है, जिसके बराबर में नाले का निर्माण हो रहा था। ग्रामीणों का आरोप है कि बाईपास रोड का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है,जिस कारण नाले का भी निर्माण रुका हुआ है। नाले का निर्माण अधर में लटका होक के कारण गाँव के पानी की निकासी नहीं हो रही है,जिस कारण गन्दा पानी गलियों में भरा हुआ है और आने–जाने में परेशानी हो रही है। एसडीएम ने समस्या का जल्द निराकरण कराने का आश्वासन दिया है। शिकायती पत्र विनोद,शिव कुमार,रमेश, सोहनपाल,सचिन, राजकुमार, पंकज,कुसुम, देवी, शकुंतला,शीला,प्रकाश, नेत्रपाल सहित दर्जनों लोगों के हस्ताक्षरयुक्त है।

### राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद दुष्यंत कुमार गौतम से दिल्ली स्थित उनके सरकारी आवास पर मुलाकात

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के क्षेत्रीय सेवा प्रमुख के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद दुष्यंत कुमार गौतम से दिल्ली स्थित उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की।



उन्होंने रामपुर लोकसभा उपचुनाव में ऐतिहासिक जीत पर रामपुर की जनता, भाजपा की जिला टीम और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और उन्हें बधाई दी।

उन्होंने कहा कि देवतुल्य कार्यकर्ताओं की बदौलत ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं को संगठन के कार्यक्रमों के माध्यम से जन–जन तक केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों को पहुंचाने का काम करना हैं। भाजपा सरकार के लिए नहीं जनता के लिए काम करती हैं यह भी बताया जाए। भाजपा सरकार द्वारा आठ सालों में किये गए विकास कार्य और वर्तमान में चल रही निरंतर विकास की गतिविधियों को आम लोगों तक पहुंचाना प्राथमिकता में होना चाहिए। राज्य में केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी आमजन को अवगत कराना होगा। सभी कार्यकर्ताओं को केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुँचाना हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान पीएम नरेंद्र मोदी भारत के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री हैं। इसका कारण उनके द्वारा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किए जा रहे काम हैं। इस मौके पर पूर्व मंत्री डा. रामबाबू हरित, फैसल मुमताज, मोहम्मद कय्यूम खान, अब्दुल्ला चौधरी, हाजी दुलेहजान अल्वी, त्रिलोकी सिंह आदि मौजूद थे।

### रेडिको खेतान द्वारा समय-समय पर समाज सेवी कार्यो में भाग लेकर लोगों की मदद करने से नहीं चूकती

दैनिक अयोध्या टाइम। रामपुर। रेडिको खेतान द्वारा समय–समय पर समाज सेवी कार्यो में भाग लेकर लोगों की मदद करने से नहीं चूकती हैं। रेडिको खेतान लि. द्वारा गरीबों को मदद करने के साथ–साथ स्कूली



बच्चों का भी उत्सावर्धन करती रहती हैं। राजकीय आश्रम पद्वती इंटर कालेज में पढ़ाई कर रहे बच्चों को योगा से जोडने तथा इसके लिए उनके संसाधनों को बढ़ाने के दृष्टि से रेडिको खेतान लि. की ओर से सौ स्कूली बच्चों को योगा मैट प्रदान की गई। रेडिको खेतान के जनरल मैनेजर इंद्रपाल सिंह ने कालेज पहुंच कर बच्चों को मैट वितरित की। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार सक्सैना ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को नियमित रूप से योगा कराया जाता हैं तथा रेडिको खेतान की ओर से बच्चों को प्रदान की गई। योगा मैट से बच्चोंमें योगी के प्रति और अधिक उत्साह आयेगा। इस मौके पर इंद्रपाल सिंह ने बताया कि इस भागदौर की जिन्दगी में आज हम अपने शरीर पर ध्यान बिल्कुल नहीं दे पा रहे हैं ऐसे में हमारा शरीर और मस्तिष्क दोनों पर विपरीत असर पड़ रहा हैं ऐसे में योग करके हम अपने शरीर व मस्तिष्क दोनों को नियमित रूप से सही रख सकते हैं। बच्चों में प्रतिभाओं की कमी नहीं हैं इसलिए उनको अपना शरीर बिल्कुल तंदुरूस्त रखने के लिए हर दिन योग करना जरूर चाहिए इसी को देखते हुए योग मैट का वितरण किया गया हैं। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर अवनीत कुमार, आरके शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार विमल आदि मौजूद थे।

## किरतपुर मे एम जी एम पी मुस्लिम इण्टर कालेज मे अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर जनता जागरूक कार्यक्रम आयोजित किया गया



दैनिक अयोध्या टाइम्स सवाददाता शरीफ मलिक किरतपुर। एम जी एम पी मुस्लिम इंटर कॉलेज किरतपुर जिला बिजनौर में अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर झंडा जागरुकता कार्यक्रम पूरे जोर शोर से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रधानाचार्य कैप्टन एम एम नामी ने की तथा संचालन अँग्रेजी अध्यापक नवेद अहमद ने किया। आज आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियो को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के विषय में जागरूक किया गया तथा उन्हें बताया गया कि वह अपने मोहल्ले तथा गांव में इसके प्रति जागरूकता बढ़ाएं और लोगों को घर पर तिरंगा फहराने और अमृत महोत्सव के विषय में विस्तार से समझाएं। आज के कार्यक्रम में एनसीसी ऑफिसर महफूज अली आशकार आलम तथा स्काउट टीचर फिरोज अहमद गेम्स टीचर यूनुस हुसैन आदि ने अपने बच्चों को विशेष रूप से इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा इसमें पूरी तरह से भाग लेने के लिए आश्वस्त किया। प्रधानाचार्य ने इस अवसर पर बच्चों को झंडे के प्रति सम्मान तथा इसको रखने का तरीका तथा इसके आदर के बारे में विशेष ध्यान दीजिए। आज के इस कार्यक्रम में मोहम्मद हारुन ,अजहर महमूद, निजाम उल हक, मोहम्मद वसीम ,बिलाल , महमूद आलम, जावेद अहमद ,अंसार अहमद, शोएब अख्तर ,फिरोज अहमद आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## अफजलगढ़ क्षेत्र के मनियावाला में इनवर्टर के करंट की चपेट में आकर 16 वर्षीय युवती की मौत परिजनों में कोहराम



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो बिजनौर अफजलगढ़। गांव मानियावाला में इन्वर्टर के करंट की चपेट में आकर एक 16 वर्षीय युवती की करंट लगने से मौत हो जाने पर परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली नगीना क्षेत्र के मोहल्ला लुहारी सराय निवासी दीपा पत्नी महेंद्र सिंह अपनी 16 वर्षीय पुत्री महक के साथ अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव मानियावाला अपने भाई विनोद के यहां जहार दीवान पूजा के लिए दो दिन पूर्व आई हुई थी। शुक्रवार की सुबह 11 बजे के करीब अपने मामा विनोद के घर पर साफ सफाई का कार्य कर रही थी। सफाई के दौरान इन्वर्टर के करंट की चपेट में आकर युवती इन्वर्टर से चिपक गई परिजनों ने देखा तो चीख निकल गई। रोने बिलखने पर आस पड़ोस के लोग आ गए। परिजन आनन फनन में युवती को पीएचसी कासमपुरगढ़ी ले गए जहां उसकी गंभीर अवस्था के चलते उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। परिजन युवती को जसपुर ले गए जहां चिकित्सक ने युवती महक को मृत घोषित कर दिया मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।



## गांव आलमपुर गांवड़ी में ग्राम स्तरीय सर्वे सट्टा प्रदर्शन गोष्ठी आयोजित

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो बिजनौर अफजलगढ़। गांव आलमपुर गांवड़ी में ग्राम स्तरीय सर्वे सट्टा प्रदर्शन गोष्ठी आयोजित कर किसानों को मोबाईल द्वारा घोषणा पत्र भरने तथा दाखिल करने सहित अन्य विषयों का प्रशिक्षण दिया गया। शुक्रवार को गांव आलमपुर गांवड़ी में ग्राम स्तरीय सर्वे सट्टा प्रदर्शन गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कृषकों को आन लाइन घोषणा पत्र भरने तथा आनलाइन नये सदस्य के लिए आवेदन करने के बारे में बताया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि डॉ वी. बी सिंह संयुक्त गन्ना आयुक्त समिति नोडल अधिकारी मुरादाबाद,उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद अमर सिंह,जिला गन्ना अधिकारी पीएन सिंह, चीनी मिल अफजलगढ़ के अध्यासी एसपी सिंह,गन्ना विकास परिषद के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक, सहकारी गन्ना समिति अफजलगढ़ के सचिव साहब सिंह, मुख्य गन्ना प्रबंधक अजय कुमार ढाका,शिव स्वरूप सिंह,अनील कुमार सिंह,कृषक नत्थू सिंह तथा हरिराज सिंह ने प्रतिभाग किया। गोष्ठी में उपस्थित मुख्य अतिथि डॉ वी.बी सिंह संयुक्त गन्ना आयुक्त समिति नोडल अधिकारी मुरादाबाद ने स्टाफ तथा कृषकों को सर्वे सट्टा प्रदर्शन के बारे में विभागीय निदेर्शों के अनुसार प्रदशर्न सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये तथा आन लाइन घोषणा पत्र भरने व आन लाइन नये सदस्ये के लिए आवेदन फार्म भरने के लिए आवश्यक जानकारी दी गयी। कृषकों से अपना सट्टा देखने के साथ साथ गाटा भी देखने के बारे में जानकारी दी। गोष्ठी में



महिला समूह भज्जावाला व जागृति महिला समूह को चीनी मिल अफजलगढ़ द्वारा अच्छा कार्य करने पर सम्मानित किया गया। अन्त में सचिव साहब सिंह सत्यार्थी द्वारा उपस्थित सभी कृषकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## डौकी के ग्राम हिंगोट खेड़िया में वृद्धा ने लगाई आवास की गुहार

संवादाता सभा जीत बर्मा आगरा फतेहाबाद। डौकी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हिगोट खेड़िया के गांव नगला सवला में अपनी जिंदगी के काफी लंबा समय कच्चे मकान एवं तिरपाल के नीचे बिता चुकी वृद्धा ने आवास की गुहार लगाई है। ग्राम हिंगोट खेरिया निवासी 70 वर्षीय रामश्री का कहना है कि इस कच्चे मकान में अपनी ससुराल आई थी तब से अभी भी कच्चे मकान में एक त्रिपाल तान कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। प्रधान से लेकर सांसद और विधायको ने अभी तक इस गरीब परिवारों की नहीं सुनी। ग्राम प्रधान गंगा प्रसाद सिंह जब विकास कार्य एवं आवास के बारे में जानकारी की चाहिए तो प्रधान द्वारा शासन द्वारा पैसा न भेजना बताया गया। 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला रामश्री ने जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी आगरा से प्रधानमंत्री आवास मुहैया कराए जाने की मांग की है।

## भारतीय जनता पार्टी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम को लेकर हर घर चलेगा तिरंगा अभियान

दैनिक आयोध्या टाइम्स ब्यूरो बिजनौर अफजलगढ़। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम को लेकर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने को लेकर शाक्ति केन्द्र अफजलगढ़ कार्यालय पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा बिजनौर के जिलाध्यक्ष मलकीत सिंह व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एडवोकेट ने क्षेत्र में भव्य रूप में मनाए जाने को बूथ स्तर पर भाजपा कार्यकर्ताओं की अहम बैठक हुई। मुख्य अतिथि मलकीत सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी तैयारियां पूरी करने की अपील की। शुक्रवार की शाम नगर के मौहल्ला नेजो सराय में शाक्ति केन्द्र पार्टी कार्यालय में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा बिजनौर के जिलाध्यक्ष मलकीत सिंह ने कहा कि इस राष्ट्रीय कार्यक्रम को सफलत बनाने के लिए संगठन और सरकार ने योजना बनाई है, जिसमे संगठन के कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक हर घर पर तिरंगा फहराना है। उन्होंने कहा की भाजपा एक विचार पर चलने वाला संगठन है जो व्यक्ति पर आधारित नहीं है। हर कार्यकर्ता विचार के साथ जुड़े और समाज के हर वर्ग को जोड़े। हर घर तिरंगा अभियान को लेकर 9 से 11 अगस्त तक होर्डिंग्स के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। जबकि 11 से 13 अगस्त तक शोभा यात्रा रघुपति राघव राजा राम, बंदेमातरम गाकर नगर व सार्वजनिक स्थानों पर समूह में निकाले जाएंगे। 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा लगाएं। कार्यक्रम की विस्तृत रूप रेखा रखते हुए उन्होंने संयोजक मंडल से कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ समाज के हर वर्ग को अभियान से जोड़े। बैठक में चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एडवोकेट ने अध्यक्षता करते हुए मलकीत सिंह का स्वागत किया। साथ ही कार्यक्रम की सफलता का भरोसा दिलाया। बैठक में चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एडवोकेट ने बैठक का कार्यवृत्त लेते हुए कार्यकर्ताओं को उचित मार्ग निर्देशन दिए। बैठक में इस अवसर पर पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष मनोज विश्नोई के अलावा भाजपा नेता यतीश आर्य,वसीम अंसारी,सभासद अफजाल अंसारी एडवोकेट,बाबा आलम भंडारी,कुलदीप सिंह, हनीफ चौधरी, छिद्दू ठेकेदार, मेहफूज अहमद, जावेद सैफी, अजीमुद्दीन माहीगीर,मेहर आलम एडवोकेट,हकीम अनीश अंसारी तथा फैसल अंसारी आदि उपस्थित रहे।



## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देश में हो रही महंगाई के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकी। नगीना कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगीना एसडीएम शैलेंद्र कुमार को महंगाई के विरोध में राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा जिसमें कहा गया कि देश की जनता महंगाई व बेरोजगारी की मार से बहुत परेशान है। आवश्यक वस्तु की कीमतों में वृद्धि हो गई है। पेट्रोल डीजल रसोई गैस की कीमतो में केंद्र सरकार लगभग हर माह हर हफ्ते हर दिन बढ़ोतरी करने से देश की जनता बहुत परेशान हो रही है तथा आवश्यक वस्तुओं की वृद्धि हो रही है विपक्ष का जो भी व्यक्ति किसी भी मुद्दे पर अपनी आवाज उठाता है तो उसे देशद्रोही मानकर उसके ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाती है यही नहीं अभी हाल ही में सरकार द्वारा आटा दाल चावल दूध दही आदि वस्तुओं पर 5: जीएसटी लगाई गई है हॉस्पिटल में मरीजों के रहने वाले कमरों तथा रोजमर्रा के इस्तेमाल आने वाले एलईडी लैंप तक पर जीएसटी लगा दिया गया है। सरकार द्वारा विकास की ओर ध्यान न देकर देश के विभिन्न वर्गों में नफरत फैलाने का काम कर कर रही है क्योंकि जिससे देश की जनता महंगाई बेरोजगारी स्वास्थ्य शिक्षा आदि के बारे में कोई आवाज ने उठा सके और यह सरकार धार्मिक विवादों जैसे मस्जिद मंदिर हिंदू मुसलमान मामलों में ही उलझा रहे इसलिए आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर प्रदेश के प्रत्येक विकास खंड द्वारा प्रत्येक नगर के कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा शांतिपूर्ण प्रदर्शन कार्यक्रम किया गया नगर कांग्रेस कमेटी नगीना द्वारा तथा ब्लॉक कोतवाली कमेटी महामहिम राष्ट्रपति से इस ज्ञापन के माध्यम से जनहित में मांग करती है कि प्रदेश और केंद्र सरकार द्वारा जनता के उपयोग में रोज आने वाली वस्तु में मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण किया जा सके इस मौके पर मोहम्मद असलम बाबू डूंगर सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष बिजनौर मुफ्ती मनीष हुसैन नगीना आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में कार्यक्रम किया आयोजित



दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील प्रभारी राधा रानी। चांदपुर फादरसन पब्लिक स्कूल स्याऊ चाँदपुर में आज "हर घर तिरंगा अभियान" के सम्बंध में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य विनीत कुमार ने सभी छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 13 अगस्त से 15 अगस्त तक पूरे देश में पूरे उत्साह और उमंग के साथ भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे "हर घर तिरंगा अभियान" के बारे में जानकारी दी तथा झंडा लगाने और फहराने के नियमों के बारे विधार्थियों को अवगत कराया। साथ ही सभी से इस अभियान में पूरे दिल से सहभागी होने की अपील की।इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती आभा सिंह ने बच्चों को संबोधित कर कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी देशवासियों से इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया है। आइए हम सभी अभियान के अंतर्गत अपने घरों पर तिरंगा लगाएँ, ताकि हमारी भावी पीढ़ियों में राष्ट्र प्रेम का भाव जागृत हो सके।

तिरंगा हमें जोड़ता है, हमें देश के लिए कुछ करने के लिए प्रेरित करता है।

उन्होंने कहा कि "हर घर तिरंगा अभियान" तिरंगे के प्रति हमारी श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक है। यह अभियान पूरी दुनिया के लिए एक संदेश है कि भारत का हर नागरिक हमारे संविधान निर्माताओं की कल्पना और अपेक्षाओं के अनुसार भारत की समृद्धि, सुरक्षा और संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए एकजुट होकर काम कर रहा है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ने अभियान के सम्बंध में जानकारी देते हुए कहा कि देश की एकता, अखंडता और प्राचीन संस्कृति का प्रतीक भारतीय राष्ट्रीय ध्वज देशवासियों में सदैव देश के प्रति प्रेम–समर्पण की भावना जागृत करता हैं।

इस अवसर पर सभी ने हर घर तिरंगा अभियान में बढ़–चढ़कर कर भाग लेने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षकों में संजीव सहारावत, सुनीता वर्मा, कंचन लता, कपिल चौधरी, मौ० अजहर, मौ० शौएब, नवनीत कुमार, शौर्य प्रताप सिंह, संदीप सिंह, प्रशांत शर्मा,तुषार जनेजा आदि उपस्थित रहे।

## आस्था या अंधविश्वास,6 दिन पूर्व दफनाये संत को खोदने का प्रयास

- हजारो की भीड मोके पर पहुची जिंदा करने पहुचे राजस्थान के संत पुलिस ने नही होने दी खुदाई

संवादाता हिमांशू गुप्ता पिनाहट। थाना पिढौरा के गांव जोर मे 6 दिन पूर्व सांप काटने से हुई मृत्यु के बाद शव को दफनाया दिया गया।किन्तु गुरूवार संत के एक स्वजन को आये सपने के बाद शुक्रवार सुबह संत शरीर को जमीन से निकालकर जिंदा करवाने के लिये हजारो की भीड इकठ्ठी हो गयी।मोके पर सीओ पिनाहट भी पहुच गये। राजस्थान से पहुचे एक संत व लोगो ने शव को बाहर निकालने का प्रयास तो बहुत किया।किन्तु पुलिस के आगे किसी की एक न चली। थाना पिढौरा के गांव जोर स्थित झगोली वाली माता मंदिर पर रहने वाले संत राघवानंद जी महाराज की करीब 6 दिन पूर्व 31 जुलाई को सांप पकडने के दौरान सांप के काटने से मौत हो गयी।जिसे मंदिर परिसर मे ही दफनाकर अंतिम संस्कार कर दिया गया। संत की मृत्यु के 6 दिन बाद शुक्रवार को हजारो लोगो की भीड आश्रम पर पहुच गयी।लोग संत को समाधि से निकालने का प्रयास करने लगे मोके पर पहुची पुलिस ने खुदाई करने की अनुमति नही दी।और भारी संख्या मे पुलिस बल मोके पर पहूच गये।बतादेकि मृत संत के पिता जसपाल सिह उर्फ प्रकाशानंद ने बताया कि दो दिन पूर्व उन्हे राघवानंद ने सपने मे आकर कहा था कि वो अभी जिंदा है। उन्ही मृत समझकर लोगो ने जमीन मे दफना दिया है।बस इसी लिये लोगो बाबा को जमीन से बाहर निकालने के लिये आये हैहवही राजस्थान सुन्दरगढ स्थित शक्ति आश्रम से संत संतोष ब्रह्मचारी मोके पर पहूचे जो संत को जीवित करने के लिये बुलाये गये थे।वही मोके पर पहुचे सीओ पिनाहट अमरदीप पाल ने मोके पर पहूचकर खुदाई नही होने दी।उन्होने लोगो से कहा कि बिना अनुमति के खुदाई नही होने देगे वही लोगो की भारी भीड मोके पर शाम तक जमी रही।



## राज्य जीएसटी विभाग द्वारा चलाया गया सघन पंजीयन जागरुकता अभियान, व्यापारियों के किए पंजीयन



समानता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा फतेहाबाद। पंजीयन जागरूकता अभियान के अन्तर्गत राज्यकर विभाग ने फतेहाबाद रोड पर संयुक्त सेमिनार का आयोजन किया जिसमें एम.पी.सिंह सहायक आयुक्त, आलोक कुमार सहायक आयुक्त, राकेश कुमार सहायक आयुक्त, नदीम खान सहायक आयुक्त, प्रमोद कुमार मिश्र राज्यकर अधिकारी एवं सुबन्धू पाण्डेय राज्यकर अधिकारी ने सम्बोधित कियाद्यजिसमें सरकार द्वारा पंजीकृत व्यापारियों को दी जा रहीं सुविधाओं एवं लाभों से अवगत कराया गया। उनके द्वारा बताया गया पंजीयन लेने के पश्चात व्यापारी पूरे देश में बिल के माध्यम से बेरोकटोक कहीं से भी माल ला और ले जा सकते हैंद्य व्यापारियों को दस लाख का दुर्घटना बीमा बिना किसी प्रीमियम के दिया जाता है। छोटे एवं मझोले व्यापारी समाधान योजना का लाभ ले सकते है। विभाग में सारी कार्यवाही ओनलाइन है, अब कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैंद्य केन्द्र सरकार द्वारा पंजीकृत व्यापारियों को पेंशन की योजना भी अमल में लाई जा रही हैद्य सभी व्यापारियों को जीएसटी की बारीकियों से अवगत कराया गया, उनके द्वारा बताया गया कि अपंजीकृत व्यापारी पंजीयन प्राप्त कर देश एवं प्रदेश के विकास में भागीदार बनेंद्य बड़ी संख्या में व्यापारियों ने भाग लियाद्यजिसमें प्रमुख रुप से सनी देओल एरिया आलोक अनिवार्य मोहन लोकवाणी सुशील कुमार गुप्ता चंद्रभान सिसोदिया सीए अंकित गुप्ता कन्हैया गुप्ता लखन सोनी पंकज शर्मा प्रमोद कुमार गुप्ता समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## माथुर वैश्य मंडल के परिषद द्वारा किया गया पौधारोपण ,सैकड़ों की संख्या में रोपे गए पौधे

संवादाता सभा जीत बर्मा आगरा फतेहाबाद। अखिल भारतीय माथुर परिषद फतेहाबाद मण्डल के तत्वाधान में 5 अगस्त 2022 दिन शुक्रवार को फतेहाबाद मण्डल की समस्त शाखा सभाओं में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान माथुर वैश्य मंडलीय परिषद के साथ–साथ फतेहाबाद में महिला मंडल की चारों शाख सभा द्वारा पौधारोपण किया गया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर महिलाओं ने पौधे रोपे सैकड़ों की संख्या में रोपे गए पौधों के संरक्षण की शपथ भी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने दिलाई। इस दौरान आलोक अनवारिया,मण्डल मंत्री राजेश गुप्ता (रैली), अमित रेपुरिया, अवकेश गोलस ,रेनू अनवारिया,रिंकी गोलस,निशा गोलस आकांक्षा पायल गुप्ता, अलका गुप्ता,सारिका गुप्ता लवली गुप्ता,गुड्डन गुप्ता,अनीता गुप्ता,रेखा संजय कसेरे,बबिता सुनील अनवारिया,लक्ष्मी अनिल गुप्ता समेत अनेक महिलाएं एवं माथुर वैश्य मंडलीय परिषद के सदस्य मौजूद रहे।



# संक्षिप्त समाचार

## किरतपुर मे सात अगस्त को लगेगा आंखों का निशुल्क कैम्प

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता शरीफ मलिक किरतपुर। अवामी इमदादी सोसाइटी ब्रांच बसी मण्डावर रोड स्थित कार्यालय पर आंखों का एक निशुल्क कैम्प सात अगस्त को लगाया जाएगा जिसमें हिमालयन इस्टीट्यूट देहरादून की डॉक्टरों की टीम अपनी सेवा प्रदान करेगी जिन मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद की शिकायत है उनका ऑपरेशन भी मुफ्त कराया जाएगा मरीज अपने साथ अपना आधार कार्ड जरूर लाएं यह जानकारी सेक्रेटरी डाक्टर एम जुनैद ने दी।

## एक आरोपी को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता शाहिद रजा खान बढ़ापुर। थाना क्षेत्र के एक गांव में धर्म परिवर्तन की सूचना पर दौड़ी पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया जहां पर उपजिलाधिकारी नगीना द्वारा आरोपी युवक का वारंट जारी कर जेल भेज दिया गया है।



बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के गांव पूरनपुर में ईसाई धर्म के प्रचार प्रसार के साथ इलाज के नाम पर बहुसंख्यक समुदाय के लोगो के धर्म परिवर्तन की सूचना पर डोडी बढ़ापुर पुलिस ने सूरज पुत्र नन्दराम निवासी ग्राम पूरनपुर को गिरफ्तार कर लिया। धर्म परिवर्तन की सूचना पर पुलिस आनन फानन में आरोपी को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया। बताया जा रहा है की मामला की गम्भीरता को देखते हुए उपजिलाधिकारी नगीना ने आरोपी को जमानत देने से इनकार करते हुए तत्काल वारंट जारी कर आरोपी को जेल भेज दिया।

## जिलाधिकारी बिजनौर के आदेश के उपरांत स्कूली बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर स्कूली वाहनों के कागजों की जांच

बढ़ापुर दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता शाहिद रजा खान बढ़ापुर। जिलाधिकारी बिजनौर के आदेश के उपरांत स्कूली बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर स्कूली वाहनों के कागजों की जांच करने के लिए थाना बढ़ापुर पर क्षेत्र के कई स्कूलों के करीब 13 वाहनों की सूची भेजी गई थी। जिसमे बढ़ापुर पुलिस द्वारा जांच उपरांत आठ वाहनों के कागजों में कमी पाए जाने पर उन्हें सीज कर दिया गया तथा तीन वाहन थाना बढ़ापुर पर नही पहुच पाये एवं दो वाहनों के कागज पूरे होने के कारण पुलिस ने दोनों स्कूली वाहनों को वापस भेज दिया। प्रशासन द्वारा स्कूली बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत स्कूल में बच्चों को लाने ले जाने के लिये लगे स्कूली वाहनों के परमिट,रोड टेक्स,आरसी,फिटनेस,प्रदूषण आदि कागजात की जांच के लिये आदेश जारी किये गए थे। जिसके चलते हुए थाना बढ़ापुर को क्षेत्र के कई स्कूल के करीब तेरह वाहनों की सूची भेजी गई थी। शुक्रवार को बढ़ापुर पुलिस द्वारा सभी 13 वाहनों के स्वामियों को मय वाहन व कागजात थाना बढ़ापुर पहुचने की सूचना मिली थी जिस पर लगभग सभी स्कूल के वाहन स्वामी अपने वाहन व कागजात लेकर थाने पहुँच गए। 13 में केवल तीन वाहन स्वामी मौके पर नही पहुचे जिस कारण बढ़ापुर पुलिस ने तेरह में से केवल दस वाहनों की जांच ही बढ़ापुर पुलिस कर पाई जिसमे आठ स्कूली वाहन के कागजों में कमी के चलते बढ़ापुर पुलिस ने आठों वाहनों को सीज कर थाना प्रांगण में खड़ा करा दिया तथा दो वाहनों के कागजात सही पाए जाने पर पाये जाने पर उन्हें वापस स्कूल भेज दिया गया। थाना प्रभारी अनुज कुमार तोमर ने बताया कि विभागीय उच्च अधिकारियों के आदेश उपरांत दस स्कूली वाहनों के कागजों की जांच की गई। जांच में दो वाहनों के कागजात पूरे पाये जाने पर उन्हें वापस भेज दिया गया तथा आठ वाहनों को सीज कर थाना बढ़ापुर पर खड़ा करा दिया गया है।



## प्राथमिक विधालय रायपुर गढ़ी में अमृत महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकी प नगीना ।कोतवाली ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत रायपुर गढ़ी में स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव कार्यक्रम प्राथमिक विधालय रायपुर गढ़ी में आयोजित किया गया । महोत्सव का शुभारंभ ग्राम प्रधान सुरेश सिंह व विधालय का समस्त स्टाफ एवं अभिभावको द्वारा भारत माता के चारणो में दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया सभी ने राष्ट्रीयता की भावना के साथ राष्ट्र निर्माण में अपने भरपूर योगदान देने तथा गांव चौमुखी विकास की शपथ ली । ग्राम प्रधान सुरेश सिंह ने कहा मैं अपने गांव का विकास ही नहीअपितु अपने क्षेत्र में आने वाली हर्ष समस्याओं का समाधान करने की कोशिश करूंगा तथा सामाजिक कार्य के लिए मैं हमेशा तैयार हूं मेरा जीवन ही समाज हित के लिए समर्पित है।



## हर घर झंडा प्रधानमंत्री की मुहिम का कानपुर में दिखा असर

- प्रधानमंत्री जी की मुहिम हर घर झंडा लहराने के लिए कानपुर नगर निगम ने भी कसली कमर, फोटो खींचकर वेबसाइट पर अपलोड करने की करी गुजारिश है।

अयोध्या टाइम्स संवाददाता हरिओम कानपुर। कानपुर नगर निगम के कार्यालय सीकर नगर आयुक्तने शुक्रवार 5 अगस्त को साया 7:00 बजे नगर निगम मुख्यालय के सभागार में नगर आयुक्त श्री शिवशरणप्पा जी0 एन0 की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई जिसमें अपर नगर आयुक्त श्री सूर्यकांत त्रिपाठी, समस्त नगर स्वास्थ्य अधिकारी समस्त जोनल स्वच्छता अधिकारी एवं समस्त राज्य निरीक्षक उपस्थित हुएबैठक में अपर नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी को निर्देशित किया गया कि सर्वप्रथम दिनांक 6 से 10 अगस्त तक हर घर में झंडा वितरित हो जाए व 13, 14 , व 15 अगस्त को हर घर में झंडा लग जाए, इसके लिए सभी जोनल अधिकारियों को और सभी राजस्व निरीक्षक को 1 माइक्रो प्लान बना कर झंडे को वितरित किया जाए जिससे कि माननीय प्रधानमंत्री जी की मुहिम हर घर झंडा को पूरा किया जाए एवं हर घर में झंडा लगने के बाद सभी राजस्व निरीक्षक को यह आदेश दिया गया कि हर घर में तिरंगा लगने के बाद इसका जियो टैग फोटो खींचकर ींतहींतजपतंदह.बवउ अपलोड करने के आदेश दिए।



### डौकी पुलिस ने दबोचा हत्या के प्रयास का वांछित आरोपी

संवादाता सभा जीत बर्मा आगरा फतेहाबाद। डौकी पुलिस ने फतेहाबाद के अवंतीबाई से हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया एसओ डौकी बहादुर सिंह के मुताबिक डॉकी थाने में दर्ज गढ़ी चंदन के एक मामले में जिसमें छेड़छाड़ तथा जान से मारने की नियत का एक मामला दर्ज किया गया था । जिसमें एक आरोपी लव कुश पुत्र प्रेमवीर वांछित चल रहा था ।इस मामले में शुक्रवार को डौकी पुलिस को मुखबिर की सूचना मिली कि आरोपी फतेहाबाद के अवंतीबाई तिराहे पर खड़ा हुआ है। तथा अपनी ससुराल रसीलपुर फतेहाबाद जाने की फिराक में है । इसके बाद पुलिस ने टीम के साथ मौके पर पहुंच कर आरोपी को दबोच लिया तथा उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



# संक्षिप्त समाचार

## विद्युत विभाग में लूट मारी पर कब लगेगा अंकुश

- आरोप' TG2 पवन कुमार ने कनेक्शन के नाम पर किसान से लिया 1,78,000 रसीद थमा दिया 36,378
- किसान ने शपथ पत्र दे लगाई न्याय की गुहार

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य

महराजगंज,रायबरेली। विद्युत विभाग में तैनात एक कर्मचारी पर किसान ने भ्रष्टाचार का बड़ा आरोप लगाया है। कनेक्शन के नाम पर किसान से लिया 1,78,000 और रसीद थमा दिया 36378 की। रसीद मिलते ही किसान के होश उड़ गए। विभाग के अधिशासी अभियंता को शपथ पत्र देकर पीड़ित किसान ने कार्यवाही एवं पैसा वापस कराने की गुहार लगाई है। आपको बताते चलें कि विद्युत स्टेशन महराजगंज में तैनात TG2 के पद पर तैनात पवन कुमार अवर अभियंता अवनीश कुमार के चहेते होने के कारण वर्तमान समय में लाइन मैन का काम कर रहे हैं। लोगो का कहना है कि जब से पवन कुमार लाइन मैन का काम देख रहे हैं तब से क्षेत्र में उपभोक्ताओं का उत्पीड़न चरम सीमा पर है। सुचारू रूप से हलोर। फीडर की सप्लाई नहीं चल पाती है धन उगाही के लिए लोगों का कनेक्शन काट देते हैं और पैसा लेकर फिर जोड़ देते हैं। शिकायत पर भी वर्तमान अवर अभियंता भ्रष्टाचार में डूबे हैं कि अपने चहेते कमाऊ लाइन मैन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करते है। इससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

## तुलसी जयंती पर गोस्वामी बाबा तुलसीदास द्वारा रचित महाकाव्य रामचरितमानस की हुई चर्चा : प्रधानाचार्य श्री कमल बाजपेई

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य

महराजगंज,रायबरेली। महावीर स्टडी स्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज महराजगंज में तुलसी जयंती पर गोस्वामी बाबा तुलसीदास तथा उनकी रचनाओं में श्रेष्ठ महाकाव्य रामचरितमानस पर बच्चों के बीच में प्रधानाचार्य श्री कमल बाजपेई ने विस्तृत चर्चा की।प्रधानाचार्य ने बच्चों को बताया कि श्रावण मास शुक्ल पक्ष की सप्तमी को तुलसी जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है गोस्वामी तुलसीदास का जन्म सन 1532 में उत्तर प्रदेश के राजापुर '(बांदा जिला)' तथा कुछ लोग ,सोरो '(एटा जिला)' भी मानते हैं माता तुलसी पिता आत्माराम दुबे तथा पत्नी रत्नावली थी पत्नी के प्रेम से लिप्त होने से विदुषी महिला रत्नावली ने तुलसीदास से कहा कि आप इस हाडऋमांस के शरीर से इतना प्रेम करते हैं,यदि




वही प्रेम भगवान से करते तो कितना अच्छा होता इसी बात को सुनकर तुलसीदास ने गुरु नरहरिदास के पास जाकर ईश्वर की प्राप्ति हेतु साधना की और महाकाव्य ष्रामचरितमानसष्की रचना की जिसका उद्देश्य ष्सवांतरू सुखायष था।इसमें मर्यादा पुरुषोत्तम राम के लोक कल्याणकारी स्वरूप का चित्रण किया गया है उन्होंने इसमें मानवता का संदेश नीति और मर्यादा का संदेश तथा पारिवारिक,सामाजिक एवं राजनीतिक आदर्शों की गंगा बहाई इसमें स्नान करके ना जाने कितने लोगों का जीवन धन्य हो गया और होता रहेगा। प्रधानाचार्य श्री कमल बाजपेई ने सभी को रामचरितमानस के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेने की बात कही इस अवसर पर सभी बच्चे कालेज के सभी सम्मानित शिक्षक शिक्षिकाएं तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## युवक की बाइक व टी शर्ट गेगासो घाट से हुआ बरामद, युवा के डूबने की आशंका

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य

- स्थानीय गोताखोरों द्वारा तलाश जारी



सरेनी,रायबरेली। शुक्रवार को सरेनी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गेगासो गंगा घाट में हर्षित चौरसिया पुत्र स्व.शिवप्रताप चौरसिया निवासी अम्बारा पश्चिम की बाइक व टीशर्ट गेगासो गंगा घाट से बरामद होने से हड़कंप मच गया। वही मौके पर पहुंची सरेनी कोतवाली व गेगासो चौकी पुलिस ने डूबने की शंका के आधार पर स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू करवा दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार हर्षित सुबह लगभग 4 बजे बाइक लेकर घर से निकला था और करीब एक घंटे बाद गेगासो गंगा घाट से बाइक व टीशर्ट बरामद हुआ जिससे युवक के भाई अभिषेक चौरसिया व ग्रामीण लक्ष्मी नारायण तिवारी ने गंगा नदी में डूबने की आशंका जताई वहीं स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में स्थानीय गोताखोरों से खोजबीन शुरू करवा दी। फिलहाल खबर लिखे जाने तक युवक की तलाश जारी थी।

## पार्टी को राज्य स्तरीय दर्जा/मान्यता मिलने की खुशी में अपना दल यस के कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

रायबरेली ब्यूरो। आयोग द्वारा अपना दल एस पार्टी को राज्य स्तरीय दर्जा मान्यता दिए जाने की खुशी में आज दिनांक 5/8/2022 को अपना दल एस के कैंप कार्यालय गड़ी खास रायबरेली महाराजगंज रोड पर अपना दल यस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों के साथ खुशी मनाई तथा एक–दूसरे का मुंह मीठा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला



अध्यक्ष पवन वर्मा , कार्यक्रम आयोजक लक्ष्मीकांत रावत पूर्व प्रत्याशी 177 बछरावां ने किया । इस मौके पर पूर्व प्रमुख मान सिंह पटेल , युवा मंच के जिलाध्यक्ष राजन पटेल जिला उपाध्यक्ष अभय सोनकर, तेजपाल सिंह पटेल आईटी सेल जिलाध्यक्ष, , अमित वर्मा , आकाश पटेल जिला सचिव ,दिनेश चौधरी ,चौधरी सुनील कुमार, विधानसभा अध्यक्ष सलोन आशुतोष पटेल आदि सैकड़ों की संख्या में अपना दल एस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## छोटे लाल पटेल एडवोकेट की श्रद्धांजलि सभा आज

प्रतापगढ। शशि धर दूबे ने बताया कि आज दिनांक 6/ 8/ 2022 दिन शनिवार, समय – 2 बजे अपराह्न वरिष्ठ अधिवक्ता एवं संघर्षशील अधिवक्ता माननीय छोटे लाल पटेल के निधन से हम सब अधिवक्ता परिवार मर्माहत है , जिसके तद्निमित्त शोक एवं श्रद्धांजलि सभा कलेक्ट्रेट प्रांगण शेड नं–9 कचेहरी प्रतापगढ़ में की गयी है,सानुरोध सभी अधिवक्ताओं से निवेदन है की भारी से भारी संख्या में उपस्थित होकर वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. छोटे लाल पटेल के निधन पर शोक एवं श्रद्धांजलि अर्पित करने में सहभागिता ले! आवाश्यक मीटिंग में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व जूनियर बार अध्यक्ष राजेंद्र सिंह जरियारी, भूपेंद्र सिंह पूर्व जूनियर बार अध्यक्ष, संग्राम बहादुर सिंह, चन्द्र प्रताप सिंह, राम अभिलाष मिश्र, घनश्याम मिश्र, रविशंकर मिश्र, हरिगेन्द् सिहं , राकेश बहादुर सिंह, नन्दलाल वर्मा, श्याम विहारी शुक्ला, आशीष श्रीवास्तव, जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी, जितेन्द्र सैनी, श्री कृष्ण मिश्र, शशिधर दूबे, पीयूष शर्मा, अभय प्रताप सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## हिन्दी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में गुरुवार को संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास मनी जयंती

दैनिक अयोध्या टाइम्स



प्रतापगढ़। जनपद हिन्दी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में गुरुवार को संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के संस्थापक डॉ. राजेश्वर सहाय त्रिपाठी की धर्मपत्नी स्व. कौशल्या देवी त्रिपाठी की आठवीं पुण्यतिथि, त्रिपाठी निकेतन सदर बाजार में मनाई गई । जनपद हिन्दी साहित्य सम्मेलन के मंत्री अनिल प्रताप त्रिपाठी प्रवात के संयोजन में हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. संगम लाल त्रिपाठी भंवर ने की, व संचालन डॉ. अमित पाण्डेय ने किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश सिंह शगुक्क्जश व विशिष्ट अतिथि द्वय के रूप में वकील परिषद के पूर्व अध्यक्ष राधेकृष्ण त्रिपाठी तथा समाजसेवी संजय शुक्ल मौजूद रहे । इस दौरान उपस्थित वक्ताओं व साहित्यकारों ने संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी को तथा ममतामयी माँ कौशिल्या देवी को नमन करते हुए उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की । कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना के साथ कवि सुरेश नारायण व्योम ने किया । अतिथियों का स्वागत संयोजक द्वारा माल्यार्पण कर किया गया ।वरिष्ठ साहित्यकार गजेन्द्र सिंह विकट, मीरा त्रिपाठी, अनूप त्रिपाठी, अर्चना सिंह, कल्पना त्रिपाठी, सत्यम शार्दूल, विनय शुक्ल व सचिन सागर, नीलेश शुक्ल ने काव्य पाठ प्रस्तुत किया, जिसे लोगों द्वारा सराहा गया । कार्यक्रम को विजय प्रताप त्रिपाठी, डॉ. अनूप कुमार पाण्डेय, ओम प्रकाश त्रिपाठी, शशिभाल त्रिपाठी व राजेश कुमार मिश्र आदि ने सम्बोधित किया । इस दौरान मुख्य रूप से उपजा जिलाध्यक्ष अखिल नारायण सिंह, संजय द्विवेदी, जय प्रकाश उपाध्याय, शरद ओझा, अनिल पंक्षी, अरुण प्रताप त्रिपाठी, लक्ष्मी कांत पाण्डेय, राकेश कुमार पाण्डेय, प्रमोद तिवारी, अवनीश त्रिपाठी, अतुल जायसवाल, अशोक कुमार यादव, सुरेश मिश्रा, पवन पाण्डेय आदि मौजूद रहे । कार्यक्रम के अंत में संयोजक अनिल प्रताप त्रिपाठी प्रवात ने आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया ।

## कोरोना से बचाव के लिए बरतें खास एहतियात : जिलाधिकारी



अलताब अहमद, रायबरेली। जनपद में एक बार फिर से कोरोना पाँव पसार रहा है । ऐसे में बचाव के लिए खास सतर्कता बरतने की जरूरत है । त्योहारों के मौके पर भीड़भाड़ से बचें और घर से जब बाहर निकलें तो मास्क का जरूर इस्तेमाल करें। यह कहना है जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव का । जिलाधिकारी ने बताया– पिछले एक सप्ताह में 27 कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट प्राप्त हुई हैं । ऐसे में हमें खास एहतियात बरतने की जरूरत है । 12 साल से अधिक उम्र के सभी लोग कोविड का टीका अवश्य लगवाएं । जिन्होंने कोविड की एहतियाती खुराक नहीं लगवाई है । वह भी लगवाएं क्योंकि कोरोना से बचाव का सबसे कारगर उपाय कोविड टीकाकरण ही है । इससे खुद भी सुरक्षित रहें और अपने परिवार और आस–पड़ोस को भी सुरक्षित बनायें । इसके साथ ही कोविड के प्रोटोकॉल का पालन भी जरूर करें । घर से बाहर निकलते समय मास्क जरूर लगाएं, दो गज की शारीरिक दूरी का पालन करें, अपने हाथों को बार–बार साबुन और पानी से धोते रहें या 70 फीसद एल्कोहॉलयुक्त सेनिटाइजर से हाथों को सेनीटाइज करें । भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें और बेवजह घर से बाहर न निकलें। जिलाधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को दो व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं तथा जनपद में 25 एक्टिव कोरोना संक्रमित व्यक्ति हैं।

## भीतरगांव की बेटी शाम्भवी श्रीवास्तव को मिली 59वीं रैंक



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य खीरों,रायबरेली। बीपीएससी 66वीं मुख्य परीक्षा में कुल 1,838 उम्मीदवार पास हुए थे। 18 मई 2022 से 22 जून, 2022 और 5 जुलाई और 18 जुलाई को इंटरव्यू का आयोजन किया गया। इंटरव्यू में कुल 1,768 उम्मीदवार शामिल हुए, जबकि 70 अनुपस्थित रहे। फाइनल सेलेक्ट हुए कैंडिडेट्स में 25 दिव्यांग और 13 स्वतंत्रता सेनानी के आश्रित कैटेगरी भी शामिल हैं।।

बिहार लोक सेवा आयोग के 66वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का फाइनल रिजल्ट ( BPSC 66जी Result 2022) कर दिया गया है। कुल 689 पदों पर भर्ती के लिए हुई इस परीक्षा में 685 उम्मीदवार सफल हुए हैं।

रायबरेली जिले के गुरबक्शगंज थाना क्षेत्र के भीतरगांव की निवासी शाम्भवी श्रीवास्तव पुत्री अजय कुमार श्रीवास्तव ने 66 वीं बीपीएससी BPSC में 59 वी रैंक मिली हैं। गांव में पहली बार इतने बड़े पद में शंभवी श्रीवास्तव को जाने का मौका मिला हैं। गांव के निवासी काफी खुशी में हैं। बता दें कि बुधवार देर शाम रिजल्ट जारी किया गया।।

## दबंगों के द्वारा सीलिंग की जमीन पर अवैध निर्माण




दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य महराजगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के पहरेमऊ निवासी संतोष पुत्र चंद्रभूषण ने जिला अधिकारी माला श्रीवास्तव को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि सूरज कुमार पुत्र राम हर्ष निवासी पहरेमऊ तहसील रायबरेली द्वारा गाटा संख्या 437/0 145 हेक्टेयर सूरज कुमार के नाम सीलिंग में दर्ज है सूरज कुमार द्वारा गांव के ही दबंग राजकुमार चौरसिया पुत्र गया प्रसाद चौरसिया निवासी पुरे दलजीत मजरे पहरेमऊ को बेच दिया और राजकुमार द्वारा सीलिंग की जमीन खरीद कर उसमें मकान बनवा दिया गया जबकि सीलिंग की जमीन बेची नहीं जा सकती इसकी शिकायत प्रार्थी ने कई बार की लेकिन ऊंची पहुंच और पकड़ के चलते मामला दबा दिया जाता है शिकायतकर्ता संतोष ने जिला अधिकारी से प्रार्थना कर न्याय की गुहार लगाई की जांच कराकर उचित वैधानिक कार्यवाही की जाए।

## अग्निपथ योजना के अन्तर्गत अमेठी सहित 13 जनपदों के लिए 16 नवम्बर से 06 दिसम्बर के मध्य डोगरा रेजीमेंट सेंटर, अयोध्या में सेना भर्ती रैली का किया जायेगा आयोजन

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

- सेना भर्ती रैली में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी 05 अगस्त से 03 सितम्बर तक कर सकते है अपना रजिस्ट्रेशन
- आनलाइन रजिस्ट्रेशन वेबसाइट www.joinindianarmy.nic-in पर किया जा सकेगा

'अमेठी कर्नलध्एआरओ अमेठी ने बताया है कि वर्ष 2022–23 के लिए अग्निपथ योजना के अन्तर्गत अमेठी जनपद के साथ ही अम्बेडकर नगर, कुशीनगर, बस्ती, अयोध्या, कौशाम्बी, प्रयागराज, महाराजगंज, प्रतापगढ़, रायबरेली, संतकबीर नगर, सिद्धार्थ नगर तथा सुल्तानपुर (कुल 13 जनपद) जनपदों की सेना भर्ती रैली का आयोजन 16 नवम्बर से 06 दिसम्बर के मध्य डोगरा रेजीमेंट सेंटर, अयोध्या में किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया है कि आयोजित होने वाली सेना भर्ती रैली में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी अपना रजिस्ट्रेशन 05 अगस्त से 03 सितम्बर, 2022 तक कर सकते है। आनलाइन रजिस्ट्रेशन वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर किया जा सकेगा।

## पंचायत उपचुनाव,नौगिरवा में ईश्वर प्रसाद यादव को जनता जनार्दन का अपार स्नेह एवं सम्मान मिला एवं विजई प्रमाण पत्र हासिल किए

अमेठी संवाददाता रवि भूषण मिश्रा

अमेठी। उत्तर प्रदेश आज रिक्त प्रधान पद हेतु ग्राम पंचायत नौगिरवा विकासखंड भेंटुवा जनपद अमेठी में हुए उपचुनाव में भारी पुलिस बल एवं संबंधित नामित निर्वाचन अधिकारियों के तैनाती के बीच, मतगणना के बाद ईश्वर प्रसाद यादव अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अंकिता सिंह से 23 मतों से आगे रहे। आर ओ रिटर्निंग ऑफिसर एनके पांडेय ने विजई प्रत्याशी ईश्वर प्रसाद यादव को प्रधान पद हेतु नामित प्रमाण पत्र सौंपा।

जीत की इस अपार खुशी के अवसर पर ईश्वर प्रसाद यादव यादव ने संवेदना जाहिर करते हुए कि,दुख की इस घड़ी में जनता जनार्दन ने जिस प्रकार अपना स्नेह एवं सम्मान मुझे दिया है,वैसे ही मैं भी अपनी समूची जनता जनार्दन के प्रत्येक अवसर पर निरंतर हमेशा खरा उतरूंगा।प्रचंड बहुमत से जीत एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समूची जनता जनार्दन को ढेरों सारी शुभकामनाएं दी है।एवं घर –घर झंडा तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने की लोगों से अपील किया है। न्यायालय एवं सरकार द्वारा जारी शासनादेश का सदैव अनुपालन करने की बात कही है। इस अवसर पर तहसीलदार, एसडीएम प्रीति तिवारी अमेठी,थानाध्यक्ष एवं क्षेत्राधिकारी अमेठी ने निर्वाचन आयोग की



गाइडलाइन का अनुपालन करवाते हुए, हिदायत दी है कि जीत के बाद विजई प्रत्याशी किसी भी प्रकार की आतिशबाजी एवं विजय जुलूस नहीं निकालेंगे अन्यथा की स्थिति में कठोरतम एवं दंडात्मक कार्यवाही भी की जा सकती है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,बारातघर, खेल मैदान एवं 600 मीटर पिच रोड एवं अंत्येष्टि स्थल की दरकार, इंद्रदेव पाठक ने जारी किया फरमान

अमेठी संवाददाता रवि भूषण मिश्रा

अमेठी। उत्तर प्रदेश आज ग्राम पंचायत बाहापुर अमेठी के ग्राम प्रधान श्रीमती सुनीता पाठक के प्रतिनिधि अरविंद कुमार व इंद्रदेव पाठक नें बताया कि हमारे यहां विकास कार्य के संबंध में सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रम में जारी गाइडलाइन का अनुपालन, मानक के अनुरूप,गुणवत्ता युक्त करवाया जा रहा है पंचायत भवन में पंचायत सहायक सूर्यांशी सिंह एवं सामुदायिक शौचालय में केयरटेकर वीरेंद्र कुमार कोरी जो कि स्वयं सहायता समूह से हैं की संविदा नियुक्ति की गई है और शौचालय चालू है। पंचायत भवन में सारे आवश्यक उपकरण उपलब्ध हैं नियमित स समय चालू है ।सबसे बड़ा सराहनीय कार्य 24 सौ मीटर काली सड़क,पिच रोड, गोंडवा से लेकर श्रीपाल सिंह के पुरवा बाहापुर तक बनवाने का काम किया है जिसके चलते जनता जनार्दन का अपार स्नेह एवं सम्मान मिला है, और आज ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पद से जाना जाता है। प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री वाल अरसो से नहीं बनी थी जिसको बनवाने का काम किया है। जल संचयन हेतु अमृत सरोवर का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है, जल्द ही पूरा करवा लिया जाएगा। शेष पुरवो नौगवां, पूरे रजऊ, सीतारामपुर में जन्म जन्मांतर से इंटरलॉकिंग का कार्य नहीं हुआ था। आपसी सौहार्द के चलते जिसको मानक के अनुरूप,गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य करवाने का काम किया है। ग्राम प्रधान श्रीमती सुनीता पाठक,अरविंद कुमार पाठक समेत दर्जनों ग्रामीणों,छेदी सिंह, रामनरेश पांडेय,रामकिशोर,संजय सिंह,दिनेश सिंह,जयप्रकाश पाठक, अखिलेश



शुक्ल,रामबदन कोरी,अनवर अली, सहादत अली, मोइनुद्दीन प्रधान प्रतिनिधि इंद्रदेव पाठक ने अंत्येष्टि स्थल,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,एवं बारात घर, खेल मैदान एवं शेष बचे हुए 600 मीटर काली सड़क, पिच रोड बनवाए जाने की मांग, पीडब्ल्यूडी अधिकारियों, ब्लाक प्रमुख, विधायिका, सांसद अमेठी एवं शासन प्रशासन से किया है। प्रधान प्रतिनिधि इंद्रदेव पाठक ने बताया कि हमारे यहां कुछ अराजक तत्व हैं जिनको चिन्हित करवाया जा रहा है, जल्द ही विभागीय एवं वैधानिक कार्यवाही करवाई जाएगी। एवं सरकार द्वारा प्रत्येक स्थिति में जारी किए गए दिशा निर्देशों का सदैव अनुपालन करूंगा। आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत घर घर झंडा तिरंगा कार्यक्रम सफल बनाने की लोगों से अपील किया है।

## हीरा उद्योग महिलाओं द्वारा सबसे अधिक पोषित उद्योग है-हेमा मालिनी

- हेमा मालिनी ने आईआईजेएस प्रीमियर 2022 के 38वें संस्करण का उद्घाटन किया

–अनिल बेदाग–






मुंबई। भारत में रत्न और आभूषण व्यापार की शीर्ष संस्था जीजेईपीसी ने आज अपना प्रमुख शो आईआईजेएस प्रीमियर 2022 शुरू किया। शो का उद्घाटन सुश्री हेमा मालिनी, संसद सदस्य, कॉलिन शाह, अध्यक्ष, जीजेईपीसीय विपुल शाह, वाइस चेयरमैन, जीजेईपीसीय शैलेश संगानी, संयोजक, राष्ट्रीय प्रदर्शनी, जीजेईपीसीय और सब्यसाची रे, कार्यकारी निदेशक, जीजेईपीसी सहित अन्य। यह शो 4 से 8 अगस्त तक बॉम्बे एग्जिबिशन सेंटर, मुंबई में आयोजित किया जा रहा है।

प्रदर्शकों और आगंतुकों की संख्या के संदर्भ में, आईआईजेएस को दुनिया के सबसे बड़े शो में से एक के रूप में जाना जाता है, जिसमें 1790 से अधिक प्रदर्शक अपने उत्कृष्ट रत्नों और आभूषणों का प्रदर्शन करते हैं, और प्रदर्शनी क्षेत्र के 65000 वर्ग मीटर में फैले हुए हैं। इस शो में 37000 से अधिक पूर्व–पंजीकृत व्यापार आगंतुक हैं, जिसमें भारत के 800 शहरों और 80 देशों के 1200 अंतर्राष्ट्रीय आगंतुक शामिल हैं। श्रीमती हेमा मालिनी, माननीय संसद सदस्य, लोकसभा ने देवी लक्ष्मी के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त की और कहा, ष्मैं दुनिया के दूसरे सबसे बड़े रत्न और आभूषण शो, इंडिया इंटरनेशनल ज्वैलरी शो का उद्घाटन करने के लिए वास्तव में सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं इस प्रदर्शनी में विभिन्न और अनोखे गहनों को देखकर बहुत चकित हूं। हर बूथ पर कुछ न कुछ अलग होता है। मुझे लगता है कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से इसे बनाने के लिए 4 दिन बहुत कम हैं। हीरा उद्योग वास्तव में अपने स्तर पर उत्कृष्ट है, और यह विशेष रूप से महिलाओं द्वारा सबसे अधिक पोषित उद्योग है।

इस तरह की पहल के साथ, आप एक उद्योग के रूप में अर्थव्यवस्था में बहुत योगदान दे रहे हैं, और यह हमारे प्रधान मंत्री के लक्ष्य को आत्मनिर्भर भारत प्राप्त करने के लिए गति प्रदान करेगा। " जीजेईपीसी के अध्यक्ष कॉलिन शाह ने कहा, आईआईजेएस प्रीमियर हर गुजरते साल के साथ उच्च मानक स्थापित करना जारी रखता है। यह शो वह प्रेरक शक्ति बन गया है जिसने वैश्विक रत्न और आभूषण उद्योग में भारत के नेतृत्व की स्थिति को कायम रखा है। दुबई में आईजेईएक्स और इस साल के अंत में दुबई में इंटरनेशनल जेम एंड ज्वैलरी शो के साथ आईआईजेएस जैसी पहल, सरकार द्वारा निर्धारित 45.7 बिलियन अमरीकी डालर के जीएंडजे निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक प्रोत्साहन देगी।

## अमित कुमार की पॉलिटिकल सटायर फिल्म लव यू लोकतंत्र का ट्रेलर और म्युजिक लॉन्च







–अनिल बेदाग–

मुंबई। रियल लाइफ एडवोकेट अमित कुमार अब एक फिल्म में वकील के रूप में नजर आने वाले हैं। जुरिच मीडिया हाउस एलएलपी के बैनर तले बनी पॉलिटिकल सटायर कॉमेडी फिल्म ष्लव यू लोकतंत्रष का ट्रेलर और म्युजिक लांच भव्य रूप से मुम्बई के द क्लब में लांच किया गया जहां चीफ गेस्ट जैकी श्रॉफ, जावेद अख्तर मौजूद थे। वहीं गेस्ट्स में पूनम ढिल्लो, कश्मीरा शाह सहित कई सेलेब्रिटीज मौजूद रहीं। फिल्म के कलाकारों में ईशा कोपिकर, रवि किशन, सपना चौधरी, स्नेहा उल्लाल, कृष्णा अभिषेक, अली असगर, मनोज जोशी और अमित कुमार के नाम उल्लेखनीय हैं।

इस इवेंट में संगीतकार ललित पंडित, गायक शान, भिजीत भट्टाचार्य और अमृता फडणवीस भी मौजूद थीं। फिल्म के लेखक संजय छैल,संगीतकार ललित पंडित हैं। इस अवसर पर ब्राइट आउटडोर के योगेश लखानी भी उपस्थित रहे। कृष्णा अभिषेक इस फिल्म में एक स्पेशल सांग में डांस करते नजर आएंगे। कृष्णा अभिषेक ने कश्मीरा शाह के साथ इस गाने का हुक स्टेप भी करके दिखाया। उन्होंने कहा कि यह एक माइंड ब्लोइंग गाना है, यह मेरे फेवरेट गीतों में से एक है। मैं डांस करने के लिए हमेशा आगे रहता हूँ, क्योंकि मुझे डांस बेहद पसंद है, यह मेरा पैशन है। यह गाना मुझे जैसे ही ऑफर हुआ मैंने तुरंत हामी भर दी क्योंकि यह एक कमाल का डांस नम्बर है। वहीं कश्मीरा शाह ने कहा कि मेरा पति आइटम बॉय बन गया है। मुझे तो यह गाना बहुत ही अच्छा लगा। इस फिल्म से बॉलीवुड में बतौर एक्टर अपनी शुरुआत कर रहे अमित कुमार ने बताया कि अदालत में तो हम वकील के रूप में काम करते हैं मगर यहां बतौर वकील अभिनय करना काफी चौलेंजिंग था। यह पिक्चर करने का पूरा अनुभव अच्छा रहा। कोविड के दौरान हमने शूटिंग की। हम काफी समय से फिल्म बनाने का सोच रहे थे लेकिन कोई कहानी मुझे पसन्द नहीं आ रही थी। फिर संजय छैल ने मुझे स्टोरी आईडिया दिया। महाराष्ट्र की राजनीति में हाल में जो कुछ हुआ वैसा ही कुछ हमने इस फिल्म की कहानी में डेढ़ साल पहले सोचा था। यह इत्तेफाक है कि हमारी कल्पना हकीकत में बदल गई। फिल्म में सपना चौधरी के आइटम नम्बर के बारे में अमित कुमार ने बताया कि फिल्म में एक सिचुएशन आती है जहां कुछ एमएलए को एक रिसॉर्ट में बंद कर दिया जाता है, वहां पर एक सांग की जरूरत थी और उसके लिए हम सब के जेहन में सपना चौधरी का नाम आया। उनको जब गाने के बारे में बताया तो वह तुरंत तैयार हो गई और उन्होंने कोरोना काल मे भी आकर यह सांग किया।

## इमामी ने कैटरीना कैफ को ब्रांड एम्बेसेडर बनाया

- इमामी हेल्दी एंड टेस्टी मंत्रा मसाला का करेंगी प्रचार

–अनिल बेदाग–





मुंबई। विविधीकृत व्यावसायिक समूह, इमामी ग्रुप की ब्रांडेड खाद्य निर्माण इकाई इमामी एग्रोटेक लिमिटेड, ने आज बॉलीवुड ऐक्टर और जानी–मानी सेलिब्रिटी कैटरीना कैफ को अपनी स्पाइस रेंज 'इमामी हेल्दी एंड टेस्टी मंत्रा मसाला' के लिये अपना ब्रांड ऐम्बेसेडर बनाने की घोषणा की है। कैटरीना के बहुमुखी और जिंदादिल व्यक्तित्व, जिसे आज के भारतीय महिला एवं पुरूष बेहद पसंद करते हैं, ने हमें आकर्षित किया और वह 'मंत्रा' मसालों का प्रचार करने के लिये बिल्कुल सही लगीं। अपने प्रोफेशन के लिये उनकी प्रतिबद्धता और अपने किरदारों में वह जो अंदाज लेकर आती हैं, ग्राहकों को बेमिसाल स्वाद, फ्लेवर और सुगंध उपलब्ध कराने की ब्रांड की दृढ़ प्रतिबद्धता से मेल खा रहा था। मंत्रा के साथ कैटरीना कैफ के जुड़ने से उम्मीद है कि भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अलग–अलग स्वादों को पसंद करने वाले सभी उम्र के ज्यादा से ज्यादा लोगों तक यह ब्रांड अपनी पहुंच बना पायेगा। मंत्रा मसालों की विशेष खासियत हैं इसका निखरा हुआ रंग, स्वाद और सुगंध, जो अनूठी क्रायोजेनिक टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से आती है। इन मसालों की जीरो से –50 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर क्रायो–प्रोसेसिंग की जाती है, जिससे इन मसालों में कुदरती तेल कम से कम 95ः तक मौजूद रहते हैं। इमामी ग्रुप के डायरेक्टर जयंत गोयनका ने कहा, "सुश्री कैटरीना कैफ के साथ जुड़कर हमें बेहद खुशी हो रही है। वह भारतीय सिनेमा की एक प्रमुख और जानी–मानी अभिनेत्री हैं। हमारा मानना है कि वह मंत्रा मसालों के लिये बिल्कुल उपयुक्त हैं, क्योंकि उनकी विश्वसनीयता, कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता हमारे ब्रांड के मूल्यों से मेल खाती है। हमारा यह भी मानना है कि उनकी लोकप्रियता और विशाल फैन फॉलोइंग से हमें देश भर में हमारे ग्राहकों के साथ बेहतर तरीके से जुड़ने और मंत्रा को एक पसंदीदा मसाला ब्रांड बनाने में मदद मिलेगी। हमने मंत्रा के लिये व्यापक मार्केटिंग योजनायें भी बनाई हैं और हमारा लक्ष्य अलग तीन सालों में 25 लाख आउटलेट्स (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों) तक पहुंचने का है।" ब्रांड ऐम्बेसेडर सुश्री कैटरीना कैफ ने कहा, "इमामी भारत में एक बेहद मशहूर ब्रांड और लगभग हर घर में पहचाना जाने वाला एक भरोसेमंद नाम है, जिसे इसकी गुणवत्ता एवं दक्षता के लिये जाना जाता है। इस तरह के एक प्रतिष्ठित ब्रांड के साथ जुड़कर मैं बहुत खुश हूं और मुझे पूरा यकीन है कि इमामी हेल्दी एंड टेस्टी मंत्रा मसाले जल्दी ही भारतीय परिवारों की पहली पसंद भी बन जायेंगे। मुझे विश्वास है कि दर्शकों को हमारा नया कैम्पेन और साथ ही इमामी हेल्दी एंड टेस्टी मंत्रा के उत्पादों की व्यापक श्रृंखला दोनों ही पसंद आयेंगे।"

# संक्षिप्त समाचार

## डियूटी के दौरान महिला कांस्टेबल की हुई मौत

- पुलिस प्रशासन सदमें में



दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। फतेहपुर में महिला थाने में तैनात महिला सिपाही बेबी पाल आज सुबह मोहर्रम ड्यूटी में जाते समय रास्ते मे रुककर एक प्राइवेट कंप्यूटर सेंटर में परीक्षा की जानकारी लेने के लिए गयी थी जहाँ पर कुर्सी में बैठे बैठे अचानक चक्कर आ जाने से महिला कांस्टेबल बेहोश हो गयी तत्काल पुलिस टीम द्वारा महिला कांस्टेबल को जिला अस्पताल लाया गया।जहाँ डॉक्टरों ने महिला कांस्टेबल को मृत घोषित करदिया।महिला कॉन्स्टेबल की आकस्मिक मृत्यु की खबर सुनते ही पूरे पुलिस प्रशासन में शोक की लहर दौड़ पड़ी।मौके पर पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक सीओ सिटी सदर कोतवाली प्रभारी महिला थाना प्रभारी व अन्य पुलिस बल मौजूद।म्रतका कॉन्स्टेबल के परिजनों को सूचना विभाग द्वारा दी गई है।म्रतका महिला कॉन्स्टेबल अलीगढ़ जिले की रहने वाली थी।

## स्वास्थ्य कर्मियों ने चलाया जागरूकता अभियान

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

- मरीजों व उनके तीमारदारों को घर में तिरंगा लगाने को किया प्रेरित
- स्वास्थ्य कर्मियों वितरित किए गए तिरंगा

बिधूना,औरैया। आजादी के अमृत महोत्सव को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीजों व उनके तीमारदारों को जागरूक किया। हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के जयकारे के साथ जागरूक अभियान चलाया। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक ने सभी से आगामी 11 अगस्त से 17 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा लगाने की अपील की। भारत माता के जयकारे लगाते हुए किया जागरूक, आजादी की 75वीं वर्षगांठ पूरे देश में अमृत महोत्सव के रूप में मनाई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मौके पर हर घर तिरंगा फहराने की अपील की है। इसके तहत अभियान को सफल बनाने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,



बिधूना के स्वास्थ्य कर्मियों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के जयकारे लगाते हुए लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर सिद्धार्थ वर्मा ने कहा कि सभी को आगामी 11 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर में तिरंगा फहराना है। इस मौके पर सभी डाक्टर, नर्सिंग कर्मचारी, फार्मासिस्ट, सीएचओ, प्रशिक्षु फार्मा समेत सभी कर्मचारियों को तिरंगा भी वितरित किए गए। इस मौके पर अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर सिद्धार्थ वर्मा, डॉक्टर अभिचल पांडे, डॉक्टर पुष्पेंद्र कुमार सिंह, डॉक्टर आर जी मिश्रा, डॉक्टर संकल्प दुबे, डॉक्टर अजय, डॉक्टर अश्विनी यादव, डॉक्टर अवधेश सिंह सेंगर, डॉक्टर विवेक गुप्ता, नर्स मेंटर पदम सिंह, पुष्पक, रामवीर त्यागी, शिवांगी प्रजापति, अमन, सत्येंद्र, राजकुमार सभी सीएचओ, स्टाफ नर्स हेमलता व शिवानी, अनुपमा सिंह विसेन, अमित सक्सेना व इंद्रपाल सिंह सेंगर आदि मौजूद रहे।

## दो बाइकों में आमने-सामने हुई भिड़ंत

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

- दो लोग गंभीर रूप से घायल, बाइकें बुरी तरह क्षतिग्रस्त
- मौके पर पहुंची पुलिस ने ली घटना की जानकारी



बिधूना,औरैया। जिले के बिधूना कस्बा के भरथना रोड पर दो बाइकों की आमने–सामने की भिड़ंत हो गई। शुक्रवार की दोपहर 12:30 बजे हुए हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। आस–पास मौजूद लोगों ने घायलों को ई–रिक्शा से सीएचसी पहुंचाया। जहां पर दोनों का उपचार चल रहा है। कस्बा के मोहल्ला गांधी नगर निवासी राजकुमार सर्राफा बाजार में अपने बेटे को खाना देने जा रहे थे। हमीरपुर रूरू निवासी अनूप कुमार तहसील से अपना काम निपटाने के बाद घर वापस लौट रहे थे। भरथना रोड़ पर श्री गजेन्द्र सिंह पब्लिक इंटर कालेज के गेट के सामने दोनों की बाइकों में आमने–सामने की भिड़ंत हो गई। भिड़ंत के दोनों गंभीर रूप से घायल हो वहीं गिर गए। सीएचसी में डॉक्टर दोनों का इलाज कर रहे हैं भिड़ंत इतनी तेज थी कि बाइकों के व्हील टूट गए। आस–पास मौजूद दुकानदारों व राहगीरों ने दोनों को उठाने के बाद ई–रिक्शा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर डॉक्टर दोनों का इलाज कर रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। डॉक्टर अभिचल पाण्डेय ने बताया कि दोनों घायल खतरे से बाहर हैं।

## शराब पीने से मना करने पर युवक ने फाँसी लगाकर दी जान

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

फफूंद, औरैया। थाना क्षेत्र के गांव उजीतीपुर में शराब पीकर घर आये



युवक को परिजनों ने शराब पीने से मना किया तो युवक ने गांव के बहार स्थित मन्दिर में फांसी लगाकर आत्महत्या करली सुबह जानकारी होने पर पहुचे परिजनों की सूचना पर पुलिस ने पंचायतनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के गांव उजीतीपुर निवासी 31 वर्षीय नीरू उर्फ कुलदीप दोहरे पुत्र स्व राम नरेश मेहनत मजदूरी करता था। गुरुवार की रात्रि में शराब पीकर घर मे आया तो परिजनों ने शराब पीने से मना किया,तो वह नाराज होकर घर से बहार चला गया। और गांव के बहार स्थित मन्दिर में स्टाल से फंदा लगाकर झूल गया। सुबह परिजनों को जानकारी हुई तब पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुची पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक राकेश शर्मा ने बताया कि युवक की शादी नही हुई थी। तथा वह शराब पीने का आदी था। घर वालो ने शराब पीने से मना किया तो फाँसी लगाई है। पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## वीजीएम महाविघालय की छात्रा मालिनी ने कथक नृत्य में मंडल स्तर पर तृतीय स्थान पाया

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स दिबियापुर,औरैया। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग जनपद कानपुर के बीएनएसडी शिक्षा निकेतन में आयोजित मंडल स्तरीय युवा महोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम वर्ष 2022–23 में विवेकानंद ग्रामोंद्योग महाविद्यालय की बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा मालिनी पुत्री कमलेश कुमार ने कथक नृत्य में मंडल स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। महाविद्यालय के प्रबंधक राजेश कुमार गुप्ता, प्राचार्य डॉ इकरार अहमद, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ राकेश तिवारी, डॉ एपीएस गौतम,



डॉ यश कुमार ,डॉक्टर श्रीनंदन पांडे, डॉ संदीप ओमर एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया एवं छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## तुलसी जयंती पर गोष्ठी आयोजन

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

- तुलसीदास ने 12 किताबों की रचना की, रामचरितमानस से मिली ख्याति

औरैया। सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में तुलसी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 5 दिवसीय भाषा संगम कार्यक्रम में तुलसी को युग पुरुष बताया गया। कहा गया कि तुलसी ने समाज को भाषा और संस्कृति प्रदान की है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ष्तमिल के तुलसीष डॉ एम गोविंद राजन, विद्यालय के प्रबंधक श्री नरेंद्र त्रिपाठी और प्रधानाचार्य श्री सुशील कुमार तिवारी ने तुलसी दास जी के चित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम की शुरुआत की। ष्तुलसीदास हैं जन–जन के कविष्इस अवसर पर प्रधानाचार्य जी ने तुलसी जी का जीवन परिचय देते हुए उनके विषय में अभूतपूर्व जानकारियां प्रदान की। उनके जीवन से संबंधित प्रेरक प्रसंग और रचनाएं भी सुनाई। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ एम. गोविंद राजन ने बताया कि गोस्वामी तुलसीदास ने कुल 12 पुस्तकों की रचना की है। सबसे अधिक ख्याति उनके द्वारा रचित रामचरितमानस को मिली। दरअसल, इस महान ग्रंथ की रचना तुलसी ने अवधी भाषा में की है। यह भाषा उत्तर



भारत के जन–साधारण की भाषा है। तुलसीदास को जन–जन का कवि माना जाता है। तुलसीदास और वेद व्यास हैं महापुरुष आज चार सौ साल बाद भी तुलसी पर निरंतर शोध और अध्ययन हो रहे हैं। वह आज भी बुद्धिजीवियों और चिंतकों के प्रिय हैं। तुलसीदास वास्तव में सिर्फ रचनाकार नहीं थे। वे एक संत और दार्शनिक भी थे, जो व्यापक समाज की हित चिंता से प्रेरित थे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक नरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने अध्यक्ष महोदय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि तुलसीदास और वेद व्यास ऐसे दो महापुरुष हुए जिन्होंने ग्रंथों की रचना करके समाज में रहने वाले कई वर्गों को एक रोजगार के रूप में ग्रंथों को प्रस्तुत किया।आज उन ग्रंथों के माध्यम से कई परिवार अपना जीवन पालन कर रहे हैं। देश विदेशों में भी रामचरितमानस का पाठ होता रहता है।

## नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना मलाका का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एम0आर0एफ0) सेन्टर नगर पालिका परिषद सदर एवं नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना मलाका का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान कूड़े के निस्तारण प्रक्रिया को मशीन द्वारा कैसे किया जाता है कि जानकारी ली और मौके पर देखा भी । कूड़े की छटाई कर प्लास्टिक व अन्य चीजों को अलग कर खाद बनाये जाने वाले कूड़े को अलग कर कंपोस्ट तैयार किये जाने की मशीन की प्रक्रिया की जानकारी की । उन्होंने कहा कि कूड़ा निस्तारण में लगे कर्मचारी अपनी सुरक्षा किट(हैंड ग्लब्स, मास्क, जूते आदि) पहनकर ही कूड़ा निस्तारण प्रक्रिया संचालित करें । कूड़ा निस्तारण में अलग किये गए प्लास्टिक को जहाँ से अनुबंधित है, वहाँ पर



नियमानुसार कार्यवाही करते हुए भेजा जाए। एम0आर0एफ0 सेन्टर में नगर पालिका परिषद सदर के 06 वार्डो का कूड़ा भेजा जाता है, नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में लगी कार्यदायी संस्था मेसर्स, इकोस्टेन इंफ्रा प्रा0लि0 से कूड़ा निस्तारण प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली और कहा कि कूड़ा निस्तारण के कार्य मे तेजी लाकर कम्पोस्ट खाद तैयार किया जाए ।

इस अवसर पर इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) धीरेन्द्र प्रताप, उपजिलाधिकारी सदर नन्द प्रकाश मौर्य, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सदर श्रीमती मीरा सिंह सहित सम्बन्धित उपस्थित रहे ।

## अमृत उपवन में हो रहे कार्यो का पैदल भ्रमण कर लिया जायजा



दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने नगर पालिका परिषद सदर स्थित निर्माणाधीन अमृत सरोवर(पक्का तालाब), अमृत उपवन में हो रहे कार्यो का पैदल भ्रमण कर जायजा लिया ।

उन्होंने कहा कि अमृत उपवन में बनाये गए मानचित्र के अनुसार सभी मानकों को पूर्ण करते हुए गुणवत्तापूर्ण चरणबद्ध तरीके से कार्य को पूरा कराया जाए । उपवन में बनाये जा जा रहे ओपन जिम बनाये गए स्टीमेट के अनुसार ही सामग्री लगायी जाए । अमृत सरोवर में रोपित किये गए पौधों की निरंतर देखभाल कर संरक्षित किया जाए, जिससे कि पर्यावरण संतुलन में सहायक हो सके । अमृत उपवन में सजावटी घास, फलदार व छायादार पौधे लगाकर आकर्षक रूप में तैयार किया जाए ताकि नागरिको को शुद्ध हवा के साथ–साथ अच्छा वातावरण मिल सके और शरीरिक व्यायाम भी कर सके। इस अवसर पर इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) धीरेन्द्र प्रताप, उपजिलाधिकारी सदर नन्द प्रकाश मौर्य, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सदर मीरा सिंह सहित सम्बन्धित उपस्थित रहे ।

## पुरुष्कार घोषित 25000 रुपये इमानिया बदमाश थाना असोथर पुलिस द्वारा अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। असोथर थाना पुलिस द्वारा गैंगेस्टर के अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी थरियाँव महोदय के कुशल मार्गदर्शन में आज दिनांक 05.08.2022 को पुरुष्कार घोषित 25000 रुपये इमानिया बदमाश तौसीफ पुत्र तौफीक निवासी ग्राम पाराहसनपुर थाना करारी जनपद कौशाम्बी उम्र करीब 22 वर्ष को ग्राम मेडी का पुरवा तिराहे से ग्राम सातोधरमरपुर जाने वाली रोड पर दबिश देकर प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार यादव थाना असोथर, फतेहपुर मय हमराह पुलिस बल के द्वारा गिरफ्तार किया गया ।

उक्त इनामिया बदमाश मु0अ0सं0 – 225/21 धारा 2/3 उ0प्र0



गैंगस्टर एक्ट थाना थरियांव, फतेहपुर का बांछित अभियुक्त है तथा उसके कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ । जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 121/2022 धारा 3/25 आयुध अधिनियम बनाम तौसीफ पुत्र तौफीक निवासी ग्राम पाराहसनपुर थाना करारी जनपद कौशाम्बी उम्र करीब 22 वर्ष पंजीकृत किया गया ।

# डीएम ने कान्हा गौशाला का निरीक्षण कर,दिए निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स

फतेहपुर। जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने दिन शुक्रवार को कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय केन्द्र नगर पालिका परिषद सदर का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान गौशाला में 530 गौवंश पाए गए । गौशाला परिसर की खाली पड़ी जमीन में नैपियर घास लगवाने के निर्देश सम्बन्धित को दिए। उन्होंने गौशाला परिसर में जल जमाव पाए जाने पर जल निकासी का प्रबंध तत्काल कराने के निर्देश अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सदर को दिए। उन्होंने कहा कि गौशाला परिसर में साफ–सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए, रोस्टर बनाकर सफाईकर्मी लगाकर दिन में दो बार साफ सफाई करायी जाए। गौवंश गंदगी में न रहने पाए । गौवंशो को पिलाये जाने वाले पानी की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारी से गौवंशो के टीकाकरण व पशुओं के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और कहा कि गौवंशो का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण व टीकाकरण किया जाए एवं गौवंशो के स्वास्थ्य के साथ सेहत का विशेष ध्यान दिया जाए। गौवंशो के हरे



चारे, भूषा, पशु आहार आदि की उपलब्धता की जानकारी ली जो पर्याप्त मात्रा में पाया गया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) धीरेन्द्र प्रताप, उपजिलाधिकारी सदर नन्द प्रकाश मौर्य, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सदर श्रीमती मीरा सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी सहित सम्बन्धित उपस्थित रहे ।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक रूप से किया जाए प्रचार प्रसार

दैनिक अयोध्या टाइम्स

फतेहपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फतेहपुर, सचिव पूर्ण कालिक ने बताया कि जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फतेहपुर संतोष राय के निर्देशन एवं माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, मो0 अहमद खॉन की अध्यक्षता में आज दिनांक–05.08. 2022 को आगामी विशेष लोक अदालत दिनांक 06.08.2022 एवं राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13.08.2022 के सफल आयोजन एवं आरबीट्रेशन के निष्पादन वादो के अधिकाधिक निस्तारण के सम्बन्ध में समस्त अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के साथ प्री–ट्रायल बैठक आहूत की गयी।



उक्त बैठक में राजेन्द्र सिंह चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पृथ्वीपाल यादव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अखिलेश पाण्डेय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय, प्रमोद कुमार गंगवार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विनोद कुमार चौरसिया अपर जिला एवं सत्र न्यायालय, रविकान्त अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अनिल कुमार ट७ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जुनैद मुजफ्फर अपर जिला एवं सत्र न्यायालय, विनय तिवारी अपर जिला एवं सत्र न्यायालय, श्रीमती सुनीता सिंह नागोरे अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्रीमती नित्या पाण्डेय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय, श्रीमती अपर्णा त्रिपाठी अपर जिला एवं सत्र न्यायालय एवं श्रीमती रोमा गुप्ता सचिव पूर्ण कालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फतेहपुर,उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, मो0 अहमद खॉन द्वारा उपस्थित समस्त न्यायिक अधिकारियो को निर्देशित किया गया कि आरबीट्रेशन के चिन्हित निष्पादन वादों को एन0जे0डी0जी0 पोर्टल पर अपलोड कराये एवं जिन वादों में रिकवरी वारॅन्ट जारी हो गये है, उनकी सूची सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

इसके अतिरिक्त सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भी निर्देशित किया गया कि जिन वादों में रिकवरी वॉरन्ट जारी हुए है उनकी सूची न्यायालयों से प्राप्त कर अग्रेतर कार्यवाही हेतु अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 को पत्राचार के माध्यम से सूचित किये जाने का निर्देश दिया गया।

आरबीट्रेशन के निष्पादन वादों के ऐसे मामले जिसमें समझौता धनराशि 50000 या उससे कम की है ऐसे मामलों को चिन्हित कर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करे। पक्षकारो को बुलवाकर सुलह–समझौते के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा निस्तारण करने का प्रयास करे। उपस्थित न्यायिक अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13.08.2022 के लिए अधिकाधिक संख्या में वादों को चिन्हित कर पक्षकारों को नोटिस भेजी जाए एवं चिन्हित वादों को ससमय एन0जे0डी0जी0 पोर्टल पर अपलोड किया जाए।

# बिंदकी पुलिस और आबकारी टीम ने पकड़ी 1500 लीटर अपमिश्रित शराब

- 9 पेटी खाली सीसी, 647 बारकोड, यूरिया बरामद, दो युवक गिरफ्तार
- एसपी ने टीम को दिया 15 हजार का इनाम

दैनिक अयोध्या टाइम्स

फतेहपुर। नकली शराब बनाने वाले गिरोह के दो सदस्यों को बिंदकी पुलिस और आबकारी टीम ने गिरफ्तार किया है। एक आरोपी फरार है। आरोपियों के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में अपमिश्रित शराब, खाली बोतलें, क्यू आर कोड, ढक्कन बरामद किया है।अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार की भोर पहर कोतवाल रवींद्र श्रीवास्तव, खजुहा चौकी इंचार्ज राजेन्द्र त्रिपाठी, आबकारी निरीक्षक राजीव माथुर ने अपनी टीम के साथ अमौली तिराहा के पास से दो युवक हजरत अली निवासी खानपुर जाफरगंज, दिव्यांश पाल निवासी नरैनी जहानाबाद को एक पेटी नकली अंग्रेजी शराब व क्यू आर कोड के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस टीम ने परादान कोठी के पास से 25 ड्रम में 1500 लीटर अपमिश्रित शराब, 96 पौवा तैयार अंग्रेजी शराब, 404 ढक्कन, 647 क्यू आर कोड, 9 पेटी अलग अलग ब्रांड की खाली सीसी, 5 किलो यूरिया, बरामद किया गया। एएसपी ने बताया कि आरोपी



नकली शराब बनाकर अलग अलग स्थानों पर उसकी बिक्री करते थे। इनका एक साथी फरार हो गया है। जिसकी तलाश में पुलिस टीमें लगी है।

उसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपियों के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई की जाएगी। एएसपी ने बताया कि एसपी ने संयुक्त टीमो को 15 हजार रुपया का नगद इनाम देने की घोषणा की है।

# उद्योग व्यापार मंडल लालगंज ईकाई का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

- छः माह में व्यापार मण्डल द्वारा चलाई जाएगी एम्बूलेंश

लालगंज रायबरेली। उद्योग व्यापार मण्डल लालगंज ईकाई का सपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन नगर के शांती उत्सव लान में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम मे क्षेत्र के व्यापारियों ने बढ चढ कर हिस्सा लिया प्रदेश महामन्त्री व जिला अध्यक्ष पंकज मोरारका ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं कर्तव्यों की सपथ दिलाई। जिसमें संरक्षक का दायित्व सूर्य प्रताप सिंह, प्रमोद मिश्रा,रजोले महाराज, राकेश गुप्ता, व राजू तिवारी संगठन प्रभारी का दायित्व अनिल गुप्ता, नगर अध्यक्ष के रूप में राहुल भदौरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, करुणा शंकर यादव, हरि शंकर श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष बिष्णु चंद्र गुप्ता, मोहम्मद नसीर आशुतोष शुक्ला, आजम सिद्दीकी, सचिन सिंह, मोहम्मद काशिफ, भानु शुक्ला, महामंत्री संतोष मिश्रा कोषाध्यक्ष विपिन वर्मा आय–व्यय निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह मीडिया प्रभारी शशि राज पटेल,अखिलेश सिंह, संगठन मंत्री सुमित कौशल, शैलेंद्र सोनी, प्रचार मंत्री रमेश कौशल, रामू प्रजापति, संयुक्त मंत्री मोहम्मद मोईन, विनोद वर्मा, निसार अहमद मंत्री कमलेश बाजपेई, मोहम्मद अख्तर व नगर युवा व्यापार मंडल में अध्यक्ष आकाश शुक्ला उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता, पिंटू शुक्ला, प्रिंस राज, मोहम्मद फैसल, महामंत्री पुष्पमित्र शर्मा, कोषाध्यक्ष सर्वेश गुप्ता, संगठन मंत्री मोहम्मद शानू, ओमी तिवारी संयुक्त मंत्री राहुल गुप्ता, अशोक बाजपेई, रोहित चौहान प्रचार मंत्री सुशील गुप्ता मंत्री कमलेश कुमार ने पद एवं कर्तव्यों की शपथ ली। साथ ही प्रदेश महामंत्री के साथ अख्तर अंसारी, राजेन्द्र पाण्डेय, श्रवण कुमार सहित बडी संख्या मे पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर श्री मुरारका ने व्यापारियों को हर प्रकार से मदद करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा इससे पूर्व भी एक बार नगर में प्रशासन द्वारा व्यापारियों को फर्जी मुकदमे में फंसाया जा रहा था तब भी उद्योग व्यापार मंडल ने प्रशासन से व्यापारियों की लड़ाई लड़कर उन्हें न्याय दिलाने का कार्य किया था ।और आज भी वह व्यापारियों के लिए संघर्ष करने में पीछे नहीं रहते



हैं। सपथ ग्रहण समारोह में संगठन प्रभारी अनिल गुप्ता ने शपथ लेते ही अगले छरू माह में व्यापारियों एवं आम जनमानस के लिए एंबुलेंस एवं शव रखने हेतु एसी ताबूत की घोषणा की है।इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष रामबाबू गुप्ता, केसी गुप्ता, डॉक्टर निरंजन राय, आशीष प्रताप सिंह, राघवेंद्र सूर्यवंशी, एम डी सिंह,बैद्यनाथ विश्वकर्मा, राजेश फौजी, राजेश सिंह,ओपी सिंह, अनूप पांडे,हरिशंकर पांडेय, सहित भारी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु अधिकारियों के साथ की बैठक

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

- 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह एवं 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम होगा आयोजित
- जनपद के सभी सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों एवं निजी भवनों में फहराया जायेगा तिरंगा : डीएम

अमेठी। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में दिनांक 11 से 17 अगस्त 2022 तक स्वतंत्रता सप्ताह एवं 13 से 15 अगस्त 2022 तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि भारतीय स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण होने के महत्वपूर्ण अवसर पर दिनांक 11 से 17 अगस्त 2022 तक स्वतंत्रता सप्ताह एवं दिनांक 13 से 15 अगस्त 2022 तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाना है, हर घर तिरंगा कार्यक्रम में 13 से 15 अगस्त 2022 तक जनपद के सभी आवासीय घरों/बहुमंजिला आवासीय इमारतों आदि में पॉलिस्टर/सूती/ खादी/ऊनी कपड़ों से बने निर्धारित आकार (30'20) के झंडों को फहराया जाना है, इसके अतिरिक्त समस्त सरकारीध्गैर सरकारी कार्यालयों जैसे पुलिस लाइन, पुलिस थाना, पुलिस चौकी, कारागार, कृषि विज्ञान केंद्र, उद्यान, मत्स्य प्रक्षेत्र, मंडी परिषद, सहकारी समितियां, पशु चिकित्सालय, राजकीय अतिथि गृह, स्टेडियम, पार्क, चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अमृत सरोवर, पंचायत भवन, विश्वविद्यालय, शिक्षण संस्थान, बसध्मेट्रोध्रेलवे स्टेशन, जनसेवा केंद्र, होटल, रेस्टोरेंट, सिनेमा हॉल, शॉपिंग कंपलेक्स आदि विभिन्न सरकारीध्गैर सरकारी भवनों में खादी से निर्मित झंडे फहराए जाएंगे। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि शासन से 391300 झंडे प्राप्त हो चुके हैं।

जिन्हें बिक्री हेतु जनपद की सरकारी राशन की दुकानों पर उपलब्ध करा दिया गया है अभी 95100 झंडे और प्राप्त होने हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जनपद स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है



इसके साथ ही तहसील स्तर पर संबंधित उप जिला अधिकारी एवं तहसीलदार, ब्लॉक स्तर पर खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) एवं एक जिला स्तरीय अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है इसके साथ ही न्याय पंचायत स्तर पर विकास खंड स्तरीय अधिकारियों तथा ग्राम पंचायत लेवल पर पंचायत सचिव एवं संबंधित लेखपाल को नोडल नामित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाए। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय नायकों के प्रति सम्मान प्रदर्शित करते हुये राष्ट्र प्रेम एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत किया जाना है। इस दौरान विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विद्यालयों में झण्डागान का आयोजन, निबन्ध, पेन्टिंग आदि से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया जाना है। जिलाधिकारी ने यह भी सचेत किया कि झण्डारोहण के समय यह सुनिश्चित किया जाये कि झण्डा संहिता के अनुरूप ही राष्ट्र ध्वज का झण्डारोहण किया जाये, किसी भी दशा में झण्डा संहिता के अन्तर्गत उल्लिखित नियमों का उल्लंघन न किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा. अंकुर लाठर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विमलेंदु शेखर, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, अपर जिला सूचना अधिकारी शिवदर्शन यादव, जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी, उपायुक्त उद्योग सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार


### शाहजहांपुर में मनाई गई स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की जयंती

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की जयंती शाहजहांपुर में मनाई गई । शहर के बिजलीपुरा स्थित सपा कार्यालय पर निवर्तमान सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने जनेश्वर मिश्र को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनको याद किया।इस मौके पर ददरौल विधानसभा से पूर्व सपा प्रत्याशी राजेश वर्मा,पुवाया विधानसभा से पूर्व सपा प्रत्याशी उपेंद्र पाल सिंह,सैयद रिजवान अहमद,संजीव वर्मा,रामकुमार भोजवाल,नि.नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी,आयुष यादव, ओमपाल, मनोज यादव,राजेश्वर यादव,सलीम इदरीसी,हफीज अंसारी, वरुण मिश्रा, संतोष पाल, नाजिम फारुकी, सैयद शकील मियां, विपिन यादव, फराज खान, मोइन खान, विपिन यादव,सर्वेश वर्मा,अमन खान,आरिफ खान, रवि प्रकाश कुमार, राजेश कश्यप, सचिन भोजवाल, राजा साहब,शाहनवाज आदि सपाई मौजूद रहे ।



### महंगाई के खिलाफ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, पुलिस ने किया गिरफ्तार

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। देश में महंगाई को लेकर जनपद के सैंकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओ ने प्रदर्शन किया तथा पुलिस ने कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर कार्रवाई की । महंगाई और ईडी की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेसी कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे थे गिरफ्तारी के दौरान पुलिस से तीखी नोकझोंक भी हुई। पुलिस ने भारी पुलिस बल के साथ प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को कांग्रेश कार्यालय से गिरफ्तार किया गया। शाहजहांपुर में कांग्रेश पार्टी के जिला अध्यक्ष रजनीश गुप्ता उर्फ मुन्ना के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसियों ने दिन पर दिन बढ़ती महंगाई और ईडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सड़कों पर



प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसी जिला मुख्यालय पर जा रहे थे तभी पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रास्ते में रोक लिया। पुलिस ने महंगाई और ईडी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे सभी कांग्रेसियों को हिरासत में ले कर पुलिस लाइन भेज दिया। प्रदर्शन कर रहे है कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई के खिलाफ आवाज उठाना अगर गुनाह है तो कांग्रेसी इस गुनाह को रोज करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने ईडी को सिर्फ कांग्रेस पार्टी के पीछे छोड़ रखा है। क्या सपा और बसपा पार्टियां नहीं है ? उनके पास ईडी क्यों नहीं जाता क्योंकि सपा और बसपा ने भाजपा के सामने घुटने टेक रखे हैं।

### विभागीय लापरवाही के चलते मिठाइयों में परोसा जा रहा जहर

- मिठाई खाने से परिवार में होने लगीं उल्टियां तो जिला अधिकारी से की शिकायत

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। खाद्य एवं रसद विभाग से लेकर फूड इंस्पेक्टर अपनी जेबें भरने में लगे हुए हैं और गांव देहात में चलने वाले तमाम होटल मिठाइयों में लोगों को जहर परोस रहे हैं जब कोई होली दीपावली जैसा त्यौहार आता है तो संबंधित विभाग के कर्मचारी खानापूर्ति के लिए कहीं खोया मंडी तो कहीं होटल पर सैंपल लेकर खानापूर्ति कर देते हैं बाकी सब कुछ राम भरोसे चल रहा है और विभागीय अधिकारी किसी अप्रिय घटना का इंतजार कर रहे हैं मामला थाना रोजा क्षेत्र के हथौडा बुजुर्ग गांव का है जहां गांव के अंदर पप्पू राठौर की गली में दुकान है जहां मिर्चा पकौड़ी के साथ मिठाईयां बनाने के साथ बिक्री का काम होता है बताया जाता है इसी होटल से गांव के सुमित कुमार पुत्र मुन्नालाल ने 4 अगस्त को शाम आधा किलो लड्डू एवं आधा किलो बर्फी खरीदी थी जो अपने घर ले गया और जब घर पर बच्चों ने खाई तो उन्हें उल्टी होने लगी जब सुमित ने बची हुई मिठाई स्वयं खाकर देखी तो उसमें महक आ रही थी जब



सुमित इसकी शिकायत होटल पर करने गया तो होटल स्वामी पप्पू राठौर ने उसी पर सवारी कर दी और बोला अच्छी मिठाई लेना है तो बड़े शहर को जाओ हमारे यहां तो ऐसी ही मिठाई मिलती है जब उसने उच्चाधिकारियों से शिकायत की बात कही तो होटल स्वामी ने कहा ऐसे अधिकारी हर माह होटल पर आते रहते हैं जहां मर्जी हो वहां शिकायत कर दो अब सुमित ने जिला अधिकारी शाहजहांपुर को प्रार्थना पत्र देते हुए उक्त होटल स्वामी पर कार्रवाई की मांग की है सुमित ने बताया कि होटल गांव के अंदर है और होटल पर कमर्शियल सिलेंडर की जगह रसोई गैस सिलेंडर का प्रयोग होता है जो कभी भी कोई बड़े हादसे का कारण बन सकता है सुमित ने बताया कि इस संबंध में उसने पूर्ति निरीक्षक सदर को सूचना दे दी है।

### कोविड 19 प्रिकॉशन डोज अच्छादन हेतु मेगा कैंप का होगा आयोजन

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहाँपुर। भारत सरकार के प्राप्त दिशा निर्देशों के क्रम में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 15 अगस्त 2022 से आगामी 75 दिनों के लिए प्रदेश के समस्त सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के समस्त वयस्क नागरिकों को निशुल्क कोविड–19 की प्रिकॉशन डोज से आच्छादित किया जा रहा है। जनपद के समस्त पात्र वयस्क नागरिकों को समयबद्ध प्रिकोशन डोज से अच्छादित किए जाने एवं टीकाकरण की गति को बढ़ाए जाने के उद्देश्य से दिनांक 7 अगस्त 2022 को जनपद के समस्त सरकारी अस्पतालों के कोविड वैक्सीनेशन सेंटरों पर प्रिकॉशन डोज का मेगा कैंप आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होने सभी सम्मानित जनपद वासियों से अपील की है कि उक्त तिथि को अपने नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर निशुल्क कोविड–19 की प्रीरकोशन डोज लगवायें, जिससे हम अपने परिवार समाज और देश को कोविड–19 कि इस महामारी से सुरक्षित रख सकें। उन्होने बताया कोविड–19 की दूसरी डोज और प्रिकॉशन डोज के बीच 6 माह का अंतराल अनिवार्य है।

### नगर के युवाओं ने भरी हुंकार हर हर महादेव के जयकारों से जलालाबाद हुआ शिवमय

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम जलालाबाद– शाहजहांपुर।नगर के युवाओं द्वारा पिछले कई वर्षों से श्रावण माह के पावन अवसर पर हिंदू युवाओं की ओर से जलाभिषेक यात्रा का आयोजन होता चला आया है इसी क्रम में आज गुरुवार को सुबह 6:00 बजे नगर के सैकड़ों युवाओं ने बाइकों पर भगवा ध्वज लगाकर गंगाजल की बोतल लेकर हर हर बम बम के जयकारों के साथ नगर जलालाबाद से बारापत्थर होते हुए भैंसटा कला के लिए प्रस्थान किया इस यात्रा के दौरान जलालाबाद नगर पालिका चेयरमैन मुनेंद्र बाबू गुप्ता एवं कार्यकर्ताओं द्वारा शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत सत्कार किया गया जिसके उपरांत भैंसटा कला प्राचीन महादेव के मंदिर पर पहुंचकर भक्तों ने प्रसाद ब जल चढ़ाकर मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की इसके बाद भैंसटा कला महादेव के मंदिर परिसर में ही नगर के युवाओं द्वारा शिव भक्तों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया इस अवसर पर जलालाबाद नगर गौरव गुप्ता, मोहित श्रीवास्तव ,आशुतोष गुप्ता, मुनेंद्र गुप्ता चेयरमैन ,स्वप्निल शर्मा ,रजत श्रीवास्तव, बृजेश राठौर, सुरजीत राठौर, राजीव यादव ,अमित खन्ना, विपिन सिंह छोटू, सिद्धार्थ सिंह ,अरुण सिंह, सहित नगर के काफी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया।



## रिक्शा चालक ने टैंपो को पीछे से मारी टक्कर

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। फर्रुखाबाद रोड पर बालाजी मंदिर के निकट रिक्शा चालक ने टेंपू के पीछे से टक्कर से वाहन में बैठी सवारियां बाल–बाल बच गई दोनों वाहन चालकों में जमकर गाली गलौजहुई एवं मारपीट की नौबत आ गई बाद में दोनों पक्षों को समझा बुझा कर वाहन चालक को रफा दफा किया गया ।

आपको बता दें मामला शाहजहांपुर जनपद के थाना जलालाबाद के नगर जलालाबाद से फरुखाबाद रोड पर बालाजी मंदिर के निकट का है। जहां मोरंग रेत विक्रेता ने रोड के किनारे से तक रेता डाल दी, दूसरी साइड में बड़े वाहनों की लंबी जाम लगी हुई थी। रेत के कारण टैंपू चालक में अचानक अपना टेंपो रोक दिया तभी पीछे से आ रहे रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी जिससे टैंपू के पीछे बैठी सवारीया बाल बाल चोटिल होने से बच गयी और टेंपो पीछे से पिचक गया। इस पर टैंपू चालक मुकेश व रिक्शा चालक नंन्हे में झड़प होने लगी। बाद में लोगों ने दोनों पक्षों को समझा बुझा कर मामलाशांत किया ।

## कम्प्यूटर टैली प्रशिक्षण, निःशुल्क कराये जाने हेतु आवेदन आमंत्रित

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। कमांडर दिनेश कुमार मिश्र अ०प्र० जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी शाहजहांपुर ने बताया कि जनपद के समस्त भूतपूर्व सैनिकों ६ स्व० सैनिक की पत्नियों के आश्रितों से 480 घंटे का इन्फारमेशन टेक्नालाजी प्रशिक्षणं, 30 दिन का एस०एस०बी०कोर्स, 300 घंटे का कम्प्यूटर फैशन डिजाईनिंग कोर्स, 180 घंटे का कम्प्यूटर टैली प्रशिक्षण, निःशुल्क कराये जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। प्रशिक्षण निःशुल्क और जनपद शाहजहाँपुर में ही करवाया जायेगा । इच्छुक पूर्व सैनिकों के आश्रित जिला सैनिक कल्याण, कार्यालय में प्रार्थना पत्र व इण्टरमीडिएट पास अंकपत्र व प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं दो पासपोर्ट साइज के रंगीन फोटोग्राफ व पार्ट–2 आर्डर की छायाप्रति सहित तत्काल आवेदन पत्र जमा करें। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि दिनांकः 30 अगस्त, 2022 हैं ।

## स्टेट हाईवे पर दो बाइकों की हुई टक्कर चार कांवरिया घायल

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम जलालाबाद, शाहजहांपुर। जलालाबाद क्षेत्र में अलग–अलग जगहों पर सड़क हादसे से चार कांवरिया घायल ,गांव नगरिया के सामने स्टेट हाईवे पर दो बाइकों की हुई भिड़ंत ,तीन घायल जबकि एक कावड़िया नाचने के दौरान ट्राली से गिरकर घायलहो गए और। जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर जाने वाले स्टेट हाईवे के गांव नगरिया के सामने गोला गोकरण नाथ में शिव मंदिर में जलाभिषेक करके बाइक से लौट रहे श्रद्धालु धनवीर पुत्र मकरंद व सुनील पुत्र कान्हई का जलालाबाद के मोहल्ला नवीन नगर निवासी गोपाल की बाइक की टक्कर हो गई ।जिससे दोनों बाइके सड़क पर गिर गई और दोनों बाइकों पर सवार धनवीर, सुनील बा गोपाल घायल हो गए। घायलों को आनन–फानन में पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत सीरियस होने के कारण तीनों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घायलों के साथी



सत्य देव ने बताया किस सुनील वा धनवीर थाना परौर के गांव पचदेवरिया के रहने वाले हैं और गोला गोकर्णनाथ शिव मंदिर में गंगाजल चढ़ाने गए थे ।वहां से आज शुक्रवार सवेरे 5:30 बजे गंगा जल चढ़ाने के बाद वापस घर के लिए लौट रहे थे तभी दोपहर में यह घटना हो गई।उधर थाना क्षेत्र के मदनापुर रोड पर गांव खाईखेड़ा चौराहे पर ट्रैक्टर ट्राली में पीछे बैठा कांवरिया डीजे पर नाच रहा था नाचते–नाचते वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया ।उधर थाना क्षेत्र के मदनापुर रोड पर गांव खाईखेड़ा चौराहे पर ट्रैक्टर ट्राली में पीछे बैठा कांवरिया डीजे पर नाच रहा था नाचते–नाचते वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया ।घायल कावरिया मदनापुर क्षेत्र का बताया गया।

## खाद से भरा ऑटो रिक्शा अनियंत्रित होकर नहर में पलटा

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। खाद ले जा रहा ऑटो रिक्शा पुल के निकट आनंदित होकर पलट गया जिससे ऑटो रिक्शा में भरी खाद की बोरी भी नदी में गिर गई।जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर से सरौरा आटो रिक्शा गांव खाद लेकर जा रहा था। ऑटो रिक्शा चालक रास्ता भटक जाने के कारण नहर मार्ग पर जा रहा था सड़क खराब होने की वजह से आटो रिक्शा पलट गया।मोहित शाहजहांपुर मोहल्ला अजीजगंज का रहने वाला है ।

गांव सरौरा 10 कट्टे यूरिया खाद के एक काश्तकार के ऑटो रिक्शा मे लदे हुए थे तभी अचानक पहिया गड्ढे में आने के कारण नहर में पलटा बड़ी मशक्कत



के बाद कुछ लोगों ने खाद को बाहर निकालकर और आटो रिक्शा को खड़ा कराया रिक्शे में कई चीजें टूटने का आसार बता जा रहे है मोहित ने बताया मैं रास्ता भटक गया था और आगे निकल गया गांवसरौरा पहुंच गया तब लोगों से पूछा गांव सरौरा कहां पर है मोहित ऑटो रिक्शा को घुमा रहा था तभी अचानक पहिया गड्ढे में जाने के कारण नहर में पलट गया।

## शाहजहांपुर में मनाई गई स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की जयंती



अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की जयंती शाहजहांपुर में मनाई गई । शहर के बिजलीपुरा स्थित सपा कार्यालय पर निवर्तमान सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने जनेश्वर मिश्र को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनको याद किया।इस मौके पर ददरौल विधानसभा से पूर्व सपा प्रत्याशी राजेश वर्मा,पुवाया विधानसभा से पूर्व सपा प्रत्याशी उपेंद्र पाल सिंह,सैयद रिजवान अहमद,संजीव वर्मा,रामकुमार भोजवाल,नि.नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी,आयुष यादव, ओमपाल, मनोज यादव,राजेश्वर यादव,सलीम इदरीसी,हफीज अंसारी, वरुण मिश्रा, संतोष पाल, नाजिम फारुकी, सैयद शकील मियां, विपिन यादव, फराज खान, मोइन खान, विपिन यादव,सर्वेश वर्मा,अमन खान,आरिफ खान, रवि प्रकाश कुमार, राजेश कश्यप, सचिन भोजवाल, राजा साहब,शाहनवाज आदि सपाई मौजूद रहे ।

## नकबजनी कर लाखों के जेवर चोरों ने उड़ाए

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम जलालाबाद,शाहजहांपुर। प्रदेश एवं देश दिन प्रतिदिन बढ़ रही महंगाई की वजह से जनपद के विभिन्न छात्र हैं थाना क्षेत्रों में चोरों की चहल कदमी शुरू हो गई हैशाहजहांपुर जलालाबाद क्षेत्र के गांव नगला नाथ में रात में चोरों ने मकान में नकब लगाकर माल जेवर व नकदी उड़ाई ,पीड़ित ने थाने मे तहरीर, देकर न्याय की गुहार लगाई जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर जनपद से थाना जलालाबाद क्षेत्र के ग्राम नगला नाथ में बीती रात चोरी हो गई। थाने में तहरीर देकर बबली पत्नी मतलूब ने बताया कि उनके मकान में पीछे से नकाब लगाकर चोरों ने रात में कमरे के अंदर रखे हुए कीमती कपड़े एवं अटैची तोड़कर सोने चांदी के जेवर एवं 50000 की नकदी उड़ा दी और उन्होंने कपड़े आदि गांव के बाहर एक मुर्गी फार्म के पास डाल दिए ।सुबह ग्रामीणों की देखने के लिए भीड़ लग गयी । वहीं पुलिस ने इस संबंध में के



एकव्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

## पुवायां के बाद अब खुटार में दिखा बाघ, बछिया को मार डाला

- कुंभिया गांव में घर के बाहर झोपड़ी में बंधी बछिया पर बाघ ने किया हमला, आवाज सुनकर परिवार के लोगों ने मचाया शोर, गन्ने के खेत में चला गया बाघ, पहुंचे वनकर्मियों ने पगचिन्ह ट्रेस किये

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। जनपद के विकासखंड खुटार क्षेत्र के निकट जंगलों में दिन–प्रतिदिन अवैध कटान होने की वजह से जंगली जानवरों का जीवन अब सुरक्षित नहीं रहा उन्हें मजबूरन अपना जीवन सुरक्षित रखने के लिए उन्होंने गांव की ओर रुख कर दिया है जिस कारण गांव में अबे जंगली पशु घरेलू पशुओं का शिकार भी करने लगे हैं ऐसी ही घटनापुवायां के बाद अब खुटार इलाके में बाघ देखे जाने से हड़कंप मच गया है। बाघ की चहलकदमी से गांव के लोग परेशान है। बुधवार रात को गांव कुंभिया माफी में घर के बाहर झोपड़ी में बंधी बछिया पर बाघ ने हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। बछिया की आवाज सुनकर घर के सदस्यों ने शोर मचाया तो बाघ गन्ने की तरफ निकल गया। घटना की सूचना मिलते ही गांव के तमाम लोग लाठी डंडे लेकर पहुंच गए। बृहस्पतिवार सुबह सूचना पर वनकर्मी पहुंचे और पगचिन्ह ट्रेस किये है। इसके बाद बछिया को दफनवा दिया गया।क्षेत्र के गांव कुंभिया माफी निवासी विशेश्वर कुमार ने बताया कि गांव के बाहर सड़क किनारे उनका मकान है। घर के पास में ही जानवरों के लिए झोपड़ी डाल रखी है।

रोजाना की तरह बुधवार रात को झोपड़ी में गाय और बछिया बंधी थी। परिवार के सभी सदस्य खाना खाने के बाद घर में सो रहे थे। रात करीब साढ़े दस बजे झोपडी मे बंधी बछिया के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी।विशेश्वर कुमार का पुत्र सहदेव और गांव का पंकज आवाज सुनकर मौके पर पहुंच गया और झोपडी में टार्च की रोशनी डालने पर बाघ दिखाई पड़ा तो होश उड़ गए। शोर मचाने पर गांव के तमाम लोग लाठी डंडे लेकर एकत्र हो गए। लेकिन बाघ के हमले से बछिया की मौत हो गई। इसके बाद बाघ पड़ोस के गन्ने के खेत में चला गया। सहदेव ने रात में ही वनकर्मियों को सूचना दी। बृहस्पतिवार सुबह वनविभाग से फारेस्टर नंदा बल्लभ पांडेय अन्य वनकर्मियों के साथ गांव पहुंचे। जहा पगचिन्हों को ट्रेस किया। वनकर्मियों ने बछिया के शव को खेत में दफन करा दिया। बाघ की चहलकदमी से गांव के लोग भयभीत है।

आठ माह पहले बाघ ने राठ में बकरी को मार डाला और कुंभिया में हमला : तीन जनवरी को गांव राठ निवासी पारुल देवी के घर के बाहर झोपड़ी में बंधी बकरी को बाघ ने मार डाला था। लेकिन उस हादसे में पारुल देवी के पति रामचंद्र की मौत हो गई थी। उधर, गांव कुंभिया माफी आशाराम के घर के बाहर बंधी बकरी पर हमला कर दिया था। लेकिन परिवार के देख लेने पर बकरी की जान बच गई थी। बुधवार रात को बाघ ने बछिया को मार डाला है। जिससे दहशत है।

बछिया का नही कराया पीएम : बुधवार रात को गांव कुंभिया माफी में बाघ में बछिया पर हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। बृहस्पतिवार सुबह को पहुंचे वनकर्मियों ने मृत बछिया को दफन करा दिया। लेकिन उसे पीएम के लिए नही भेजा गया। वनकर्मियों की लापरवाही से गांव के लोगों में रोष है।

## सड़क निर्माण में धांधली को लेकर मुख्य विकास अधिकारी से शिकायत

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। मनरेगा के तहत इंटरलॉकिंग सड़क के निर्माण में लाखों रुपए धनराज की बर्बादी तथा दुरुपयोग किए जाने के संबंध में विकासखंड खुटार के गांव रजमना निवासी सर्वेश कुमार अवस्थी पुत्र राजेश अवस्थी ने मुख्य विकास अधिकारी जनपद शाहजहांपुर को ऑनलाइन शिकायत कर जांच कराए जाने की मांग की है सर्वेश कुमार ने बताया कि प्रार्थी की ग्राम पंचायत रजमाना पोस्ट मलिका विकासखंड खुटार जनपद शाहजहांपुर मैं मनरेगा के तहत इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है राजीव के मकान से कोटेदार राम मुनेश के मकान तक कराया गया है जिसमें लाखों रुपए की धनराशि की बर्बादी एवं दुरुपयोग गबन कर लिया गया है सड़क को मानक विहीन बनाया गया है इंटरलॉकिंग सड़क के नीचे ईटा को उखाड़ कर हल्की–फुल्की रोड़ी डालकर निर्माण कार्य करा दिया गया है जबकि साइट की सपोर्ट में पुरानी ईटों काही प्रयोग कर सपोर्ट बनाया गया है जिसमें घटिया ईट बा सीमेंट का प्रयोग किया गया है अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि उक्त प्रकरण की जांच कराया जाने हेतु जनपद स्तरीय जांच कमेटी का गठन करा कर सड़क के मानकों की जांच कराया जाने एवं दोषी पाए जाने पर संबंधित दोषियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई का आदेश पारित कर पुनः सड़क मानक के अनुरूप बनाए जाने की मांग की है।



## दिलीपपुर मे सड़कें बनीं तालाब, हरिहरपुर के ग्रामीण जलभराव से परेशान

- विद्यालय परिसर में भारी मात्रा में हुआ जलभराव, जिम्मेदार मौन

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम खुटार,शाहजहांपुर। पहली बरसात ने कई गाँवो के विकास कार्यो की पोल खोलकर रख दी है। बरसात होने से विद्यालय में जलभराव हो गया है। स्कूल मानो तालाब में तब्दील हो गए हैं। जिससे स्कूल जाने वाले छात्र –छात्राओं को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल व सड़को पर जलभराव होने से ग्रामीणों का निकलना दूभर हो गया है। लेकिन पूरे मामले से जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए है। कोई ध्यान नही दे रहे हैं। प्रदेश की योगी सरकार ग्राम पंचायत में विकास कार्यो के लिए लाखों रुपये का बजट खर्च कर रही है। व परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प के तहत पंचायतों में लाखों का बजट भेज रही है। इसके बाबजूद विद्यालय में मिट्टी भराव का कार्य न होने से विद्यालय परिसर में भारी मात्रा में जलभराव हो गया है। सरकार द्वारा लाखों का बजट खर्च करने के बाबजूद भी क्षेत्र के अधिकांश ग्राम पंचायतों की सड़के जर्जर अवस्था मे है। व भारी मात्रा में सड़कों पर जलभराव है। विकासखण्ड खुटार क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरिहरपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में बारिश होते ही भारी मात्रा में विद्यालय परिसर में जलभराव हो गया है। जिससे स्कूल जाने वाले छात्र–छात्राएं पानी से गुजरकर स्कूल जाते हैं।

कई बार छात्र छात्राएं इस पानी में फिसलकर गिर जाते है। बारिश होने से स्कूल मानों तो तालाब में तब्दील हो गया है। लेकिन वही पूरे मामले से गाँव के जिम्मेदार पूरी तरह से मौन है। ग्रामीणो का कहना है कि बारिश के मौसम में हर साल विद्यालय में जलभराव हो जाता है। आरोप है कि ग्राम प्रधान से कई बार इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की गई।लेकिन ग्राम प्रधान ने इस पर कोई ध्यान नही दिया। ग्रामीणों ने इस समस्या को दूर





कराने की गुहार लगाई है।तो बहीं क्षेत्र के गांव दिलिपपुर मे सड़के तालाब में तब्दील हो चुकीं हैं राहगीरों को गांव के मुख्य मार्ग पर जलभराव से परेशानी का सामना करना पड़ता है लेकिन फिर भी इस ओर किसी भी जिम्मेदार का ध्यान नहीं हो रहा है।

रसवां कला में स्कूल के सामने सड़क पर भरी जलभराव : इस समस्या से खुटार से गोला रोड बाईपास ईट भट्टे के पास से गांव रसवां कला ,सैजनिया होते हुए मोहम्मदी तक जाने वाली सड़क बहुत ही खराब है।सड़क का नामोनिशान मिट गया है पूरी सड़क में गड्ढे ही गड्ढे हो चुके है लेकिन जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नही दे रहे गांव रसवां कलां में गांव के पास ही सड़क पर गड्ढा हैं।जिससे बहां पर हमेशा जलभराव की समस्या बनी रहती हैं।जलभराव होने के कारण बहां दुर्गंध आती हैं जिससे आस पास में रहने बाले लोग काफी परेशान हैं।पास ही प्राथमिक विद्यालय के पास पानी भरा हुआ है।जिससे बिद्यालय जाने बाले नन्हे मुन्ने बच्चो को आने जाने में बहुत दिक्कत होती हैं।लेकिन कोई भी जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नही दे रहा गांव में जलभराव होने के कारण कोई बीमारी फैल सकती हैं।ग्रामीणों ने समस्या का समाधान कराये जाने की मांग की है।

## जलालाबाद के अमृत महोत्सव व तिरंगा यात्रा का कार्यक्रम का शुभारंभ

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। बेसिक शिक्षा विभाग जलालाबाद की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ उच्च प्राथमिक विद्यालय बझेड़ा में किया गया।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी डॉ सुनील कुमार सिंह के निर्देशन में न्याय पंचायत बझेड़ा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बझेड़ा में अमृत महोत्सव के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जलालाबाद विधानसभा के विधायक हरि प्रकाश वर्मा के भाई का शिव प्रकाश वर्मा नगर पालिका जलालाबाद के चेयरमैन मनेंद्र बाबू गुप्ता जलालाबाद ब्लाक की ब्लाक प्रमुख लता सिंह नगर अध्यक्ष आशुतोष गुप्ता मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख गोपाल वर्मा ने अमृत महोत्सव का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में शिव प्रकाश वर्मा ने बेसिक शिक्षा विभाग से आए हुए समस्त अध्यापक अध्यापिकाओ व छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की यह स्वतंत्रता हमको यूं ही नहीं मिली है इसके लिए हमारे लाखों वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी है अब हम सबकी जिम्मेदारी है कि इसकी सुरक्षा करें और हर समय अपने देश के लिए तैयार रहें। ब्लॉक प्रमुख लता सिंह ने संबोधित करते हुए कहा की आजादी के अमृत महोत्सव को मनाने की बेला है हम सभी को हर्षोल्लास के साथ इस महोत्सव को मनाना चाहिए और ग्राम वासियों को अपने अपने घरों पर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर ध्वजारोहण करना चाहिए तथा सभी ग्रामवासी अपने अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें क्योंकि ये बच्चे ही हमारे भारत का भविष्य है नगर पालिका जलालाबाद के चेयरमैन मनेंद्र बाबू गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा की आजादी के इस अमृत महोत्सव में हम सभी को देश प्रेम की भावना अपने अंदर जागृत करने हैं और दूसरों को भी देश के प्रति जागरूक बनाने का कार्य करना है यह बड़ा गर्व का विषय है कि हमारे देश के प्रधानमंत्री के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव का आयोजन पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ हो रहा है हम सभी को बढ़–चढ़कर इस में हिस्सा लेना चाहिए खंड शिक्षा अधिकारी डॉ सुनील कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा अमृत महोत्सव के उपलक्ष में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला और सभी प्रतिनिधियों को विश्वास दिलाया कि जलालाबाद ब्लाक के अंदर बेसिक शिक्षा विभाग ने यह ठाना है कि हर घर में तिरंगा लगाएंगे और राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करेंगे। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा की जलालाबाद ब्लाक को प्रेरक ब्लॉक बनाने के लिए हम सभी शिक्षक और शिक्षिकायें पूरी मेहनत और लगन के साथ कार्य कर रहे हैं जिसमें हमारे खंड शिक्षा अधिकारी का पूर्ण सहयोग मिल रहा है और जल्द से जल्द हम सभी लोग मिलकर जलालाबाद को प्रेरक ब्लॉक के रूप में स्थापित करेंगे अमृत महोत्सव के कार्यक्रम के उपरांत बजेड़ा न्याय पंचायत के विभिन्न विद्यालयों से आए अध्यापक अध्यापिकाओं छात्र–छात्राओं व जनप्रतिनिधियों के द्वारा बझेड़ा ग्राम पंचायत में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया





तथा ग्राम वासियों को अमृत महोत्सव और स्वतंत्रता दिवस के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। सभी अतिथियों ने उच्च प्राथमिक विद्यालय बझेड़ा में वृक्षारोपण किया और ग्रामीणों को भी वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों के द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय बझेड़ा के समस्त स्टाफ को प्रशस्ति पत्र देकर उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए उनको सम्मानित किया गया। अंत में उच्च प्राथमिक विद्यालय बझेड़ा की प्रधानाध्यापिका रेखा मिश्रा ने सभी अतिथियों को उपहार भेंट कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जलालाबाद विधायक हरि प्रकाश वर्मा के भ्राता शिव प्रकाश वर्मा जलालाबाद चेयरमैन मनेंद्र बाबू गुप्ता ब्लाक प्रमुख लता सिंह नगर अध्यक्ष आशुतोष गुप्ता मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख गोपाल वर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज सिंह काकोरी शहीद इंटर कॉलेज के प्रबंधक पंकज सक्सेना विश्वास गुप्ता ग्राम प्रधान अनिल कुशवाहा खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सिंह प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राज कुमार सिंह एसआरजी अरुण गुप्ता एआरपी मदन गोपाल कटियार एआरपी विनोद कुमार रावेंद्र वर्मा संजीव अवस्थी सीता त्रिवेदी कुलदीप, पूनम सिंह, मधुर लता, अंजू कुशवाहा,, महेंद्र,असलम, सलमान, दिव्यांश,अभय व न्याय पंचायत के समस्त शिक्षक अनुदेशक,शिक्षा मित्र व ग्राम वासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अरुण अग्निहोत्री ने किया।

# संक्षिप्त समाचार

## चोरी के पांच मोबाइल सहित तीन शातिर चोरों को थाना फतेहपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा चोरी



किए गए पांच मोबाइल सहित तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया– मो. अदनान पुत्र मो.जुबैर निवासी मोहल्ला मोलवीगंज कस्बा व थाना फतेहपुर , मो.दानिश पुत्र इसरत निवासी कस्बा व थाना मोहम्मदपुर खाला ,अदनान वकी पुत्र अरमान निवासी मोहल्ला काजीपुर कस्बा व थाना फतेहपुर को 5.अगस्त .2022 को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के पास से चोरी के पांच अदद मोबाइल बरामद किये गए। उक्त बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 411/414 भादवि की बढ़ोत्तरी की गयी।

## प्रदूषण को मिटाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाए : धर्म कुमार यादव

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। आज के परिवेश में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाना नितांत आवश्यक हो गया है।उक्त विचार जनकल्याण किसान एसोसिएशन के चेयरमैन धर्म कुमार यादव ने विकासखण्ड फतेहपुर के ग्राम सिहाली में अवधराम यादव के दरवाजे पर अर्जुन,सहजन के पौधरोपित करने के उपरांत व्यक्त किये।आगे चेयरमैन ने कहाकि हमारे संगठन की मार्गदर्शक श्रीमती संतोष श्रीवास्तवा जी के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे जीवन रक्षार्थ एक पौध रोपण अभियान के तहत निरन्तर पौधरोपण किया जा रहा। पर्यावरण संरक्षण हेतु सभी लोग प्रत्येक शुभ अवसरों पर कम से कम एक–एक पौधा अवश्य लगाएं जिससे पर्यावरण प्रदूषण को मिटाया जा सके। पौधरोपण से पूर्व आयोजित बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष फतेहपुर संतोष कुमार चौहान द्वारा संगठन के 37 सूत्रीय मांगपत्र पर विशेष प्रकाश डाला गया। ततपश्चात श्रवण कुमार यादव को ब्लॉक सचिव फतेहपुर की जिम्मेदारी भी सौपी गयी।इसके अलावा अवधराम,हँसराज,विनोद कुमार, इन्दल कुमार,बदलू आदि ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की।इस अवसर पर प्रदेश महासचिव राज बहादुर,युवा जिलाध्यक्ष जमुना सिंह,तहसील उपाध्यक्ष फतेहपुर राम सजीवन,ब्लॉक उपाध्यक्ष जगजीवन चौहान,ब्लॉक सचिव कमलेश चौहान, देशराज यादव, अर्जुन यादव,लालजी कश्यप, अनीत ,चिंकू,प्रेम,मदन,सोनू,भल्लू,मिश्रीलाल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में बाल बाल बचे : अध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। जनपद के अंतर्गत कुर्सी रोड बेहटा में छब्बीस जुलाई को किसी अज्ञात वाहन द्वारा शिव कमल तिवारी नामक व्यक्ति का एक्सीडेंट होने से गंभीर अवस्था में घायल हो गए थे। जिसको मां सेवा संस्थान के अध्यक्ष सत्येन्द्र वर्मा ने दुर्घटना स्थल पहुंच कर उक्त व्यक्ति को कैरियर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल आई आई एम रोड लखनऊ में भर्ती कराया था।



जहां उनके स्वास्थ्य में थोड़ा सुधार बताया जा रहा है, लेकिन शिवकमल का इलाज अभी भी हास्पिटल में चल रहा है। जिनका हाल चाल जानने के लिए दो अगस्त को रात तकरीबन दस बजे मां सेवा संस्थान के अध्यक्ष सत्येन्द्र वर्मा पहुंचे थे। वहां से वापस आते समय सीतापुर रोड पर स्थित भिठौली तिराहे पर अध्यक्ष की कार को एक डग्गामार वाहन ने ओवरटेक करते हुए क्कर मार दी जिसमें अध्यक्ष सत्येन्द्र वर्मा तो बाल बाल बच गये लेकिन उनकी कार काफी क्षतिग्रस्त हो गई।

## रोटरी क्लब आगरा नॉर्थ का 52वां अधिष्ठापन समारोह

- रो सुमन भास्कर ने अध्यक्ष का दायित्व ग्रहण किया

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। रोटरी क्लब आगरा नॉर्थ का 52 वां अधिष्ठापन समारोह होटल क्लार्क शिराज में आज, दिनांक 5 अगस्त 2022 को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष रो पवन अग्रवाल रहे । मंडल सचिव रो. राज मेहरोत्रा तथा मंडलाध्यक्ष ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। निवर्तमान अध्यक्ष रो. डा दीपा रावत ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि रोटरी क्लब आगरा नॉर्थ ने विगत 51 वर्षों में समाज के सभी वर्गों के लिए कार्य किया है । पर्यावरण,जल संरक्षण ,केंद्रीय कारागार में पंखों की व्यवस्था, सूर कुटी पर वृद्ध आश्रम का निर्माण, कन्या विद्यालयों में शौचालय का निर्माण , विद्यालयों में फर्नीचर तथा पठन–पाठन सामग्री का वितरण तथा विभिन्न विद्यालयों में सैनिटरी नैपकिंस का वितरण किया गया है। विगत वर्ष में क्लब को हैप्पी स्कूल के लिए ग्लोबल ग्रांट प्राप्त हुई तथा स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में क्लब द्वारा कई महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य किया गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा रो. सुमन भास्कर को अध्यक्ष, रो. अमनप्रीत सिंह सोबती को सचिव तथा रो.अवधेश सिंघल को कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई। काशीपुर से पधारे मंडलाध्यक्ष रो. पवन अग्रवाल ने क्लब के द्वारा गत 51 वर्षों में किये गए सेवा कार्यों की सराहना की और कहा कि विश्व महामारी के बहुत कठिन दौर से गुजरा है परंतु ऐसे समय में भी रोटरी क्लबों द्वारा विभिन्न सामाजिक कार्य किए गए हैं। पर्यावरण संरक्षण हेतु हमारे मंडल द्वारा वृहद वृक्षारोपण किया जा रहा है। सदस्यता वृद्धि की ओर ध्यान देने पर जोर देते हुए उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं की भागीदारी पर अपनी राय रखी तथा उनकी सदस्यता बढ़ाने की प्रेरणा दी।

उन्होंने सदस्यों को अपनी आय का कुछ अंश रोटरी फाऊंडेशन के लिए देने को प्रोत्साहित किया । रोटरी फाऊंडेशन, रोटरी के सेवा कार्यों की नींव है और इसी के द्वारा हम पोलियो जैसी महामारी से विश्व को मुक्त करा पाने में सफल हुए । मैं आह्वान करता हूँ कि आपका क्लब सेवा के क्षेत्र में कोई भी बड़े से बड़ा कार्य करने का बीड़ा उठाएगा तो रोटरी फाऊंडेशन के माध्यम से वो पूरा करने में आपको सफलता अवश्य मिलेगी । मंडलाध्यक्ष ने कॉरपोरेट सी एस आर के माध्यम से बड़े प्रोजेक्ट लेने का आव्हान किया। रो. राज मेहरोत्रा ने कहा कि वर्ष भर रोटरी के कार्यक्रमों से समाज के निम्न वर्ग के लिए पूरे समर्पित भाव से तन मन और धन से सभी रोटेरियन को कार्य करना होगा नवनियुक्त अध्यक्ष रो सुमन भास्कर ने क्लब द्वारा इस वर्ष किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी, जिसमें उन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में तथा विद्यालयों में बालिकाओं के लिए कार्य किए जाने का आह्वान किया। पूर्व सचिव रो. एस एस भारती ने विगत वर्ष में हुए कार्यों का विवरण पेश किया। कार्यक्रम का संचालन रो. माया श्रीवास्तव एवं रो. प्रमोद सक्सेना ने किया। धन्यवाद ज्ञापन रो. डा पी एन अस्थाना ने किया । रो .सी ए एस सी जैन ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया। कार्यक्रम में छ नए सदस्यों आशीष बैजल, अमर सिंह, दीपक वर्मा, मनीषा चौहान, आलोक मुदगल एवं निशा बंसल को शपथ दिलाई गई। समारोह में पी डी जी आर एन अग्रवाल, पी डी जी नरेश सूद, डा मनोज रावत, एस पी कपूर , विनीति सक्सेना, रुचिका जैन, डा जी सी सक्सेना,हेमा सिंघल, राज राजन बंसल, एन के पांडे, एस पी गुप्ता बी सी चौरसिया, राजीव सक्सेना, मृगेश कुलश्रेष्ठ सुधा पांडे आदि का सहयोग रहा।

## जिला अध्यक्ष निहाल अहमद सिद्दीकी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। शिक्षा का अधिकार अधिनियम का अक्षरस पालन ना हुआ तो होगा आंदोलनष भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी के जिला अध्यक्ष निहाल अहमद सिद्दीकी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देते समय व्यक्त करते हुए कहा कि षशिक्षा माफियाओं को लाभ पहुंचाने के लिए जानबूझकर सरकारी शिक्षा का स्तर गिराया जा रहा है इससे निर्धन व मध्यम वर्ग के होनहार बच्चों का भविष्य अंधकार में हो रहा है क्योंकि सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना प्राइवेट स्कूलों में निम्न आय वाले वर्ग के होनहार बच्चों को निर्धारित संख्या में एडमिशन करा कर उनको निशुल्क अच्छी शिक्षा मिले इसके लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम बनाया गया किंतु शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों से कोई जवाबदेही ना होने के कारण शिक्षा का व्यवसायीकरण करने वाले बेसिक शिक्षा विभाग मैं भ्रष्टाचार इस कदर हावी है कि पूरे जनपद के आधे से ज्यादा प्राइवेट स्कूलों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रवेश नहीं दिया जा रहा और शिक्षा विभाग चुप्पी साधे हुए हैं भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी संगठन किसानों मजदूरों निर्धनों व मध्यम वर्ग के होनहार बच्चों के भविष्य को अंधकार में नहीं होने देगी यदि शीघ्र व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो सड़कों पर किया जाएगा आंदोलन उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश और देश की सरकारी साक्षरता दर शत प्रतिशत करने के लिए शिक्षा विभाग पर अरबों रुपए खर्च कर रही हैं किंतु शिक्षा माफियाओं को फायदा पहुंचाने के लिए सरकारी शिक्षा की गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं किया जा रहा है और किसानों मजदूरों निर्धन परिवार के होनहार बच्चों को अच्छी शिक्षा से वंचित कर दिया जाए शिक्षा विभाग शीघ्र अपनी व्यवस्था में सुधार नहीं करता है तो शिक्षा विभाग के विरुद्ध जन आंदोलन चलाया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से बंकी ब्लॉक अध्यक्ष सुशील कुमार, सिरौलीगौसपुर ब्लॉक अध्यक्ष नियाज अहमद, बाराबंकी नगर अध्यक्ष रफी, देवा ब्लॉक उपाध्यक्ष तरुण कुमार, युवा नगर अध्यक्ष बंकी मोहम्मद वसीम, चंद्रिका प्रसाद, मोहम्मद जुनेद, दूलेराज यादव, जावेद, वसीम, अकमल आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी के विरोध में कांग्रेस पार्टी नें किया जोरदार प्रदर्शन



दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर आज जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मो. मोहसिन की अगुवाई में पेट्रोल, डीजल, एल.पी.जी., दाल, खाना पकाने के तेल आदि की बढ़ी कीमतों के खिलाफ आटा, शहद, दही, पनीर जैसी आवश्यक वस्तुओं पर लगाई गयी जी.एस.टी. के विरोध में बढ़ती हुई बेरोजगारी के खिलाफ प्रदर्शन में सैकड़ो कांग्रेसजनों ने भाजपा सरकार के खिलाफ गगनभेदी नारे लगाकर जोरदार प्रदर्शन करके अपनी गिरफ्तारी दी।पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज बढ़ती हुई महंगाई, बेरोजगारी, किसान की समस्याओं पर केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देश पर आयोजित धरना प्रदर्शन गिरफ्तारी कार्यक्रम में सैकड़ो कांग्रेसजन इन्दिरा मार्केट स्थित कांग्रेस कार्यालय से हाथों में सरकार विरोधी तख्ती लेकर छाया चौराहे सड़क पर आये जहां पुलिस बल के द्वारा रोके जाने पर भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार सरकार प्रदर्शन करके कांग्रेसजनो ने अपनी गिरफ्तारी दी, गिरफ्तारी के बाद जिला प्रशासन द्वारा पुलिस हिरासत में कांग्रेसजनों को लेकर गन्ना दफ्तर परिसर लाया गया जहां पर दोपहर बाद रिहा कर दिया गया बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी किसानो की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन करके गिरफ्तारी देने वालों में मुख्य रूप से कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन, राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, अरशद इकबाल, श्रीमती गौरी यादव, के.सी.श्रीवास्तव रामहरख रावत, शबनम वारिस, सिकन्दर रिजवी, मो. इरफान कुरैशी, इन्द्रजीत रावत, मो. आरिफ, सियाराम यादव, जलालुद्दीन गुड्डू, मुइनुददीन अंसारी, डॉ. गणेश शर्मा, अरशद अहमद, धनंजय सिंह, श्रीकान्त मिश्रा, अतीक अहमद सद्दन, अम्बरीश रावत, वीरेन्द्र प्रताप यादव, प्रीती शुक्ला, पिंकी पाण्डेय, मो. जीशान, सौरभ पाण्डेय, सुरेन्द्र सिंह सहित दर्जनो की संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## भदोही के लाल का तमिलनाडु में हुआ भव्य स्वागत



संवाददाता अयोध्या टाइम्स भदोही। भदोही जनपद के पूर्व जिला पंचायत सदस्य व पूर्व जेल विजिटर भूपेंद्र यादव का सनकरनकोल तमिल नाडु दक्षिण भारत में भव्य स्वागत किया गया इस दौरान यादव समाज की बैठक में भूपेंद्र यादव ने कहा कि यादव समाज कर्म योगी समाज है समाज को संगठित करने के लिए बुराइयों को छोड़ना पड़ेगा बाल विवाह नशाखोरी अशिक्षा यह सब समाज के लिए नुकसानदेह है शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है बेटियों की शिक्षा समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए सभी समाज को आगे बढ़ना चाहिए कार्यक्रम के आयोजक राजन यादव बिजनेसमैन को धन्यवाद देते हुए कहा कि राजन जी हमेशा समाज के लिए संघर्ष करते रहते हैं और आज उनके कार्यक्रम के आयोजन से भारत के कई प्रदेशों के लोग यहां पर एकत्रित हुए हैं मैं पुनः राजन जी को धन्यवाद देता हूं कि आप जैसे लोगों की इस देश में आवश्यकता है इस अवसर पर गुजरात के माननीय मंत्री श्री वसंत भाई जी, लाल बिहारी यादव एमएलसी वाराणसी ,कृष्णा यादव बिजनेसमैन हरियाणा, शिव बहादुर बिजनेसमैन महाराष्ट्र ,लक्ष्मी नारायण बिजनेसमैन बिहार, प्रसिद्ध गायक सतिंदर कल्लू नोएडा ,बांके लाल यादव आंध्र प्रदेश ,हेमचंद यादव बिजनेसमैन, दिनेश यादव बिजनेसमैन दिल्ली, काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गागंज भानी पुर में लेबर रूम का उद्घाटन होने से क्षेत्रीय लोगों में हुआ हर्ष

- गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए नहीं जाना पड़ेगा अब दूर मिलेगी 24 घंटे अत्याधुनिक तरीके से मिलेंगी सेवा



संवाददाता अयोध्या टाइम्स दुर्गागंज। अभोली ब्लाक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानीपुर में शुक्रवार को लेबर रूम अर्थात प्रसव कक्ष का शुभारंभ भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रदेश प्रभारी मध्य प्रदेश रामलोलारख ओला सिंह वह विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान भानीपुर कविता पांडे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर लेबर रूम का उद्घाटन किया ग्राम प्रधान कविता पांडे ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कानपुर में जरूरतमंदों को अब सारी सुविधाएं एक ही भवन में मिलेगी साथ ही साथ गर्भवती महिलाओं को अब परेशान होना नहीं पड़ेगा जिससे लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी इस संबंध में अधीक्षक डॉ अभिषेक नाग ने बताया कि यहां पर जो भी गर्भवती महिलाएं आएगी उनका सुरक्षित अत्याधुनिक तरीके से प्रसव कराया जाएगा उसके साथ साथ ससमय भर्ती करते हुए उन्हें खान–पान की सुविधा दी जाएगी जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थी को भुगतान देकर यहां से छुट्टी दी जाएगी। इस मौके पर बीपीएम संजीत शुक्ला, डॉक्टर सीमा पंत, डॉक्टर आशीष चतुर्वेदी, डॉक्टर शिवेंद्र विशेन, डॉक्टर दिनेश कुमार, डॉक्टर रवि पाल एवं समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत संगोष्ठी एवं हर घर तिरंगा रैली निकाली गई

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। नेहरू युवा केंद्र ,युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हर घर तिरंगा अभियान, युवा मंडल विकास कार्यक्रम, स्वच्छता पखवाड़ा, स्वच्छता एवं श्रमदान व वृक्षारोपण कार्यक्रम युवा मंडल– महिला मंडल सशक्तिकरण अभियान में युवाओं की सहभागिता आदि प्रमुखता से रही।

युवा क्लब विकास कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित किए जाने हेतु विकासखंड फतेहपुर, देवा ,सूरतगंज,त्रिवेदीगंज में 4 अगस्त से 12 अगस्त तक चलाया जाएगा। इसी क्रम मे आज ब्लॉक फतेहपुर ग्राम पंचायत इसरौली में युवा मंडल गठन एवं सशक्तिकरण अभियान का समापन सामारोह के साथ ही साथ स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत संगोष्ठी एवं हर घर तिरंगा रैली निकाली गई जिसमे 25 ग्राम पंचायतों के युवाओं ने भाग लिया । युवाओं को संबोधित करते हुए जिला युवा अधिकारी श्रीमती प्रियंका चौहान ने युवाओं को कार्यक्रम के दौरान बताया कि युवा मंडलों के स्वंसेवक 13 से 15 अगस्त के मध्य घर–घर में तिरंगा झंडा लगाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित एवं जागरूक करेंगे और हर घर में तिरंगा अभियान को सफल बनाने का प्रयास करेंगे साथ ही उस गांव के स्वतंत्रता सेनानियों की अनसुनी कहानियों का अभिलेखीकरण तथा उनके नाम पर वृक्षारोपण किए जाने के लिये आग्रह किया गया। युवा क्लबों की गतिविधियों को सोशल मीडिया पर सक्रिय किए जाने हेतु ट्विटर अकाउंट /दलोप्दकपं, /दलो नजजमतचतंकमी, /दला इंतंइंदाप को फॉलो करने के साथ–साथ फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम आदि पर सक्रिय किए जाने पर बल दिया जाएगा। जिला युवा अधिकारी



श्रीमती प्रियंका चौहान ने सभी स्वयंसेवक, युवा क्लब के पदाधिकारियों से अनुरोध किया है कि आजादी का अमृत महोत्सव को राष्ट्रीय उत्सव के रूप में भव्यता के साथ उत्साह पूर्वक मनाएं तथा इस दौरान नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित विधियों में बढ़–चढ़कर भागीदारी करें। घर–घर तिरंगा लगाने में तिरंगा प्रोटोकॉल का ध्यान रखें कार्यक्रम मे जिला युवा अधिकारी प्रियंका चौहान, ब्लॉक अधिकारी रश्मि त्रिपाठी, युवा स्वयंसेवक सुनील कुमार ,ज्योति देवी श्लोक , सचिन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## डीसी मनरेगा के द्वारा अमृत सरोवर का लिया गया जायजा

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। डीसी मनरेगा ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत अकबरपुर धनेठी में बन रहे अमृत सरोवर का जायजा लिया तथा कराये जा रहे कार्य पर सन्तुष्ट दिखे डीसी मनरेगा ने तेजी लाने के निर्देश दिये। शुक्रवार को डीसी मनरेगा बृजेश कुमार त्रिपाठी प्रगति कर्त का जायजा लेते हुए मजदूरों के लिए तालाब पर पानी व छाया आदि की व्यवस्था के निर्देश दिये तथा अमृत सरोवर के तहत बन रहे तालाबों पर और अधिक मजदूर लगाकर तेजी



से कार्य कराने एव पौधारोपण के लिए कहा उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अमृत सरोवर योजना केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इन सरोवरों को बहुउद्देशीय स्वरूप में बनाया जाना अति आवश्यक है।

मानव जीवन का आधार जल है लेकिन धीरे–धीरे जल स्तर कम होता जा रहा हैं। जल स्तर को सामान्य बनाए रखने के लिए तालाबों का जीर्णोद्धार अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत कार्य कराया जा रहा हैं, जिससे भूगर्भ जल का संरक्षण व संवर्धन हो सके। इस मौके पर ग्राम प्रधान रमाकांत, पंचायत सचिव आशीष वर्मा, तकनीकी सहायक अजय कुमार वर्मा, दिलीप रावत, ग्राम रोजगार सेवक अजीत कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

---------------

## स्वतन्त्रता संग्राम के अभूतपूर्व महानायक पं बाबू राम शर्मा

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम, प्रदीप वैरागी शाहजहांपुर।अमर शहीद पं, बाबूराम मिश्र ( शर्मा जी)स्वतन्त्रता के अमृत महोत्सव मनाने और हर घर तिरंगा जैसी हमारे राष्ट्र नायक की सोच कहीं न कहीं स्वतन्त्रता प्राप्ति के संघर्ष और बलिदानी स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों द्वारा रचे गए अभूतपूर्व इतिहास को जनमानस के बीच प्रकटीकरण की ही एक अच्छी योजना है।माननीय प्रधानमंत्री और गृहमंत्री द्वारा राजनैतिक या अन्यान्य कारणों से देश के विस्मृत बलिदानियों और साहसी सेनानियों की खोज का कार्य, उनके लिए अलग पोर्टल बनाने की घोषणा आदि कार्य अपने सच्चे इतिहास को संरक्षित करने की मूल भावना का ही क्रियान्वयन है जिसकी भूरि भूरि प्रशंसा की जानी चाहिए। इसी क्रम में जनपद शाहजहाँपुर के स्वतन्त्रता संग्राम में शहीद हुए पंडित बाबूराम मिश्र( शर्मा जी) का स्मरण करते हैं जो आजादी के अमृत वर्ष में भी उपेक्षित हैं। वे शहीद घोषित होकर भी शहीद नहीं है। देश तो क्या पूरा जनपद भी उनके नाम और काम से परिचित नहीं है।अतः इस पवित्र अवसर पर जनपद की तहसील सदर के ग्राम अख्त्यारपुर बघौरा में पंडित रामेश्वर दयाल मिश्र और श्रीमती सुमित्रा देवी की पहली संतान के रूप में जन्मे पंडित बाबूराम मिश्र जिन्हें लोग आदरवश शर्मा जी के नाम से पुकारते थे ,का स्मरण करते हैं ।विदेशी शासन के दमन के विरुद्ध लड़े जाने वाले 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम को एक जनांदोलन बना देने में उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जनपद का योगदान अत्यंत सबल था ।31 मई 1857 को क्रांति की ज्वाला में यहां के मेथोडिस्ट चर्च में हुआ अंग्रेजों का कत्ले आम हो, कटरा, तिलहर, जलालाबाद, अल्लाहगंज आदि स्थानों पर लड़े गये सीधे युद्ध हों, साम्प्रदायिक एकता का यह गढ़ क्रांतिकारी विप्लवियों का केंद्र बना हो,युद्धों में निजाम अली खान,दौलतराम बख्शी सहित 60क्रांतिकारियों की एक साथ शहादत हो या अहमद यार खान को सारे आम फांसी पर लटकाकर शहीद किया गया हो , शायर शाहजहांपुरी की शहादत हो यह सभी घटनाएं भारतीय जनमानस को उद्वेलित करने में समर्थ रहीं ।यदि मौलवी अहमद उल्ला शाह को धोखे से नहीं मारा जाता तो नाना साहब की योजना सफल होती और देश का इतिहास कुछ और होता ।द्वितीय स्वतंत्रता संग्राम के क्रांति नायक पं, रामप्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में अशफाक उल्ला खान और ठाकुर रोशन सिंह के अदम्य साहस से हुआ काकोरी ट्रेन डकैती कांड अंग्रेजों की नींद हराम कर गया।19 दिसम्बर 1927 को पं, रामप्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह को गोरखपुर और अशफाक उल्ला खान को फैजाबाद जेल में फांसी की सजा दी गई उनके साथी राजेंद्र लाहिड़ी को दो दिन पहले ही गोंडा जेल में फांसी दे दी गई। इन उद्वेलित करने वाली घटनाओं ने जन मानस को और उद्वेलित किया किन्तु नेतृत्व के अभाव में बचे शेष क्रांतिकारी विप्लव की आग को पीकर गाँधीवादी आंदोलनों से जुड़ने लगे क्योंकि उनका परम् धेय्य स्वतंत्रता और सिर्फ स्वतंत्रता ही थी। इसी कड़ी में जनपद के स्वतंत्रता संग्राम के अंतिम शहीद के रूप में पं, बाबूराम मिश्र (शर्मा जी) का नाम आता है ।जिसका उल्लेख शासन के अभिलेखों और स्थानीय निवासियों के मनः पटल पर अब तक अंकित है ।पं, बाबूराम का जन्म शाहजहांपुर की सदर तहसील के गाँव अख्तियारपुर बघौरा में 16 अक्टूबर 1909 में हुआ था। आपके पिता पंडित रामेश्वर दयाल मिश्र अत्यंत धार्मिक सुसंस्कारी उदार ब्राह्मण थे जो थोड़ी सी भूमि पर कृषि और गोपालन कर अपने परिवार का निर्वाह करते थे। सुदृढ़ शरीर के होते उन्हें पहलवानी का शौक था और वे समीप के जनपदों में कुश्ती के लिए भी जाया करते थे ।उनकी माता श्रीमती सुमित्रा देवी एक सुसंस्कृत, जागरूक स्वदेशभक्त महिला थीं जो एक जमींदार परिवार से होने के कारण अनुशासन प्रिय, सुरुचि सम्पन्न,गम्भीर स्वभाव और उदारता की प्रतिमूर्ति थीं ।पं, बाबूराम अपने तीन भाइयों श्रीकृष्ण मिश्र, रतीराम मिश्र और श्रीराम मिश्र तथा दो बहनों भोगवती व् भगवती में सबसे बड़े भाई थे ।उनकी प्रारम्भिक शिक्षा माता सुमित्रा देवी और स्वामी कृष्णा आश्रम द्वारा हुई। स्वामी जी एक दण्डी सन्त थे जो अपने बाग में कुटिया बनाकर रहते और आसपास के ग्रामीण बालकों को संस्कृत, ज्योतिष, आयुर्वेद ,धर्म शास्त्रों की शिक्षा देते थे ।वे श्री मद्भगवद गीता के बड़े विद्वान् थे तथा स्वामी विवेकानन्द के अद्वैत सिद्धांत और विचारों से अत्यधिक प्रभावित थे ।वे प्रायः भ्रमण करते और देश की राजनैतिक स्थितियों की विवेचना प्रमुख शिष्यों और ग्रामीणों से करते थे। पं, बाबूराम की स्कूली शिक्षा जूनियर हाईस्कूल कांट में हुई जहाँ बर्नाक्युलर मिडिल परीक्षा से पूर्व अंग्रेज सरकार की खिलाफत के आरोप में स्कूल से निष्काषित कर दिया गया ।तब उनकी अवस्था 17 या 18 वर्ष रही होगी ।कस्बा कांट में डॉ बलबीर सिंह नाम के स्वतंत्रता सेनानी रहते थे जो मूलतःहरियाणा के निवासी थे और सरकार विरोधी गतिविधियों में पुलिस से बचते बचाते यहीं सपरिवार रहने लगे थे। पं रतीराम मिश्र के अनुसार सत्ता विरोधी कार्यों में पं बाबूराम को लाने वाले यही व्यक्ति थे ।स्वभाव से सर्व हितैषी और पर पीड़ा को अपनी पीड़ा अनुभव करने वाले बाबूराम के गाँव में मित्र के नाम पर हकीम ठाकुर रघुवर सिंह जी थे जो बहुत सेवाभावी और उदार थे वे गांव और आसपास के क्षेत्रों में लोगों की निशुल्क चिकित्सा किया करते थे और गांव आने वाले देशभक्त सेनानियों का स्वागत ,सत्कार और भोजन की व्यवस्था करते। उनकी उचित सलाह सर्वदा मान्य होती ।वे अब बीस वर्ष के युवा थे । उनके चाचा पं, रामलाल मिश्र शहर के प्रसिद्ध सेठ कालीचरण के पहलवान थे। अपने पवित्र आचरण, धार्मिकता और नियम के पक्के होने के कारण उनका सेठों के खित्ते में बहुत सम्मान था। वे खड़ाऊँ पहनते और नित्यप्रति गाँव से शहर आते जाते। नबम्बर 1929 में गांधी जी का शाहजहांपुर दौरा हुआ और पं बाबूराम ने अपने चाचा के साथ गांधी जी का पहली बार भाषण सुना। परिणति यह हुई की वे कांग्रेस के स्वयं सेवक बन गए ।नमक सत्याग्रह के कारण गांधी जी की गिरफ्तारी हुई तो उसकी प्रतिक्रिया में अपनी तहसील में सफल हड़ताल कराई जिससे इन पर संगठन खड़ा करने की जिम्मेदारी कांग्रेस द्वारा प्रस्तावित की गई। कांग्रेस का जिला अधिवेशन जो कांट में हुआ उसमें पण्डित जी को युवक संघ और संगठन का काम सौंपा गया ।साथ ही असहयोग आंदोलन के साथ विदेशी वस्त्रों का बहिष्कार, सूत कातना,हरिजनोद्धार, चरखा चलवाने के कार्यक्रम भी चलते जिनमें वे सक्रिय भागीदारी करते। असहयोग आंदोलन इतनी तीव्रता और भारी जनभागीदारी से चला की अंग्रेज सरकार सकते में आ गई। जेल ठसा ठस भरी थी ।पुलिस का लाठीचार्ज और दमन चक्र चरम पर था। थाना कांट के सामने आंदोलन करते समय उन्हें काफी चोटें आईं ।पुलिस से बचने के क्रम में उन्होंने शहर के बनवारीलाल सेठ की कच्ची शक्कर बनाने की बेल पर मुनीमी की नौकरी कर लीऔर गतिविधिया बदस्तूर जारी रखीं। नेताजी सुभाष चंद्र बोष के प्रथम आगमन पर उन्होंने अपने चाचा के साथ सेठ काशीनाथ की कोठी में उनका वक्तव्य सुना और आशीर्वाद लिया। इस अवधि में उन्होंने जनपद के अनेक बड़े सेनानियों जिनमे अधिकांश नमक सत्याग्रही थे से परिचय किया और उनके चहेते बन गए ।इनमें चन्द्रदेव सिंह पं शिवकुमार मिश्र, विष्णु शर्मा भारतीय और विशम्भर दयाल अवस्थी प्रमुख थे ।पंडित जी के सेनानी मित्रों में कुर्रिया कला के पण्डित राम सहाय,प्रतिपाल सिंह, लल्ला सिंह, ललुआ मिश्र, द्वारिका प्रसाद,गोधन सिंह कांट, मुक्ता प्रसाद मिश्र,, पनबरिया,होरीलाल व् डोरीलाल सिकरोही, भगवान सहाय शुक्ल ,,,जलालाबाद तथा हरदोई जनपद के श्रीकृष्ण त्यागीआदि प्रमुख थे जो अपने कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाने गांव में आया करते थे और स्वामी कृष्णा आश्रम का प्रवचन उनके लिए बहाना बनता। व्यक्तिगत सत्याग्रह आंदोलन में भाग लेने और सत्याग्रहियों को एकत्र करने के जुर्म में 22 अप्रैल 1941 को बाबूराम शर्मा को 6 माह का कठोर कारावास और 75 रूपये का जुर्माना हुआ किन्तु जुर्माना अदा न करने पर तीन माह का कारावास और शामिल किया गया।

यह सजा काटने के बाद वे अपने गाँव लौटे ।यह जनवरी 1942 था। उसी समय माता पिता के अत्यधिक आग्रह पर उनका विवाह हुआ। संगठन और कांग्रेस के निर्दिष्ट कार्यों, देश की घटनाओं पर आंदोलनात्मक प्रतिक्रियाओं का दौर अपने चरम पर था। गांधी जी की गिरफ्तारी पर जनता उद्वेलित थी ऐसे में पण्डित जी द्वारा अंग्रेजी शासन के विरोध में टिकरी ग्राम के पास रेलबे लाइन काटने और टेलीफोन के तार काट देने की घटना को अपने साथियों जिनमे उनके गांव के परसादी लाल लोहार तथा पीली भीत जनपद के रामस्वरूप शामिल थे ।इस घटना की पुष्टि गया सिंह सेनानी गिरगिचा, निगोही तथा परसादी लाल द्वारा की गई। इसमें भाषण में यही कहने पर गया सिंह गिरफ्तार हुए और उन्हें 6 माह की सजा हुई ।गांधी जी द्वारा भारत छोड़ो आंदोलन का उद घोष 7 अगस्त 1942 को किया गया किन्तु प्रशासन ने जनता की अत्यधिक भागीदारी होने के कारण प्रमुख सेनानियों को नजरबंद करने का काम सूचनाओं के आधार पर पहले से ही शुरू कर दिया था ।पं बाबूराम शर्मा की गिरफ्तारी के अनेक प्रयत्न विफल होने पर गाँव का उनका कच्चा मकान गिरा दिया गया ।9 अगस्त 1942 को गाँव में पुलिस ने लोगों को विश्वास में लेकर फूलों की हथकड़ी लगाकर व् मालाएं पहनाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया और शाहजहांपुर कारागार में नजर बन्द कर दिया। प्रमुख सेनानी होने के कारण उन्हें जेल में अनेक यातनाएं दीं गई । वे जेल में राजनैतिक बंदियों को गीता और उसके भाष्य सुनाते और समझाते थे ।22 सितम्बर 1943 को बिना किसी बीमारी के जिला कारागार शाहजहांपुर में उनकी संदेहास्पद मृत्य हो गई ।उनके मित्र और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मुक्ता प्रसाद मिश्र के अनुसार उन्हें जेल में धीमा जहर देकर मार दिया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बसंतलाल खन्ना ने भी पण्डित बाबूराम जी के जेल में जहर देकर हत्या करने का संदेह व्यक्त किया था। इसकी पुष्टि इस तथ्य से भी होती है कि उनका शव परिजनों को नहीं सौंपा गया बल्कि शहर के सेठ बनबारी लाल को सौंपा गया ।22 सितम्बर 1943 को ही शहीद की अंत्येष्टि खन्नौत नदी के टेढ़ा घाट पर गिने चुने परिजनों की उपस्थिति में कर दी गई ।विगत 40 वर्षों से अपने पिता , ताऊ , ग्राम वासियों, जीवित स्वतंत्रता सेनानियों से उनसे जुड़े अनेक प्रश्नों के उत्तर तलाश कर मैं और मित्र सुशील दीक्षित विचित्र समय समय पर विगत को अनुभव करते रहे। आज उनका परिचय देकर बहुत कुछ हल्का अनुभव कर रहा हूँ ।परिवार के होनहार बड़े बेटे का असमय चला जाना उनकी माता और पिता दोनों की मृत्यु का कारण बना वहीं छोटे भाइयों को अनपेक्षित दुःख झेलकर अत्यधिक श्रम करना पड़ा ।सरकारी उपेक्षा से शहीद को यथोचित सम्मान नहीं मिल सका साथ ही अभिलेखों के नाम पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित स्वतंत्रता संग्राम के सैनिक भाग 20 में उन्हें व्यक्तिगत सत्याग्रह में शहीद होना बताकर इतिहास को ही अपवित्र कर दिया गया।

# खुद पर आत्मविश्वास रखना सबसे बड़ी बात : तन्वी गोगिया



☒ सफल होने के लिए सेमिनार में आत्मविश्वास बढ़ाने को बताए गए पांच सूत्र
☒ रौशनी चौरिटबल ट्रस्ट ने स्थापना दिवस पर 18 जरूरतमंद बालिकाओ को दी छात्रवृति

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। रौशनी चौरिटबल ट्रस्ट की ओर से सेंट पीटर कॉलेज में बच्चो में आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य फादर एण्ड्रू कॉरेला, विशिष्ट अतिथि सुमित राहुल स्कुल के प्रधानाचार्य रामानंद चौहान, वरिष्ठ व्यवसायी राजीव वासन, मुख्य ट्रस्टी डॉ. सरोज प्रशांत और अध्यक्ष मनोज बल ने दीप प्रज्वलन कर किया। दिल्ली की विख्यात मोटिवेशनल कोच तन्वी गोगिया ने कक्षा ग्यारवी के बच्चो को आत्मविश्वास बढ़ाने के पांच सूत्र दिए। मोटिवेशनल कोच तन्वी गोगिया ने बताया कि सबसे पहले आप खुद अपने आप पर भरोसा रखें, खुद का सम्मान करें। जब आप खुद पर विश्वास करेंगे तभी दूसरे लोग आप पर यकीन और आपका सम्मान भी करेंगे ।
उन्होंने बच्चो से कहा खुद पर आत्मविश्वास रखना सबसे बड़ी बात है। सफल होने के लिए जरूरी है कि हर रोज अपनी कमियों को ऑब्जर्व करें और फिर रोज उन पर काम करें। मुख्य ट्रस्टी डॉ. सरोज प्रशांत ने बताया कि आजकल बच्चे तनावभरी जिंदगी से सेल्फ कॉन्फिडेंस नहीं बढ़ा पाते है इसी को ध्यान में रखते हुए ट्रस्ट के स्थापना दिवस पर आत्मविश्वास बढ़ाने को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया। रौशनी चौरिटबल ट्रस्ट के स्थापना दिवस पर जरूरतमंद 18 बालिकाओ मंच से छात्रवृति वितरित की गयी। इस अवसर पर राजीव वासन, शालिनी असवानी, शुभांगी बंसल, अलका दुआ आदि मौजूद रहे।

# हजरत इमाम हुसैन की शान में आयोजित मुसालमे में शायरों ने कलाम प्रस्तुत किया



दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। इस्लामी महीना मुहर्रम–उल–हराम की पांचवीं तारीख हजरत इमाम हुसैन की शान में शायर मरहूम जनाब सय्यद तनवीर मुस्तफा अली की कमेटी अंजुमन निशाते अदब के द्वारा एक मुसालमे के कार्यक्रम आयोजन लाडो गली, हींग की मण्डी में किया गया। मुसालमे में आगरा के प्रसिद्ध शायर लोग पधार कर अपना कलाम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैय्यद अजमल अली शाह ने की व संचालन शाहिद नदीम ने किया। मुख्यअतिथि बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के शहर अध्यक्ष हाजी अल्ताफ हुसैन मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत हाफिज कैफ ने कुरान पाक की तिलावत से की। तिलावत के बाद अल्लामा सय्यद फैज अली शाह ने हजरत इमाम हुसैन के जीवन पर रौशनी डाली। इसके बाद मरहूम तनवीर मुस्तफा के सलाम को उनके पौत्र उजेर हाशमी ने पेश किया। बयान के बाद फिरोजाबाद के जीरो बांदवी, शाहिद नदीम, करार अकबराबादी, अफजाल अकबराबादी, चाँद अकबराबादी, दाऊद इकबाल, दिलकश जलौनवी, गुलजार अकबराबादी, अंजुम अकबराबादी, लईक अकबराबादी, सईद उल्लाह माहिर, सईद अकबराबादी आदि शायरों ने अपने कलाम पेश किये।
यह शेर सबसे ज्यादा पसंद किये गये। शाहिद नदीमरू अंत में अंजुमन निशाते अदब के जनरल सैक्रेटरी सय्यद खादिम अली हाशमी ने कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए सबका धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में व्यवस्था सैय्यद तहसीन हाशमी, शाहीन हाशमी, नवेद हाशमी, हाजिक हाशमी, जीशान, इमरान, फारुख, उमेर, मुहसिन सनी, शहबाज, अकलीम, आकिब, शाहरुख, आराज, अगराज, उनेज, उजेर, आदि ने सम्भाली। इस मौके पर मुख्यतः ख्वाजा अमीन, जिया हाशमी, कादरी, ईशान, मोरिस, चौधरी फैजान, आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्रीय विधायक चौधरी बाबूलाल ने सुनी जनसमस्याएं



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी अछनेरा। शुक्रवार को तहसील परिसर के सामने भारतीय जनता पार्टी विधानसभा कार्यालय किरावली पर क्षेत्रीय विधायक चौधरी बाबूलाल ने जनसमस्याएं सुनी तथा इस मौके पर 32 वर्ष बाद अदालत द्वारा पनवारी कांड से बरी किये जाने पर समर्थकों द्वारा क्षेत्रीय विधायक का फूल माला पहनाकर सम्मान भी किया गया शिकायतों में बिजली पानी,सड़क और राजस्व से सम्बंधित कुल 22 समस्याएं दर्ज कराई गई तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्या निस्तारण के निर्देश दिए। अभुआपुरा निवासी छीतरसिह ने दी शिकायत में कहा है कि चकरोड संख्या 959 पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है तो विधायक ने उपजिलाधिकारी किरावली अनिल कुमार को समस्या सुन निस्तारण के निर्देश दिये। अभुआपुरा निबासी जुगेंद्र पहलवान और थानसिंह इंदौलिया ने रेलवे स्टेशन किरावली पर यात्रियों की पानी की किल्लत को देखते हुए आरओ तथा किसी भी बैंक का एटीएम और अवध एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की जिस पर विधायक ने डीआरएम से वार्ता की और डीआरएम ने पानी और एटीएम का आस्वासन दिया। मुख्य रुप से तनुज सिंघल ,भीमसैन भगौर , राधेश्याम भगत , चन्द्र प्रकाश शर्मा, रामनरेश इंदौलिया, हरिपाल सिंह इंदौलिया,छोटू इंदौलिया,गीतम सिंह प्रधान, अश्विनी चौधरी ,ताराचंद इंदौलिया आदि लोग थे।

# बिजली चेकिंग अभियान में 26 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता –ईशू चेनानी अछनेरा। विधुत उपकेंद्र किरावली क्षेत्र के ग्राम नगला धर्मपुरा और सांथा में विधुत टीम ने मंगलवार को विधुत चेकिंग के दौरान मीटर बाइपास कर तथा अवैध कटिया डालकर अबैध रूप से विजली चला रहे 26 लोंगो के खिलाफ विद्युत चोरी में मुकदमा दर्ज कराया । अवर अभियंता गगन कुमार गुप्ता ने बताया गया कि लाइन हानियों को कम करने हेतु शासन स्तर से बिजली चोरी कर रहे लोंगों पर कार्यवाही कर मुकदमा पंजीकृत करने के आदेश है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक गांव में विधुत शिविर लगाए जा रहे है तथा जो लोग अपने बिल जमा नही करेंगे उनके संयोजन काटकर उन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी एवं बिजली चोंरो पर विद्युत विभाग की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी चेकिंग टीम में उपखंड अधिकारी ललित यादव , राकेश बाबू के साथ अन्य संविदा कर्मी शामिल रहे।

# नामनेर बाजार कमेटी ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोबती का किया जोरदार स्वागत




दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। नामनेर बाजार कमेटी ने फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मंडल के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेंद्र सिंह सोबती का स्वागत एवं अभिनंदन शकुंतला देवी हाल, नामनेर में किया गया। भूपेंद्र सिंह सोबती को नामनेर बाजार कमेटी के सदस्यों ने उनके स्वागत में फूलमालाओं से लाद दिया। कमेटी की और से उनका शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉ. विकास बंसल(जीवन रेखा हॉस्पिटल) रहे, कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ विकास बंसल, भूपेंद्र सिंह सोबती,हरेश अग्रवाल,राजेन्द्र सिंह कुक्कू एवं नामनेर बाजार कमेटी के अध्यक्ष ब्रजेश पंडित ने भारतमाता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर,माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर भूपेंद्र सिंह ने कहा कि नई जिम्मेदारी ने उनके कंधों पर अतिरिक्त भार डाला है।उसको वह भरसक प्रयत्न कर निभाएंगे।प्रत्येक व्यापारी की किसी भी समस्या के समाधान के लिए फैडरेशन सदैव तत्पर रहेगा।इस नई जिम्मेदारी को मिलने में मेरी टीम के साथियों,व्यापारियों का सहयोग, समर्थन एवं विश्वास का अपरोक्ष हाथ है। और में इन सब परीक्षाओं में सफलतम प्रयास करूंगा। नामनेर बाजार कमेटी के अध्यक्ष ब्रजेश पंडित ने कहा कि आगरा के व्यापारियों की आशा अब फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मंडल से ही है।
दैनन्दिन समस्याओं के समाधान के लिए फेडरेशन के अलावा अब व्यापारियों पर कोई विकल्प नहीं है।और बहुत खुशी की बात है कि फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष हमारे बीच से ही हैं एवं सर्वसुलभ है।हम सभी नामनेर बाजार कमेटी के सदस्य श्री भूपेंद्र सिंह सोबती को बधाई देते हैं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हैं। कार्यक्रम में फेम के जिलाध्यक्ष हरेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कुक्कू, ट्रेवल प्रकोष्ठ के चेयरमैन दीप बघेल की विशेष उपस्तिथि रही। कार्यक्रम में नामनेर बाजार कमेटी के अध्यक्ष ब्रजेश पंडित,उपाध्यक्ष बंटी बघेल,महामंत्री हरविंदर सिंह पिंकी राम प्रकाश अग्रवाल,दिनेश अग्रवाल,भगवान दास भल्ला,मनीष कुमार,राजकुमार गुप्ता,रानू बघेल,संयोग यादव,हनी जेठवानी,वरुण सिंघल,कुशल पाल बघेल,मोना सिंह,सलमान अब्बास,इकबाल भाई,संजय शर्मा,दीपक कुमार,काली भाई,रोबिन बघेल,पदम भारद्वाज आदि उपस्तिथ रहे।

# एड.से की अभद्रता, सिकन्दरा पुलिस के खिलाफ, वकीलों में भारी आक्रोश



दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। एसएचओ सिकन्दरा आनन्द कु. साहीश्ने एड.अखिलेश तिवारी से की अभद्रता,के खिलाफ कार्यवाही न होने से अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। मामला यह है कि दिनांक 24 जुलाई 2022 को थाना सिकंदरा आगरा के प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार साही द्वारा साथी अधिवक्ता श्री अखिलेश तिवारी के साथ थाना सिकंदरा पर आने पर काफी अभद्र अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए डंडे मारकर वकालत भुलाने की धमकी दी। उपरोक्त घटना से सभी अधिवक्ता काफी आहत हुए व उनके मान–सम्मान को काफी आघात पहुंचा। इस बाबत सभी अधिवक्ता अखिलेश तिवारी के साथ एकत्रित हो दिनांक 26 जुलाई को पुलिस उप महानिदेशक आगरा। पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र आगरा, के यहां प्रभारी निरीक्षक थाना सिकंदरा आनंद कुमार शाही के विरुद्ध संबोधित करते हुए शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिसमें सभी अधिवक्ता गणों को प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार शाही थाना सिकंदरा आगरा के विरुद्ध आवश्यक व दंडात्मक कार्यवाही करने के लिए आश्वस्त किया गया।
तत्पश्चात पुलिस उच्चाधिकारियों द्वारा आज की तारीख तक उक्त प्रभारी निरीक्षक के विरुद्ध कोई भी विभागीय दंडात्मक कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई है।
जिससे सभी अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। पुलिस महानिदेशक व पुलिस महा निरीक्षक से मिलने वालों में वरुण सिंह राठौर एडवोकेट,राज कुमार सिंह एडवोकेट, हरजीत अरोरा एडवोकेट, अनूप कुमार एडवोकेट, रवी चौधरी एडवोकेट ,थान सिंह चौधरी एडवोकेट ,करण प्रताप सिंह एडवोकेट ,लायक वर्मा एडवोकेट ,चंदन सिंह एडवोकेट, सोनू राजपूत एडवोकेट ,अविनाश श्रीवास्तव एडवोकेट, अमृत सिंह एडवोकेट ,अभिषेक एडवोकेट ,एडवोकेट प्रमोद लवानिया एडवोकेट ,अश्वनी रावत एडवोकेट आदि उपस्थित थे। अधिवक्ताओं ने प्रेस को बताया कि सम्बंधित आरोपी के खिलाफ कार्रवाई में जो देरी हो रही है।इस लिए हम यूपी बार काउंसिल एवं माननीय मुख्यमंत्री से भी शिकायत करेंगे। हालांकि हमने थाना प्रभारी सिकंदरा आनंद कुमार शाही के विरुद्ध माननीय न्यायालय में कंप्लेंट केस के रूप में एक मुकदमा दिन 4.8.2022 को दाखिल किया है। आगे उन्होंने एक जुट होकर कहा कि जब तक हमें न्याय नहीं मिलता,हम चुप नहीं बैठेंगे।

# मदांध शत्रु ही दिखा देता है अपने विनाश का मार्ग



☒ भगवान शिव के भक्तों को कभी अभिमान नहीं करना चाहिए

दैनिक आयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। आज नगला डीम में भगवान शिव के भक्तों को कभी अभिमान नहीं करना चाहिए। भगवान शिव अपने प्रिय भक्तों के हृदय में व्याप्त अभिमान को चूर चूर कर देते हैं, भले ही वह प्रथम दृष्टि में भक्तों के लिए कष्टकारी हो।श यह प्रवचन श्री शिव महापुराण कथा सुनाते हुए कथा वाचक डॉ दीपिका उपाध्याय ने कहे। नगला डीम, आगरा में चल रही श्री शिव महापुराण कथा का आज सातवां दिन था। शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथावाचक डा. दीपिका उपाध्याय ने कथा को विस्तार देते हुए कहा कि त्रिपुर दहन के बाद जब इंद्र मदांध हो गए थे तो भगवान शिव ने उनकी परीक्षा ली। भगवान शिव देवराज इंद्र के अभिमान के कारण देवराज इंद्र से कुपित हुए थे। देव गुरु बृहस्पति ने भगवान शिव से क्रोधाग्नि को समुद्र में फेंकने का अनुरोध किया जिससे जलंधर नामक दैत्य की उत्पत्ति हुई। कालनेमि की पुत्री वृंदा से उसका विवाह हुआ। जलंधर ने भगवान श्री हरि को अपने युद्ध कौशल से प्रभावित कर उन्हें अपने राज्य में माता लक्ष्मी सहित रख लिया। किंतु जब माता पार्वती की ओर जलंधर ने कुदृष्टि डाली तो भगवान शिव बहुत क्रुद्ध हो गए। वृंदा के सतीत्व के कारण वे जालंधर को मार ना सके। ऐसे में श्री हरि ने जलंधर की ही माया का प्रयोग कर वृंदा का सतीत्व भंग किया और इस प्रकार भगवान शिव ने जालंधर का वध किया। अंधकासुर की उत्पत्ति भगवान शिव के बंद नेत्रों तथा माता पार्वती के पसीने से हुई। उसने ब्रह्मा जी को प्रसन्न करके राज्य प्राप्त किया और देवताओं पर अत्याचार किया। भगवान शिव की अनुपस्थिति में माता गौरी के साथ देवों की शक्तियों ने अंधकासुर की सेना को मार भगाया। पाशुपत व्रत पूरा कर भगवान शिव ने अंधकासुर को दंडित किया और उसकी आराधना से प्रसन्न होकर उसे गाणपत्य प्रदान किया। इस अवसर पर पीतम सिंह, होतीलाल, राजेश, वीरेंद्र, मुरारीलाल आदि उपस्थित रहे।

# मथुरा में हर घर तिरंगा-घर-घर तिरंगा अभियान को लेकर डाक विभाग ने निकाली प्रभात फेरी



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। हर घर तिरंगा–घर–घर तिरंगा अभियान को लेकर डाक विभाग ने शुक्रवार सुबह प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को जागरूक किया।
मुख्य डाक घर में सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। यहां तिरंगा खरीद कर सेल्फी खिचवाई जा रही हैं। लोगों को इस दिशा में जागरूक भी किया जा रहा है। डाक विभाग के काउंटर से तिरंगा खरीदा जा सकता है। स्कूली बच्चे तिरंगा लेकर सोशल मीडिया पर भी फोटो वायरल कर रहे हैं। प्रभात फेरी सिविल लाइंस इलाके के सभी सरकारी दफ्तरों के सामने से जोर शोर से देश भक्ति परक जोशीले नारे लगाते हुए गुजरी। इस दौरान काफी संख्या में लोगो ने डाकखाने पहुंच कर तिरंगा क्रय किये।
प्रभात फेरी में सीनियर पोस्ट मास्टर देवेन्द्र सिंह, सहायक अधीक्षक मुख्यालय सुबोध कुमार, मुकेश पालीवाल, अदिति सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, रेखा शर्मा, पूनम सिंह, अमलेन्द्र कुमार सिंह,अरविंह पचौरी, भंवर सिंह, मनीष कुमार आदि मौजूद रहे। सीनियर पोस्ट मास्टर देवेन्द्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार को प्रभात फेरी निकाली गई। तिरंगा को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ रही है। लोग यहां सेल्फी खिंचवा रहे हैं।

# 25 साल पहले आगरा ने बांझपन को हराया था, रोचक है इतिहास



☒ आगरा के मल्होत्रा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर में जन्मा था प्रदेश का पहला आईवीएफ शिशु, 09 साल पहले शुरू हुए रेनबो आईवीएफ में छांई खुशियां

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। दुनिया भर में विज्ञान ने ऐसे कारनामे किए हैं जिन्होंने इंसानों के विकास को तेजी से आगे बढ़ाया। 01 अगस्त भी एक ऐसा दिन है जब मेडिकल साइंस ने आगरा में अपना चमत्कार दिखाया। 25 साल पहले मल्होत्रा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर में उत्तर प्रदेश के पहले आईवीएफ शिशु का जन्म हुआ। केंद्र की दूसरी शाखा रेनबो आईवीएफ ने भी बेहद तेज तकनीकी विकास और प्रतिष्ठित आईवीएफ केंद्र के रूप में अपना 09 वर्ष का सफर पूरा कर लिया है। मल्होत्रा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर 26 और यहां जन्मा प्रदेश का पहला आईवीएफ शिशु उत्सव भी 25 वर्ष का हो चुका है। इस अवसर को केंद्रों पर उत्सव डे के रूप में मनाया गया। ऐसे कई दंपति आए जो माता–पिता बनने की उम्मीद छोड़ चुके थे और रेनबो आईवीएफ के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। निदेशक डॉ. जयदीप मल्होत्रा ने बताया कि 25 साल पहले जब हमें आईवीएफ पद्धति से पहले शिशु का जन्म कराने में सफलता मिली तो यह किसी उत्सव से कम नहीं था। वहीं दयालबाग में रहने वाले लाभान्वित परिवार के लिए भी यह दुनिया की सबसे बड़ी खुशी थी। इसलिए इस पहले शिशु का नाम भी उत्सव रखा गया। इस खबर के फैलते ही इस नई प्रणाली से बच्चा प्राप्त करने की इच्छा जाहिर होने लगी थी, तमाम ऐसे दंपति संपर्क करने लगे जिन्हें प्राकृतिक रूप से संतान प्राप्ति में दिक्कतें हो रही थीं।
डॉ. नीहारिका मल्होत्रा ने बताया कि इसके बाद केंद्र ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वर्ष 2013 में बेहद अत्याधुनिक तकनीकों और विश्वस्तरीय लैब के साथ रेनबो आईवीएफ की स्थापना हुई। डॉ. जयदीप की देखरेख में यहां डॉ. केशव मल्होत्रा, डॉ. नीहारिका मल्होत्रा, डॉ. डॉ. शैली गुप्ता, डॉ. नीरजा सचदेव की सर्वश्रेष्ठ टीम काम कर रही है। यह सफर यहीं नहीं रूका इस केंद्र की नेपाल, बांग्लादेश, लुधियाना, जालंधर, हिसार, दिल्ली, बरेली, वाराणसी आदि को मिलाकर 18 शाखाओं ने 12500 से अधिक निसंतान दंपतियों के सपने पूरे किए। नेपाल के पहले और 500 आईवीएफ शिशुओं का जन्म कराने का कीर्तिमान भी डॉ. जयदीप और डॉ. नरेंद्र मल्होत्रा के नाम है, जिसके लिए उन्हें नेपाल सरकार द्वारा तीन बार नेपाल सम्मान से नवाजा जा चुका है। डॉ. जयदीप और डॉ. नरेंद्र तीन मेडिकल कॉलेजों को भी प्राविधिक सहायता प्रदान करते हैं। वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ. आरसी मिश्रा ने भी रेनबो आईवीएफ की प्रशंसा की। रीजनल बिजनेस हैड, सिग्नस मेडिकेयर प्रा. लि. प्रशांत बजाज ने शुभकामनाएं दीं। व्यवस्थाएं महाप्रबंधक राकेश आहूजा और रवि अग्रवाल ने संभालीं।
इस अवसर पर डॉ. शशिकांत वीवी, डॉ. विनीश जैन, डॉ. रेणुका डंग, डॉ. वंदना कालरा, डॉ. राजीव लोचन शर्मा, डॉ. मनप्रीत शर्मा, डॉ. सेमी बंसल, डॉ. नीरजा सचदेव, डॉ. शैली गुप्ता, डॉ. प्राची मेहता, डॉ. विशाल गुप्ता, डॉ. आकांक्ष अरोड़ा, डॉ. उमेश वर्मा, डॉ. एके मित्तल, रमन वासन, डॉ. राहुल गुप्ता, डॉ. पल्लव गुप्ता, डॉ. समीर भारद्वाज, डॉ. एकता, डॉ. उमी रूमान, डॉ. सवाना मास्की, डॉ. श्रुति, डॉ. सुमित्रा थापा, नयनतारा, भगवान सिंह, साधना, अंकित आदि मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

## भारत विकास परिषद संयम शाखा ने पौधा रोपण किया



दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। अवधपुरी स्तिथ पार्क में आयोजित किया । इस कार्यक्रम के संयोजक अजय रजनी जैन एवं सुलभ श्वेता गुप्ता रहे। कार्यक्रम में शाखा संस्थापक रवि शिवहरे ,अध्यक्ष आशुतोष गोयल,सचिव मनीष अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष विष्णु गोस्वामी,संजीव अग्रवाल,अजय जैन,कन्हैया गोयल, गौरव अग्रवाल, संजीव शिवहरे,शिव पाराशर,अमर गुप्ता,अश्विनी शिवहरे,मनोज शिवहरे, हरीश शिवहरे,अनिल अग्रवाल,आरती शिवहरे,नमिता गोयल , पूजा गोस्वामी ,रुचि अग्रवाल, सीमा गोयल,श्वेता गुप्ता,सरिता पाराशर,साधना शिवहरे आदि सदस्यों की उपस्तिथि मान्य रही।

## आगामी त्योहारों को लेकर अछनेरा थाना परिसर में हुई बैठक



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी अछनेरा। थाना अछनेरा परिसर मेंउपजिलाधिकारी अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार शाम को आने वाले त्योहारों जैसे कि मुहर्रम,रक्षाबंधन 15 अगस्त और श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्वों को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में आपसी भाईचारे की के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहारों को मनाने की अपील की गई इस दौरान साथ ही बिजली पानी सुरक्षा सहित तमाम आवश्यक चीजों पर चर्चा की गई। क्षेत्राधिकारी राजीव सिरोही ने बताया कि आने वाले त्योहारों को आपस में भाईचारे के साथ मिलकर प्रेमपूर्वक मनाये अगर किसी ने भी माहौल बिगाड़ने की कोशिश की उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर मुकदमा पंजीकृत किया जायेगा थाना प्रभारी अनुराग शर्मा ने बताया कि सभी त्योहारों पर क्षेत्र में पुलिस की चप्पे चप्पे पर पैनी नजर रहेगी। सभी समुदाय के लोगों से आने वाले सभी त्योहारों को प्रेमपूर्वक मनाने की अपील की है इसी क्रम में उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी राजीव सिरोही,और थाना प्रभारी अनुराग शर्मा ने मय फोर्स के कस्वा अछनेरा का दौरा किया। इस दौरान–उपजिलाधिकारी अनिलकुमारसिंह,सीओराजीव सिरोही,थानाप्रभारी अनुरागशर्मा,विद्युत विभाग के एसडीओ रनवीरसिंह,सोवरनसिंह,रविप्रधान ,पंकजरावत,अर्जुन सिंह छोंकर, हाशिमकुरेशी,शाहिद कुरैशी, ब्रजमोहन,राजेशअग्रवाल, सिंधी कुरेशी, आरिफ कुरैशी, धुर्व सिंह प्रधान,गुड्डू सिसोदिया,भवरसिंह, आरके इन्दोलिया,पवनइन्दोलिया, मनीषसिंघल,पवन छोंकर,किशन सिंहसभा सद,गंगाराममाहौर,भूपेंद्र इंदोलियाऔर अन्य लोग मौजूद रहे।

## सत्संग के दौरान हुए बवाल में दो आरोपियों को जेल भेजा



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी अछनेरा। कस्बा के गांव अभुआपुरा में गुरुवार रात्रि में किरावली आगरा रोड पर सड़क के किनारे संत रामपाल के सत्संग के दौरान प्रवचनकर्ता द्वारा अल्लाह हो अकबर और कुरान की आयतें पढ़ने को लेकर बवाल हो गया। जिस पर ग्रामीणों ने चल रही एलईडी को फेंक दिया और मुखर विरोध किया। हिंदूवादी नेताओं की सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज किरावली नीरज पवार ने मय पुलिस बल के ग्रामीणों को समझाया । जिस पर विरोध शांत हुआ और मामला की गम्भीरता को देख पुलिस कार्यक्रम करा रहे श्यामसुंदर जादौन पुत्र प्रेम सिंह निवासी शमशाबाद आगरा एवं उसके साथी हरि मोहन पुत्र रामदत्त निवासी महाराजपुर थाना निबोहरा आगरा को थाना अछनेरा पूछताछ को ले गई। थानाध्यक्ष अछनेरा अनुराग शर्मा ने बताया कि बिना अनुमति के कार्यक्रम करने पर दोनो अभियुक्तों के खिलाफ निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए सीआरपीसी 151 में जेल भेज दिया गया है और मौके पर मिली कार को 207 एमवी एक्ट में सीज कर कार्यवाही की गयी है।

## आगरा महाराजा अग्रसेन भवन लोहा मंडी से, रात्रि 8 बजे हरियाणा के लिए बसें प्रस्थान करेंगी



दै, अयोध्या टाइम्स आगरा। अग्रवंशज ट्रस्ट रजिस्टर्ड आगरा के तत्वाधान में दिन 6 अगस्त 2022 समय रात्रि 8 बजे महाराजा अग्रसेन भवन लोहा मंडी आगरा से महाराजा अग्रसेन की राजधानी अग्रोहा हिसार हरियाणा के लिए आगरा से बसें प्रस्थान करेंगी । जिसको समाज के वरिष्ठ जन पूर्व विधायक महेश गोयल तपन ग्रुप के चेयरमैन सुरेश चंद गर्ग जी पुष्पांजलि ग्रुप के चेयरमैन बीडी अग्रवाल जी पूर्व प्रत्याशी आगरा दक्षिण विधानसभा विनय अग्रवाल ब्रज क्षेत्र के चेयरमैन विनोद अग्रवाल वरिष्ठ समाजसेवी अखिल बंसल देवीराम स्वीट्स आदि हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना करेंगे और सात अगस्त को अग्रोहा की धरती पर अखिल भारतीय महिला अग्रवाल सम्मेलन द्वारा हरियाली तीज का कार्यक्रम अग्र विभूति स्मारक में होगा, जिसमें सम्मान समारोह भी होगा । सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग होंगे आदि उपस्थित रहे।

## दाता करीम साबिर मौला करीम साबिर मदद कुन या मुर्शिद

☒ इत्तिला हलीम पर हजरत अब्बास अलम बरदार रजीअल्लाह अन्हो की फातिहा ख्वानी व दुआ मुहर्रम की सातवीं शरीफ

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। जरत अब्बास अलम बरदार रजी अल्लाहो अन्हों की मुहर्रम उल हरम की सातवीं शरीफ के मौके पर हलीम पर फातिहा ख्वानी , हमारे बुजुर्गों से सीना ब सीना हमारे मुर्शिद ए पाक तक आई और मुर्शिद ए पाक पीर ए तरीकत आल ए पंजतनी पीर दस्तगीर पीर अलहाज तसद्दुक हुसैन अलमारूफ रमजान अली शाह चिश्ती साबरी रहमतुल्लाह से हम तक आई रूबाई पाक को बारगाह में पेश करेंगे । गुलपोशी इत्र पाशी और चादरपोशी के साथ फातिहा ख्वानी दिनाँक 6अगस्त 2022 यानी 7 मुहर्रम 1444 दिन शनिवार को सुबह 11 बजे से ईदगाह कटघर स्थित कब्रिस्तान में आस्ताना ए मुकद्दस मरकज ए मुर्शिद दरगाह आले पंजतनी पीर दस्तगीर पीर अलहाज तसद्दुक हुसैन अलमारूफ रमजान अली शाह चिश्ती साबरी रहमतुल्लाह अलैह’ पर होगी। तमाम एहले सिलसिला व मुरीदीन से गुजारिश है कि फातिहा ख्वानी, रूबाई पाक में शिरकत फरमाकर सबाब ए दारेन हासिल करें व बारगाहे पंजतन पाक से फैज ए आव होकर अपना दामन दुआओं से भरें।

## विश्व हिंदू परिषद की बैठक के दौरान जिला पदाधिकारियों को सौंपा गया पद



बहराइच। अवध प्रान्तीय कार्यालय के अध्यक्ष राज देव सिंह एवं प्रान्त के संगठन मंत्री राजेश कुमार के मार्ग दर्शन में व क्षेत्र के गौ रक्षा प्रमुख पूरन के द्वारा जिले के पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया उक्त के क्रम विवेक कुमार सिंह निवासी लदोर थाना कैसरगंज जिला बहराइच को पूर्व जिला उपाध्यक्ष हिन्दू युवाहिनी को विश्व हिन्दू परिषद जिला उपाध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया।इस मौके पर जिलाध्यक्ष तरुण कुमार सिंह, मंत्री अंशुमान यज्ञसैनी एवं जिले के गौ रक्षा प्रमुख तथा जिले के समस्त प्रखड़ो के पदा अधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पक्षकारों के पास युद्ध स्तर पर नोटिस, सम्मन पहुंचाने पर दिया जोर



चित्रकूट। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आगामी 13 अगस्त को होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए युद्धस्तर पर तैयारियां चल रहीं हैं। शुक्रवार को नोडल अधिकारी ने भी निस्तारण के लिए अब तक चिंहित किए गए मामलों की समीक्षा की।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायधीश विष्णु कुमार शर्मा के निर्देश पर आगामी 13 अगस्त को होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए अपर जनपद न्यायाधीश, नोडल अधिकारी लोक अदालत दीप नारायण तिवारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को समस्त न्यायिक अधिकारियों की बैठक हुई । जिसमें न्यायिक अधिकारियों को पुराने लंबित वाद, एनआईएक्ट के मामले एवं लघु प्रकृति के मामलों को चिह्नित कर पक्षकारों को सूचित करवाने के लिए निर्देशित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव ने बताया कि पुलिस अधिकारियों के माध्यम से सभी थानों, चौकी और कोतवाली को राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित पक्षकारों को युद्धस्तर पर सम्मन और नोटिस तामील कराने को कहा गया है। जिससे आगामी लोक अदालत में इन मामलों का निस्तारण कराया जा सके।

इस मौके पर अपर जनपद न्यायधीश रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार, सिविल जज (सी. डि.)सुशील कुमार वर्मा, सिविल जज (जू.डि.) सोनम गुप्ता, न्यायिक दंडाधिकारी वसुंधरा शर्मा व संघमित्रा आदि मौजूद रहे।

## नवागन्तुक दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने सम्भाला कार्यभार

चित्रकूट। नवागंतुक दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने शुक्रवार को विकास भवन स्थित कार्यालय में चार्ज ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि वह 2015 बैच की पीसीएस अधिकारी हैं और 2016 में हाथरस जिले से अपनी नौकरी की शुरुआत की थी और 6 वर्ष तक हाथरस में सेवा करने के बाद अब शासन ने चित्रकूट जिले में सेवा करने का अवसर दिया है। उन्होंने बताया कि वह कानपुर देहात की निवासी है और उनका पहला उद्देश्य शासन की नीतियों के अनुसार दिव्यांग व्यक्तियों की समस्याओं का निराकरण करा कर पात्र व्यक्ति को विभिन्न योजनाओं का लाभ देना ही प्राथमिकता होगी।

उन्होंने बताया कि आईटीआई में दिव्यांग जनों को कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे सभी दिव्यांगजन कौशल प्राप्त कर अपना रोजगार स्थापित कर सकें। उन्होंने बताया कि शासन की तरफ से प्रत्येक दिव्यांगजनो को एक हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दिया जाता है, जिससे कि अपना जीवन निर्वाह कर सके।

उन्होंने बताया कि ऐसे दिव्यांग जो पेंशन योजना का लाभ ले रहे वो सब अपना आधार कार्ड जनसेवा केंद्रों के माध्यम से जनरेट करा दे, जिससे कि उनकी पेंशन में कोई समस्या न आये अन्यथा आधार कार्ड जनरेट न होने पर उनकी पेंशन बन्द हो सकती है। बताया कि शासन की तरफ से दिव्यांगजनों को पेंशन योजना, विभिन्न प्रकार के अंगों के उपकरण उपलब्ध कराना, शादी अनुदान योजना, एवं एवं दिव्यांग जनों को व्यापार करने के लिए योजना का लाभ दिया जा रहा है और जो भी दिव्यांग व्यक्ति शासन की किसी भी योजना से वंचित है तो वह सोमवार से शनिवार के बीच सुबह 10:00 बजे विकास भवन कार्यालय में आकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकता है।

## अज्ञात वाहन ने मारी साइकिल सवार को टक्कर हुई मौके पर दर्दनाक मौत

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

अमेठी। मुसाफिरखाना शुक्रवार को घर से बाजार जा रहे साईकल सवार वृद को राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित धरौली मोड़ के पास अज्ञात वाहन टक्कर मार दी ।

जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम को क्षेत्र के गांव सहोदरपुर मजरे पलिया चंदापुर निवासी मनबोध उम्र करीब 60 वर्ष पुत्र दुखी घर से बाजार को साईकल से निकले थे ।वे घर से जैसे ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरौली मोड़ के पास पहुंचे थे कि अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी ।जिससे मनबोध की मौके पर ही मौत हो गई ।सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक संतोष मिश्रा ने परिजनों को सूचना देते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया ।

## ठाकुर कौशलकिशोर राम मंदिर में हुआ तुलसी जयंती व झूलन महोत्सव का शुभारंभ

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा, वृन्दावन। बांके बिहारी कॉलोनी स्थित ठाकुर कौशल किशोर राम मंदिर में अखिल भारतीय श्रीराम मित्र मंडल के द्वारा गोस्वामी तुलसीदास जयंती व झूलन महोत्सव के अंतर्गत 9 दिवसीय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ, अष्टयाम सेवा महोत्सव, शिवार्चन एवं महामृत्युंजय जप अनुष्ठान आदि कार्यक्रमों का शुभारम्भ हो गया है,जो कि निरन्तर 12 अगस्त तक चलेंगे।

ठाकुर कौशल किशोर राम मंदिर के सेवायत व अखिल भारतीय श्रीराम मित्र मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य महंत रामदेव चतुर्वेदी ने गोस्वामी तुलसीदास महाराज के जीवन चरित्र का बखान करते हुए कहा कि वे महर्षि वाल्मीकि के अवतार थे ।उन्होंने आजीवन सत्यम,शिवम व सुंदरम का उद्घोष किया ।उनका समूचा जीवन राममय था।



अखिल भारतीय श्रीराम मित्र मंडल के समन्वयक डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास महाराज द्वारा अवधी भाषा में रचित ष्श्रीराम चरित मानसष ग्रंथ अद्भुद भक्ति महाकाव्य है ।तुलसीदासजी ने इसमें बुराई पर अच्छाई की जीत का विशद वर्णन किया है। यदि हम लोग इस ग्रंथ को आत्मसात कर लें,तो हमारे देश व समाज की अनेकों बुराइयों का अंत हो सकता है।

आचार्य लवदेव चतुर्वेदी व आचार्य कुशदेव चतुर्वेदी ने कहा कि ठाकुर कौशल किशोर राम मंदिर चतुर्वेदी ब्राह्मण कुलभूषण,रामलीला चक्रवर्ती स्व. गोविंदराम चतुर्वेदी (दादाजी) महाराज की भजन स्थली है। यहां उनके परमाणु आज भी विद्यमान हैं।जो कि असंख्य व्यक्तियों को प्रेरणा व ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं।

महोत्सव की संयोजक श्रीमती कुंजलता चतुर्वेदी व सह संयोजक श्रीमती प्रिया चतुर्वेदी ने कहा कि हमारा अखिल भारतीय श्रीराम मित्र मंडल समूचे देश के विभिन्न स्थानों पर अनेकों सेवा प्रकल्प संचालित कर रहा है ।इस मंडल के द्वारा बहुलावन में श्रीव्यास तपोवन व श्रीराम गौसेवा कुंज का निर्माण कराया गया है ।जिसमें तमाम गौ माताओं की सेवा की का रही है। यह वही स्थान है,जहां पर कि भगवान श्रीकृष्ण ने गौचारण किया था।

इस अवसर पर ठाकुर कौशल किशोर राम मंदिर में ठाकुरजी की अष्टयाम सेवा की गई ।साथ ही यहां स्थित प्राचीन शिव मंदिर में वेदपाठी ब्राह्मणों के द्वारा शिवार्चन व महामृत्युंजय जप का अनुष्ठान किया गया। सायं काल रामकथा प्रवक्ता आचार्य महंत रामदेव चतुर्वेदी के द्वारा श्रीराम कथा का रसास्वादन कराया गया ।इसके अलावा ठाकुर विग्रहों को झूला भी झुलाया गया।

महोत्सव में अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित बिहारीलाल वशिष्ठ,युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा,आचार्य ईश्वरचंद्र रावत, संत सेवानंद ब्रह्मचारी,संगीताचार्य शम्भूशरण महाराज,महंत संतोष पुजारी,राम अवतार भगतजी,महंत रमणरेती दास महाराज आदि की उपस्थिति विशेष रही ।संचालन डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने किया।

# बांदा के चार गांजा कारोबारियों को न्यायालय ने दी दस-दस साल कैद की सजा

चित्रकूट। 93 किलो गांजा के साथ पकड़े गए गांजा कारोबारी और उसके तीन साथियों को एनडीपीएस एक्ट में दोषसिद्ध होने पर न्यायालय ने दस–दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक आरोपी को एक–एक लाख रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया गया। सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास एवं सुशील सिंह ने बताया कि चार जुलाई 2014 को तत्कालीन रैपुरा थाना प्रभारी शशींद्र प्रकाश शुक्ल पुलिस टीम के साथ बोड़ी पोखरी चौराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान कर्वी की ओर से आ रही एक कार को रोका गया किंतु चालक ने गाड़ी को आगे बढ़ाने का प्रयास किया। कुछ दूर आगे बढ़ने पर पुलिस ने गाड़ी रुकवा ली। वाहन से चालक और दो लोग नीचे उतरे, जिसमें दो लोग कागज दिखाने के बहाने मौके पर खिसक गए और तीसरे व्यक्ति बांदा जिले के मर्दन नाका निवासी फहीम खां पुत्र मुन्नू को संदेह होने पर पुलिस ने पकड़ लिया। साथ ही गाड़ी में अलग–अलग पैकेटों में रखा 93 किलो गांजा भी बरामद कर लिया। फहीम ने बताया कि वाहन से उतरकर भागने वाले बांदा जिले के तिंदवारा गांव के निवासी शोभित सिंह पुत्र धनराज और राजेश कुमार गुप्ता पुत्र उमाशंकर हैं। पकड़ी गई गाड़ी बांदा के छोटी बड़ोखर गांव के निवासी दीपू दुबे पुत्र नन्हू लाल की है। पुलिस को फहीम ने बताया था कि वे सभी लोग मिलकर गांजा बेचते हैं। इससे मिला पैसा खर्च निकालने के बाद आपस में बांट लेते हैं। गाड़ी में रखे गांजे को लेकर वे लोग आजमगढ़ बेचने को जा रहे थे। फहीम की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने इस मामले में धारा 8/20 ख (ई) स्वापक औषधि एवं मनोत्तेजक पदार्थ अधिनियम 1985 एनडीपीएस एक्ट के तहत चारों आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध न्यायालय में की जा रही प्रभावी पैरवी के क्रम में पुलिस टीम ने समय से गवाहों को न्यायालय में पेश कराया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट अपर सत्र न्यायाधीश विनीत नारायण पांडेय ने शुक्रवार को निर्णय सुनाया, जिसमें एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषसिद्ध होने पर चारों आरोपियों को दस–दस वर्ष सश्रम कारावास और एक–एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई। न्यायालय के निर्णय के बाद चारों आरोपियों को सजा भुगतने के लिए जिला कारागार भेज दिया गया।

## प्रतिभागियों को सही मार्ग निर्देशन दिया जाये तो उत्कृश्ट प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं : रीता सुन्दरम्

☒ युवा कल्याण प्रादेषिक विकास दल की युवा उत्सव प्रतियोगिता सम्पन्न

चित्रकूट। 75 वां आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर युवा कल्याण प्रादेषिक विकास दल विभाग द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं युवा उत्सव प्रतियोगिता वर्ष 2022–23 संध्या भजन रैन बसेरा सीतापुर में सम्पन्न हुआ। मुख्यअतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव एवं जिलाध्यक्ष भाजपा चन्द्र प्रकाष खरे मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तत्पष्चात जिला युवा कल्याण अधिकारी रीता सुन्दरम ने अतिथि का स्वागत किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि पांचों ब्लाकों की समस्त जो टीमें यहां पर आई हैं वह इस कार्यक्रम में इस मंच पर बढचढकर हिस्सा लें। इससे हमारी ग्रामीण संस्कृति को आगे बढने का मौका मिलेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव पर युवा उत्सव प्रतियोगिता हमारे लिये बहुत बडी उपलब्धि है कि ग्रामीण सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। इससे हमारे पिछडे जिले के युवक युवकों को एक अच्छा मंच मिलेगा और इनका भविष्य उज्ज्वल होगा जो टीमें यहां से जीत कर मण्डल में जायेंगी वह जिले का नाम रोषन करेंगी। प्रतियोगिता परिणामों में लोकनृत्य में राजकीय बालिका इण्टर कालेज कर्वी व राजकीय बालिका हाईस्कूल प्रथम रहा। लोक गीत में राजकीय बालिका इण्टर कालेज कर्वी प्रथम व राजकीय हईस्कूल षिवरामपुर द्वितीय, कत्थक में राजकीय बालिका इण्टर कालेज कर्वी की छात्रा प्रिंषी पाठक प्रथम व रा हाईस्कूल षिवरापुर की छात्रा षिल्पा द्वितीय रही। एकांकी में कर्वी प्रथम, हरमोनियम में अतुल सिंह प्रथम, संजना पाण्डेय द्वितीय, तबला वादन में संस्कार खरे प्रथम , शास्त्रीय गायन में अमित प्रथम कृष्ण कुमार द्वितीय रहे। कार्यक्रम का समापन जिला युवा कल्याण अधिकारी रीता सुन्दरम ने करते हुये कहा कि समस्त टीमों को मेरी शुभकानायें और अगर प्रतिभागियों को सही मार्ग निर्देषन दिया जाये तो यह उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्षन कर सकते हैं। जो टीम सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रथम आयी है वह 17 अगस्त को वह टीम बांदा में मण्डल स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करेगी और जो मण्डल में जीतेगी वह प्रदेषस्तर पर प्रतिभाग करेगी। इसके अलावा सितम्बर से हमारे विभाग द्वारा हर वर्ष खेलकूद का कार्यक्रम आयोजित होता है उसमें आप सभी लोग बढ–चढकर हिस्सा लें इससे सांस्कृतिक और खेलकूद से ग्रामीणों का भविष्य उज्ज्वल होगा। क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी विजय कुमार व समाजसेवी पंकज अग्रवाल की मौजूदगी रही। सभी विजेता टीमों को विभाग द्वारा प्रषस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रेम नरेष सिंह ने किया। निर्णायक की भूमिका में व्यायाम प्रषिक्षक मतगंजन प्रसाद कुषवाहा, क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी अखण्ड प्रताप यादव, कमला साहू, रष्मि, शालिनी, प्रियंका सिंह, गुड़िया देवी, कनिष्ठ लिपिक सिद्धार्थ निगम, श्यामसुन्दर यादव का सहयोग रहा।

## कांग्रेसियों ने किया महंगाई के खिलाफ जुलूस प्रदर्शन

चित्रकूट। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी चित्रकूट के जिला अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट के नेतृत्व में महंगाई के खिलाफ सड़कों पर जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया गया। कुशल सिंह पटेल एडवोकेट ने कहा कि जिस तरह से मोदी सरकार कांग्रेस पार्टी के शांतिपूर्ण प्रदर्शन को रोकने के लिए दिल्ली में पुलिस प्रशासन का पहरा लगा दिया और जगह–जगह पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया, वह पूरी तरह से यह सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। जनता के हितों के लिए कांग्रेस पार्टी ने हमेशा संघर्ष किया है, आगे भी संघर्ष जारी रहेगा। जिस तरह से खाद पदार्थों पर जीएसटी लगा दी गई, उसे आटा, दाल, चावल, दूध, दही सभी वस्तुएं महंगी हो गई। लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा, नौजवान रोजगार के लिए दर–दर ठोकरें खा रहा है। यह सरकार हर मोर्चे पर विफल हैं।

कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी रंजना बराती लाल पांडे पूरे जुलूस के दौरान सर पर सिलेंडर लेकर विरोध दर्ज कराया। जिस प्रकार से सिलेंडर के दाम बढ़े हैं वह किसी से छिपा नहीं है। आज जब पूरा विपक्ष महंगाई पर चर्चा कराने की बात करता है तो मोदी सरकार विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है, आज कांग्रेस मुख्यालय दिल्ली में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के साथ जिस तरह से पुलिस ने बर्बरता की और उनको गिरफ्तार किया गया उसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोकतंत्र का गला घोटने का काम मोदी सरकार कर रही है। वरिष्ठ नेता हेमराज त्रिपाठी ने कहा कि इस सरकार के खिलाफ चित्रकूट जनपद में जेल भरने का काम किया जाएगा। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्रवण शुक्ला, गज्जू प्रसाद, फौजी भैयालाल, फौजी सतनारायण कोल, कुलदीप मिश्र, राकेश वर्मा, यमुना शुक्ला, कुलदीप द्विवेदी, भगवानदीन समदरिया, विजय मणि त्रिपाठी, अनिल यादव, शारदा गौतम, अरुणेंद्र मिश्रा, शिव शंकर खंगार, कामता प्रसाद द्विवेदी, अरुणेंद्र पटेल, महेंद्र सिंह, रामसूरत, धर्मेंद्र वर्मा, पंचवटी, रेखा, मंजू, रामनरेश सिंह, इंद्रजीत



उपाध्याय, संतोष कुमार, नीतू देवी, गया प्रसाद, निर्मला भारती, लतीफ खान, मुरारी लाल विश्वकर्मा, रजनीश शुक्ला, धीर सिंह, पुरुषोत्तम यादव, जय सिंह पटेल, राज बहादुर सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, चंद्रशेखर सिंह, अजय यादव, ममता, रन्नो देवी, सुनीता देवी, मुन्नी देवी, वर्षा देवी, शांति देवी, कांति देवी, मंजू शुक्ला, गुड़िया देवी, अजय मौर्या आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय सराय खेमा का किया स्थलीय निरीक्षण

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

☒ शिक्षण व्यवस्था का लिया जायजा एवं दिए आवश्यक निर्देश

☒ विद्यालय परिसर में पर्याप्त साफ–सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

☒ डीएम बने शिक्षक, बच्चों को याद करने के सिखाए गुर

☒ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



अमेठी। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने आज विकासखंड अमेठी अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय सराय खेमा का स्थलीय निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौजूद छात्र छात्राओं से पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली तथा उन्हें याद करने के तरीके बताए। उन्होंने बच्चों से कहा कि प्रतिदिन पढ़ाई जरूरी है पढ़ाई के साथ–साथ खेलकूद भी जरूरी है। घर पर प्रतिदिन कम से कम 3 से 4 घंटे पढ़ाई जरूर करें। वही निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापिका द्वारा बालिकाओं के लिए एक अतिरिक्त शौचालय बनवाने की मांग की गई जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल खंड विकास अधिकारी अमेठी को विद्यालय परिसर में बालिकाओं हेतु एक अतिरिक्त शौचालय बनवाने के निर्देश दिए साथ ही विद्यालय परिसर में बेहतर साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान डीएम ने प्रधानाध्यापिका को बच्चों को इंडोर गेम खिलाने के निर्देश दिए, उन्होंने बच्चों के पानी पीने के लिए के गिलास की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा साथ ही कक्षाओं में पर्याप्त मात्रा में प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही डीएम ने मिड डे मील, पाठ्यपुस्तक, जूता मोजा, ड्रेस, बैग, रसोइयों के भुगतान इत्यादि के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय में कुल 218 छात्र–छात्राएं पंजीकृत थे ।

जिसके सापेक्ष 128 छात्र छात्राएं उपस्थित पाए गए। डीएम ने बच्चों की शत–प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ अरविंद कुमार पाठक, खंड विकास अधिकारी अमेठी हरिश्चंद्र, प्रधानाध्यापिका सुनीता सिंह सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने किया मिनी खजुराहो गणेश बाग का औचक निरीक्षण

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने शुक्रवार को मिनी खजुराहो गणेश बाग का औचक निरीक्षण किया। भारतीय पुरातत्व विभाग के एएसएई मनोज कुमार वर्मा ने जिलाधिकारी को बताया कि गणेश बाग के नाम से विख्यात इस प्रस्तर मंदिर निर्माण मराठा शासक विनायक राव ने 19वीं शताब्दी में करवाया था। विनायक राव पेशवा बाजीराव के वंशज थे। इस मंदिर में एक लघु गर्भ ग्रह तथा उसमें संयुक्त एक आयताकार मंडप निर्मित है। परिकल्पना तथा प्रस्तुतीकरण की दृष्टि से यह वास्तु– संरचना सराहनीय है। इसके पार्श्व से सात मंजिला मनोरम जलाशय तथा निकट में एक सुंदर बावली का भी निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि भारतीय पुरातत्व विभाग द्वारा पूरे बुंदेलखंड में चार स्थानों पर 75वां आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 15 अगस्त के दिन हर घर तिरंगा के अवसर पर एक वृहद कार्यक्रम पुरातत्व विभाग द्वारा जनपद चित्रकूट के गणेश बाग में कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने पुरातत्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि अपने विभाग द्वारा यहां पर प्रतिदिन प्रकाश की व्यवस्था तथा सुंदरीकरण का कार्य कराएं ताकि बाहर से आने वाले पर्यटक यहां पर आकर देखें, उसमें आपकी आय भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि जो कार्य करना है उसकी एक सूची बनाकर पर्यटन अधिकारी को उपलब्ध कराएं। उन्होंने पर्यटन अधिकारी से कहा कि पर्यटकों को देखते हुए यहां पर क्या–क्या कार्य हो सकते हैं, उसका एक प्रस्ताव बना ले। अपर उपजिलाधिकारी से कहा कि राजस्व विभाग और पुरातत्व विभाग की जमीन का सीमांकन करा ले जो बगल में पार्क बनाया जाना है, उसमें नगरपालिका तथा पुरातत्व विभाग के अधिकारियों के साथ बैठकर एक प्लान तैयार कराया जाए। पर्यटन अधिकारी से कहा कि यहां पर



बाउंड्री वाल जो टूटी है बेंच शौचालय सोलर लाइट के माध्यम से प्रकाश व्यवस्था फाउंटेन फसाद तालाब के सुंदरीकरण आदि का प्रस्ताव तैयार कर लें। पुरातत्व विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जो जमीन पुरातत्व विभाग की है उसमें परमिशन पुरातत्व विभाग देता है तथा जो पुरातत्व से 300 मीटर की दूरी के अंतर्गत है तो उसमें एनएमए लखनऊ के द्वारा परमिशन दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने पुरातत्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि यहां पर टिकट व्यवस्था शुरू कराएं ताकि जो धनराशि आए, उससे यहां का मेंटीनेंस कराया जा सके तथा वृक्षारोपण भी कराएं। जो 15 अगस्त को वृहद कार्यक्रम हर घर तिरंगा के अवसर पर कराया जाना है, उसमें जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से संपर्क करके विद्यालयों के बच्चों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित कराएं।

इस मौके पर अपर उप जिलाधिकारी राजबहादुर, पर्यटन अधिकारी शक्ति सिंह, पुरातत्व विभाग के एएसआई नीरज मिश्रा, सीनियर सीए तारक सिंह आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## उपनिरीक्षकों व सीसीटीएनएस कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार रार एवं क्षेत्राधिकारी नगर यातायात की अध्यक्षता में प्रत्येक थानों के सीसीटीएनएस में कार्यरत पुलिस कर्मी एवं 2–2 उपनिरीक्षकों को आईआरएडी का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी के निर्देशन में अमित कुमार श्रीवास्तव रोलआउट मैनेजर द्वारा आईआरएडी के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव मौजूद रहे।

## अध्यक्ष पद पर नियुति प्रक्रिया प्रारम्भ

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश के 23 जनपदों में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी है। आवेदन की अंतिम तिथि 04.09.2022 को समय 5 बजे तक है। इच्छुक आवेदनकर्ता समस्त जानकारी उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ की वेब साइट www.upslsa.up.nic.in से प्राप्त कर सकते है।

## राष्ट्रीय गहोई वैश्य समाज का महाअधिवेशन का दो दिवसीय आयोजन आज से

चित्रकूट। अखिल भारतीय गहोई वैश्य महासभा के संयोजन में 43 वा राष्ट्रीय गहोई वैश्य समाज का महाअधिवेशन चित्रकूट धाम के श्रीधर धाम जानकी कुंड में दो दिवसीय आयोजन 6 व 7 अगस्त को होने जा रहा है। कार्यकारी अध्यक्ष गहोई गुलाब कुमार गुप्ता ने बताया कि इसमें पूरे देश से लगभग 5000 सामाजिक जनों के आने की सूचना है, पूरे देश का वैश्य समाज का एक इकलौता यह संगठन है जिसकी राष्ट्रीय कार्यकारिणी निर्वाचन के माध्यम से गठित की जाती है। जिसका कार्यकाल प्रत्येक 3 वर्ष का होता है। आयोजन में राष्ट्रीय अध्यक्ष के के कठिल तथा राष्ट्रीय महामंत्री आलोक टिकरिया ने जानकारी दी की इस अधिवेशन में संविधान में संशोधन कराया जाएगा। इस महाअधिवेशन में कर्वी गहोई वैश्य समाज सह संयोजक की भूमिका निभा रहा है। चित्रकूट धाम से नई ऊर्जा और एकता तथा अखंडता के साथ समाज निकल करके आएगा।

## भावपूर्ण कथा सुनकर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

चित्रकूट। ग्राम लोहदा मे चल रही श्रीमद्भागवत कथा अमृतवर्षा का आज चौथा दिन बड़े धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कथा प्रवक्ता आचार्य बालकृष्ण भार्गव ने कथा रहस्य का सरल ढंग से विवेचन किया। कथा क्रम में शुक्रवार को मनु महाराज के पुत्र प्रियव्रत चरित्र से लेकर कृष्ण जन्म तक की मंगलमयी कथाओं का गान किया। उन्होंने बताया कि प्रियव्रत का तात्पर्य जिसको व्रत ही प्रिय हो। इन्होने साल, द्वीपों का निर्माण किया तथा सात सागरों का भी निर्माण प्रियव्रत ने दिया। इन्हीं के पुत्र अग्नीय हुए जिन्होंने 'नौ' वर्षों का निर्माण किया, जिसमे हम भारत वर्ष में रहते हैं। कथा के माध्यम से गज ग्राह की पावन कथा सुनाकर श्रोताओं को अरातकतत्वों से सावधान किया। 13. गज गद्दहम मनुष्यों की कथा है। जब आप शरीर से लाचार हो जाएं (जब आपको ग्रह) पकड़ ले तो केवल भगवान की शरण में जाएं। संसार के लोग आपका साथ नही देते। इसके बाद वामन चरित्र, समुन्द्र मन्थन, सूर्य वंश का वर्णन रामावतार की कथा तथा कृष्ण कथा सुनाकर भक्तो को आनन्दित किया। कथा के आयोजक हिन्दू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी भाजपा नेता प्रदीप शुक्ल परिवार सम्बन्धियों के साथ मिलकर कथाश्रमण करते हुए सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया।



## ब्लॉक गोवर्धन अंतर्गत न्याय पंचायत सोन की क्रीड़ा प्रतियोगिताएं हुई सम्पन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। ब्लॉक गोवर्धन अंतर्गत कंपोजिट स्कूल विठ्ठलनगर के प्रांगण में न्याय पंचायत सोन की पंचायत स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन पूरे हर्षोल्लास के साथ किया गया। प्राइमरी स्तर और जूनियर स्तर की बालक–बालिकाओं की खेल कूद की विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रमुख रूप से 50,100,200,400 एवम 600 मीटर दौड़, खो–खो, कबड्डी, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक आदि का आयोजन किया गया, जिसमे सभी प्रतिभागी बच्चों के द्वारा पूरे उत्साह एवम मनोयोग से प्रतिभाग करते हुए विजय प्राप्त की, पूरी पारदर्शिता के साथ उत्कृष्ट बच्चों का चयन किया गया। प्रतियोगिताओं में प्रमुख रूप से सहयोग करने वाले शिक्षक संकुल नरेन्द्र चौधरी, रजनी शर्मा, देशराज सिंह, अनुराधा सिंह, रेखारानी, ललिता रानी, कुसुमलता, अर्चना, देवेंद्र कुमार शर्मा, अंजना गोयल, नंदकिशोर,धीरेंद्र सिंह, लता पांडे, अदिति शर्मा, संगीता अग्रवाल, नीरज कुमारी, केरन सिंह, रविन्द्र सिंह, ममता, निशांत, प्रवीण, मुनेश, आदि मौजूद रहे।



## श्रीकृष्ण बलराम मन्दिर में झूलन महोत्सव 8 से 12 अगस्त तक

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा वृन्दावन। सेवाकुंज गली स्थित श्रीकृष्ण बलराम मन्दिर में प्रख्यात गौडीय संत भक्ति वेदांत मधुसूदन महाराज के पावन सानिध्य में 8 से 12 अगस्त पर्यंत झूलन महोत्सव आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के मीडिया प्रभारी डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि इस महोत्सव में प्रतिदिन सायं 6 से 8 बजे तक संतों व विद्वानों के प्रवचन, हरिनाम संकीर्तन व पद गायन आदि के कार्यक्रम होंगे। 9 अगस्त को गौडीय सम्प्रदाय की बहुमूल्य विभूति रूप गोस्वामी महाराज का तिरोभाव महोत्सव आयोजित किया गया है ।जिसमें सभी भक्त–श्रद्धालु सादर आमंत्रित हैं।



## यूपी के उप मुख्यमंत्री पाठक और मौर्य 6-7 अगस्त को आएंगे मथुरा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्या कल और परसों यानि 6 और 7 अगस्त को मथुरा आ रहे हैं। दोनों के हेलीकॉप्टर वृंदावन स्थित पवन हंस हैलीपेड पर उतरेंगे। मुख्य रूप से दोनो नेता भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश ईकाई के प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने आ रहे हैं। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार कल 6 अगस्त शनिवार को उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक प्रातः 9:30 बजे वृंदावन स्थित पवन हंस के हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर से उतरेंगे।



वहा से वे सीधे बिहारी जी मंदिर में दर्शन पूजा करने जाएंगे। प्रातः 10:00 बजे करीब टीएफसी पर जिले के अधिकारियों के साथ मीटिंग लेंगे जिसमें सरकारी योजनाओं की प्रगति और उसकी समीक्षा की जाएगी। पूर्वान्ह 11 बजे श्री पाठक भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश ईकाई के प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने जायेंगे। दुपहर 12:30 बजे के बाद हेलीकॉप्टर से वह प्रस्थान कर जाएंगे। 7 अगस्त रविवार को केशव प्रसाद मौर्य प्रातः 10:30 बजे पवन हंस हेलीकॉप्टर आएंगे वहा से 11:00 बजे लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले मथुरा पहुंचेंगे। दोपहर 12:00 बजे करीब भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रशिक्षण शिविर में भाग ले लेंगे। 1:00 बजे पुनरू लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले पर अपने विभागो से संबंधित मथुरा में चल रही योजनाओं की समीक्षा और अधिकारियों के साथ मीटिंग करेंगे। 3 बजे वह लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# राममंदिर निर्माण के दो साल जानें कब कर सकेंगे रामलला के दर्शन

दैनिक अयोध्या टाइम्स पवन कुमार अयोध्या। राम जन्मभूमि परिसर में भगवान श्री राम की भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। पूरे देश की नजरें राम मंदिर पर हैं। सबके मन में एक ही सवाल है, कब राम मंदिर बनकर तैयार होगा। कब सेदर्शन करने की इजाजत मिलेगी ? इस सवाल का जवाब आसानी से मिल सकता है। लगभग 30 से 40 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। यानी की मंदिर की फाउंडेशन तो तैयार किए जाने के बाद 21 फुट ऊंचे फर्श को भी तैयार कर लिया गया है और गर्भगृह स्थल पर नक्काशी किये गए स्टोन को जोड़ने की प्रक्रिया को भी तेजी के साथ शुरू कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक मंदिर निर्माण



अबतक राम मंदिर का काम कितना हुआ है। राम मंदिर के निर्माण का 40 प्रतिशत पूरा हो चुका है। ध्यान रहे पिछले साल 5 अगस्त को पीएम नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के कार्य का शुभारंभ किया था।

आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंदिर की नींव रखी जाने के 2 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस दौरान मंदिर के चबूतरे को तैयार की जाने के साथ ही गर्भगृह पर भी मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। 5 अगस्त 2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मंदिर निर्माण की नींव रखे जाने के बाद अब तक मन्दिर में के लिए भूमि के अंदर किये जाने वाले कार्य को किया जा चुका है। राम मंदिर का निर्माण कार्य कब पूरा होगा तो इस सवाल का जवाब राम मंदिर ट्रस्ट ने दिया है, उन्होंने बताया है कि साल 2025 तक राम मंदिर का निर्माण कार्य पूरी तरह खत्म होगा हालांकि राम लला के दर्शन 2023 के दिसंबर माह से कर सकेंगे। राम मंदिर परिसर का विस्तार 70 एकड़ से बढ़ाकर 107 एकड़ करने की योजना के तहत 'राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने इसी साल फरवरी में राम जन्मभूमि परिसर के पास 7,285 वर्ग फुट जमीन खरीदी है।

# उपचुनाव मे पूर्व प्रधान की पत्नी पर जनता ने जताया भरोसा

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ सोहावल,अयोध्या। विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत इस्माईल नगर सिंहोरा प्रधान पद के चुनाव में स्व. पूर्व प्रधान सहदेव यादव की पत्नी पुष्पलता यादव ने जीत दर्ज किया है।उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी आशा तिवारी को हरा कर अपने पति के अरमानों को पूरा कर दिया है।सोहावल की इस्माइलनगर सिहोरा ग्राम पंचायत की प्रधान पद सीट प्रधान सहदेव यादव की मृत्यु के बाद रिक्त थी।कल हुए उप चुनाव में एक बार फिर पिछले चुनाव में रनर व विनर का परिवार आमने सामने आ गयास जिसमें विनर रहे स्व0 सहदेव यादव की पत्नी व पिछले चुनाव में रनर रही आशा तिवारी के बीच कांटे का मुकाबला हुआ। जिसमें स्व0 यादव की पत्नी पुष्प लता यादव ने आशा तिवारी को 45 वोटों से हराकर अपने पति की धरोहर को बरकरार रखा।इस उप चुनाव में 1217 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कियास जिसमें विनर को 566 तथा रनर ने 525 मत मिलेस जिसमें पुष्प लता यादव ने 41 वोटों से जीत दर्ज किया है। मालूम हो कि बीते चुनाव मे स्व0 सहदेव यादव ने इन्ही प्रतिद्वन्द्वी से 22 वोट अधिक लेकर विजयी हुए थे। फरवरी माह में हृदयाघात से निधन होने के बाद खाली हुए पद पर दयावती तिवारी को कार्य वाहक ग्राम प्रधान नियुक्त किया गया था।इस हुए उप चुनाव में पूर्व प्रधान सहदेव यादव के निधन की सहानुभूति की लहर तथा गांव वासियों ने गांव में स्व0 यादव के द्वारा किये गए कार्यो को देखकर एक बार फिर से उनके परिवार पर भरोसा जताया है।आज चुनाव में हुई जीत के बारे में पूछे जाने पर प्रधान जी भावुक हो गयीसआज मिली जीत की खुशी से ज्यादा पति का न होने का दर्द पूरी तरह झलक रहा था।

# घर-घर तिरंगा लगाकर आजादी का अमृत महोत्सव मनाएं

पवन कुमार रुदौली अयोध्या। रुदौली क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक



विद्यालय सीवन वाजिदपुर में छात्रों व अभिभावकों की बैठक में प्रधानाध्यापक श्री मोहम्मद अहमद ने छात्रों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा की कि देश अपनी आजादी के 75वे वर्ष को अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। इसके अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत 11 अगस्त से 17 अगस्त तक राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक तिरंगे झंडे को सभी लोग घरों पर लगाकर कर आजादी का अमृत महोत्सव मनाएं।आजादी में सपूतों के योगदान पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा की यह आजादी हमें बहुत ही मुश्किल से मिली है ।इस आजादी के लिए हजारों वीर शहीद हुए ।लाखो वीरों ने जेल में रह कर तरह तरह की यातनाएं झेली ।हमें इस आजादी को हर हाल में बरकरार रखना है।देश की प्रगति, खुशहाली मजबूती में अपना योगदान देते रहना है।

उन्होंने छात्रों व अभिभावकों के साथ ही क्षेत्रीय जनता से स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की।

बैठक में मास्टर वकारुल हसन, डॉ0 प्रदीप सिंह, मास्टर उजेर अहमद, एसएमसी अध्यक्ष रामराज आदि लोग उपस्थित थे।

# युवती का गला काटने वाला युवक गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। चारा लेने खेत में गई युवती पर हमले के मामले में महाराजगंज पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि दुष्कर्म के विरोध में युवती पर हंसिये से हमला कर गला काट दिया था और मौके से फरार हो गया था। फिलहाल पुलिस ने कड़ी मेहनत और और संदिग्धों से लंबी पूछताछ के बाद घटना करने वाले आरोपी शत्रुघन यादव निवासी छात्रा थाना महाराजगंज को देवगढ़ पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने गुरुवार को महाराजगंज थाना क्षेत्र के मलिक पट्टी तार गोहान गांव की एक युवती का धारदार हथियार हसिया से गला काट दिया था जिसके बाद पुलिस ने युवती का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या बाजार में प्राथमिक उपचार करा कर जिला अस्पताल रेफर करवा दिया था। वहां से हालत गंभीर होने के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ में चल रहा इलाज चल रहा है। महाराजगंज थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि युवती का गला काटने की घटना करने वाला आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि आरोपी ने दुष्कर्म के प्रयास में असफल रहने के कारण घटना को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गया।

# महंगाई व भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। महंगाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस पार्टी का धरना प्रदर्शन सदर तहसील के सामने तिकोनिया पार्क में संपन्न हुआ। सदर तहसील पर भारी संख्या में इकट्ठा कांग्रेसियों ने जब कलेक्ट्रेट की तरफ कूच किया तो पुलिस ने जबरन उन्हें रोका और जिला अध्यक्ष समेत तमाम कांग्रेसियों को घसीटते हुए पुलिस की गाड़ी में ले गए और पुलिस लाइन में काफी देर तक बंधक बनाकर रखा। इससे पूर्व हुए धरने की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा संचालन महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने किया। जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र में बैठी मोदी सरकार को पूजी पतियों की सरकार बताते हुए कहा कि सरकार की सारी नीतियां उद्योगपतियों और प्रधानमंत्री के मित्रों के हितों को ध्यान में रखकर बनाई जाती है। इस सरकार को गरीब ,मजदूर ,नौजवान, महिला तथा छात्रों के हितों से कोई मतलब नहीं रह गया है। जिला अध्यक्ष श्री यादव ने कहा भाजपा विपक्ष की हर आवाज को दबाने के लिए किसी भी हद तक गिरने को तैयार है । वह नौजवानों को रोजगार नहीं दे पा रही वही जो सरकारी नौकरियां थी उन में कटौती करने का कार्य कर रहे, अग्निवीर जैसी हास्यप्रद परियोजनाएं लाकर केंद्र की सरकार यह साबित कर रही कि उसे नौजवान और किसानों से कोई लगाव नहीं है। एआईसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह तथा अशोक सिंह ने कहा भारतीय जनता पार्टी के राज में समाज का कोई भी वर्ग सुखी नहीं है कमरतोड़ महंगाई से आम आदमी के घर का बजट बिगड़ गया है। संचालन कर रहे महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा दूध, आटा ,दही, स्टेशनरी के समान आदि दैनिक जरूरतों पर जीएसटी लगाकर सरकार ने न केवल महंगाई बढ़ाई बल्कि आम आदमी को महंगाई के भारी बोझ तले दबाने का काम किया। प्रदेश प्रवक्ता गौरव



तिवारी वीरू ने कहा व्यापारियों के लिए भाजपा द्वारा जो जटिल टैक्स प्रणाली लाई गई है उससे छोटे तथा मध्यमवर्ग का व्यापार चौपट होने की कगार पर आ गया है।

जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने तहसील प्रांगण के सामने जिला अध्यक्ष तथा कांग्रेसियों पर आज के प्रदर्शन के दौरान किए गए पुलिसिया अत्याचार की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा यह सरकार ऊपर से लेकर निचले स्तर तक अपने विरुद्ध उठी हर आवाज को तानाशाही तरीके से दबाने का कार्य कर रही। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से एआईसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा , पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुरेंद्र प्रताप सिंह ,अनिल कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा ,भगवान बहादुर शुक्ला, डॉ राजकुमार मौर्य, अब्दुल हकीम, रामसनेही निषाद राज देव बर्मा ,आशीष गुप्ता , उमेश उपाध्याय, रोहित यादव, द्वारिका पांडे आदि सम्मिलित रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने को लेकर की बैठक



दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। आजादी के अमृत महोत्सव में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने को लेकर भाजपा में बैठकों का दौर जारी है। अभियान में भाजपा महिला मोर्चा की सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर पार्टी कार्यालय में बैठक हुई। महिला मोर्चा की प्रदेश की शोध प्रमुख सुमनलता जायसवाल ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर देश अमृत महोत्सव मना रहा है। इसके तहत हर घर में तिरंगा फ हराने का लक्ष्य रखा गया है। हर देशवासी को अमृत महोत्सव में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। महिला मोर्चा की सदस्य इसको लेकर जनसम्पर्क के माध्यम से लोगो को जागरुक करें। घर के बच्चे के हाथ से स्वतंत्रता दिवस के दिन तिरंगा फहराये। इस कार्यक्रम को महाअभियान के रुप में लेना है। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत आम जन को जागरुक करने के लिए भाजपा के द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गोष्ठियां, रैली तथा बैठकें शामिल है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर देश में उत्साह का माहौल है। हमें केवल लोगो तक अभियान के विषय में जानकारी देना है। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सरोज मिश्रा ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर तिरंगा अभियान में महिला मोर्चा की सदस्य टीम बनाकर सम्पर्क करें। महिलाओं को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने के प्रति प्रेरित करें। महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष आशा गौड़ ने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव को अपने भीतर समाहित करते हुए भाजपा समाज में अपनी उपस्थिति दर्ज कराती है। हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ना देश के प्रत्येक नागरिक दायित्व है। हमें उन्हें उनके दायित्वों का बोध कराना है। इस अवसर पर क्षेत्रीय मंत्री रमा यादव, करुणा पाण्डेय, सीमा सिंह, माधुरी सिंह, विनीता जायसवाल, मधु पाठक, नेहा तिवारी उपस्थित रही।

# सपाईयों ने मनाई जनेश्वर मिश्र की 89वीं जयंती

पवन कुमार अयोध्या। समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की 89वीं जयंती समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मनाई गई। इस मौके पर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके दिखाए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। पार्टी कार्यालय पर आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने कहा कि स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र ने समाजवादी पार्टी को बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि श्री मिश्र ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाजवादी पार्टी को जो पहचान दी वह आज भी कायम है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी में संघर्ष का जज्बा श्री मिश्र ने ही पैदा किया था और आंदोलन के दौरान ही उनका देहांत भी २०१० में हो गया था।श्री यादव ने कहा कि आने वाला समय समाजवादी पार्टी के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण है लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कार्यकर्ता अभी से तैयारियों में जुट जाएं आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है ।श्री यादव ने बताया कि स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र के दिखाए रास्ते पर चलकर समाजवादी पार्टी को और भी बुलंदियों तक पहुंचाया जा सकता है और कार्यकर्ता इसके लिए कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़े ।पार्टी प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र जयंती के अवसर पर आज कार्यालय में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, इसमें पार्टी



कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की ।श्री यादव ने बताया कि पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विचार गोष्ठी में यह संकल्प लिया कि लोकसभा चुनाव में इस बार समाजवादी पार्टी को अधिक से अधिक सीटें जिता कर केंद्र की सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की जाएगी। इस मौके पर मुख्य रूप से निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल बाबूराम गौड़ चौधरी बलराम यादव डॉ अनुराग यादव महंत अनिल मिश्रा शैलेंद्र यादव करुणाकर यादव त्रिभुवन प्रजापति सरोज यादव अंसार अहमद बब्बन जगन्नाथ यादव संतराम यादव पवन कुमार करण यादव मुन्नू सूर्यभान यादव राजेश कोरी रमेश यादव आदि लोग मौजूद रहे ।

# डेमोक्रॅटिक आरपीआई के डॉ. राजन माकनीकर का महामहिम राष्ट्रपति को पत्र



☒ (जल्द ही राष्ट्रपति भवन में कोश्यारी हटावन के मामले में भूख हड़ताल)

मुंबई दि। (प्रतिनिधी) महाराष्ट्र राज्य के वर्तमान राज्यपाल मा. भगत सिंग कोश्यारी लगातार सामाजिक क्षति कर रहे हैं और संवैधानिक पद की पवित्रता को बनाए नहीं रखते हैं, इस कारण कोश्यारी जी को पद से हटाने का पत्र डॉ. राजन माकणीकर ने महामाहीम राष्ट्रपती मा. द्रोपदि मुर्मू को इमेल द्वारा दिया। डेमोक्रेटिक आरपीआई पार्टी के कट्टर कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन सम्यक योद्धा के विद्रोही पत्रकार पैंथर के संस्थापक महासचिंब डॉ. राजन माकणीकर ने भारत के राष्ट्रपति, महामहिम द्रौपदी मुर्मू को एक ईमेल के माध्यम से एक पत्र लिखा है जिसमें उनसे वर्तमान राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को महाराष्ट्र राज्य के राज्यपाल के पद से हटाने का अनुरोध किया गया है।

डॉ. माकनीकर ने यह भी कहा कि भगत सिंह कोश्यारी संविधान की पवित्रता को कायम नहीं रखते, बहुजन महान नायकों और नायिकाओं का खुलेआम अपमान करते हैं, मराठी भाषियों को कम आंकते हैं और उनका फायदा उठाते हैं। माविआ के शिक्षा मंत्री वर्षा गायकवाड़ के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान डॉ. विश्वभूषण. अंबेडकर के नाम पर शपथ लेते समय बाबासाहेब अंबेडकर का जिक्र किया गया था, और राज्यपाल कोश्यारी ने उनको डॉ. आंबेडकर का नाम लेने टोका था लेकिन वर्तमान मुख्यमंत्री ने शपथ ग्रहण के दौरान दिवंगत बालसाहेब ठाकरे और धर्मवीर दिघे साहब का जिक्र किया था. उनको उन्होने नही टोका. ऐसा भेदभाव क्यू?

डॉ. राजन माकणीकर ने चेतावनी दी कि राज्यपाल भगत सिंग कोश्यारी के पद पर बने रहने से राज्य में जातिगत भावनाएँ भड़केंगी और कानून–व्यवस्था को खतरा होगा और सामाजिक संतुलन बिगड़ेगा, इसलिए कोश्यारी को जल्द से जल्द हटाया जाए अन्यथा आर पी आई डेमोक्रेटिक और पैंथर्स ऑफ सम्यक योद्धा की ओर से राष्ट्रपति भवन पद सामने भूख हड़ताल होगी।

# डीपीएस के बच्चों ने सीखी बेसिक लाइफ सपोर्टिंग स्किल्स की जानकारी

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

इटावा। दिल्ली पब्लिक स्कूल में इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन शाखा इटावा के सौजन्य से एक दिवसीय ईच वन सेव वन महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत बोन एंड जॉइंट दिवस मनाया गया। जिसका उद्देश्य ट्रॉमा सेंटर में पहुँचने से पहले मरीज को प्रथम प्राथमिक उपचार देना व हर छात्र छात्रा के लिये बेसिक लाइफ सपोर्टिंग सिस्टम का जरूरी प्रशिक्षण जानना शामिल था। ऑर्थोपेडिक्स एसोसिएशन के सेक्रेटरी डॉ अजय राजपूत ने कहा कि,नर सेवा ही नारायण सेवा भी है। चूंकि छात्र सबसे अच्छे श्रोता भी होते है व किसी भी चीज को जल्दी सीखते है इसीलिये आज हम सभी इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर आपके बीच आये है। सबसे पहले इसे 2012 में हमारी संस्था द्वारा इसे लॉन्च किया गया। तब से यह कार्यक्रम लगातार जारी है। हमारा उद्देश्य ही यही है कि कैसे लोगो की हड्डियां मजबूत बनाई जा सकें और उन्हें सही समय से उपचार भी मिल सके जिससे अमूल्य जीवन को कुछ सावधानियों से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि,देश भर मे कई हाइवे विकसित होने के साथ साथ अब भारत मे प्रत्येक वर्ष सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनायें भी होती ही रहती है। तब यह लाइफ सपोर्टिंग प्रशिक्षण बेहद जरूरी हो जाता है। विगत वर्षों में हमने पुलिस के साथ मिलकर 1.4 लाख लोगों को प्रशिक्षित किया है। कार्यक्रम के दौरान एक्सपर्ट ने ।ठब्ब के बाद ब्।ठ व ब्ट की विस्तृत जानकारी भी बच्चों को दी। बच्चों ने कार्यक्रम में बेसिक लाइफ सपोर्टिंग स्किल्स को भी सीखा और दुर्घटना होने के बाद गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को कैसे प्रथम उपचार देना है यह भी बताया व गंभीर रूप से दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति का अमूल्य जीवन बचाने के लिये पहले रिस्टोर पोजीशन में लाकर सीपीआर कैसे दिया जाता है यह भी सीखा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ सुनील कुमार प्रोफेसर ऑर्थोपेडिक्स इंचार्ज ट्रामा सेंटर यूपीयूएमएस सैफई प्रेसिडेंट सैफई ऑर्थोपेडिक क्लब इटावा, डॉ अजय कुमार राजपूत असि0 प्रोफ0 ऑर्थोपेडिक्स सैफई सेक्रेटरी एसओई इटावा, डॉ प्रणव शर्मा, डॉ



संजीव जोशी,डॉ ईश्वर चंद्र,सीनियर रेजिडेंट ऑर्थोपेडिक्स यूपीयूएमएस सैफई, डॉ विकास यादव, चौयरमैन मदन हॉस्पिटल इटावा सहित प्रिंसिपल डीपीएस भावना सिंह मोजूद रही।

# संक्षिप्त समाचार

## पत्नी को ले गया मॉर्निंगवॉक, उतारा मौत के घाट

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। रामनगरी में एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया दहेज को लेकर पत्नी से पति की अनबन चल रही थी। जिससे छुटकारा पाने को पति मॉर्निंगवॉक कराने फोरलेन ले गया जहाँ ट्रक के सामने धक्का दे दिया। पहिए से कुचल जाने पर पत्नी की घटनास्थल पर मौत हो गई। अयोध्या कोतवाली पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 01 अगस्त 22 की है। सुबह राहगीर ने यूपी डायल 112 पर सूचना दी कि एक अज्ञात महिला का एक्सीडेन्ट अयोध्या बाईपास हाईवे पर हुआ है। महिला का शव क्षत–विक्षत अवस्था में घटनास्थल पर ही पड़ा है। मौके पर जाकर पुलिसने महिला के बारे में जानकारी जुताई। पता चला कि मृतिका का नाम आरती (उम्र करीब 23 वर्ष ) पत्नी गम्भीर कुमार निवासी चमनपुर थाना शिवहर जनपद शिवहर बिहार है। घटना के सम्बन्ध में सूचना दी गयी तो मृतका का भाई विक्रम कुमार अपने चाचा व अन्य अपने गाँव के लोगों के साथ पहुंचा। बहन आरती की दहेज के लिए हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए तहरीर दी। जिसके बाद साकेत पेट्रोल पम्प के पास से 03 अगस्त को करीब 11.35 बजे गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

## पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जिला के सभी थाना चौकी समंस जमानती गिरफ्तारी एवं स्थायी वारंटो की तामीली हेतु निर्देशित किया गया था जिसमें फरार आरोपियों की धड़पकड़ हेतु दिनांक 04/08/2022 को चलाया गया विशेष अभियान

जिला जांजगीर चाम्पा छत्तीसगढ़ के थाना जांजगीर में विशेष अभियान के तहत थाना जांजगीर से समंस 01 गिरफ्तारी वारंट 01 थाना बलौदा से गिरफ्तारी वारंट 01 चौकी पंतोरा समंस 01 थाना शिवरीनारायण से समंस 02 जमानती वारंट 02 गिरफ्तारी वारंट 08 थाना नवागढ़ से समंस 10 जमानती वारंट 04 गिरफ्तारी वारंट 01 थाना चाम्पा से गिरफ्तारी वारंट 03 स्थायी वारंट 04 थाना सारागांव से गिरफ्तारी वारंट 03 स्थायी 02 थाना बम्हनीडीह से गिरफ्तारी वारंट 02 स्थायी वारंट 01 थाना बिर्रा गिरफ्तारी वारंट 02 थाना बाराद्वार समंस 05 थाना जैजैपुर गिरफ्तारी वारंट 01स्थायी वारंट 02 थाना हसौद स्थायी वारंट 02 थाना शक्ति गिरफ्तारी वारंट 03 थाना मालखरौदा गिरफ्तारी वारंट 03 स्थायी वारंट 02 चौकी अड़भार समंस 08 स्थायी वारंट 01 थाना डभरा गिरफ्तारी वारंट 04 स्थायी वारंट 02 चौकी फगुरम स्थायी वारंट 03 थाना चन्द्रपुर गिरफ्तारी वारंट 03 की तामीली की गई विशेष अभियान के तहत जिले समंस 31 जमानती वारंट 14 गिरफ्तारी वारंट 34 एवं स्थायी वारंट 14 कुल 96 वारंटो की तामीली की गई।

## हरि बोल सेवा समिति द्वारा हरियाली तीज महोत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ। मैनपुरी,आगरा – वाटर बॉक्स स्थित अतिथि वन होटल में हरि बोल सेवा समिति द्वारा हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप शालिनी महेश्वरी एवं पूजा गुप्ता व सुमन गोयल राधा कृष्ण की मूर्ति के आगे दीप प्रज्वलित कर के कार्यक्रम की शुरुआत की गई साथ ही कार्यक्रम में कुछ गेम्स वगैरह निकाले गए इस प्रोग्राम की विनर श्री नूतन



शर्मा जी रही और मोनल शर्मा जी तीज क्वीन तंबोला कैटवॉक डांस सावन के गीत पंचवटी एवं लकी ड्रा भी नि हरि बोल समिति के पदाधिकारी गण संस्थापक अध्यक्ष ममता सिंघल अध्यक्ष भोलानाथ अग्रवाल मुख्य संरक्षक मुरारी प्रसाद एकता बिल्डर्स कोषाध्यक्ष विनय वर्मा महिला मंडल मुख्य संरक्षक डोली अग्रवाल अर्चना अग्रवाल महामंत्री गुंजन अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीतू गर्ग कोषाध्यक्ष और पनागर सह कोषाध्यक्ष रेनू अग्रवाल संयोजक में मीना राजकुमारी कंचन रंजना राणा नीतू जैन मीडिया प्रभारी पूजा अग्रवाल डॉली अग्रवाल अर्चना अग्रवाल जीआशा गोयल गुंजन अग्रवाल अल्पना गर्ग नीतू गर्ग रेनू अग्रवाल निशा गोयल राजकुमारी अग्रवा ल मीना गर्ग कंचन अग्रवाल सपना अंग्रवाल दीपिका गोयल पूजा अग्रवाल नीरू शर्मा रंजना राणा समस्त समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे मीडिया प्रभारी पूजा अग्रवाल।

## 11 से 17 अगस्त 2022 तक हर घर तिरंगा का साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी । अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र ने





बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में दि. 11 अगस्त से 17 अगस्त 2022 तक ''हर घर तिरंगा'' का साप्ताहिक कायर्क्रम आयोजित किया जायेगा, कायर्क्रम को सफल बनाने तथा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह के निदेर्शानुसार 11 अगस्त से 17 अगस्त तक की अवधि में पड़ने वाले सावर्जनिक अवकाशों में भी जनपद के किसी भी अधिकारी, कमर्चारी द्वारा कायालर्य, मुख्यालय नहीं छोड़ा जायेगा, उक्त निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

## प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत मिशन की नगर पंचायत भाटपार रानी में उड़ रही है धज्जियां सूअरों एवं कूड़ा का घनी आबादी में जमावड़ा

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता चंदन कुमार गुप्ता

भाटपार रानी देवरिया। भाटपार रानी नगर पंचायत के वार्ड नंबर 5 मैं सेंट्रल बैंक के ठीक सामने निर्मल मैरिज हाल के बगल में जल जमाव होने से सूअरों का जमावड़ा लगा रहता है जिससे कभी भी संक्रामक बीमारी फैलने की



आशंका वार्ड वासियों के लिए चिंता का विषय बन गया है जिसकी शिकायत वार्ड नंबर 5 के सभासद सुनील कुमार वर्मा ने नगर पंचायत अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी को लिखित रूप से दिया है तथा इस पर तत्काल समस्या के समाधान हेतु मांग किया है सभासद सुनील कुमार वर्मा का कहना है कि बरसात का दिन चल रहा है और इस मौसम में संक्रामक बीमारियों के फैलने की पूरी आशंका रहती है इसलिए नगर को साफ सुथरा और स्वच्छ रखना अति आवश्यक है छोटे–छोटे बच्चे स्कूल में आने जाने हेतु इसी मार्ग का इस्तेमाल करते हैं बगल में कोचिंग क्लासेस भी चलते हैं उसमें भी काफी संख्या में बच्चों का आना जाना रहता है। उनके साथ भाटपार रानी के युवा व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष नागेश वर्मा नितेश गुप्ता विश्राम जी गुप्ता जवाहर लाल जायसवाल सतीश गुप्ता अल्ताफ अहमद आसिफ अली आलोक पटवा मुक्तिनाथ जी गुप्ता हैदर अली आज लोगों ने भी नगर पंचायत अध्यक्ष से सूअरों को उपनगर में या कॉलोनी में खुला ना छोड़ने की मांग की है। वही



नगर के बीचो बीच विंध्यवासिनी कॉलोनी टीचर कॉलोनी वह अन्य नगर पंचायत की गलियों में कूड़े का ढेर लगाकर छोड़ दिया जाता है कूड़ा वहां महीनों तक पड़ा रहता है इसकी सूचना अधिशासी अधिकारी और नगर पंचायत अध्यक्ष को लोग इसकी शिकायत करते हैं लेकिन रिजल्ट कुछ भी नहीं होता भाटपार रानी की जनता पश्चाताप की अग्नि में जल रही है।

# पुलिस ने 2 गौ तस्कर दबोचे, गोवध उपकरण और मोबाइल बाइक बरामद

अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। पुलिस ने 2 गौ तस्कर घेराबंदी कर दबोचे हैं तलाशी के दौरान गोवध करने के उपकरण नगदी मोबाइल और बाइक बरामद कर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है! बता देविगत दिवस देर रात्रि के दौरान इलाके के गांव सुकटिया मढ़ी के जंगल में गोवध कर रहे अज्ञात गौ तस्कर अधकटे गोवंश को ग्रामीणों के देखने पर छोड़कर मौके से फरार हो गए थे ग्रामीणों के हंगामे की सूचना पर क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह ने मौका मुआयना कर पुलिस



को गौ तस्करों खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे पशु तस्करों पर लगाम लगाई जा सके जिस पर आज पुलिस ने कुरमुरी तिराहे के आगे भगवंतापुर मोड़ के पास दो तस्करों को घेराबंदी कर दबोचा है पूछताछ के दौरान तस्करों ने अपने नाम फातून खां पुत्र दौलत खान निवासी ग्राम मेवासरफापुर ,हसमत पुत्र करमचंद निवासी ग्राम अलगनी थाना फरीदपुर बताया है गौ तस्करों से तलाशी के दौरान एक बनकटी, एक छुरी, एक रस्सी, प्लास्टिक का कट्टा, दो मोबाइल, ₹70 नगदी एवं बाइक बरामद की है जिन पर फरीदपुर थाने में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमे भी दर्ज हैं पुलिस ने दोनों गौ तस्करों को पूछताछ के बाद पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा कर जेल भेज दिया! ज्ञात हो फरीदपुर का इलाका पुलिस से बेखौफ पशु तस्करों के हवाले हैं यहां आए दिन इलाके के जंगलों में गोवंश के अवशेष पुलिस को चुनौती में मिल रहे हैं फिर भी पुलिस पशु तस्करों पर मेहरबान है जिससे उनके हौसले बुलंद हैं जबकि योगी सरकार का फरमान पशु तस्करों को चिन्हित कर पहुंचाओ सलाखों के दरमियान! पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार शर्मा, उप निरीक्षकदेवेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल मोहम्मद जाहिद, कांस्टेबल शुभम शर्मा ,अमरजीत सिंह शामिल रहे!

# सीएचसी के अंतर्गत 580 लोगों को लगा कोरोना का टीका : अधीक्षक

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। जलालाबाद शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद के अंतर्गत 580 लोगों को लगा कोरोना का टीका।प्रभारी चिकित्साधिकारी सुरेंद्र कुमार चौधरी के नेतृत्व में अलग अलग स्थानो पर कैम्प लगाकर टीकाकरण किया गया।जिसमें प्रथम डोज 125 व दूसरी डोज 150 तथा 305 लोगों को कोरोना वैक्सीन की बूस्टर डोज लगाई गयी। बूस्टर डोज को ज्यादा से ज्यादा लोगों को लगवाने के लिए स्वास्थ्य विभाग जागरूक भी कर रहा है। कोरोना महामारी का प्रकोप अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। बीते कुछ दिन पहले नए मामले ज्यादा देखने को मिले। सरकार ने सभी 18 वर्ष से ऊपर के लोगो को बूस्टर डोज मुफ्त लगाई जा रही है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ सुरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि बूस्टर डोज लगवाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बताया कि पहले कोविड वैक्सीन की दूसरी डोज लगने के नौ महीने बाद सतर्कता डोज लगाई जा रही थी,लेकिन नई गाइडलाइंस के मुताबिक अब दूसरी डोज लगने के 26 हफ्ते यानी छह महीने बाद बूस्टर डोज लगवाई जा सकती है। 75 दिन के इस अभियान में सभी योग्य लोगों को निरूशुल्क तीसरा टीका लगाया जाएगा। लोग चाहें तो कोविशील्ड और कोवैक्सीन में से



कोई एक वैक्सीन लगवा सकते हैं। लेकिन यह ध्यान देने की जरूरत है कि जिन लोगों ने पहली दो डोज जिस वैक्सीन की लगवाई है,उन्हें बूस्टर डोज भी उसी वैक्सीन की लगवानी होगी।

# नवजात शिशु को अच्छे पोषण का अधिकार : डॉ पूनम सिंह

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी द्वारा 1–7 अगस्त 2022 तक मनाए जाने वाले विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर जलालाबाद ब्लॉक के बहेलियनपुरवा व डिगसरा गाँव की 50 महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्र की वैज्ञानिक डॉ पूनम सिंह ने बताया विश्व स्तनपान सप्ताह का मुख्य उद्देश्य शिशु को नियमित स्तनपान कराने के अनगिनत लाभों के बारे में माताओं को जागरूक करना है। डॉ सिंह ने बताया कि नवजात शिशु को अच्छे पोषण का अधिकार है किन्तु



विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार विश्व में 3 में से 2 बच्चे स्तनपान नहीं कर रहे हैं इसलिए इस दिन को मनाना और भी अधिक महत्वपूर्ण है। स्तनपान हर बच्चे को जीवन में सर्वोत्तम संभव शुरुआत प्रदान करता है। यह बच्चों और माताओं दोनों को अनेकों स्वास्थ्य,पोषण और भावनात्मक लाभ प्रदान करता है। माताओं को अपने बच्चों को जन्म देने के बाद 6 महीने तक केवल स्तनपान करवाने की सलाह दी जाती है जिससे शिशु का स्वस्थ विकास हो सके व उसे बाहरी संक्रमण से बचाया जा सकता है। डॉ. सिंह ने यह भी बताया कि श्मां के दूध खासकर शुरुआती पीले गाढ़े दूध की वजह से शिशु के शरीर में एंटीबॉडी बनती है। इससे शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। मां के दूध में शिशु के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए आवश्यक विशेष पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में मौजूद होते हैं। यह शिशु की पाचन प्रणाली के अनुसार सुपाच्य होते है। स्तनपान करने वाले बच्चों को भविष्य में हाई ब्लड प्रेशर, ह्रदयरोग व मधुमेह आदि होने की संभावना कम होती है ।

# जिलाधिकारी बहराइच ने श्रमिकों को बांटा तिरंगा झण्डा

ओंकार नाथ चौधरी बहराइच। सामाजिक संस्था सदभावना के तत्वाधान में जिलाधिकारी बहराइच ने श्रमिकों को बांटा तिरंगा झण्डा। श्रमिकों के पाल्यों,अविभावकों को किया संबोधित। जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर , कार्यक्रम का शुभारंभ किया।संस्था अध्यक्ष ने जिलाधीश को तिरंगा ,स्वागताध्यक्ष व ब्लाक चित्तौरा के संस्था अध्यक्ष अनिल लोधी ने अंगवस्त्रम,मेटल ग्लोब एवम टीम सदभावना ने फूलमालाओं से जिलाधिकारी को किया सम्मानित। बच्चियों ने राष्ट्रीयता के मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी की अगुवाई में टीम सदभावना ने तिरंगा यात्रा भी निकाली। बच्चों व श्रमिकों में बटे लड्डू। विद्यालय की प्राचार्या प्रिया मैम एवम् अन्य शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को पूरी ताकत देकर,हम सबको धन्य किया। इस अवसर पर देवीपाटन मंडल के उप श्रमायुक्त अनुभव वर्मा, सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी विंध्याचल शुक्ल समेत अन्य विशिष्ट गण व संस्था के



पयागपुर अध्यक्ष विनय सिंह, रिसिया के प्रमोद यादव, महसी के महेन्द्र अवस्थी तथा फखरपुर के गुफरान जी मौजूद रहे।

# मोहर्रम को लेकर अफसरों ने ताजिए दारो के साथ की बैठक

अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। सावन माह में जहां एक तरफ कावड़ यात्रा तो वहीं दूसरी तरफ मुस्लिम पर्व मुहर्रम को लेकर पुलिस प्रशासन ने मोर्चा संभाला इसी के तहत अफसरों ने ताजिएदारो के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए पारंपरिक मार्गो से ताजिया निकालकर कर्बला में दफन करने के बादभाई चारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की!
सावन के दोनों सोमवार पर पुलिस ने अग्नि परीक्षा देकर आला अधिकारियों के सामने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए हैं जो काबिले तारीफ है अब तीसरे सोमवार को लेकर उठापटक मची हुई है क्योंकि नगर से लेकर देहात तक कांवरियों के सैकड़ों जत्थे सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने की जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की है जो अपने अपने इलाके के शिवालयों में जलाभिषेक करेंगे सावन का आखिरी सोमवार को बुखारा रोड भगवा मई होकर भोले के भक्तों के सैलाब से खचाखच भरा होगा जिस की जानकारी पुलिस प्रशासन को पहले ही हो चुकी हैवही मुस्लिम पर्व मुहर्रम को लेकर कोतवाली परिसर में उप जिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह कोतवाल राजेश कुमार ने शासन की गाइडलाइन के तहत ताजिएदारों को सख्त निर्देश देते हुए पारंपरिक मार्गों से ताजिए निकालकर कर्बला में दफन करें और भाईचारे से मोहर्रम के त्यौहार को मनाएं क्योंकि मोहर्रम के त्यौहार को लेकर अफसरों ने नगर के विभिन्न मार्गों से होकर फ्लैग मार्च करते हुए पुलिस प्रशासन की ताकत का एहसास दिला दिया था रास्ते में मुस्लिम समुदाय के लोगों से मोहर्रम को लेकर रूबरू भी हुए



थे अबबैठक कर ताजियादारो को शासन की गाइड लाइन का हवाला दिया हैदो टूक कहा शासन की मंशा के खिलाफ कदम उठाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी त्यौहार को भाईचारे और शांति से मनाएं खुराफातियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें जिन्हें किसी भी कीमत में बख्शा नहीं जाएगाऔर निडर होकर त्यौहार मनाए क्योंकि भारत त्योहारों का देश है जिसमें सभी धर्मों के लोग निवास करते हैं और अपने अपने त्योहारों को पारंपरिक रूप से खुशी खुशी मनाते हैं फरीदपुर भी बाबा फरीद की नगरी है ।
जहां हमेशा से गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल कायम रही है!
इस दौरान नगर के ताजियादारो के अलावाउप निरीक्षक कस्बा इंचार्ज सत्येंद्र यादव, नवीन कुमार, राजकुमार ,सनुज कुमार, सुरेंद्रशर्मा, गौरव कुमारके अलावा कोतवाली स्टाफ मौजूद रहा!

# कॉलेज प्रशासनकी दबंगई?छात्रों की टीसी ना देने और अभद्रता पर विद्यार्थी परिषद ने मोर्चा खोला बैकफुट पर लौटा प्रशासन

अयोध्या टाइम्स संवाददाता फरीदपुर। फतेहगंज कॉलेज प्रबंधन द्वाराछात्रा को टीसी देने से मना करनामहंगा पड़ गयाविरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जोरदार प्रदर्शन कर मोर्चा खोला छात्रों के हंगामे को देख कर कॉलेज प्रशासन औंधे मुंह गिरा पुलिस की मौजूदगी में सोमवार को टीसी देने का वादा कर दिया वादे पर खरे न उतरने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का खुला ऐलान कॉलेज परिसर को बना देंगे धरना स्थल मैदान! फतेहगंजपूर्वी इलाकेके गांव चठिया फैजू के बीहड़ इलाके में स्थित शहीद ठाकुर रोशन सिंह इंटर कॉलेज और डिग्री कॉलेज संचालित होता है जहां पर दो छात्राएं हाई स्कूल पास करके दूसरे विद्यालय में एडमिशन लेने के लिए अपनी टीसी लेने के लिए कॉलेज गई लेकिन कालेज प्रबंधन ने दोनों छात्राओं को टीसी देने से मना कर दिया और उसी विद्यालय में पढ़ने का दबाव बनाया जबकि छात्रा किसी दूसरे विद्यालय में प्रवेश लेना चाहती थी कई बार टीसी देने का अनुरोध किया गया लेकिन कालेज प्रबंधन ने मना कर दिया नगर के मोहल्ला परा निवासी दिव्यांग रजत सिंह राठौर के भाई व भांजे अनुज राठौर एवं अनुराग राठौर की टीसी भी विद्यालय प्रबंधन देने से कतरा रहा है आरोप है कालेज प्रबंधक हरिओम सिंह राठौर ने गाली गलौज व अभद्रता कर डाली इसके बाद छात्रएमएलसी कुंवर महाराज सिंह के पास समस्या लेकर उन्होंने लेटर पैड पर लिख कर भी दिया लेकिन एमएलसी का पेड भी काम नहीं आया जवाब मिला नेतागिरी मत दिखाओ तुम अभी जानते नहीं हो मेरा बहुत बड़ा राजनीतिक रसूख है मैं डीएम व एसडीएम हूं मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता छात्रों नेविद्यार्थी परिषद से संपर्क साधाछात्राओं की समस्याओं को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई फरीदपुर के तहसील संयोजक शुभंकर मिश्रा की टीम ने हाथों हाथ उठाया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने कालेज पहुंचकर दोनों छात्राओं को टीसी देने का अनुरोध किया लेकिन कालेज प्रबंधन ने अपना रौद्र रूप दिखा दिया जिस पर विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता बौखला गए कार्यकर्ताओं ने कॉलेज का घेराव कर नारेबाजी शुरू कर दी और वही धरना प्रदर्शन करने लगे सूचना जब पुलिस के पास पहुंची और पुलिस ने विद्यार्थी परिषद के वार्ता की तो मामला सामने आया पुलिस के सख्त रवैया को देखकरकालेज प्रबंधन बैकफुट पर आ गया और छात्राओं को सोमवार के लिए टीसी देने का वायदा कर दिया जिससे संतुष्ट होकर छात्राएं और एबीवीपी के कार्यकर्ता लौट गए विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं का खुला ऐलान अगर कॉलेज प्रशासन सोमवार को छात्र छात्राओं को स्थानांतरण प्रमाण पत्र मुहैया नहीं कराता है तो विद्यालय प्रांगण आंदोलन में तब्दील हो जाएगा जिसकी जिम्मेदारी कालेज प्रशासन की होगी! इस दौरान विद्यार्थी परिषद केपुष्पेंद्र शर्मा , रौनक वर्मा,रितिक शर्मा ,सूर्यांश गॉड, वेदव्रत शर्मा ,उदय सोलंकी, पवन ,अनुराग , अचल, राजेंद्र, प्रियांशु ,आदित्य ,सत्यम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे!







# खस्ताहाल रास्ते के चलते छात्र छात्राओं ने किया विरोध प्रदर्शन



मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। जनपद के हसेरन ब्लाक क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मझपुर्वा में 1 किलोमीटर से ज्यादा नहर की पटरी पर दलदल में हाईस्कूल व इंटर के छात्र छात्राएं पार करके जाते है स्कूल छात्र–छात्राओं व उनके परिजनों ने किया विरोध प्रदर्शन आपको बता दें कई वर्षों से कच्ची सड़क पर मझपुर्वा गांव के लोग आते जाते हैं 1 वर्ष पहले कच्ची रास्ता कुछ सही थी लेकिन नहर चौड़ी करड़ होने पर सड़क को ध्वस्त कर दिया गया कई बार इसकी सूचना नहर विभाग अधिकारी को दी गई लेकिन किसी भी अधिकारी ने अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया सबसे बड़ी लापरवाही नहर विभाग अधिकारियों की है लापरवाही के कारण सड़क को ध्वस्त कर दिया गया सड़क और नहर का पानी दोनों लेवल में रहते हैं जब नहर का पानी सड़क पर भर जाता तो सडक जलमग्न हो जाती है मझपुर्वा गांव के सभी किसानों छात्र–छात्राओं को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है खडिनी कस्बा का मार्केट व सब काम खडिनी कस्वा से ही होते हैं वहीं गांव के छात्र–छात्राएं लगभग 4 दर्जन से अधिक इंटर हाईस्कूल के छात्र विश्वनाथ सिंह जनता इंटर कॉलेज खडिनी कन्नौज में पढ़ने जाते हैं लेकिन सबसे बड़ा कारण है मझपुर्वा गांव से नहर निचली गंगा नहर (हैड पुल) तक पूरी रास्ता खराब है इसी कारणवश छात्र–छात्राएं कई बार तो फिसल कर उसी पानी में गिरी ड्रेस गंदी हो जाती हैं कुछ विद्यार्थियों के पानी में गिरने से किताबें खराब हो जाती हैं कुछ छात्राओं के एक दो बार अंदरूनी चोट भी आई है स्कूल मैं लेट पहुंचने के कारण अध्यापक वापस लौटा देते हैं छात्र–छात्राओं का भविष्य अंधकार में जा रहा है आज रात में ज्यादा पानी बरसने के कारण नहर में पानी ओवर हो गया जिस कारण सड़क पर पानी भर गया गांव के जब छात्र–छात्राएं स्कूल जाने के लिए तैयार हुए और घर से निकले तो एक छात्र की साइकिल फिसल कर नहर में जा गिरी कुछ छात्रों ने उसे बाहर निकाला इसकी सूचना अपने घर परिजनों को दी गांव से कुछ लोग परिजन पहुंचे और सभी परिजनों फावड़े से कुछ रास्ता को सही किया इस बात की जानकारी मीडिया को दी मौके पर पत्रकार ने देखा साइकिल नहर में पड़ी कुछ लोगों की साइकिल तो मिट्टी में अंधी हुई घड़ी थी कुछ छात्र अपनी साइकिल निकाल रहे थे मीडिया के सामने गांव के परिजनों व छात्र–छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन किया और कहा जब तक यह सड़क सही नहीं होगी तो हम तहसील तिर्वा जिला कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन और भूख हड़ताल करेंगे नहीं तो हमारे बच्चों का भविष्य अंधकार में और नर्क में जा रहा है हम तब तक नहीं बैठेंगे तब तक सड़क सही नहीं होगी हमें माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक जाना पड़ा तो हम सब जाएंगे।

# बढ़ती महंगाई और खाद्य पदार्थो को जीएसटी के दायरे में लाने पर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन सौंपा ज्ञापन

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नोज। राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की सोनिया गांधी के आवाहन पर जिला अध्यक्ष दिनेश पालीवाल के नेतृत्व में देश में बेतहाशा महंगाई वृद्धि पर रोक लगाने के संबंध में राष्ट्रपति से संबोधित जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। केंद्र सरकार द्वारा मंगाई वृद्धि और खाद्य पदार्थों को जीएसटी के दायरे में लाने से आम आदमी के ऊपर जो महंगाई की मार पड़ रही है उसको लेकर अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी द्वारा आज पूरे प्रदेश में प्रदर्शन किया गया उसी के चलते कन्नौज कलेक्ट्रेट परिसर ने प्रदेश सचिव पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मिश्रा ने बताया कि देश में वर्तमान भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में महंगाई चरम सीमा पर पहुंच गई है जिसके चलते आम आदमी आत्महत्या करने को विवश हो रहा है वही धरना स्थल पर महंगाई को लेकर पूर्व जिला अध्यक्ष अजय पांडे ने बताया कि वर्तमान भाजपा सरकार खाद्य पदार्थों पर लगाए गई जीएसटी को तुरंत वापस ले नहीं तो कांग्रेसी कार्यकर्ता इसी तरह विरोध प्रदर्शन करते रहेंगे इसी श्रंखला में पूर्व जिला अध्यक्ष उषा दुबे ने महंगाई के विरोध में केंद्र सरकार को कोसते हुए अपने वक्तव्य में बताया कि वर्तमान भाजपा सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ अगर विपक्ष का कोई नेता अपनी आवाज उठाता है आवाज दबाने के लिए मोदी सरकार विपक्ष के नेताओं पर ईडी द्वारा छापा डलवाने लगती है बढ़ती महंगाई को लेकर जिला प्रवक्ता अरविंद दुबे ने बताया कि भाजपा सरकार में सिर्फ मोदी जी के चंद दोस्त देश में खुश है मोदी सरकार जब से केंद्र में आई है तब से उन मित्रों के पास अरबों की संपत्ति हो गई है जबकि देश का किसान मजदूर नव जवान मध्यम वर्ग दिन पर दिन गरीबी रेखा से नीचे होते जा रहे हैं आज आम आदमी महंगाई के बोझ तले दबकर आत्महत्या करने को विवश हो रहा है उन्होंने कहा अगर खाद्य पदार्थों से जीएसटी वापस नहीं ली गई तो कांग्रेसी कार्यकर्ता सड़क से संसद



तक इसी तरह विरोध प्रदर्शन करते रहेंगे इस अवसर पर जनपद के सैकड़ों कार्यकर्ता महंगाई के विरोध में नारेबाजी करते हुए दिखाई दिए धरना प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति से संबोधित जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया इस धरना प्रदर्शन में कार्यवाहक पूर्व अध्यक्ष सत्येंद्र पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश दुबे, तारिक बशीर, किसान जिला अध्यक्ष वीर सिंह यादव फौजी, महिला जिला अध्यक्ष रीना वर्मा, आईसीसी महिला सदस्य किरण वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद शाक्य, सरफराज हुसैन ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया विरोध प्रदर्शन में शमशाद सिद्दीकी अशोक कनौजिया डॉ रामकृष्ण डॉ जगन्नाथ राजपूत रामभरोसे कमल राजेश दिवाकर बृजेंद्र सिंह संचित पाठक रामशंकर शहीद कहां राकेश श्रीवास्तव सत्येंद्र त्रिपाठी शशिकांत पवन दिवाकर राम लीला शिव कुमार शिव कुमार दुलारे लाल राम लखन राम शंकर राजू राहुल कुमार नंदकिशोर हरि शरण पटेल सुखनंदन लाल आकाश बाबू कटिहार सलीम विनोद कुमार विकास शर्मा एहसान उल हक नीलेश कनौजिया सोबरन प्रवीण कमरुद्दीन इमरान अली मोहम्मद आरिफ खान मोहम्मद सरताज अली शिवम मिश्रा मयंक मिश्र आदि मौजूद रहे।

# बिजली के पोल में उतरा करंट विभाग पर लगा लापरवाही का आरोप



मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। इत्र और इतिहास की नगरी कन्नौज के मोहल्ला बजरिया शेखाना स्थित चौराहा पर लगे बिजली के पोल मे आये दिन करंट उतर आता है जब स्थानीय निवासियों ने बिजली विभाग से बात करने की कोशिश की तो जेई उनसे बात ही नहीं करते है स्थानीय निवासी नन्हे का कहना की कावड़ यात्रा के दिन भी करंट उतरा था जब विजली विभाग को फोन किया नहीं उठा आज फिर वारिस हुई और पोल मे करंट उतरा मेरी एक बकरी भी चिपक गई बड़ी मुश्किल से उसे छूटा पाए लगता है बिजली विभाग बड़े हादसे के इंतजार मे है.बिजली विभाग की अनदेखी के चलते जब तक कोई इंसान नहीं मरता जब तक वह कुछ नहीं करेंगे बिजली विभाग की यह बड़ी लापरवाही सामने उजागर हो रही है।

# संक्षिप्त समाचार

## अमृत महोत्सव पर अखण्ड भारत : एक युग द्रष्टा अंतर्राष्ट्रीय काव्य संकलन हावर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड्स लंदन में दर्ज

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स
औरैया। भारत की आजादी के अमृत महोत्सव को हर भारतीय एक अलग तरीके से मना रहा है । इस महोत्सव में अपनी सहभागिता करते हुए 91 कवियों ने अपनी कलम से अखण्ड भारत की कल्पना करते हुए 19 से अधिक भाषाओं में कविताएं रचीं। इन सभी कवियों की रचना को डॉ विदुषी शर्मा ने संकलित कर हावर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड्स लंदन में भेजा , जिसे संस्था ने एक ऐतिहासिक कार्य के रूप में दर्ज किया। इस ऐतिहासिक कार्य में औरैया में जन्मे शिक्षक व कवि प्रशांत अवस्थी प्रखर की भी काव्य रचना को शामिल किया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर



विभिन्न अवसरों पर काव्य पाठ करने के साथ साथ पहले भी दो अंतर्राष्ट्रीय काव्य संकलनों में प्रशांत की रचनाओं को शामिल किया जा चुका है। अमेरिका, जर्मनी, दोहा (कतर) के साथ साथ भारत के भी लोग इसमें शामिल हैं। इस साहित्यिक यज्ञ में अपनी आहुति देने वाले सभी 91 प्रतिभागी अपनी रचना को इसमें शामिल होने पर खुश होकर एक दूसरे को बधाइयाँ दे रहे हैं । हावर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड्स लंदन व इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स ऑर्गेनाइजेशन द्वारा इस संकलन में शामिल सभी प्रतिभागियों प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करेगी। प्रशांत की इस उपलब्धि पर उनके संबंधियों, शुभचिन्तकों, जिले के शिक्षकों व साथी कवियों ने खुशी जाहिर करते हुए आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्रशासनिक अधिकारियों एवं बीमा कम्पनी के साथ बैठक हुई संपन्न

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर नगर 'सुशील कुमार सिंह' द्वारा बताया गया कि ' जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर नगर, 'श्री मयंक कुमार जैन'' की अध्यक्षता में दिनांक 13 अगस्त 2022 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों से अधिक से अधिक रेवेन्यू वादों का निस्तारण किए जाने एवं न्यायालय द्वारा



जारी समस्त प्रोसेस का तामिला कराए जाने की अपेक्षा की गई। बैठक में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अधिक से अधिक रेवेन्यू वादों का निस्तारण एवं प्रोसेस का तमिला शत–प्रतिशत कराए जाने का आश्वासन दिया गया। इसी क्रम में माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय की अध्यक्षता में बीमा कंपनियों के अधिकारियों व लीगल एडवाइजर के साथ बैठक आहूत की गई, उक्त बैठक में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण उत्तरध्दक्षिण के पीठासीन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 06 अगस्त को जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का तहसील डेरापुर में होगा आयोजन

कानपुर देहात। मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के निर्देशों की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी नेहा जैन ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये है, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा क्रमानुसार प्रत्येक तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की जायेगी, जिसमें जिले के पुलिस अधीक्षक व अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त अन्य तहसीलों में जिलाधिकारी द्वारा संशोधित निर्गत निर्धारित रोस्टर के अनुसार जिलाधिकारी के साथ मुख्य विकास अधिकारी भी जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग करेंगी, अथवा जिलाधिकारी द्वारा नामित किसी अपर जिलाधिकारी द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की जायेगी, जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। शेष तहसीलों में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की जायेगी, जिसमें सम्बन्धित पुलिस क्षेत्राधिकारी व तहसील स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। यदि उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश पड़ता है, तो सम्पूर्ण समाधान दिवस अगले दिन आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये है। संशोधित रोस्टर संपूर्ण समाधान दिवस का माह 16 जुलाई 2022 से 1 अक्टूबर 2022 तक का रोस्टर के अनुसार कोविड– 19 की गाइड लाइन में दिये गये निर्देशों के अनुसार जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 06 अगस्त 2022 को तहसील डेरापुर में जिला स्तरीय तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार तहसील भोगनीपुर में अपर जिलाधिकारी प्रशासन, तहसील रसूलाबाद मे अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कोविड 19 गाइडलाइन के अनुसार निर्धारित तिथि व समय पर (प्रातः 10.00 बजे) पहुँच कर सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## अकबरपुर चौरिटेबल ब्लड बैंक के स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में कुल 11 लोगों ने किया रक्तदान

कानपुर देहात। अकबरपुर, कानपुर देहात जनपद में दुर्घटनाग्रस्त और आकस्मिक स्थितियों में मरीजों को अब भटकना नहीं पड़ेगा। कस्बा अकबरपुर के माती रोड पर स्थित चौरिटेबल ब्लड बैंक ने जरूरतमंदों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रोसेसिंग शुल्क एवं ब्लड डोनेट कराने पर रक्त उपलब्ध कराने के लिए काम शुरू कर दिया है। इस संदर्भ में आयोजित प्रथम स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में कुल 11 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया है ।शिविर के उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची




जिलाधिकारी नेहा जैन ने इस प्रयास को जनपद के विकास के लिए उल्लेखनीय कदम बताया और साथ में मौजूद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ए के सिंह, युवा कल्याण अधिकारी मनोज यादव से कहा कि रक्तदान के लिए जनपद में जागरूकता बढ़ाने के लिए चौरिटेबल ब्लड बैंक टीम के साथ सहयोगात्मक प्रयास करें। धर्मात्मा वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा संचालित ब्लड बैंक के इस कार्यक्रम में मनोकामिनी चौरिटेबल ट्रस्ट सहित अनेक संस्थाओं ने सहयोग किया उल्लेखनीय रूप से रक्तदान करने वालों में उपनिबंधक अकबरपुर अनिल कुमार तथा स्वप्रेरणा के चलते ब्लड बैंक के सामने से गुजर रहे रुरा निवासी अधिवक्ता सतीश कुमार त्रिपाठी ने अपना रक्त स्वेच्छा से दान किया। इसके अतिरिक्त अकबरपुर के भानु प्रताप सिंह, अवधेश यादव तथा कानपुर नगर से आए दीपक पांडे, आलोक बाजपाई, रवि शंकर द्विवेदी, रूपेश गुप्ता, ममता अवस्थी सहित नोवा ग्रेस हॉस्पिटल के डॉ. अजय गौतम, लेखाकार राकेश यादव सहित 11 लोगों ने रक्तदान किया, शिविर में D-F-O- ए.के. द्विवेदी, व्यापार मंडल अध्यक्ष झब्बू अग्रवाल, मोहन कुमार , पावन गंगा समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार गुप्ता सहित अनेकों समाजसेवी उपस्थित रहे तथा आयोजन समिति के डॉ. ए. पी. मौर्या, डॉ सोनाली, कंचन श्रीवास्तव, अशोक कुमार, किरण गुप्ता ने आगंतुकों को प्रतीक चिन्ह बुके भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक किया गया

ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार
सहरसा जिला के सोनबरसा थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर थाना परिसर में को शांति समिति की बैठक की गई स थाना अध्यक्ष सुनील कुमार भगत की अध्यक्षता में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आहूत की गई बैठक में निर्णय लिया गया है कि मुहर्रम कमिटी के अध्यक्ष एवं कमिटी के सभी सदस्यों को कहा गया कि शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन करें एवं किसी भी प्रकार का सौरगुल नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि कोरोना के पिछले लहरों के कारण काफी परेसनियों का सामना करना पड़ा था, कोरोना के तीसरी लहर की आशंका जताई जा रही है ऐसे में इसका ध्यान रखते हुए पर्व मानना है। उन्होंने कहा कि मुहर्रम पर्व का आयोजन सरकार के गाइडलाईंस के अनुसार ही होना चाहिए। वही



प्रखंड विकास पदाधिकारी कैलाशपति मिश्रा ने सभी लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में मोहर्रम पर मनाने की अपील की सभी लोगों ने सदा और पूर्ण माहौल में आने का संकल्प दोहराया बैठक में कुमार मौर्य सिंह अजय सिंह अमीर राम मसूद आलम सोनू आलम सभी समुदायों के लोग मौजूद थे। बैठक मुहर्रम के लिए शांतिपूर्ण व सौहादपूर्ण आयोजन को लेकर लोगों से अपील की गई स बैठक में सोनबरसा थाना अध्यक्ष सुनील कुमार भगत ने कहा कि आप मुहर्रम के इस पर्व को शांतिपूर्ण व सौहादपूर्ण तरीके से मनायें प्रसासन आपके साथ है एवं आप, सभी सरकार के गाईडलाईंस का पालन करें। वही ने कहा मुहर्रम शांतिपूर्ण हो इसके लिए हम सभी साथ साथ है। बैठक में उपस्थित आमिर राम, कुमारी मौर्या सिंह मसूद आलम, सोनू आलम, एवं अन्य समुदायों के लोग उपस्थित थे।

# भाजपा द्वारा हर घर तिरंगा फहराने की अपील

वी.के.सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह की अध्यक्षता में शिव सूर्या होटल सभागार में हर घर तिरंगा अभियान की सफलता हेतु बैठक का आयोजन किया गया।वन्दे मातरम सामूहिक गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला अध्यक्ष सिंह ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संपूर्ण देशवासी से हर घर तिरंगा फहराने की अपील की है।आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा फहराने का अभियान चलाया जा रहा है।भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर संजय जयसवाल के दिशा निर्देशन में हर बूथ पर 100 झंडा फहराने की योजना है। पोस्ट ऑफिस के माध्यम से झंडा उपलब्ध है। सामाजिक सहयोग और सहभागिता से इस अभियान को पूर्ण करना है। कार्यक्रम प्रभारी आशुतोष कुशवाहा ने कहा सीतामढ़ी जिले में 12 अगस्त को सुबह 7रू00 बजे से तिरंगा बाइक रैली का आयोजन पुनौराधाम से भव्य तरीके से किया जाना है। जो रैली जानकी स्थान सीतामढ़ी, गांधी चौक, कारगिल चौक होते हुए डुमरा हवाई अड्डा तक जाएगी। सभी मंडल अध्यक्ष और पदाधिकारी, मंच मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं जिला के पदाधिकारी बाइक रैली में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम सह प्रभारी आग्नेय कुमार ने बाइक रैली के बाहरी स्वरूप की चर्चा करते हुए कहा बाइक रैली में सभी के हाथों में तिरंगा ध्वज होगा। मां भारती की तस्वीर सबसे आगे ओपन गाड़ी में रखी होगी।महिला मोर्चा की बहनें भारत माता वाली गाड़ी का नेतृत्व करेंगी। साथ ही युवा मोर्चा के नेतृत्व में युवा साथी दो पंक्ति में बाइक रैली में अनुशासित होकर चलेंगे। वह कार्यक्रम सह प्रभारी राहुल शांडिल्य ने कहा सभी अपने



घरों पर तिरंगा फहरा कर फोटो को अपलोड करेंगे। हर घर तिरंगा ऐप के माध्यम से प्रभात फेरी बाइक रैली एवं जन जागरण का फोटो सोशल साइट पर डालेंगे।साथ ही 13 अगस्त से 15 अगस्त तक ध्वज हर घर फहराना है। आजादी के अमृत महोत्सव की संध्या बेला को ध्वज को आदर सहित उतार लेना है। आज के बैठक में पूर्व सांसद सीताराम यादव ,पूर्व विधायक नगीना देवी, जिला उपाध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद ,दिनकर पंडित, भवनाथ मिश्रा ,जिला महामंत्री अरुण गोप, नंद किशोर सिंह, जिला मंत्री चुनचुन सिंह ,विनोद कुमार ,सुभाष केशरी,राम नारायण राम, डॉ देवेश कुमार, सुनील कुमार ब्याहुत, राहुल रणवीर आनंद, ललिता देवी, वीरेंद्र सिंह, पंकज तिवारी, गोपाल कुमार ,प्रिंस तिवारी ,रामसरोज सिंह,नवल,किशोर शर्मा, हरि किशोर साह, श्रवण कुमार ,सभी मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी ने हर घर तिरंगा अभियान की सफलता हेतु बैठक में उपस्थित हुए।

# बारिश के मौसम में मलेरिया को लेकर रहें सावधान

नितेश कुमार तिवारी संवाददाता संग्रामपुर पुर्वी चम्पारण दैनिक अयोध्या टाइम्स मोतिहारी। बारिश के मौसम में वेक्टर जनित रोगों का खतरा बढ़ जाता है। वेक्टर जनित रोग मलेरिया से बचाव के बारे में पूर्वी चम्पारण के वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ शरत चन्द्र शर्मा ने बताया कि बारिश में जलजमाव की समस्या आम है और इस कारण मच्छर भी पनपते हैं। इन मच्छरों में मलेरिया के मच्छर भी होते हैं जिससे लोगों को मलेरिया का खतरा बना रहता है। मलेरिया में मरीज को बुखार और सिर दर्द आता है। कभी कभी यह बुखार कम हो जाता है तो कभी बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि एनाफिलीज मादा मच्छर के काटने की वजह से इसके जीवाणु रोगी के रक्त में प्रवेश करके कोशिकाओं को प्रभावित करता है। मलेरिया के मच्छर शाम के बाद से लेकर रात में काटते हैं। इससे बचाव के लिए घरों व उसके आस–पास मच्छर मारने वाली दवाओं का छिड़काव करते रहना चाहिए। सोते समय मच्छरदानी का करें प्रयोग– डॉ. शर्मा ने बताया कि मलेरिया से बचने के लिए बदन को ढ़कने वाले कपड़े पहनें। सोते समय मच्छरदानी का जरूर प्रयोग करें। घर के आसपास जलजमाव न होने दें। जलजमाव वाले स्थान पर केरोसिन तेल या डीजल डालें। घर के आसपास बहने वाले नाले की साफ–सफाई करते रहें।

सरकारी अस्पतालों में जांच व इलाज की है मुफ्त व्यवस्था–
वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी ने बताया कि मलेरिया बुखार होने पर पीड़ित व्यक्ति को नजदीकी सरकारी अस्पताल जाना चाहिए। खून की जांच में मलेरिया निकलने पर डॉक्टर की सलाह के अनुसार दवा लेनी चाहिए। सरकारी अस्पतालों में इसकी निःशुल्क जांच और इलाज की व्यवस्था है। इलाज के बाद मलेरिया के रोगी ठीक हो जाते हैं। समय समय पर होता है डीडीटी का छिड़काव–
जिला वेक्टर पदाधिकारी ने बताया कि मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से डीडीटी का छिड़काव समय–समय पर कराया जाता है।
मच्छरों से बचने के लिए इन बातों का रखें ध्यान–
– घर की खिड़कियों में जाली लगवायें।
– शरीर पूरी तरह ढक कर रखें ताकि मच्छर नहीं काट सके।
– घरों के आसपास हमेशा सफाई रखें, पानी न जमा होने दें, क्योंकि मच्छर पानी में ही अंडे देते हैं।
– घर के कूलर, टंकी, आसपास के गड्ढों आदि में पानी जमा तो नहीं हो रहा है, इस पर नजर रखें और खाली करते रहें।
– अपने घर के मच्छर वाले स्थानों पर कीटनाशक का स्प्रे जरूर डालें।

# शारीरिक विकास के लिए कुश्ती एक प्रकार के लड़ाकू खेल है

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता डॉ मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चम्पारण। खेल कूद एक ऐसी कला है, जो मनोरंजन के साथ ही व्यक्ति के शारीरिक विकास में भी बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। खेल के अन्तर्गत ऐसे कई खेल आते हैं जो कि राष्ट्री एफसीय से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक आयोजित किए जाते हैं। इन्हीं में से एक खेल है कुश्ती।कुश्ती एक प्रकार का लड़ाकू खेल है। जो कि खिलाड़ियों के बीच खेला जाता है। यह ऐसा खेल है जो कि छोटे गांव के साथ साथ ही बड़े शहरों में भी देखने को मिलता है। आज भी गांव में लोग घेरे के अंदर कुश्ती के खेल का आयोजन करते हैं। गांव के सभी लोग दर्शक बनकर घेरे के चारों ओर खड़े होते हैं। वहीं शहरों में यह खेल व्यापक स्थान पर विभिन्न तैयारियों के साथ आयोजित कराए जाते हैं, जिनमें बड़े बड़े कुश्ती के खिलाड़ी आपस में कुश्ती लड़ते हैं। बड़े कुश्ती खेल के कार्यक्रम का आयोजन घर बैठे टीवी पर भी देखने का अवसर मिलता है। इस प्रकार कुश्ती का खेल हर उम्र के व्यक्ति के लिए एक मनोरंजन का साधन है ।
इन्होंने गोल्ड मेडल जीत कर आए हैं जिनका नाम कुंदन यादव है पिता का नाम शिवराय घर नैनाहा टोला बासमान टोला पोस्ट पतौड़ा का वार्ड नंबर 10का निवासी है आज कुस्ती



लड़ने के लिए कोटवा मे कुंदन यादव और अरबाज आलम के बीच हुआ था।ओ कोटवा के पानीपत का रहने वाला था। उन्होंने अरबाज आलम को हराकर अपना बिहार और गाव का नाम रौशन किया।और उन्होंने गोल्ड मैडल भी हासिल किया उन्होंने बताया की आगे भी इसी तरह मेडल जीतता रहूंगा और बिहार और देशवासियो को यही संदेश दिया कि मेहनत करने वाले की कभी हार नहीं होती है।

# महंगाई के खिलाफ सीतामढ़ी समाहरणालय पर कांग्रेस का हल्लाबोल, सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने दी गिरफ्तारी

वी.के. सिंहअयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। कमरतोड़ महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, सेना एवं युवा विरोधी अग्निपथ योजना, ईडी शाही, रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि और खाद्य पदार्थों पर पहली बार लगे जीएसटी के खिलाफ सीतामढ़ी जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा सीतामढ़ी समाहर णालय पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सैकड़ों कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ताओं को पुलिस ने समाहरणालय के मुख्य द्वार पर रोका और हिरासत में ले लिया। इसके पूर्व प्रदर्शन के दौरान




जिलाधिकारी द्वारा अधिकृत एसडीओ सदर राकेश कुमार प्रदर्शनकारियों के बीच आए और कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा हस्ताक्षरित महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित स्मार पत्र ग्रहण किया। स्मार पत्र में बेतहाशा महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी, युवा विरोधी अग्निपथ योजना, खाद्य पदार्थों पर जीएसटी, ईडी शाही, रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोत्तरी व सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग आदि मुद्दों के चलते संसदीय लोकतंत्र पर उत्पन्न खतरे को टालने के लिए हस्तक्षेप की मांग की गई। सर्वप्रथम प्रदर्शनकारी कांग्रेस कार्यकर्ता डुमरा बड़ी बाजार पर इकट्ठा हुए और झंडा बैनर के साथ मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए समाहरणालय तक पहुंचे, जहां प्रदर्शनकारियों को पुलिस प्रशासन द्वारा रोका गया, लेकिन प्रदर्शन जारी रहा और रस्साकशी के बीच कांग्रेस नेताओं और सैकड़ों कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। कांग्रेस नेताओं में आक्रोश था कि दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय, सोनिया गांधी, राहुल गांधी आदि वरीय नेताओं के घरों को पुलिस ने घेर लिया है। यहां तक कि संसद सत्र के दौरान राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को ईडी ने बुलाने की हिमाकत की इससे संसद की अवहेलना हो रही है। देशवके ज्वलंत मुद्दों पर सरकार चर्चा करने को तैयार नहीं। राहुल गांधी ने साफतौर पर कहा है कि सच की बैरिकेडिंग नहीं की जा सकती और किसी भी सूरत में वो मोदी सरकार के सामने झुकने वाले नहीं। सच्चाई की जीत होगी।
विरोध प्रदर्शन में प्रो. मधुरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राम कृपाल शर्मा, प्रदेश प्रतिनिधि अफाक खान, रकटू प्रसाद, रितेश रमण सिंह, प्रमोद नील, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष शम्स शाहनवाज, अधिवक्ता संजय बिररख, डॉ. राजीव कुमार काजू, अर्जुन खिरहर, मनोज सिंह, शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संपूर्णानंद झा, पूर्व प्रत्याशी मोनी गुप्ता, रोशन कुमार झा बिट्टू, ताराकांत झा, रामू मिश्रा, रणधीर चौधरी, किसान सेल के जिलाध्यक्ष विजय सिंह राठौर, बिरेंद्र राम, जय कृष्ण पूर्वे, एसएम मोख्तार आलम, देवेंद्र मिश्र, मनोज झा, उदित नारायण पासवान, रंधीर सिंह, विनोद सिंह डुमरी, पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष भगवान यादव, वीरेंद्र कुशवाहा, इंटक यूथ जिलाध्यक्ष शमशेर खान, अधिवक्ता सुभाष यादव, बिरेंद्र राम, राम उदय बैठा, एनएसयूआई अध्यक्ष सरफराज शेख, सेवा दल के जिलाध्यक्ष आलोक कुमार, लीगल सेल के संयोजक सेराज अहमद, सिकंदर हयात खान, शंभू शंकर भोला, चुन्नू सिंह, संतोष पासवान, राजू कुंवर, दिनेश राय, महेंद्र कुमार, सुमंत कुमार सिंह, सोनू मिश्र, एमआई आदिल, दिलीप चौधरी, हैदर अंसारी, संजय शर्मा, पप्पू प्रवीण, प्रमोद चौधरी, नितेश पटेल, राम दुलार महतो, अरुण महतो, दिलकश खान, मनोज केजरीवाल, प्रो.राणा तेज प्रताप सिंह, राम उदार बैठा, अब्दुल मन्नान, तनवीर खान, सीता प्रसाद, अख्तर रजा खान, राजन भारद्वाज, महंत बाल कृष्ण दास, सुंदरम पाठक, धीरज सिंह, अवधेश सिंह, राम जतन सिंह, खुर्शीद आलम, मनोज यादव, मो. मुख्तार, इंद्र प्रताप सिंह, राम विनोद सिंह, कौशल सिंह, अंबुज सिंह, रमा शंकर सिंह, राहुल गुप्ता, अजय राय, रोशन सिंह, रेखा शर्मा, अरुण महतो, भिखारी साह मुखिया, पवन झा, उपेंद्र यादव, चांद अंसारी, अबरार अंसारी, रघुनाथ राय, घनश्याम मिश्रा, सोहेल अंसारी आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

# गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा विदाई समारोह संपन्न

वी.के. सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। गायत्री परिवार ट्रस्ट सीतामढ़ी सैकड़ों परिजनों द्वारा गायत्री परिवार ट्रस्ट के वरिष्ठ परिजन जिला संयोजक व पूर्व ट्रस्टी आ०विद्यानंद पांडे एवं उनकी धर्मपत्नी आदरणीय शकुंतला पांडे को गायत्री परिवार ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय गायत्री शक्तिपीठ पुनौरा धाम के प्रांगन में समारोह पूर्वक विदाई किया गया!
श्री पाण्डेय का जन्म स्थली बक्सर परन्तु कर्म क्षेत्र सीतामढ़ी रहा है! महाप्रबंधक के पद से अवकाश प्राप्ति के बाद भी वे गायत्री परिवार के सभी योजनाओं को बिस्तार देने वेद मूर्ति ,तपोनिष्ठ ,युग ऋषि पं श्रीराम शर्मा आचार्य के संकल्प ष्धरती पर स्वर्ग के अवतरण!मानव में देवत्व का उदयष को साकार करने के लिए संकल्पित रहते थे! श्री पाण्डेय बहुमुखी प्रतिभा के धनी – कुशल



वक्ता, मृदू मिलनसार स्वभाव, कोमल हृदय व ओजस्वी वाणी के प्रकाणड कर्मकाण्डी व अद्भुत संगठन क्षमता के व्यक्तित्व है! मुख्य प्रबंध ट्रस्टी अरविंद कुमार सिंह ने इस अवसर पर बताया हमलों के लिए यह हर्ष व विषाद दोनो का समय है! हर्ष इस बात की है कि हमारे माननीय जिला संयोजक हम लोगों की अभिभावक व मार्गदर्शक परम पूज्य गुरुदेव के सच्चे शिष्य शिरोमणि श्पांडेय जी मां जगत जननी सीता की पावन, पवित्र धरा से अब बाबा विश्वनाथ की नगरी में निवास करने के लिए जा रहे हैं! विषाद इसलिए कि गायत्री शक्तिपीठ व गायत्री परिवार ट्रस्ट सीतामढ़ी अपना एक बहुत ही प्रखर व बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्तित्व की कमी महसूस करने जा रहा है! अतः मां गायत्री ,पूज्य गुरुदेव से प्रार्थना कि वे हमेशा सीतामढ़ी (गायत्री परिवार ट्रस्ट) को अपना वही प्यार ,स्नेह व मार्ग दर्शन देते रहेंगे! उनके मार्गदर्शन, नेतृत्व एवं कर्तृत्व में गायत्री परिवार ट्रस्ट जितना समृद्ध, परिमार्जित व विकसित हुआ है इसके लिए सदा आभारी रहेगा!
सहायक प्रवंध ट्रस्टी इं० चंद्र भूषण शर्मा ने अपने अनुपस्थिति पर भारी मन से बताया अंत में हम लोग अपने मन को इन शब्दों के साथ समझाएंगे– लो साथ हमारा छूट, गया अब सोच विकल तूम मत होना! स्नेह पलेगा जीवन भर, बस यह विश्वास नहीं खोना! अनजाने पावन धागों में, हम बधे हुए एकत्र हुए! जो मिली भूमिका उसके हित, पुरुषार्थ किया कृत्य कृत्य हुए! यो पूर्ण हुआ अध्याय एक, भाभी अवसर भी मत खोना! कलियां खिलती है एक साथ, जीवन भर साथ नहीं रहती! लहरें उठती है साथ साथ, जीवन भर साथ नहीं रहती है! उस सहज के नियम को मान अटल, उस दुख विछोह को सहलाया! सौरव बिखेरते फूलों को, चंदन को देखा है सब ने! कूट पीसकर भी खुशियां बिखेर ,यह गौरव पाया है उसने ! उस क्यारी की पावन सुगंध, घर आंगन में तुम भी बोना,! लो साथ हमारा छूट गया! जो भी है जगती के गौरव, पा जाओ सभी उसे जीवन में! सौभाग्य सजाओ जीवन को, सद्भाव दुलारो छन छन को! उस सउख वैभव के सागर में बस याद हमारी कर लेना! लो साथ मारा छूट गया अब सोच भी कल तुम मत होना!


# 75वां वर्षगाँठ आजादी का अमृत महोत्सव का आगाज

☒ 20 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल भंगहा कैंप के साथ हर घर तिरंगा अभियान चलाया
नीरज कुमार सिन्हा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स ढाका पूर्वी चम्पारण। आप सभी इस संदर्भ में बता दिया जाए कि हमलोग आजादी का 75वां वर्षगाँठ मना रहे हैं। आजादी के इस अमृत महोत्सव को और भी बेहतर बनाने के लिए जो हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया है ,वह काबिले तारीफ है। वैसे तो हर भारतीय का यह फर्ज है कि अपने राष्ट्रध्वज की गरिमा एवं रक्षा के लिए सदा तत्पर रहें। हर घर तिरंगा अभियान भारत सरकार द्वारा शुरू की गई आजादी का अमृत महोत्सव पहल का एक हिस्सा है, जो लोगों को तिरंगा घर लाने और भारत की आजादी के 75 वें वर्ष का जश्न मनाने के लिए एवं इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करता है। राष्ट्रीय ध्वज के साथ नागरिकों का संबंध हमेशा औपचारिक और विशुद्ध रूप से संस्थागत रहा है। यह अभियान इसे नागरिक के लिए और अधिक व्यक्तिगत बनाने का प्रयास करता है और राष्ट्र निर्माण के प्रति नागरिकों की प्रतिबद्धता के महत्व पर भी जोर देता है। पीएम मोदी ने सभी नागरिकों से 13–15 अगस्त के बीच अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आग्रह करते हुए इस पहल को गति दी है। यह भारतवासियों में ध्वज के प्रति सम्मान व देश के प्रति देश भक्ति की भावना जगाने में मदद करेगा। इस अभियान के दौरान कई प्रेरणात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इसका उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति को बढ़ावा देना है। तिरंगा या भारत का राष्ट्रीय ध्वज देश के लोगों के लिए बहुत महत्व रखता है। भारत का राष्ट्रीय ध्वज शांति, प्रेम और एकता का प्रतीक है। भारत को आजाद कराने में कई स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जान गंवाई। यह उनके अमूल्य बलिदान का प्रतिनिधित्व करता है। हमारा राष्ट्रध्वज 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था। जैसा की भंगहा कैंप सशस्त्र सीमा बल के२०वी वाहिनी के सीतामढ़ी के साथ हर घर तिरंगा अभियान चलाया और सभी देशवासियों को उन्होंने कुछ इस प्रकार से संदेश और निवदेन दिया है। देशवासियों से निवेदन करता हूँ कि 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा झंडा लगा कर हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूरा योगदान दें। और आप



सभी को बता दिया जाए कि जैसा कि आप इस से अवगत है कि हमारे भारत देश का ये 75 वें वर्ष का जश्न मना रहा है इसको लेकर संकल्प है। यह विषय हमारी मातृभूमि की नियति को आकार देने के हमारे सामूहिक संकल्प और दृढ़ संकल्प पर केंद्रित है। 2047 की यात्रा के लिए हममें से प्रत्येक को व्यक्तियों, समूहों, नागरिक समाज, शासन की संस्थाओं आदि के रूप में उठकर अपनी भूमिका को निभाने की आवश्यकता है। एव आप सभी को बता दूं। हमारे सामूहिक संकल्प, सुनियोजित कार्य योजनाओं और दृढ़ प्रयासों से ही विचारों को कार्यों में परिणत किया जा सकता है। इस विषय के तहत कार्यक्रमों में संविधान दिवस, सुशासन सप्ताह आदि जैसी पहल शामिल हैं जो उद्देश्य की गहरी भावना से प्रेरित होने के साथ–साथ श्ग्रह और लोगोंश के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को जीवंत करने में मदद करती हैं। एव आजादी का अमृत महोत्सवश उत्सव पिछले 75 वर्षों में भारत द्वारा की गई तीव्र प्रगति का जश्न मनाता हैऔर हमारे साथ श्री पुरकवैया के युवा वर्ग भी समलित हुए।

# पुलिस ने वारंटी गिरफ्तार कर भेजा जेल



अयोध्या टाइम्स संवाददाता फरीदपुर। पुलिस को चकमा देकर लंबे अरसे से फरार आरोपी आखिरकार पुलिस के शिकंजे में आ ही गया जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया अन्य अपराधियों की तलाश में पुलिस टीमें जुटी हुई है! एसएसपी बरेली सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज एसपी देहात राजकुमार अग्रवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध और अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह के कुशल नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार की टीम ने लंबे अरसे से फरार वांछित अपराधी सलमान पुत्र इफ्तेखार हुसैन निवासी मोहल्ला ऊंचा कस्बा व थाना फरीदपुर को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया! टीम मेंउपनिरीक्षक राजकुमार, कांस्टेबल इंतजार अली शामिल रहे प्रभारी निरीक्षक द्वारा अपराधियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है पुलिस वांछित अपराधियों को घसीट कर सलाखों में पहुंचा रही है!

# संक्षिप्त समाचार

## प्रेस क्लब के सभागार में भारत-नेपाल जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित

वी.के. सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो सीतामढ़ी। जिले में आज प्रेस क्लब , सीतामढ़ी के सभागार में भारत–नेपाल जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिले के प्रख्यात इतिहासकार व पुरातत्वेत्ता राम शरण अग्रवाल ने किया । कार्यक्रम में मुख्य नेपाल के प्रखर पत्रकार व विचारक चन्द्रकिशोर व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिले के उप विकास आयुक्त विनय कुमार उपस्थित रहे। मंच संचालन नागेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीडीसी विनय कुमार ने कहा कि भारत–नेपाल दोनों देश के आमजन को अपनी अस्मिता व संप्रभुता का ख्याल रखना होगा। इतना ही नही दोनों देश के आपसी संबंधों को भी और मधुर बनाने की जरूरत हैं। साथ ही अंतरराष्ट्रीय नियमों कानूनों का भी पालन करना होगा। राष्ट्रीय संस्था आईसीसीआर के माध्यम से दोनों देश के कलाकारों को सीमावर्ती प्रखंडों में कार्यक्रम के माध्यम से जोड़ने की जरूरत हैं। इसके लिए सरकार , प्रशासन व समाजसेवी संगठन सभी को सहयोग करने की जरूरत हैं।
वहीं कार्यक्रम में उपस्थित डीसीएलआर पुपरी ललित कुमार सिंह ने कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित एकमात्र संस्था आईसीसीआर के द्वारा ही भारत–नेपाल संवाद स्थापित किया जा सकता हैं। इतना ही नही आज के कार्यक्रम की प्रति प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचनी चाहिए ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों की जनसमस्याओं का सुधार किया जा सके।




नागरिकता की समस्या पर भी प्रकाश डाला गया। साथ ही भारत नेपाल मैत्री तीर्थयात्रा को पुनर्जीवित करने हेतु कहा गया। मुख्य अतिथि चन्द्रकिशोर ने कहा कि भारत–नेपाल दो देश के संबंधों को भी समझने की जरूरत हैं। भौगोलिक रूप से भी भारत–नेपाल की संबंध एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने ने भारत–नेपाल को बस एक लकीर ही विभाजित करती है जबकि दोनों देश की संस्कृति, भाषा , भूगोल लगभग बराबर हैं। दोनों देश की प्रणाली लोकतांत्रिक हैं। धार्मिक , प्राकृतिक संपत्ति को संरक्षण करने की जरूरत हैं। अंत मे कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन प्रेस क्लब के अध्यक्ष राकेश रंजन,सचिव आदित्यानंद आर्य ने किया। कार्यक्रम में डॉ ब्रजेश कुमार शर्मा , प्रमोद नील , अनूठा लाल पंडित , डा राजेश सुमन, गुणानंद चौधरी , डॉ राजीव कुमार काजू , अभिषेक मिश्रा शिशु , डॉ राजेश कुमार सुमन, डॉ बबिता कुमारी , मो शम्स शाहनवाज , लखनदेव ठाकुर , सुधीर मिश्रा , संगीता झा , शमा परवीन सहित दर्जनों गणमान्य , पत्रकार व समाजसेवी उपस्थित हुए।

## आजादी का अमृत महोत्सव पर निकाला गया तिरंगा यात्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पाण्डेय महाराजगंज सीवान। डिवाइन पब्लिक स्कूल पातार देई जमापुर में स्काउट गाइड शिविर के कैडेट का डॉ राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय स्मारक परिसर तक आजादी के अमृत महोत्सव तिरंगा यात्रा, बैंड बाजे के साथ निकाला गया।इस पद यात्रा को प्राचार्य शिवानी विक्रम ने राष्ट्रीय झंडा दिखा कर रवाना किया । जिसमें स्काउट गाइड के जिला मुख्य आयुक्त श्री अभिषेक कुमार सिंह, जिला सचिव श्री कमलेश्वर ओझा,जिला संगठन आयुक्त गाइड स्मृति, डिवाइन पब्लिक स्कूल के पीटीआई स्काउट मास्टर गौतम कुमार, ,धीरेन्द्र,मुकेश सर सोनू सर,अंकित सर,झरना मैडम,संगीता मैडम, एमसीसी के सीनियर कैडेट आदि.. सभी स्काउट गाइड शामिल हुए। रैली के आगे आगे डिवाइन पब्लिक स्कूल के बैनर के साथ राष्ट्रीय झंडा तिरंगा उसके पीछे कलर पार्टी के साथ जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट एंड गाइड जिला सचिव भारत स्काउट एंड गाइड उनके पीछे बैंड बाजा डिवाइन पब्लिक स्कूल का जत्था, एक लाइन में स्काउट और एक लाइन में गाइड दल की सभी पेट्रोल हाथ में तिरंगा लिए हुए कदम से कदम मिलाते हुए पदयात्रा में सहयोग प्रदान कर रही थी। यह पदयात्रा डिवाइन पब्लिक स्कूल पथा जमापुर जीरादेई गांव होते हुए राजेंद्र बाबू के निवास स्थल राष्ट्रीय स्मारक पर पहुंचे। यहां स्काउट गाइड ने कैंप फायर का आयोजन किया जिसमें गीत संगीत और संदेश गीत प्रस्तुत किया गया। ओपन सेशन का आयोजन किया गया जिसमें स्काउट और गाइड ने अपने विचार रखें उन्होंने बताई कि इन 5 दिनों में झंडा



बांधना झंडा फहराने की विधि स्काउट एंड गाइड के नियम और प्रतिज्ञा प्राथमिक सहायता अनुशासन भाईचारा सेल्यूट समूह कार्य इत्यादि की जानकारी ली। स्काउट गाइड के प्रशिक्षक भी इन 5 दिनों के प्रथम सोपान परीक्षण शिविर का अनुभव व्यक्त किए इसके पश्चात डिवाइन पब्लिक स्कूल के स्काउट मास्टर गौतम सर ने अपना विचार व्यक्त किया। जिला सचिव कमलेश्वर ओझा ने जिंदगी में सदा मुस्कुराते रहो गीत के माध्यम से संदेश दिया। इस सत्र में अपने संबोधन के दौरान जिला मुख्य आयुक्त अभिषेक कुमार ने स्काउट गाइड को देश के प्रथम राष्ट्रपति के प्रतिभावान चरित्र को अपने में उतारने की प्रेरणा दी । उन्होंने कहा के राजेंद्र बाबू के कॉपी में लिखा गया था ष्एग्जामिनी इज बेटर दैन एग्जामिनरष। आता सभी स्काउट गाइड को उनके सादगी सरल जीवन सरल स्वभाव से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है और उन्हें अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। आगे उन्होंने सभी स्काउट गाइड को अपने अपने घरों के साथ अपने आस–पड़ोस में भी तिरंगा लगाने के लिए संकल्पित किया। सभी स्काउट गाइड और पदाधिकारी गण राष्ट्रीय स्मारक परिसर का परिभ्रमण किया। जिला संगठन आयोग श्री भानु प्रताप ओझा ने सभी कैडेट्स के द्वारा राजेंद्र बाबू के मूर्ति के सामने सेल्यूट दिलवाकर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करवाई। परिसर से निकलने के पूर्व राजेंद्र बाबू को साक्षी मानकर 2025 तक भारत को प्लास्टिक मुक्त करने हेतु शपथ विधि लाया गया जिसमें स्वयं झोला लेकर चलने की आदत डालनेऔर एकल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करने का संकल्प लिया गया।

## बराकर फाड़ी मैं मोहर्रम को लेकर हुई शांति समिति बैठक

बराकर। कुल्टी थाना क्षेत्र के बराकर फाड़ी परिसर में मोहर्रम का पर्व मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। शांति समिति की इस बैठक में क्षेत्र के लाइसेंसी अखाड़े वाले सदस्य गणों के साथ–साथ शांति समिति के गणमान्य सदस्यगण अथवा सभी राजनीति पार्टी के नेता उपस्थित थे। सभी वर्ग के लोगों ने अपनी अपनी बातें रखें वही बराकर सदर अखाड़ा के सदर खलील खान ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देश और आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के निर्देश का हम पालन करेंगे।
वहीं 9–10 तारीख को बिजली और ट्रैफिक दुरुस्त व्यवस्था की बातें रखी गई।बराकर फाड़ी के प्रभारी राजशेखर मुखर्जी ने कहा की सभी वर्ग के और धर्म के लोग यहां एकत्रित हुए हैं और सभी ने यह आश्वासन दिया है कि इस क्षेत्र में सभी त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाता रहा है और आगे भी मनाया जाएगा। विधि व्यवस्था के बारे में कहा कि पूर्व की भांति



सभी जगह पर पुलिस व्यवस्था रहेगी और साथ–साथ सभी अखाड़ा के वालंटियर तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा कि जो भी अखाड़े में रूट निर्धारित है उसी रूट में जुलूस रहे उसमें किसी तरह का परिवर्तन नहीं होना चाहिए इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी ताकि लोग पर्व त्यौहार शांतिपूर्ण और अच्छे ढंग से मना सकें दूसरी और डीजे और अस्त्र पर पूर्णता प्रतिबंध रहेगा।
इस बैठक ऐसीपी वेस्ट कुल्टी, कुल्टी थाना प्रभारी, बराकर आरपीएफ अधिकारी, झारखंड के चिरकुंडा थाना प्रभारी, उपस्थित थे।

# डीडी विभाग एवं पुलिस ने रेड लाइट एरिया चबका से गांजा सहित दो को किया गिरफ्तार

नियामतपुर। आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के नियामतपुर फांड़ी अंतर्गत चबका क्षेत्र से डीडी विभाग, कुल्टी थाना एवं नियामतपुर फांड़ी ने संयुक्त अभियान चलाकर एक घर से साढ़े तीन किलो गांजा की बरामदगी की। वही मामले में दो लोगो को गिरफ्तार किया। इस छापामारी अभियान में डीडी विभाग और पुलिस ने छोटी बीबी उर्फ सोभा के घर से गांजा की बरामदगी के साथ एक पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार किया। जिन्हें शुक्रवार को आसनसोल न्यायालय में सुपुर्द किया। मालूम हो कि लक्षिपुर रेड लाइट एरिया ओर चबका में पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध लगातार जागरूकता अभियान चलाने के बाद भी धंदा रुकने का नाम ही नही ले रहा है। जिसमे मामला नशा का हो या फिर हथियार बरामदगी की।



अपराधियो ओर नशेड़ियों का ये पनाह बन चुका है। जिस पर पुलिस की कड़ी नजर रहने के कारण इन सभी क्षेत्रों से पुलिस बिगत एक सप्ताह में दो बार हथियार के साथ अपराधियो को पकड़ने में सफलता भी हाशिल की। पुलिस द्वारा इन क्षेत्रों में लगातार अभियान चलाकर इस प्रकार की कार्यवाही करने से ही अपराधियों के मंसूबो को ध्वस्त किया जा सकता है।

इस प्रकार के कार्य करने वाले ओर उन्हें प्रसाय देने वाले पर पुलिस कड़ी कार्यवाही करें।

# हर घर झंडा अभियान को सफल बनाने के लिए किया गया समीक्षा बैठक

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता डॉ मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चम्पारण। जिला परिषदीय महात्मागांधी हर घर झंडा अभियान को सफल बनाने के लिए कियासभा भवन में श्रीमति ममता राय, मा0 अध्यक्ष जिला परिषद्, पूर्वी चम्पारण की अध्यक्षता में हर घर झण्डा अभियान को सफल बनाने तथा जिले में यूरिया के किल्लत एवं बिचौलियो के माध्यम से कालाबाजारी एवं जामाखोरी पर रोक लगाने हेतु और शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की गयी।

मा0 अध्यक्ष ने हर घर झण्डा अभियान के मा0 प्रधानमंत्री के संकल्प को जन–जन तक पहुँचाने का माननीय सदस्यो सहित जिला वासियो से अनुरोध किया। उन्होने कहां की राष्ट्रीय झण्डा हमारा आन, बान, और शान का प्रतीक है और इसे सफल बनाने में कोई कसर नही छोड़ी जायेगी। माननीय अध्यक्ष ने अह्वान किया कि राष्ट्रीय झण्डा अपने घरो, संस्थानो, प्रतिष्ठानो एवं स्मारको पर फहराते हुए आम लोगो को राष्ट्रीय झण्डा फहराने के लिए प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर उन्होने जिला परिषद की ओर से सभी जिला परिषद् सदस्यो को 22–22 झण्डे तथा केन्द्रीय सुरक्षा बल को 2000 झण्डे का वितरण किया और स्पष्ट निदेश दिया कि हर घर झण्डा कार्यक्रम को अभियान के तौर पर लेकर इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को सफल बनावे। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित अपर समाहर्ता सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद् के द्वारा भी मा0 अध्यक्ष द्वारा लिया गया इस निर्णय को देश हीत में एक सराहनीय कदम बताया। इस अवसर पर उपस्थित मा0 सदस्यो ने भी मा0 अध्यक्ष के द्वारा दिया गया निर्देश को हर हालत में पुरा करने का संकल्प लिया। श्रीमति ममता राय ने यूरिया को लेकर समीक्षा बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी पर नराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्वी चम्पारण जिला रबी फसल के समय से ही यूरिया एवं डी0ए0पी0 की किल्लत का दंश झेल रहा है और आज खरीफ फसल का समय आ गया है जिसमें यूरिया की अत्यंत आवश्यकता होती है परन्तु जिले में किसानो की लाचारी का फायदा खाद–बीज विक्रेता उठा रहे है। पूरे जिले में यूरिया का जमकर कालाबाजारी हो रही है और जरूरतमंद किसान खाद से वंचित है। मा0 अध्यक्ष ने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की जिले के थोक विक्रेता, खुदरा विक्रेता तथा पैक्सो को यूरिया आवंटन के अनुपात में उपलब्ध कराऐ और आवंटनध वितरण से संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध कराये। आगे उन्होने कहा कि मौजूदा परिस्थिति में पूरे जिला में यूरिया उपलब्ध नही होने एवं कालाबाजारी तथा जामाखोरी के कारण सभी जन प्रतिनिधि एवं किसान स्थानीय स्तर पर आक्रोशित है। ऐसे में यूरिया गॉव के खुदरा व्यापारी तक पहुंचना चाहिए ताकि ग्रामीण किसान को यूरिया ससमय और निर्धारित दर से मिल सकें। ऐसा सूचना मिल रही है कि किसान दोगुनी कीमत पर खाद खरीदने पर मजबूर है और बिचौलियो के माध्यम से यूरिया की कालाबाजारी बड़े पैमाने पर की जा रही है, जो चिन्ता का विषय है।

मा0 अध्यक्ष ने कहा कि इसका स्पष्ट कारण है कि यूरिया के आवंटन में पंचायत कृषि सालाहकारध्कृषि समन्वयक तथा प्रखंड कृषि पदाधिकारी की कोई भूमिका नही है और उनसे फसल अच्छादन के अनुरूप उर्वरक हेतु अनुशंसा नही ली जाती है और नतीजन जिले से थोक विक्रेताओ के द्वारा मनमाने ढ़ंग तथा अपने स्वेच्छा से खुदरा विक्रेताओ को उर्वरक आवंटन कर दिया जाता है। जबकि कृषि निदेशालय पटना के अनुसार रैक आने के पहले जिला कृषि पदाधिकारी को जानकारी हो जाती है और उन्हे प्रेस विज्ञप्ति तथा विज्ञापन के माध्यम से इसकी सूचना मीडिया में देना होता है लेकिन उनके द्वारा ऐसी जानकारी नही देने से किसान उर्वरक से वंचित हो जाते है। श्रीमति ममता राय ने इस बात पर जोर दिया कि उच्चाधिकारी से बात कर जिला स्तर पर कालाबाजारी एवं जामाखोरी की जॉच हेतु एक कमिटी का गठन किया जायेगा। साथ ही आवंटित यूरिया के वितरण भी प्रखंड स्तर पर पारदर्शिता के साथ कमिटी के देख–रेख में कराने की व्यवस्था की जायेगी और जो भी दोषी पाया जायेगा उसपर कड़ी कार्रवाई किया जायेगा। अगर कृषि पदाधिकारी के द्वारा इस व्यवस्था में सुधार नही किया गया तो किसानो के हीत में जन आन्दोलन किया जायेगा।

बैठक में उपस्थित जिला शिक्षा प्रोग्राम पदाधिकारी को निर्देश देते हुए माननीय अध्यक्ष ने कहा कि प्राप्त जानकारी के अनुरसार सिरनी सहित जिले के कई ऐसे विद्यालय है जहां बच्चो से रजिस्ट्रेशन का फीस लिया जा रहा है और उस रूपया को बैंक में जमा नही कराया जा रहा है जिससे बच्चो का रजिस्ट्रेशन प्रभावित हो रहा है। बच्चे हमारे राष्ट्र के भविष्य है और राष्ट्र के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना दंडनीय अपराध है इस मामला को शीघ्र जॉच कर दोषियो पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाय। आगे उन्होने कहा जिस किसी भी विद्यालय में कनीय वरीय मामला के कारण पठन–पाठन बाधित है उसे जल्द निष्पादित किया जाय। जिससे पठन–पाठन सुचारू ढंग से संचालित हो सकें। इस बैठक में जिले के सभी माध्यमिकध्उच्चतर माध्यमिक विद्यालयो में जिला परिषद् सदस्यो को तदर्थ समिति में रखने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में जिला परिषद् मा0 उपाध्यक्ष, श्रीमति गीता देवी, जिला परिषदीय शिक्षा समिति के अध्यक्ष श्री ईश्वरचन्द मिश्र, सामाजिक न्याय समिति के अध्यक्ष श्रीमति सीता रानी, उत्पादन समिति के अध्यक्ष श्रीमति जगी देवी, लोक स्वास्थ्स परिवार कल्याण एवं ग्रामीण स्वच्छता समिति के अध्यक्ष, श्रीमति सदफ खानम, लोक कार्य समिति के अध्यक्ष, श्री दिलीप कुमार, जिला परिषद् के मा0 सदस्य मो0 नवी हसन, श्रीमति सुनीता देवी, श्रीमति पुजा सिंह, श्रीमति नजमा खातुन, श्रीमति अकबरी खातुन, श्री पंकज



कुमार द्विवेदी, श्रीमति सुनैना देवी, श्रीमति मीना देवी, मो0 तौसिफुर रहमान, श्रीमति मुन्नी देवी, श्री कृष्णा दास, मो0 सदरे आलम, श्री अभय कुमार गुप्ता, श्री आकाश गुप्ता, श्रीमति सहनाज बेगम, श्री सोनालाल साह, श्री श्रवण यादव, मो0 शब्बीर आलम, श्रीमति शाहजहां खातनु, श्री दिलीप शर्रफ, श्रीमति आभा देवी, मो0 नसीम अख्तर, श्री राकेश पासवान, श्रीमति किरण कुशवाहा, श्रीमति अकबरी खातुन, श्री परमानन्द पटेल, श्री शिव कुमार चौधरी, अपर समाहर्ता–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद्, श्री पवन कुमार सिन्हा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बगही पंचायत के समीप नहर का पुल ध्वस्त हो गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता डॉ मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चम्पारण। सुगौली पू.च। प्रखंड के बगही पंचायत के भेड़िहारी के समीप बालू लदे ट्रक के गुजरते समय नहर का पुल ध्वस्त हो गया।पुल के धसने से बालू लदी ट्रक नहर वी धस गई।संयोग की इस बड़ी दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।फिलहाल उस मार्ग से आना–जाना बिल्कुल बंद हो गया है। घटना शुक्रवार की सुबह की है जब बालू लदे एक ट्रक बेला नहर की ओर से आकर रघुनाथपुर बाजार की ओर जाने वाली थी। ट्रक जैसे ही भेड़िया री और चौनपुर के बीच नहर के पुल को पार कर रही थी तभी बीच में धस गई और ट्रक पुल के नीचे जा फंसा। दुर्घटना में ड्राइवर खलासी बाल– बाल बच गए। ट्रक के धस जाने से आवागमन बिल्कुल बाधित हो गया है। बगही पंचायत के मुखिया सोना लाल सहनी ने बताया कि यह रास्ता रक्सौल हाई वे के बेला नहर से करमवा रघुनाथपुर होते हुए जटवा जनेरवा के रास्ते मोतिहारी तक जाती है। इस रास्ते में भेड़िआरवा के पास के यह पुल काफी पुराना था जो अधिक भार लदे ट्रक के वजन को नही सह सका।बगही पंचायत के मुखिया सोना लाल सहनी ने



बताया कि कुड़िया नाला से होकर जाने वाली ग्रामीण सड़क की मरम्मत कराकर फिलहाल आवागमन चालू कराया जा सकता है। इस मार्ग से करमवा रघुनाथपुर, बगही,उतरी मनसिंघा,दक्षिणी मनसिंघा,आदापुर ,और बंजरिया के करीब दस पंचायतों के हजारों लोगों का इस पुल मार्ग से आना–जाना होता है।

# जहरीली शराब से 9 लोगों की हुई मौत 12 लोगों ने गंवाई आंखों की रोशनी



☒ बिहार में शराब बंदी फिर भी धड़ल्ले से हो रहा कारोबार।

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह तमाम बुनियादी और समीचीन जरूरत पर बिहार में शराब बंदी हावी है लेकिन इसके बावजूद भी आप सभी को इस जानकारी से अवगत करा दिया जाए कि बिहार के छपरा में जहरीली शराब से 9 लोगो की मौत हुई वहीं 12 लोगों की आंखों की रोशनी चली गई है जहरीली शराब पीने की वजह से तबीयत बिगड़ने के बाद बुधवार को कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था मामले में अब तक 9 लोगों की जान चली गई वही पटना पीएमसीएच नर्सिंग होम में कुछ लोगों का इलाज चला रहा था वही यह घटना माकेर थाना क्षेत्र के धनुक टोली गांव की बुधवार की है घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची यहां जांच में पता चला कि पीड़ित ने अलग–अलग जगहो पर जहरीली शराब पी और अपने अपने घरों को लौट आए बुधवार की रात उनकी तबीयत बिगड़ गई उन्हें इलाज के लिए छपरा के सदर अस्पताल ले जाया गया गंभीर रूप से बीमार मरीजों को इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा पीएमसीएच पटना ले गया वही वहाँ ग्रामीणों से यह जानकारी प्राप्त हुई कि छपरा में आयोजन के बाद बांटी गई जहरीली शराब वही गुरुवार को सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों का हाल जानने जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक खुद अस्पताल पहुंचे एवं राजेश मीणा ने तब बताया कि घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन ने अपने स्वास्थ्य विभाग की टीम को गाँव भेज दिया और बीमार लोगों को सरकारी खर्च पर अस्पताल लाया जा रहा था उन्होंने कहा है कि बीमार लोगों के इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है शराब तस्करों की गिरफ्तारी के लिए इलाके में छापेमारी चल रही है। इस साबित होता कि बिहार सरकार यह फैसला बील्कुल फेलियोर और असफल है और बिहार के फैसले सिर्फ कागजों पर ही होते धरातल पर नहीं !

# नियम विरुद्ध कार्य करने वाली गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों पर की जाएगी सख्त करवाई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

☒ जिले में कार्यरत गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों का स्थलीय निरीक्षण करने एवं उनका सत्यापन करने का दिए गए सख्त निर्देश।

☒ बिहार जमा कर्ताओं के हितों के संरक्षण अधिनियम 2002 का उल्लंघन करने वालों पर विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए दर्ज की जा सकती है प्रथमिकी।

समाहरणालय सभाकक्ष में सहारा इंडिया एवं गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार के द्वारा एक बैठक की गई।जिलाधिकारी ने उपस्थित गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के प्रतिनिधियों को हिदायत देते हुए कहा कि वैसे नन बैंकिंग कंपनियां जो नियमों को ताक पर रखकर कार्य कर रही हैं उनके खिलाफ विधि सम्मत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिनिधियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले में किसी भी तरह की वित्तीय ध बैंकिंग कार्यध गतिविधि शुरू करने से पहले जिलाधिकारी के कार्यालय में अपनी कंपनी के बारे में विस्तृत सूचना अपलोड करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रभारी अधिकारी बैंकिंग शाखा को निर्देश देते हुए कहा की जिन गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों ने अभी तक अपना डिटेल जिलाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध नहीं कराया है उन्हें नोटिस दिया जाए कि क्यों नहीं उनके विरुद्ध निर्धारित राशि (100000) पेनल्टी के रूप में वसूलने से संबंधित कार्रवाई शुरू की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि जो भी कंपनियां कार्य कर रही हैं वह अपना डिटेल ,वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट, वार्षिक रिटर्न बैलेंस शीट तथा अन्य जानकारियां अपलोड कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के प्रतिनिधियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि बिहार जमा कर्ताओं के हितों का संरक्षण अधिनियम– 2002 के उल्लंघन पर विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी भी दर्ज की जा सकती है। अतः सभी कंपनियां अपना कारोबार, निबंधन लाइसेंस, अनुमति आदि की जानकारी एक सप्ताह के अंदर जिलाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निर्देश दिया गया कि वैसे सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व थानाध्यक्ष जिन्होंने पूर्व के निर्देश के आलोक में अपने– अपने क्षेत्र में निर्धारित गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को चिन्हित करके अभी तक सत्यापन नहीं किया है उनसे स्पष्टीकरण पूछा जाय। सभी बीडीओ एवं थानेदार को निर्देश दिया गया कि ऐसी कंपनियों से संबंधित सूचनाओं का



संकलन कर उनके कामकाज के साथ उनके कागजात की जांच करें।यदि ऐसा पाया जाता है कि वे नियम के विरुद्ध कार्य कर रहे हैं तो तत्काल उन पर विधि सम्मत कड़ी कार्रवाई की जाय। सहारा इंडिया द्वारा विभागीय पोर्टल पर वांछित सूचनाएं यथा नियामक द्वारा प्राप्त प्रमाणीकरण, वार्षिक रिटर्न एवं बैलेंस शीट इत्यादि को अब तक अपलोड नहीं किये जाने पर नाराजगी प्रकट की गई। जिलाधिकारी ने सहारा इंडिया के प्रतिनिधियों को सख्त हिदायत दी कि परिवादियों को भुगतान करने की दिशा में राशि की मांग की जाए। मालूम हो कि यह मामला न्यायालय में चल रहा है। बैंकिंग शाखा द्वारा बताया गया कि सहारा इंडिया के प्रतिनिधियों द्वारा परिवादी परिवारों को भुगतान करने के बजाय उन्हें अन्य योजनाओं में राशि निवेश करने हेतु बाध्य करने की सूचना प्राप्त हो रही है।इस पर जिलाधिकारी ने उपस्थित प्रतिनिधियों को कड़ी फटकार लगाई। बैठक में जिले में संचालित सभी गैर बैंकिंग कंपनियों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए भौतिक सत्यापन पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा थानाध्यक्ष द्वारा कराने का निर्देश दिया गया। जिले में संचालित अवैध कंपनियां यथा रू–स्वर्ण इंडिया मल्टी कोऑपरेटिव सोसाइटी प्राइवेट लिमिटेड एवं कोलकाता वियर इंडस्ट्रीज को स्थलीय निरीक्षण अब तक पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय)–सह–सक्षम प्राधिकार गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि स्थलीय निरीक्षण कर शीघ्र प्रतिवेदन समर्पित करें।

बैठक में प्रभारी पदाधिकारी बैंकिंग शाखा सहला मुस्तफा एवं जिला जनसंपर्क अधिकारी कमल सिंह उपस्थित थे।

# बिहार कैबिनेट की बैठक खत्म, इन 23 महत्वपूर्ण एजेंडो पर लगी मुहर

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार सरीफ (नालंदा) मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता पटना के मुख्य सचिवालय में चल रही कैबिनेट की बैठक खत्म हो गई। आज की इस बैठक में कुल 23 एजेंडों पर मुहर लगी है। राज्य मंत्रपरिषद ने प्रदेश में बढ़ते साइबर क्राइम की घटनाओं को रोकने के साथ–साथ नगर विकास एवं आवास विभाग, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, श्रम संसाधन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, वित्त विभाग, विधि विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं



अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, गृह विभाग, कृषि विभाग से जुड़े प्रस्वावों पर मुहर लगाई है। आर्थिक अपराध इकाई में पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों के कुल 405 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस महा निरीक्षक यातायात सहित उनके कार्यालय के लिए कुल 16 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। बिहार पुलिस सेवा संवर्ग के 181 अतिरिक्त नए पदों के सृजन एवं पदनाम के अनुमोदन की स्वीकृति दी गई है। एसडीआरएफ में प्रतिनियुक्ति के लिए बिहार विशेष सशष्त्र पुलिस में 20 निरीक्षक, 75 अवर निरीक्षक, 59 हेड कांस्टेबल, 14 हेड कांस्टेबल चालक एवं 225 कांस्टेबल सहित कुल 393 अतिरिक्त पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। नगर विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत 13,63,26,600/–अनुमानित वार्षिक व्यय पर कुल 135 अभियंताओं के नियमित पदों, जिनकी सेवायें बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लि० (बुडको) के अधीन प्रतिनियुक्ति हेतु सृजित किये जाने वाले समरूप पद के विरूद्ध उपलब्ध करायी जायेगी, को सृजित किये जाने तथा इन 135 पदों के अलावा नगर विकास एवं आवास विभाग में पूर्व से सृजित 43 पदों, अर्थात् कुल 178 पदों के समरूप प्रतिनियुक्ति हेतु बिहार शहरी आधारभूत सरंचना निगम लि० (बुडको) में 178 समरूप पदों को सृजित किये जाने को कैबिनेट ने स्वीकृति दी है।डीजल अनुदान मद में प्रति लीटर अनुदान दर को 60 रू से बढ़ाकर ₹75 करने की स्वीकृति दी गई है। अतरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के तत्कालीन चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रविंद्र प्रसाद को सरकार ने अनिवार्य सेवानिवृति दी थी। हाई कोर्ट ने अनिवार्य सेवानिवृत्ति रद्द कर दिया था इसके बाद सरकारी सेवा में फिर से बहाल किया गया है। बिहार नगर पालिका अधिनियम के तहत पहाड़ी क्षेत्र, तीर्थ स्थल, पर्यटन स्थल या मंडी शहर के लिए पृथक जनसंख्या आधारित करने की स्वीकृति दी गई है। वित्तीय विशेषज्ञ एवं बजट सलाहकार का एक–एक पद 2 वर्षों के लिए सृजन की स्वीकृति दी गई है ।सारण में पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय प्लस टू उच्च विद्यालय के भवन निर्माण के लिए 50 करोड़ 30 लाख 51000 की स्वीकृति दी गई है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक के अधीन गठित परियोजना निर्माण एवं अनुश्रवण इकाई का अवधि विस्तार किया गया है। भू संपदा विनियामक प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं सदस्यों की सेवा शर्त संशोधन हेतु बिहार भू संपदा नियमावली 2017 में संशोधन किया गया है। पटना उच्च न्यायालय के डिजिटाइजेशन कोषांग के गठन के लिए 5 वर्षों के लिए अस्थाई रूप से सृजित 62 पदों का अगले 5 वर्षों के लिए अवधि विस्तार किया गया है। स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर सजावार बंदियों को विशेष परिहार का लाभ देकर कारामुक्त करने की स्वीकृति दी गई है। राज्यपाल सचिवालय के लिए निम्न वर्गीय लिपिक का एक अधिसंख्य पद सृजन की स्वीकृति दी गई है।टिकारी की चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुमारी अर्चना को सेवा से बर्खास्त किया गया है। बिहार कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सा पदाधिकारी संवर्ग संशोधन नियमावली 2022 की स्वीकृति दी गई है। आईटीआई प्रशिक्षण संस्थानों में कार्यरत अतिथि अनुदेशकों के पारिश्रमिक में 10 परसेंट की वृद्धि की गई है। बिहार में डुमरांव, अमरपुर, संपतचक, बिहटा, फतुहा, चनपटिया, लौरिया, शाहपुर पटोरी, मनिहारी, पातेपु,र बनमनखी में स्थाई रूप से नया अवर निबंधन कार्यालय खोले जायेंगे। साथ ही इन अवर निबंधन कार्यालयों में अवर निबंधक व अन्य कर्मियों के एक–एक पद के सृजन की स्वीकृति दी गई है। मद्ध निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग में प्रमंडल स्तर एवं मुख्यालय स्तर पर तकनीकी सहयोग के लिए बिहार निबंधन सेवा के जिला अवर निबंधक के दो एवं अवर निबंधक के 9 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है ।बुडको में 13 करोड़ 63 लाख 26 हजार की अनुमानित वार्षिक व्यय पर कुल178 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है।

# संक्षिप्त समाचार

## चमनपुर शुभलक्ष्मी खाद भंडार का लाइसेंस रद्द

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर,सीतामढ़ी। जिला पदाधिकारी मुकूल कुमार गुप्ता के आदेशानुसार जिला कृषि पदाधिकारी कमलेश कुमार के द्वारा खाद की कालाबाजारी करने पर एक दुकानदार को उर्वरक अधिनियम 1985 उल्लंघन करने पर लाइसेंस रद्द कर दिया है। पत्र जारी कर जिला कृषि पदाधिकारी कमलेश कुमार ने बताया है कि शुभलक्ष्मी खाद भंडार चमनपुर चौक रामदयाल साह के द्वारा संचालित था, 3 अगस्त 2022 को गोदाम एवं उर्वरक बिक्री केंद्र का जांच किया गया ,जांच में उर्वरक पाया गया था, कालाबाजारी की नीयत से छुपा कर रखा गया था, जो उर्वरक अधिनियम 1985 के विपरीत है। वही प्रतिष्ठान के स्टॉक एवं मूल्य प्रदर्शित नहीं किया गया था। इस बाबत उर्वरक नियंत्रण धारा –1985 के उल्लंघन करने पर अनुज्ञप्ति संख्या 71(थ)/2019 –22 निलंबित कर दिया गया है।

## उच्च न्यायालय परिसर में आगन्तुकध अतिथि भवन का निर्माण आवश्यक ताकि जनता को अधिवक्ताओं से मिलने में सुविधा हो

कैलाश चन्द्र झा ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मधुबनी बिहार मधुबनी। पटना उच्च न्यायालय परिसर में आम जनता के प्रवेश पर प्रतिवंध है। राज्य के दूरदराज विभिन्न जगहों से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग अपने अधिवक्ता से आवश्यक कार्य हेतु भेंट करने आते हैं तथा उच्च न्यायालय के विभिन्न प्रवेश द्वारों ( गेटों) के इर्द गिर्द भटकते रहते हैं । जहाँ बैठने का भी उचित प्रबन्ध नही है। इतना ही नही, सुदूर देहात से आनेवाली जनता को पटना स्थित अपने अधिवक्ताओं के आवास ( डेरा) खोजने में भी कठिनाई होती है चूँकि अधिवक्ताओं का आवास तो एक निश्चित स्थान पर है नही। आवास भिन्न भिन्न स्थलों पर है। सरकार को पटना उच्च न्यायालय के प्रांगणध परिसर में एक अतिथि/आगन्तुक कक्ष का निर्माण कराना आवश्यक है जहाँ लोगों को अपने अधिवक्ताओं से मिलने ध्भेंट करने में सुविधा होगी । पूर्व में उच्च न्यायालय परिसर में ही अधिवक्ताओं के कक्ष (वार एसोसिएशन हॉल) में मिलने की सुविधा थी । संभव हो तो पूर्व की व्यवस्था को पुनः चालू किया जाय ।

## कमलेश के नेतृत्व कांग्रेसियों ने निकाला आक्रोश मार्च

'वी के सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढ़ी। कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत बढ़ती हुई महंगाई, बेरोजगारी, खाद्य पदार्थ पर जीएसटी लगाए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में स्थानीय ललित आश्रम से आक्रोश मार्च निकाला गया।जिसका नेतृत्व जिला कांग्रेस समन्वय समिति के वरिष्ठ सदस्य कमलेश कुमार सिंह ने किया। आक्रोश मार्च का जत्था नरेंद्र मोदी मुर्दाबाद, बढ़ती हुई महंगाई पर लगाम लगाओ, खाद पदार्थों पर जीएसटी वापस लो, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, सोनिया गांधी जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद गगनभेदी नारे लगाते हुए आश्रम से बाबू वीर कुंवर सिंह चौक, मेहसौल चौक होते हुए कारगिल चौक पहुंचकर केंद्र सरकार के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन किया। जहां प्रदर्शनकारियों को मेहसौल थाना प्रभारी गौरीशंकर बैठा ने गिरफ्तार कर लिया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस समन्वय समिति



केंद्र की नरेंद्र मोदी की

देश की जनता पर महं

वस्तुओं पर जीएसटी ल

सरकार अडानी और अंब

महंगाई को प्रधानमंत्री न

भाजपा सरकार को कभीम

के सदस्य अंजारुल हक

उपाध्यक्ष सीताराम झा, तुफैल अहमद उर्फ बबलू ने कहा कि केंद्र की सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने एवं महंगाई की ओर से लोगों के ध्यान को भटकाने के लिए तरह तरह का हथकंडे अपना रही हैं। जब से केंद्र में भाजपा की सरकार आई है तब से अडानी और अंबानी के इशारे पर महंगाई आसमान छू रहा है। बेरोजगारी चरम सीमा पर है, आज आटा दही सुधा दूध एवं अन्य रोज उपयोग करने वाले सामानो पर जीएसटी लगाकर यह साबित कर दिया कि वह गरीबों के निवाला छीन कर अडानी अंबानी जैसे लोगों के खजाना भरेंगे। आज देश में लोकतंत्र खत्म करने की दिशा में भाजपा के लोग काम कर रहे हैं। अगर प्रधानमंत्री सभी सामानों के मूल्य वृद्धि को वापस नहीं लेते हैं तो कांग्रेस अनवरत आंदोलन चलाएगी। इस अवसर पर इंटक के अध्यक्ष दिलीप पांडे, पंचायती राज विभाग के अध्यक्ष संजय कुमार, अमजद राई, पुपरी प्रखंड अध्यक्ष मोतिउर रहमान, आलमगीर, रुनीसैदपुर अध्यक्ष मणि भूषण सिंह, नानपुर प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद नसीम खान, बेलसंड प्रखंड अध्यक्ष अजय मिश्रा, परसौनी प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद अरशद रजा, मेजरगंज अध्यक्ष डॉ महेंद्र पासवान, राघवेंद्र कुमार राम, उपेंद्र प्रसाद यादव, ज्वाला प्रसाद सिंह, नंदकिशोर, उदय शंकर शाह, उदय कुमार झा, अरविंद कुमार झा, चंद्र मिश्रा विनय कुमार सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी ने किया बलहा बसंता के पास तटबंध का निरीक्षण

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा के द्वारा आज संध्या 5रू00 बजे कार्यालय कार्य पूरा करने के पश्चात लालगंज प्रखंड स्थित गंडक नदी के बलहा बसन्ता तटबंध का पदाधिकारियों की पूरी टीम के साथ निरीक्षण किया गया और कार्यपालक अभियंता बाढ़ प्रमंडल लालगंज से सभी जरूरी जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी के द्वारा लगभग डेढ़ सौ मीटर पैदल चलकर तटबंध की स्थिति और नदी की धारा का अवलोकन किया गया। यहाँ पर कार्यपालक अभियंता ने बताया कि यहां पर रात्रि गश्ती कराई जा रही है और प्रहरी प्रतिनियुक्त हैं। यहां कनीय अभियंता शिफ्ट वार कैम्प किए हुए है ।जिलाधिकारी के द्वारा यहां पर लगातार चौकसी रखें का निर्देश दिया गया। अंचलाधिकारी लालगंज को दो दिनों के अंदर यहां पर बड़ी नाव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। यहां



उपस्थित अधीक्षक मद्यनिषेध और थाना प्रभारी लालगंज को सारण में घटित घटना को ध्यान में रखकर बसंता से सलेमपुर तक बांध के सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार छापेमारी अभियान चलाने एवं कृत कार्रवाई से अवगत कराने का निर्देश दिया गया ।प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी लालगंज और वैशाली को इस कार्य में सहयोग करने के लिए कहा गया। इस अवसर पर जिला अधिकारी के साथ अनुमंडल पदाधिकारी हाजीपुर श्री अरुण कुमार भी उपस्थित थे।

## 11 सूत्री मांग को लेकर पंच सरपंच संघ की धरना आयोजित

'वी के सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। पंच सरपंच संघ की ग्यारह सुत्री मांग को लेकर डुमरा स्थित अंबेडकर स्थल पर एकदिवसीय धरना आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता परिहार सरपंच संघ की अध्यक्ष धर्मकला देवी ने की। धरना के पश्चात सरपंच संघ का एक प्रतिनिधि मंडल महामहिम राज्यपाल के नाम मांग पत्र जिला समाहर्ता को सौंपा। सरपंच को मजिस्ट्रेट का पावर, ग्राम कचहरी में चौकीदार की स्थायी नियुक्ति, रिक्त ग्राम कचहरियों में न्याय सचिव एवं



न्याय मित्र की अविलंब नियुक्ति सहित ग्यारह सूत्री मांग की गई। धरना में राम प्रकाश राय, विन्देश्वर मंडल, जहांगीर अहमद खान, मो मोनिउज्जमा, राजेंद्र राय, राकेश पंडित, लालधारी राय, उपेंद्र नायक, राम बालक राय, बेबी देवी, कंचन देवी, मो इलयास समेत दर्जनों सरपंच पंच शामिल थे।

# त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं एवं ग्राम कचहरी के निर्वाचित प्रतिनिधियों को मिलेगा नियत भत्ता 74.58 करोड़ राशि व्यय की दी गई स्वीकृति



नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार सरीफ (नालंदा)। बिहार में त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं एवं ग्राम कचहरी के निर्वाचित प्रतिनिधियों (सदस्य) जिला परिषद के अध्यक्षः उपाध्यक्ष, पंचायत समिति के प्रमुखः उप– प्रमुख, ग्राम पंचायत के मुखियाः उप– मुखिया, कचहरी के सरपंचः उप– सरपंच को नियत (मासिक) भत्ता का लाभ मिलेगा। इसके लिए 74 करोड़ 58 लाख राशि व्यय की स्वीकृति दी गई है। पंचायती राज मंत्री सम्राट चौधरी ने आज शुक्रवार को राशि स्वीकृति की जानकारी देते हुए बताया कि यह राशि वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लिए गये उक्त निर्णय के आलोक में वित्तीय वर्ष 2022–23 में लगभग चार माह के लिए समेकित नियत (मासिक) भत्ता भुगतान हेतु संलग्न जिलावार विवरणी– के अनुसार जिला परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा सदस्यों को 1,41,90,000 (एक करोड़ एकतालीस लाख नब्बे हजार रुपए) की राशि संलग्न विवरणी– के अनुसार पंचायत समिति के प्रमुख, उप–प्रमुख तथा सदस्यों को 7,16,10,000 (सात करोड़ सोलह लाख दस हजार रुपए) की राशि, संलग्न विवरणी– के अनुसार ग्राम पंचायत के मुखिया, उप–मुखिया तथा सदस्यों का 33,00,00,000 ( तैतीस करोड़ रुपए) की राशि तथा संलग्न विवरणी– के अनुसार ग्राम कचहरी के सरपंच, उप–सरपंच तथा सदस्यों को 33,00,00,000 ( तैतीस करोड़ रुपए) की राशि, कुल मिलाकर 74,58,00,000 (चौहतर करोड़ अनठावन लाख रुपए) की स्वीकृति प्रदान की गई हैं। त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं एवं ग्राम कचहरी के निर्वाचित प्रतिनिधियों को अब इसका लाभ मिलने लगेगा।

# भृष्टाचार और अफसरशाही नहीं चलने देंगे - प्रमुख

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) ☒ प्रखण्ड, अंचल, वन विभाग सभी सरकारी संस्थानों में होंगे नियम संगत कार्य

सिमरिया। प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष रोहन साहू ने जिले के प्रखंड व अंचलों तथा सभी सरकारी संस्थानों में भृष्टाचार और अफसर शाही के खिलाफ बिगुल फुक दिया है। जिसमें अम्बेडकर आवास में मनमानी तरीके से चयन कर आवास योजना का लाभ देना, सरकारी विद्यालयों में मनमानी तरीके से मिडेमिल का रुपया बच्चों को देना, वन विभाग में पौधे लगाने के नाम पर गोरखधंधा करना, अंचलों में दाखिल खारिज व अन्य कार्यों पर अवैध रूप से रूपये उगाही करना , जनवितरण दूकान में कम वजन व कम अनाज देने पर कड़ी प्रतिक्रिया दिया है। वहीं नोकरशाह अब अफसर शाह बन लोगों को मुर्ख बना कर यहां की जनता को लूटने का भरपूर प्रयास कर रहे है।यह बातें सिमरिया प्रखण्ड के प्रमुख सह जिला प्रमुख सघ के जिला अध्यक्ष रोहन साहू ने विभागों के प्रति अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पत्रकारों को बताया की जिले के सभी प्रखंडो में पदाधिकारी बेलगाम हो गए हैं। जो अपनी मनमानी व मनमौजी तरीके से कार्य कर रहे हैं। बात करें अंचल की तो रसीद काटने के नाम पर तथा ऑनलाइन में छूटे हुए खाता पलौट चढाने के नाम पर एवं किसी भी खतियान में छेड़ छाड़ कर दोहरा जमावन्दी कर देना, कर्मचारियों द्वारा अवैध वसूली करना आम बात हो गया है। ऐसा हम चलने नहीं देंगे । वहीं प्रखंडो में आवास योजना से लेकर अंबेडकर आवास योजना में वगैर ग्राम सभा किए लाभुक का चयन कर योजना का लाभ रूपये के बल पर दे देना यह आम बात हो चुका है जो बिलकुल गलत है। साथ हीं वन विभाग में पौधे लगाने के नाम पर तथा जंगलो में तलाब कटाने के नाम पर पिलर लगाने के नाम पर गलत तरीके से फर्जी रिपोर्ट बना रूपये निकाल डकार मार रहे हैं जिससे जंगलो की दुर्दशा के कारण वर्षा का संकट गहरा रहा है। वहीं जनवितरण दुकानों में एफसीआई गोदाम से लेकर डीलरों तक कम अनाज से लेकर कम वजन देकर कार्डधारियों को बेवकूफ बनाया जा रहा है। इसे रोकने के लिए हमने पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों के मौजूदगी में सरकारी कार्य से लेकर सभी योजनाओं तक का देखरेख में वितरण व कार्य किया जाएगा। ऐसा नहीं करने वालों के विरुद्ध



आंदोलन कर गरीब जनता का हक न्याय दिलाया जाएगा। सच्चाई व हक न्याय को लेकर हम हमेशा आम ग्रामीणों के साथ कंधे से कंधे मिला कर चलूंगा।

मोकिम अंसारी सिमरिया की रिपोर्ट।

# 6 अगस्त 2022 को होगा सभी प्रखण्ड मुख्यालय पर डीईओ मोतिहारी का पुतला दहन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) नवप्रशिक्षित शिक्षकों के वर्षो से बकाए अंतर वेतन भुगतान सहित अन्य बकाए एरियर भुगतान को लेकर किया जा रहा आंदोलन

मोतिहारी। जिला शिक्षा पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण के अड़ियल रवैया एवं नवप्रशिक्षित शिक्षकों के वर्षो से बकाया अंतर वेतन सहित अन्य बकाया अंतर वेतन भुगतान को लेकर शिक्षक संघर्ष समन्वय समिति के बैनर तले कल दिनांकरू–06–08–2022 को होगी सभी प्रखण्ड मुख्यालय पर डीईओ मोतिहारी का पुतला दहन।

# उप विकास आयुक्त, श्री कमलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला में चयनित सभी 94 अनुरक्षण एजेंसी सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) उप विकास आयुक्त, श्री कमलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना के दीर्घकालीन अनुश्रवण हेतु डॉ राधाकृष्णन भवन, मोतिहारी में जिला में चयनित सभी 94 अनुरक्षण एजेंसी सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई ।

बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी चयनित एजेंसी न्यूनतम दर पर मरम्मती कार्य कराना सुनिश्चित करें एवं किए गए कार्य का सत्यापित बिल विपत्र डब्ल्यू आई एम सी को समर्पित कर भुगतान प्राप्त करें ।

डब्ल्यू आई एम सी को पत्र के माध्यम से निर्देश दिया गया है कि लघु मरम्मती कार्य जिला में चयनित किसी भी एजेंसी से करवाना सुनिश्चित करेंगे ।

उप विकास आयुक्त महोदय के द्वारा सभी अनुरक्षण एजेंसी के सदस्यों की समस्याओं को सुना गया, साथ ही समस्याओं के निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।

समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त महोदय के द्वारा जिला पंचायती राज पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि चयनित एजेंसियों के द्वारा किए गए कार्य के विरुद्ध राशि का भुगतान ससमय करना सुनिश्चित करेंगे ।

इस अवसर पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सादिक अख्तर, जिला समन्वयक इंफ्रास्ट्रक्चर बिहार विकास मिशन, श्री ओम प्रकाश एवं जिला प्रोग्रामर, हेमंत कुमार के साथ साथ अनुरक्षण एजेंसी के सभी सदस्य गण उपस्थित थे।

# रिश्वत लेने के आरोप मे रक्सौल थानाध्यक्ष शशिभूषण ठाकुर निलंबित व लाइन हाजिर

(संजय कुशवाहा, अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ, दैनिक अयोध्या टाइम्स, पू०च०) रक्सौल। पुलिस उपमहा निरीक्षक चंपारण प्रक्षेप, बेतिया द्वारा पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष ,रक्सौल शषि भूषण ठाकुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए लाइन हाजिर कर दिया गया है. रक्सौल पुलिस निरीक्षक शषि भूषण ठाकुर पर अनुसंधान में प्रलोभन लेने एवं रिश्वत में धनराशि मांगने के गंभीर आरोप में यह बिभागीय अनुशासनिक कार्रवाई की गई हैं. बता दें कि पूर्वी चंपारण पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष (भा०पु० से०) द्वारा रक्सौल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री चंद्र प्रकाश (प्रशिक्षु आईपीएस) से प्राप्त जांच प्रतिवेदन से सहमत होते हुए पुलिस निरीक्षक शशिभूषण ठाकुर, रक्सौल को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए लाइन हाजिर करने की अनुशंसा की गई थी।



इसी आलोक में अनुशासनिक कार्रवाई की गई है. विभागीय जांच के परिणाम तक व निलंबन अवधि में निलंबित पुलिस निरीक्षक शषिभूषण ठाकुर का सेवा क्षेत्र बगहा पुलिस केंद्र निर्धारित किया गया है. पूर्वी चंपारण एसपी के अनुसार कर्तव्य परायणता व सत्यनिष्ठा की कसौटी पर खरा न उतरने वाले सभी पुलिसकर्मियों पर अविलंब कार्रवाई की जा रही है, पूरे जिले के किसी थाना में किसी तरह की अनियमितता की शिकायत हो तो सबूत दस्तावेजों के साथ लिखित शिकायत करें, निश्चित ही करवाई होगी. उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया है कि भ्रष्ट आचरण वाले पुलिसकर्मी को बख्शा नहीं जाएगा।

# सहदेई बुजुर्ग में शत-प्रतिशत रोपनी का लक्ष्य हासिल

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) हाजीपुर। जिला अधिकारी के द्वारा लगातार की जा रही रोपनी के प्रगति की समीक्षा का सार्थक परिणाम भी देखने को मिलने लगा है। आज जिला अधिकारी के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक की गई जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि वैशाली जिला के सहदेई बुजुर्ग में रोपनी का शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। यहां 2446 हेक्टेयर में धान के रोपनी का लक्ष्य था जिसे प्राप्त कर लिया गया। 83: के साथ गौरव दूसरे तथा 74: के साथ चेहरा कला तीसरे स्थान पर है। अभी तक जिला में 65: की रोशनी का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। कॉल 54001 केयर के विरोध 34900 हेक्टेयर में रोपनी कर ली गई है। हाजीपुर भगवानपुर और बिदुपुर में रोपनी अभी भी अपेक्षाकृत कम पाई गई जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इन प्रखंडों पर अधिक ध्यान देने की जरूरत बताई।

जिलाधिकारी ने कहा कि ऊर्जा की उपलब्धता सभी जगह सुनिश्चित कराई जाए तथा इस पर विशेष ध्यान दिया जाए इसकी कालाबाजारी ना हो और रिटेलर निर्धारित दर से अधिक राशि वसूल ना करें। जांच के क्रम में किए गए करवाई के विषय में पूछने पर कृषि पदाधिकारी ने बताया कि कुल 1 से दुकानदारों के विरूद्ध स्पष्टीकरण किया गया था जिसमें से अधिकांश का जवाब प्राप्त हुआ है। उसकी समीक्षा कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। तिरूकना प्रोजेक्ट हाजीपुर के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि 16179 हेक्टेयर में रोपने का लक्ष्य निर्धारित आज इसके विरोध में शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया गया है। वही कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई के द्वारा बताया गया कि पिछले 4 दिनों में कुल 23 नलकूप ठीक कराकर पटवन के लिए उपलब्ध कराया गया है। इस प्रकार अब 141 नलकूप चालू स्थिति में आ गए हैं।



अभी भी 203 नलकूप खराब हैं। जिला में कुल 344 नलकूप विद्यमान हैं। बरसा पात की समीक्षा के दौरान जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने बताया कि अगस्त के शुरूआत शुरुआती 4 दिनों में 49.99 मिली बारिश हुई जो औसत वर्षा 45.5 से अधिक रहा है परंतु अभी भी जून–जुलाई मां के औसत वर्षा बाद से बारिश 42: कम हुई है। बैठक में जिला अधिकारी के साथ जिला कृषि पदाधिकारी कृषि अभियंता जिला सहकारिता पदाधिकारी जिला मत्स्य पदाधिकारी जिला सांख्यिकी पदाधिकारी कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई परियोजना हाजीपुर कार्यपालक अभियंता विद्युत उपस्थित थे।

# मानव व्यापार को रोकने के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता डॉ मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चम्पारण। मानव व्यापार के रोकथाम हेतु संवेदीकरण एवं जागरूकता विषय पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

आज दिनांक–05.08.2022 को टीवी जिला बाल संरक्षण इकाई एवं राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में मानव व्यापार के रोकथाम हेतु संवेदीकरण एवं जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला निबंधन एवं परामर्षन केन्द्र में किया गया है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में दिनांक–01.08.2022 से 25.08.2022 तक देश के 75 सीमावर्ती जिलों में ''बाल तस्करी से आजादी'' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्वी चम्पारण भी एक सीमावर्ती जिला है। अतः यहाँ भी आयोग द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग से आये विधि विषेषज्ञ सुश्री कात्यायनी आनंद ने बताया कि बाल तस्करी एक गंभीर अपराध है एवं यह बहुत दुख की बात है कि अबतक हमारे देष के कई भागों में यह अपराध हो रहा है। विकसित भारत की ओर अग्रसर हमारे लक्ष्य तभी पूरे हो पायेंगे जब हम सामाजिक स्तर पर एवं सभी प्रशासनिक हितधाराकें के साथ मिलकर इस समस्या पर काबू पायेंगे। खुले सीमावर्ती क्षेत्रोंध्इलाकों में मानव तस्करों के लिये बाल तस्करी आसान हो जाती है। मौके पर उपस्थित अनुमण्डल पदाधिकारी श्री सौरभ सुमन ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग एवं राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि इस तरह के संवेदीकरण कार्यक्रमों के माध्यम से आयोग द्वारा जो प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकरियों का क्षमतावर्द्धन किया जा रहा है, वह निष्चित रूप से आनेवाले समय में मानव तस्करी को रोकने में कारगर होगा। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग से आये तकनीकी विशेषज्ञ श्री मनीष शर्मा ने बाल तस्करी को रोकने के सूक्ष्म तकनीकी बिन्दुओं की जानकारी दी। वहीं श्री अरिजीत अधिकारी ने पुलिस पदाधिकारियों को इस विषय में संवेदनीकृत किया कि कैसे बाल तस्करी अथवा गुमशुदगी के मामलें संज्ञान में आने पर उसपर त्वरित कार्रवाई की जाय। उक्त कार्यक्रम में सहायक निदेशक, ममता झा द्वारा पूर्वी चम्पारण जिले में बाल तस्करी विषय पर चुनौतियां एवं क्रियाकलाप के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। उक्त कार्यक्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्रधिकार, प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय परिषद्, श्री मनोज शर्मा, एस0एस0बी0, श्री सत्य प्रकाश, श्रम अधीक्षक, श्री राहुल कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, सभी थाना के बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी, चाईल्डलाईन के सदस्यगण एवं स्वयं सेवी संस्था के सदस्यगण उपस्थित थे।



# खाद की कम आपूर्ति से किसान हो रहे है परेशान डिलर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष रामकृपाल शर्मा



(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।) शिवहर। करोना के प्रथम चरण के पूर्व शिवहर जिले में ही नही बल्कि पूरे बिहार में ही उर्वरकों के मांग के अनुरूप आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही थी एवं लगातार 5 – 6 वर्षों तक कहीं किसी तरह कि शिकायत नही हुई, पर पिछले रबी सीजन से यह समस्या उत्पन्न हुई जिसकी पुरी कि पुरी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है साथ ही राज्य सरकार भी जवाबदेही से बच नही सकती। जानकारी देते हुए इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रामकृपाल शर्मा ने बताया है कि ऐसे तो राज्य के कृषि मंत्री हमेशा बयान देते आए हैं कि राज्य में उर्वरकों कि कमी नही है तो प्रश्न यह उठता है कि ऐसी स्थिति क्यों ?

उन्होंने बताया है कि वस्तु स्थिति कि सही जानकारी नही होने के कारण या फिर कुछ बयानवीर सुर्खियों में बने रहने के लिए सीधे सीधे कालाबाजारी का दोषारोपण करने में माहिर हैं । किसानों के परेशानी कि मुख्य वजह निम्न हैं।

1. उर्वरकों के मांग एवं आपूर्ति में अंतर।
2. पिछले रबी सीजन में उर्वरकों कि उपलब्धता नगण्य रहने के कारण उत्पादकता में कमी के कारण किसान चिंतित हैं और भयाक्रांत भी कि कहीं फिर उन्हे उर्वरक नही मिलेगा तो उनका फसल खराब न हो जाए इसलिए जब भी उर्वरकों कि खेप जिले में पहुंचती है तो किसान पूरे सीजन के लिए एक मुश्त उर्वरकों का भंडारण कर लेना चाहते हैं ताकि उन्हें परेशानी न हो इसलिए भी उर्वरकों की कमी का दृश्य उत्पन्न हो गया है। 3. आए दिन लोगों कि शिकायत रहती है कि खाद ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है और इस पर प्रशासन भी सख्त रूख अपनायी हुई है पर इसके तह में झांकने कि जरूरत ना तो सरकार समझती है और ना ही जिला प्रशासन।

शिवहर जिले में रेलवे का कोई रैक प्वाइंट नही होने के कारण शिवहर जिले के लिए आवंटित उर्वरकों का उठाव मुजफ्फरपुर, मोतिहारी या फिर सराय ( हाजीपुर) रैक प्वाइंट से करना पड़ता जिससे परिवहन व्यय 30/– रूपए एवं सराय रैक प्वाइंट से 37/– रूपए लगता है जिसके कारण मुल्य वृद्धि होती है पर इस सच्चाई को सरकार सुनना और समझना नही चाहती, हालांकि इसमें राज्य सरकार कम केन्द्र सरकार पूरी तरह अक्षम साबित हो रही है। एक तरफ पेट्रोल डीजल के दामों में बेतहाशा वृद्धि हुई है पर 1991 के बाद आज तक केन्द्र सरकार उर्वरकों के बिक्री पर मार्जिन या परिवहन व्यय पर विचार करने को तैयार है, इस दौरान सरकारी कर्मचारियों एवं सांसद विधायकों के वेतन में कई गुना वृद्धि हुई है।

एग्रो इनपुट डीलर्स के जिलाध्यक्ष श्री शर्मा ने शिवहर जिले के उर्जावान जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता के माध्यम से बिहार सरकार विशेष कर केन्द्र सरकार से आग्रह किया है कि वस्तु स्थिति को ध्यान में रखते हुए समस्या का निदान समय रहते हुए करें ताकि आम जनता में व्यवसायियों के प्रति गलत संदेश न जाए अन्यथा भाजपा को आने वाले समय में भारी घाटा उठाना पड़ सकता है साथ ही भाजपा के साथियों से अनुरोध करता हूं कि गलत बयानबाजी से बचें नही तो किसानों कि गाज तो गिरेगी ही व्यवसायी वर्ग कि भी नाराजगी महंगी पड़ेगी।

# अयोध्या धाम में भूमि पूजन का एक वर्ष पूर्ण होने पर निएमतपुर सूर्य मंदिर में प्रतिष्ठा दिवस मनाया गया

कुल्टी रू कुल्टी क्षेत्र के श्री सुर्य मंदिर योग भवन नियामतपुर में प्रातः 7:30 बजे अयोध्या धाम् में भुमि पूजन का एक वर्ष पुर्ण होने पर प्रतिष्ठा दिवस के रुपमें भगवान् राम जी के तस्विर लगाकर यज्ञ हवन के साथ मनाया गया। साथ योग भवन का आज ही के दिन उद्घाटन किया गया था। इस संदर्भ में दोनो महान दिवस का प्रतिष्ठा दिवस पूजन हवन यज्ञ का आयोजन कर पालन किया गया। योगगुरु डॉक्टर रामा रावत जी के द्वारा पूजन् हवन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती अंजना बर्णवाल, पुरोहित मुन्ना मिश्रा, डॉक्टर रामा रावत, बिजय बर्मन, महेश साव, निर्मल गुप्ता मध्यदेशीय, संजय साव, अजय कुमार साव, भुदेव बनर्जी, शिवशंकर रजक, दिपक साव, दक्षिनेश्वर मंडल और कामेश्वर प्रसाद उपस्थित थे। यज्ञ हवन के बाद बजरंगबली की आरती किया गया ततपश्चात सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। योगगुरु के अलावा सभी ने एक दुसरे को श्री राम मंदिर प्रतिष्ठा दिवस की शुभकामनाएं दिया।



# संक्षिप्त समाचार

## अश्लीलता व फूहड़ गीतों पर प्रतिबंध रहेगा, डीजे किसी कीमत पर नहीं बजेगा : एसडीएम

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पांडे सिवान महाराजगंज। अनुमंडल कार्यालय सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी के अध्यक्षता में हुई अखाड़ाधारियों के साथ बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सह बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं अनुमंडल पदाधिकारी महाराजगंज संजय कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अश्लीलता का प्रदर्शन किसी




कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा फूहर गीत एक संत शिरोमणि के समाधि स्थल के नाम पर लगने वाले मेले में नहीं बजेगा वही डीजे पर भी पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। शुक्रवार को हुई बैठक में लगभग आधा दर्जन अखाड़ाधारी ही पहुंचे थे इसको लेकर कुछ खेद भी व्यक्त किया गया कि जब 21 अखाड़े मौनिया बाबा के मेले में सम्मिलित होते हैं तो आखिर क्यों नहीं पहुंचे थे वही मेला प्रबंधन समिति के सचिव को स्पष्ट रूप से कहा गया कि अगले मीटिंग में सभी अखाड़ा धारियों जिनके नाम से लाइसेंस उन्हें उपस्थित कराने की जिम्मेवारी दी गई। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पुलिस कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ रवि रंजन अनुमंडल निर्वाचन पदाधिकारी सह दंडाधिकारी दिलीप कुमार सिंह महाराजगंज सर्किल इंस्पेक्टर बालेश्वर राय थानाध्यक्ष महाराजगंज रणधीर कुमार थानाध्यक्ष दरौदा कैप्टन शाहनवाज हुसैन के अलावे सामाजिक कार्यकर्ता पोखरा निवासी दिलीप कुमार सिंह योग प्रचारक अंगद कुमार बड़े सिंह उजायॅ, नागा बाबा मठ के लाइसेंस धारी रामबाबू प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## दुकान से समान लाने गया 32 वर्षीय युवक लापता, थाने में दर्ज कराई गुमशुदगी का मामला

प्रमोद कुमार त्रिवेदी, अनुमंडल ब्यूरो चीफ पटना। 32 वर्षीय नीरज कुमार दुबे, पिता–रामाशंकर दुबे, ग्राम्‌पोस्ट–औरा, थाना–तरियानी,जिला–शिवहर निवासी जो विगत 31ध07ध2022 की सुबह 7 बजे अपने गांव की दुकान से समान खरीदने निकले,जो आज तक अपने घर नहीं पहुंचे। परिवार वालों के द्वारा रिश्तेदारोंध्दोस्तों के बीच खोजबीन की गई।लेकिन उनका कहीं अता–पता नहीं चला। अंत में थक–हार कर उनके छोटे भाई सूरज कुमार दुबे द्वारा तरियानी थाने में गुमशुदगी का मामला 05/08/2022 को केस न. 852/22 दर्ज कराया गया है। बताया जाता है कि लापता 32 वर्षीय नीरज कुमार दुबे मानसिक रूप से बीमार भी रहता है। उसे आंख से कम दिखाई देता है। वह ब्लू टीशर्ट एवं हाप पैंट पहने हुए है एवं लोगों के साथ अच्छी तरह से वार्तालाप भी करता है। जिन सज्जन को ये व्यक्ति मिले कृपया मो.न. 6201136812 9525230875 पर संपर्क कर बताने/सूचना देने की कृपा करें।




## संयुक्त सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ,भारत सरकार-सह-प्रभारी सचिव मुजफ्फरपुर जिला श्री सुनील कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में आकांक्षी जिला से संबंधित बैठक की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। संयुक्त सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ,भारत सरकार –सह–प्रभारी सचिव मुजफ्फरपुर जिला श्री सुनील कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में आकांक्षी जिला से संबंधित बैठक की गई। बैठक में प्रभारी सचिव ने निर्देश दिया कि आकांक्षी जिला से संबंधित सभी विभाग परस्पर समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में गंभीर प्रयास करें ताकि डेल्टा रैकिंग में मुजफ्फरपुर की स्थिति और अच्छी हो सके। उनके द्वारा शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग ,आईसीडीएस ,कृषि एवं पशुपालन विभाग द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई।मालूम हो कि आकांक्षी जिला में माह जून 2022 की डेल्टा रैंकिंग में मुजफ्फरपुर का ओवरऑल पोजीशन 20 वां है जबकि जनवरी 2022 में एवं मार्च 2022 में डेल्टा रैंकिंग में मुजफ्फरपुर पूरे भारत में प्रथम स्थान पर था। सचिव ने निर्देश दिया कि विभिन्न इंडिकेटर को लेकर जो लक्ष्य निर्धारित हैं उसे ससमय प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाए। पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से उप विकास आयुक्त ने आकांक्षी जिला के तहत विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी सचिव महोदय को उपलब्ध कराई गई। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2021 में तीसरे स्थान पर एवं जनवरी 2022 में प्रथम तथा फरवरी 2022 में तीसरा और मार्च 2022 में डेल्टा रैंकिंग में जिला का प्रथम स्थान आने नीति आयोग द्वारा 12 करोड़



की राशि दी गई। आईसीडीएस के द्वारा जिले में किए गए महत्वपूर्ण कार्य जैसे बिहार का प्रथम पोर्टेबल आंगनवाड़ी सेंटर कुढ़नी ब्लॉक में बनाया गया।उप विकास आयुक्त ने बताया कि बिहार में यह ऐसा पहला आंगनबाड़ी केंद्र है जो इको फ्रेंडली ,चाइल्ड फ्रेंडली ,आउटडोर प्ले एरिया, डिसेंट्रलाइज्ड एनर्जी जीतवनही`वसंत,मदर केयर रूम विद टॉयलेट, इको फ्रेंडली क्लीन फ्यूल किचन विद स्टोरेज जैसी सुविधाओं से लैस है। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रखंडों में 97 मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र बनाये गए इसकी जानकारी भी दी गई। स्वास्थ विभाग के अंतर्गत और स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार ,हाई होम डिलीवरी पॉकेट्स की पहचान,11100 मॉडल टैम्छक साइट्स, टंबबपदंजपवद कतपअम इत्यादि की जानकारी दी गई। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में ऑकक्षी जिला के तहत किए गए कार्य एवं लिए गए इनीशिएटिव तथा अन्य कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई। सचिव महोदय ने आकांक्षी जिला के तहत विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यों की तारीफ की और निर्देश दिया कि सभी विभाग निर्धारित इंडिकेटर से संबंधित लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना सुनिश्चित सूचित करें ताकि रैंकिंग में सुधार हो सके। बैठक में जिला जनसंपर्क अधिकारी कमल सिंह सहित संबंधित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में श्री अमित कुमार डायरेक्टर वाटर कमीशन ऑफ इंडिया ,जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार, उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी के साथ संबंधित सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पटना में दिन-दहाड़े 8 लाख की लूट, बाइक सवार अपराधियों ने घटना को दिया अंजाम

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार सरीफ (नालंदा)। पटना में अपराधियों के हौसले काफी बुलंद हो गये है। अपराधी आए दिन हत्या और लूट जैसी घटना को अंजाम देकर आराम से चलते बन रहे है। ताजा मामला बिहटा थाना क्षेत्र से सामने आया है। जहां अपराधियो ने दिन–दहाड़े 8 लाख की लूट की घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुले आम चुनौती दी है। बिहटा मे दिन दहाड़े बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक फाइनेंस कंपनी के कर्मी से आठ लाख रुपए लूट लिए। इस घटना को अंजाम देने के बाद



अपराधी बहुत ही आराम से मौके से फरार भी हो गए। यह पूरी घटना बिहटा थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर गांव सह एयरफोर्स की चार दीवारी के समीप की है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि भारत फाइनेंस के दो कर्मी बाइक से बिहटा स्थित पंजाब नेशनल बैंक में पैसे जमा करने जा रहे थे। इन दोनों कर्मियों के पास लगभग आठ लाख रुपये कैश था। बैंक जाने के दौरान बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने फाइनेंस कर्मी से रुपये से भरा बैग छिन लिया और मौके से भाग खड़े हुए।घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस आनन–फानन में मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी करते हुए बदमाशों की धरपकड़ में जुट गयी है। इसके साथ ही आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगालने में जुटी हुई है।
बिहटा थानाध्यक्ष ने बताया कि एक फाइनेंस कर्मी के साथ लाखों रुपए छिनतई होने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है। और साथ ही पीड़ित की ओर से आवेदन आने के बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रेलवे की बड़ी लापरवाही समस्तीपुर की जगह विद्यापतिधाम पहुंच गई ट्रेन

विद्यापतिनगर दलसिंहसराय (विकास कुमार पाण्डेय, अनुमंडल ब्यूरो चीफ) ! रेलवे की बड़ी लापरवाही सामने आई हैं, जिसमें एक ट्रेन को गलत रूट में भेज देने से पूरे महकमे में हड़कंप मच गया ! बरौनी से समस्तीपुर के लिए चली ट्रेन को बछवाड़ा जंक्शन से समस्तीपुर की बजाय विद्यापतिधाम होते हुए हाजीपुर के लिए रवाना कर दिया गया ! मिली जानकारी के अनुसार गुवाहाटी से जम्मूतवी जा रही गाड़ी संख्या 15653 अप (अमरनाथ एक्सप्रेस) गुरुवार तड़के बरौनी से खुली, उसे समस्तीपुर आना था, लेकिन पहुंच गई विद्यापतिनगर। मामले की जानकारी के बाद सोनपुर रेल मंडल के अधिकारियों के बीच हड़कंप मच गया। विद्यापतिनगर पहुंच चुकी ट्रेन को आनन–फानन में वापस बछबाड़ा लाया गया। जिसके बाद उसे समस्तीपुर के लिए रवाना किया गया। उधर, मामले की गंभीरता को देखते हुए सोनपुर के डीआरएम नील मणि ने बछबाड़ा स्टेशन के सहायक स्टेशन मास्टर कुंदन कुमार व सुरज कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए इस मामले में जांच का आदेश दिया है। डीआरएम ने कहा कि यह बड़ी लापरवाही है। दोषी को छोड़ नहीं जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद जिन–जिन लोगों पर जवाबदेही तय होगी उनपर कार्रवाई होगी। प्रथमदृष्टया दो लोगों को निलंबित किया गया है। जानकारी अनुसार अमरनाथ एक्सप्रेस सुबह 4.45 बजे बरौनी से खुली। ट्रेन का सीधा ठहराव समस्तीपुर था। ट्रेन बछबाड़ा में 5.15 बजे थ्रू आउट गुजर रही थी। बछबाड़ा स्टेशन पर गलत लाइन बना होने के कारण बरौनी– समस्तीपुर रूट के बदले ट्रेन बछबाड़ा –हाजीपुर रेल खंड पर जाने लगी। ट्रेन के चालक जबतक कुछ समक्ष पाते ट्रेन विद्यापतिनगर स्टेशन के आउंटर सिंगनल पर पहुंच गई। ट्रेन के चालक ने ट्रेन रोक रेलवे कंट्रोल को पूरे मामले की जानकारी दी। जिसके बाद अधिकारियों के बीच हड़कंप मच गया। बाद में ट्रेन को पीछे कर वापस बछबाड़ा लाया गया। इस दौरान सुबह के छह बज गए। बाद में 6.15 बजे ट्रेन को समस्तीपुर के लिए रवाना किया गया। एएसएम के नींद में रहने के कारण बना गलत ट्रैक
रेलवे सूत्रो ने बताया कि तड़के होने के कारण एएसएम समेत स्टेशन पर तैनात कर्मी नींद में थे। चुकी बछबाड़ा स्टेशन पर ज्यादा ट्रेनों का ठहराव नंही है। अधिकतर ट्रेन बिना रुके ही गुजरती है। माना जा रहा है कि रेलवे कर्मियों के नींद में रहने के कारण गलत ट्रैक बना दिया गया। फलस्वरूप पूरी स्पीड से आ रही अमरनाथ एक्सप्रेस ट्रेन ट्रैक बदल कर विद्यापतिनगर पहुंच गई। उधर, सुबह का समय होने के कारण ट्रेन के ज्यादा तक यात्री सो रहे थे।



लेकिन ट्रेन रुकने व वापस बछबाड़ा लाए जाने के बाद लोगों को इसकी जानकारी मिली!

## 75वां वर्षगाँठ आजादी का अमृत महोत्सव का आगाज



☒ मो.तहसीन खान ने सशस्त्र सीमा बल के साथ हर घर तिरंगा अभियान चलाया

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह आप सभी इस संदर्भ में बता दिया जाए कि हमलोग आजादी का 75वां वर्षगाँठ मना रहे हैं।
आजादी के इस अमृत महोत्सव को और भी बेहतर बनाने के लिए जो हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया है ,वह काबिले तारीफ है।
वैसे तो हर भारतीय का यह फर्ज है कि अपने राष्ट्रध्वज की गरिमा एवं रक्षा के लिए सदा तत्पर रहें।
हर घर तिरंगा अभियान भारत सरकार द्वारा शुरू की गई आजादी का अमृत महोत्सव पहल का एक हिस्सा है, जो लोगों को तिरंगा घर लाने और भारत की आजादी के 75 वें वर्ष का जश्न मनाने के लिए एवं इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करता है। राष्ट्रीय ध्वज के साथ नागरिकों का संबंध हमेशा औपचारिक और विशुद्ध रूप से संस्थागत रहा है। यह अभियान इसे नागरिक के लिए और अधिक व्यक्तिगत बनाने का प्रयास करता है और राष्ट्र निर्माण के प्रति नागरिकों की प्रतिबद्धता के महत्व पर भी जोर देता है। पीएम मोदी ने सभी नागरिकों से 13–15 अगस्त के बीच अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आग्रह करते हुए इस पहल को गति दी है। यह भारतवासियों में ध्वज के प्रति सम्मान व देश के प्रति देश भक्ति की भावना जगाने में मदद करेगा। इस अभियान के दौरान कई प्रेरणात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इसका उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति को बढ़ावा देना है। तिरंगा या भारत का राष्ट्रीय ध्वज देश के लोगों के लिए बहुत महत्व रखता है। भारत का राष्ट्रीय ध्वज शांति, प्रेम और एकता का प्रतीक है। भारत को आजाद कराने में कई स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जान गंवाई। यह उनके अमूल्य बलिदान का प्रतिनिधित्व करता है। हमारा राष्ट्रध्वज 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था। जैसा की मो.तहसीन खान ने सशस्त्र सीमा बल के साथ हर घर तिरंगा अभियान चलाया और सभी देशवासियों को उन्होंने कुछ इस प्रकार से संदेश और निवदेन दिया है। देशवासियों से निवेदन करता हूँ कि 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा झंडा लगा कर हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूरा योगदान दें। और आप सभी को बता दिया जाए कि जैसा कि आप इस से अवगत है कि हमारे भारत देश का ये 75 वें वर्ष का जश्न मना रहा है इसको लेकर संकल्प है। यह विषय हमारी मातृभूमि की नियति को आकार देने के हमारे सामूहिक संकल्प और दृढ़ संकल्प पर केंद्रित है। 2047 की यात्रा के लिए हममें से प्रत्येक को व्यक्तियों, समूहों, नागरिक समाज, शासन की संस्थाओं आदि के रूप में उठकर अपनी भूमिका को निभाने की आवश्यकता है। एव आप सभी को बता दूं। हमारे सामूहिक संकल्प, सुनियोजित कार्य योजनाओं और दृढ़ प्रयासों से ही विचारों को कार्यों में परिणत किया जा सकता है। इस विषय के तहत कार्यक्रमों में संविधान दिवस, सुशासन सप्ताह आदि जैसी पहल शामिल हैं जो उद्देश्य की गहरी भावना से प्रेरित होने के साथ–साथ श्ग्रह और लोगोंश के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को जीवंत करने में मदद करती हैं। एव आजादी का अमृत महोत्सवश उत्सव पिछले 75 वर्षों में भारत द्वारा की गई तीव्र प्रगति का जश्न मनाता है।

## जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर चली लाठी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार। सहरसा जिले में सदर थाना क्षेत्र के वार्ड नं 8 गोबरगढ़ा में दो पक्षों की बीच जमकर चली लाठी और फारस ।जिसमें महिला समेत लगभग आधे दर्जन लोग घायल हो गया है ।सभी घायलों को सदर अस्पताल में किया भर्ती वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर मामले की जांच में जुटी।
जानकारी हो कि एक पक्ष के गजेन यादव ,शम्भू यादव,घोघन यादव और दूसरे पक्ष के विपिन यादव,उपेंद्र यादव राजेश ,रूपेश के बीच जमीन का विवाद चल रहा था। दूसरे पक्ष के विपिन यादव राजेश यादव,रूपेश यादव ,के द्वारा गजेन यादव के जमीन पर लगा हुआ पेड़ को काट दिया गया ,जिसको लेकर विवाद उतपन्न हो



गया और विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी फरसा चलाया गया ।जिसमें महिला सहित आधे दर्जन लोग घायल हो गया। वहीं इस घटना को लेकर एक पक्ष के जख्मी गजेन यादव ने बताया कि मेरी जमीन पर पेड़ लगा हुआ था, जिसको बिपिन यादव राजेश यादव रूपेश यादव सहित कई लोग मेरे जमीन पर आकर मेरे द्वारा लगाया गया पेड़ को काट दिया ।पेड़ काटने के दौरान जब मैंने मना करने लगा तो वो सभी लोग लाठी डंडे और फरसा से हमला करने लगा जिसमें हमलोग घायल हो गए है।
और सदर अस्पताल में भर्ती हैं ।वहीं दूसरे पक्ष के बिपिन यादव ने बताया कि गजेन यादव ,शम्भू यादव,घोघन यादव सहित कई लोग हथियार से लैस होकर अचानक आया और हमलोगों पर हमला कर दिया।
जिससे हमलोग बुरी तरह जख्मी हो गए। वहीं सदर थाना अध्यक्ष सुधाकर कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच जमीनी विवाद में मारिपित हुई है ।दोनो पक्षों के तरफ से आवेदन प्राप्त हुआ जो भी इस मारपीट की घटना में शामिल है उसको बख्शा नहीं जाएगा।

## छी छी जदयू जिला उपाध्यक्ष गए जेल : यादव

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। रुन्नीसैदपुर प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत बासुदेव विष्णुपुर निवासी राजपूत जाति से आने वाले स्वर्गीय भरत सिंह जो लगातार 20 वर्षो तक राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष थे। उन्हीं के सुपुत्र वर्त्तमान में संजय सिंह जो जदयू के जिला उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे। बिहार में जदयू के नीतीश कुमार की सरकार है। रुन्नीसैदपुर विधानसभा के जदयू विधायक पंकज कुमार मिश्रा है। बड़ी बात तो यह है कि संजय सिंह वर्त्तमान में स्थानीय विधायक पंकज कुमार मिश्रा के पी.ए. के समान आदमी हैं। रुन्नीसैदपुर प्रखण्ड के 4 दिन पहले आए हुए, बिहार ग्रामीण विकास सेवा से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के पद पर अपनी कुर्सी को सुनील कुमार ने संभाला है। सुनील कुमार 4 दिन में ही अकुला गए। रुन्नीसैदपुर के भार नहीं संभाल पाए न्यू बीडीओ।
बीडीओ के द्वारा दिया गया आवेदन के आलोक में रुन्नीसैदपुर के इंस्पेक्टर सह थाना अध्यक्ष विजय कुमार यादव प्राथमिकी दर्ज कर मामला का गुथी सुलझाने में लगे हुए हैं। इतना कुछ होने के बावजूद जदयू विधायक पंकज कुमार मिश्रा के अथक प्रयास के बाद जदयू जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह को जाना पड़ा जेल। ज्ञात हो कि मामला कैसे बिगड़ी की बीडीओ को खाना पड़ा मार। मिली जानकारी के अनुसार प्रखण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत विष्णुपुर उच्च विद्यालय है। जिसके प्रबंधन कमेटी के पंजी पर हस्ताक्षर को लेकर के जदयू जिला उपाध्यक्ष पहुँच गए बीडीओ के आवास पर, जहॉ बीडीओ से संजय सिंह ने कहा कि मैं जदयू का जिला उपाध्यक्ष हूँ। इस पर बीडीओ ने अभद्र टिप्पणी करते हुए कहा जिला उपाध्यक्ष है, तो क्या हुआ? यहॉ काम नहीं होगा? फिर बात यहीं पर बिगड़ती हैं। दोनों में जमकर हुआ लप्पर–थप्पड़। एक तरफ क्षत्रिय होने का घमंड है, तो दूसरी तरफ हरिजन होने के कारण हरिजन का दुरुपयोग कर झूठे मुकदमे में फॅसाने का घमंड। विधायक का क्या पावर होता है। उस पावर को भूल गए पंकज कुमार मिश्रा? जनता के काम को लेकर के जब पार्टी के नेता उन्हीं के बीडीओ से जाते हैं काम कराने,तो गाली– गलौज होने के बाद हो जाती है मारपीट और नेता को जाना पड़ता है जेल। जब विधायक होते हुए,विधायक अपने नेता को नहीं बचा पाए। मामला को नहीं सुलझा पाए, तो आम– जनता को कैसे बचा पायेंगे? विधायक के सामने बीडीओ शेर बनकर गरजता रहा। विधायक मुक– दर्शक बनकर देखते रह गए। अब देखना है आगे क्या करते हैं विधायक अपनी लाज बचाने के लिए? इस बाबत रुन्नीसैदपुर प्रखण्ड क्षेत्र के धनहरा ग्रामवासी एन्टी करप्शन अभियान के नेतृत्व कर्त्ता सह युवा समाजसेवी जलेश्वर कुमार यादव ने



जदयू जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह को जेल जाने को लेकर छी छी कर सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए, विधायक की तौहीनी को लेकर कहा है कि यह घटना साधारण घटना नहीं है। इस पर या तो विधायक को इस्तीफा दे देना चाहिए या फिर न्यू बीडीओ सुनील कुमार के घिनौना हरकत के विरुद्ध बीडीओ के ऊपर विधिवत कानूनी कार्रवाई होना चाहिए। तभी विधायक का प्रतिष्ठा बच पायेगा।

## सरायरंजन के केदार संत रामाश्रय कॉलेज में अवैध रूप से बिना सूचना के कॉलेज कर्मियों ने किया ताला बंद

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल
समस्तीपुर जिले के सरायरंजन के केदार संत रामाश्रय कॉलेज में शुक्रवार को अवैध रूप से बिना सूचना के कॉलेज कर्मियों ने ताला बंद कर दिया। जिससे की इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र–छात्रा दिन भर परेशान रहे। छात्रों के पठन पाठन सभी कार्य बंद रहे । इससे आक्रोशित होकर कालेज के अन्य



कर्मियों ने मेन गेट पर आकर हंगामा किया। अन्य कर्मियों का कहना था की कॉलेज के प्राचार्य बद्रीनाथ झा ने मेन गेट सहित सभी कार्यालय एवं क्लास रूम में ताला लगा दिया है। इस कॉलेज में 2017 से कोई प्रबंध समिति नहीं है, जिसके कारण कॉलेज में स्थिति गंभीर बनती जा रही है।
उधर, तीन दिनों से इसी कॉलेज में शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने कॉलेज में तालाबंदी कर प्राचार्य को हटाने के मांग को लेकर धरना पर बैठे हुए हैं। कॉलेज में तालाबंदी होने से छात्र–छात्राओं में भारी परेशानी देखी जा रही है । हंगामा करने बाले कर्मियों में प्रो.सूर्यनंदन प्रसाद, प्रो.विनोद कुमार झा, प्रो.सुधीर प्रसाद सिंह, प्रो.अमरकांत झा, प्रो.लालबहादुर पंडित, प्रो.अविनेश कुमार झा, प्रो.रीना नाथ झा आदि कर्मी मौजूद थे।

## न्याय प्रतिनिधियों का न्याय हेतु एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन समाहरणालय गेट पर



(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। शिवहर जिले के न्याय प्रतिनिधियों( पंच सरपंच) का न्याय हेतु एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन प्रखंड मुख्यालय शिवहर से कलेक्ट्रेट गेट तक किया गया तथा कलेक्ट्रेट गेट के सामने शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए 11 सुत्री मांगों को रखा है। इस बाबत जिला पंचायत संघ के अध्यक्ष राम विनय कुंवर, सभा का अध्यक्षता कर रहे ताजपुर पंचायत के सरपंच मुकेश कुमार सिंह के द्वारा धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया ।जिसमें जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा।
भयंकर गर्मी में जिलेभर के पंच सरपंच में विशेषकर महिला पंच सरपंच की जनसंख्या ज्यादा पहुंची है। बताया गया है कि सभी ग्राम कचहरी एवं इसके निर्वाचन जनप्रतिनिधि उप सरपंच, पंच, सरपंच, कर्मी ,सचिव, न्याय मित्र तथा ग्राम रक्षा दल सदस्यों सहित नियोजित कर्मियों को शासन प्रशासन द्वारा वर्ष 2006 से घोर उपेक्षा में रखा गया है। जिससे राष्ट्रपति महात्मा गांधी का सपना साकार करने में प्रतिनिधियों ,कर्मियों को काफी असुविधा हो रही है इससे राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासी तथा संबंधित लगभग 80: आबादी का न्यायिक एवं विकासात्मक कार्य बाधित हो रहा है।
धरना प्रदर्शन में जिले के सभी ग्राम कचहरी के अवसर पर अविलंब सभी सुविधाएं सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई है। मांग की गई है कि सरपंच को मजिस्ट्रेट का पावर निर्गत कर ग्राम कचहरी में अविलंब पुलिस, चौकीदार एवं ग्राम रक्षा दल की स्थाई नियुक्ति अधिकारी सहित सब सुविधा दी जाए। सभी ग्राम कचहरी में चौकीदार ,ग्राम रक्षा दल, भंडार पाल, रात्रि प्रहरी, आदेशपाल ,भु मापक अमीन, कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति करने की मांग की गई है। उन्होंने बताया है कि ग्राम कचहरी, सरपंच एवं उपसरपंच एवं पंचगणो की मांग पर सुरक्षा प्रदान की जाए तथा इच्छुक प्रतिनिधियों को अग्नियास्त्र का लाइसेंस प्रदान करने की मांग की गई है। धरना प्रदर्शन में सरपंच शंभू राय नयागांव ,सभा अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ,रामबालक सहनी धनकौल सरपंच ,मदन साहनी विशंभर पुर, शत्रुघ्न सहनी जिला उपाध्यक्ष, कृष्ण नंदन नरवारा सरपंच प्रतिनिधि, राजू वर्मा अटकोनी सरपंच, राम विनय कुमार जिला अध्यक्ष सहित सैकड़ों की तादाद में पंच सरपंच मौजूद हैं।

## पूर्व सैनिक संगठन द्वारा विशाल महासभा का आयोजन

वी के सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। सीतामढ़ी के पूर्व सैनिक संगठनों द्वारा आगामी रविवार को पूर्व सैनिक संगठनों के अलग–अलग जिला इकाई के साथ–साथ बिहार प्रदेश के तमाम पूर्व सैनिक की विशाल महासभा मुजफ्फरपुर में प्रायोजित है। बिहार प्रदेश के तमाम पूर्व सैनिकों के हित में, एक बेहतर समन्वय और



पारदर्शी, गैर राजनीतिक संगठनात्मक कार्य प्रणाली के तहत पूर्व सैनिकों को शक्ति देने के लिए अपने व्यक्तिगत विचारों से ऊपर उठकर सामुहिक विचार को तवज्जो देते हुए एक साथ कैसे काम किया जा सकता है इस विषय पर चर्चा है। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक संगठन सीतामढी के जिला कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व सैनिक अनिल कुमार ने बताया इस बैठक में बिहार प्रदेश के अलग–अलग जिला प्रखंड पंचायत से पूर्व सैनिक भाग लेंगे। मीटिंग में बिहार प्रदेश स्तर के कमांडो राकेश रंजन, गोपाल मिश्रा, हरेश पांडे, श्रवण सिंह, संतोष राय, साकेत कुमार, विजय सिंह समेत कई पूर्व सैनिक इस महासभा को सफल बनाने के लिए लोगों से लगातार संपर्क कर रहे हैं सोशल मीडिया व्हाट्सएप के माध्यम से लोगों को सूचना दी जा रही है। मीटिंग की व्यवस्था की जिम्मेदारी मुजफ्फरपुर के पूर्व नौसैनिक कुमार मदन जी ने संभाला है। सीतामढ़ी से पूर्व सैनिक वीरेंद्र यादव, सूबेदार लक्ष्मी प्रसाद, राम इकबाल भगत, अभय सिंह, संजय कुमार, चन्देश्वर सिंह समेत दर्जनों सैनिक इस महासभा में शामिल होंगे।

## जेमहारी में मदर्स मिल्क डे मनाया गया



सालानपुर। प्रत्येक साल 1 अगस्त से 7 अगस्त तक मदर्स मिल्क डे पूरे विश्व में मनाया जाता है। इसी क्रम में सालानपुर ब्लॉक के जेमारी पंचायत के 27 आंगनवाड़ी केंद्रों के सदस्यों ने जेमहारी कम्युनिटी हॉल प्रांगण में माताओं के साथ मातृ जागरूकता व मातृ दूध पिलाने का जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर एंव संगीत एंव नृत्य प्रदर्शन के साथ मनाया गया। इस अवसर पर डीपीओ पूर्णेंदु कुमार प्रामाणिक, डीसी राजनीता मुखर्जी, सीडीपीओ मोनादिपा माजी, सुपरवाइजर तपोती लायक एंव 27 आंगनवाड़ी केंद्र के कार्यकर्ता एंव स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे, इसके अलावा क्षेत्र की प्रसूति और गर्भवती माताएं कार्यक्रम में मौजूद थीं। डीपीओ पूर्णेंदु कुमार प्रामाणिक ने कहा कि बच्चों को जन्म के बाद 6 महीने तक मां का दूध पीना अनिवार्य है और स्वस्थ संतान चाहिए तो मां का दूध पिलाएं। माँ के दूध से बच्चे के कुपोषण का डर दूर होता है। बच्चों के लिये माँ का दूध अमृत से कम नही होता है।

# संक्षिप्त समाचार

## जातीय जनगणना हेतु धानुक समाज के लोगों ने विभिन्न गांवों का दौरा किया

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार सरीफ (नालंदा)। नालंदा बिन्द प्रखंड में जातीय जनगणना को लेकर जागरूकता अभियान धानुक जाति को लेकर विभिन्न गांवों में दौरा करते हुए ! आगामी



07/08/2022 दिन रविवार को बिंद पंचायत सरकार भवन में बैठक हेतु आहूत किया जा रहा है जिसमें बिंद प्रखंड के मकनपुर,मीराचक,बिंद , बकरा , घरयारी ,मस्तीपुर , आस्थावा प्रखंड के ओंडा , नेरूत ,आमामा गांवो में पहुंचकर आमंत्रित लोगों को किया जा रहा है इस भ्रमण के दौरान धानुक जाति के जिला कमेटी के अध्यक्ष मुकेश धानुक, उपाध्यक्ष विरमनी मंडल ,कपिलदेव प्रसाद ,धर्मवीर कुमार ,प्रभात कुमार उपस्थित रहे ! साथ ही साथ अमोद कुमार निराला जिला मीडिया प्रभारी भी उपस्थित रहे।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद अकरम साहब ने किया हुसैनी मजार पर चादर पोशी

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
पूर्वी चम्पारण,डुमरियाघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत हुसैनी मजार पर अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद अकरम साहब ने अपने कई नेतागण व समर्थकों के चादरपोशी की है ।वही केसरिया विधानसभा दो दिवसीय प्रवास पर थे ।इस दौरान उन्होंने हुसैनी दरगाह शरीफ में जाकर चादरपोशी किए एवं पौधारोपण भी किए। तो वही उन्होंने कहा की देश में अमन चौन व शान्ति के



लिए दुआ भी मांगी गई। इस मौके पर उपस्थित स्थानिय मुखिया समेत अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मो0 ईम्तेयाज, मस्जिद के मौलाना सहित कई अन्य गण्यमान्य लोग शामिल थे।
शशिकांत मेहता केसरिया की रिपोर्ट।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद अकरम साहब ने किया हुसैनी मजार पर चादर पोशी

दैनिक अयोध्या टाइम्स केसरिया अभिषेक कुमार। पूर्वी चम्पारण,डुमरियाघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत हुसैनी मजार पर अल्पसंख्यक



मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद अकरम साहब ने अपने कई नेतागण व समर्थकों के चादरपोशी की है ।वही केसरिया विधानसभा दो दिवसीय प्रवास पर थे ।इस दौरान उन्होंने हुसैनी दरगाह शरीफ में जाकर चादरपोशी किए एवं पौधारोपण भी किए। तो वही उन्होंने कहा की देश में अमन चौन व शान्ति के लिए दुआ भी मांगी गई। इस मौके पर उपस्थित स्थानिय मुखिया समेत अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मो0 ईम्तेयाज, मस्जिद के मौलाना सहित कई अन्य गण्यमान्य लोग शामिल थे।

## छौड़ादानो प्रखंड अंतर्गत श्रीपुर गांव में हुई ब्रह्मस्थान की प्राण प्रतिष्ठा, सम्मिलित हुए संपूर्ण ग्राम वासी

(सुबोध कुमार तिवारी प्रखंड संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स, छौड़ा दानों) छौडादानो। प्रखंड अंतर्गत एकडरी पंचायत के श्रीपुर गांव में शुक्रवार को ब्रह्म मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई. इस कार्यक्रम में गांव के सभी पुरुषों व महिलाओं सहित बच्चे बढ़–चढ़कर शामिल हुए. प्राण प्रतिष्ठा में कुदरकट निवासी पंडित जोग्यानंद तिवारी भाग लिए ,जो पूरे विधि विधान के साथ ब्रह्मम स्थान की प्राण प्रतिष्ठा करवाई और मंचोचार के साथ हवन करवाया. इस प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर एकडरी पंचायत के सरपंच सदस्य प्रत्याशी रमेश कुशवाहा, पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य राजन कुशवाहा, टुनटुन तिवारी, प्रोफेसर श्रीकांत तिवारी, एकडरीके पैक्स व स्थानीय सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र तिवारी ,संजय चंद्रवंशी ,राम सागर चंद्रवंशी ,वीरेंद्र शाह, राजीव शाह सहित श्रीपुर ग्रामवासी मौजूद रहे।



## चौरंगी पुलिस ने की अवैध कोयले एंव बालू के साथ चार को गिरफ्तार

कुल्टी। कुल्टी थाना की चौरांगी फाड़ी पुलिस ने गुरुवार अभियान चलाकर अवैध बालू एंव कोयला के खिलाफ कारवाई करते हुये अवैध बालू लदे 2 ट्रेक्टर के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया, इसी क्रम में शुक्रवार सुबह राष्ट्रीय राज्यमार्ग से तीन अवैध कोयला लदे स्कूटरों को



जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार डुबुडीह चौक नाका के समीप बालू लदे ट्रैक्टरों को पकड़ा गया, ट्रेक्टर पर लदे बालू की कोई सही कागजात न दिखाने पर 2 ट्रेक्टर समेत 4 लोगो को गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार आरोपियों को शुक्रवार



सुबह पुलिस ने आसनसोल न्यायालय को सुपुर्द कर दिया। वही कारवाई के बाद भले ही पुलिस अपनी पीठ थपथपा रही हो लेकिन अवैध कोयला पर पुलिस की यह कारवाई सिर्फ नाम की मानी जा रही है। क्योंकि की पिछले कई दिनों से दामागोड़िया कोयला खदान क्षेत्रो से दिन के उजाले में अवैध तरीके से बाइक एंव स्कूटरों के द्वारक कोयले की तस्करी सुबह से दोपहर तक कि जाति है। बताया जा रहा है कि कोयला तस्कर कोयले को राष्ट्रीय राज्यमार्ग से सटे कोयला भट्टो एंव कारखानों में खपत करते है।

## मशरक थाना और एएलटीएफ टीम ने सेमरी मुसहर टोली में चलाया छापेमारी अभियान, दो हजार महुआ फास नष्ट

मशरक(सारण)। मशरक थाना पुलिस और एएलटीएफ टीम ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के सेमरी मुसहर टोली गांव में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी




अभियान चलाया। छापेमारी में अवैध ढ़ंग से गैलनो में छुपा कर रखा दो हजार लीटर महुआ फास नष्ट किया गया जो शराब बनाने को रखा गया था। थानाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा ने बताया कि एएलटीएफ टीम में दारोगा मो फूलहसन और थाना पुलिस जमादार विपिन कुमार की अगुवाई में भारी संख्या में पुलिस की मौजूदगी में सेमरी मुसहर टोली गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया जहा प्लास्टिक के गैलनो में छिपा कर रखा गया 2000 हजार लीटर महुआ फास नष्ट कर सभी उपकरणों और गैलनो में आग लगा दिया गया। वही पुलिस बल को आता देख शराब धंधेबाज फरार हो गए।

## मशरक में सड़क की पुलिया को अतिक्रमण मुक्तकराने हेतु ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय में दिया आवेदन

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स की रिपोर्ट सारण से

मशरक (सारण)। मशरक प्रखंड अंतर्गत बंगरा पंचायत के ग्रामीणों ने खेतों में जल की जमाव से परेशान होकर पानी की निकासी के लिए अंचल अधिकारी के पास आवेदन देकर गुहार लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बंगरा काली अस्थान से लेकर मध्य विद्यालय के पीछे किसानों का उपजाऊ जमीन पानी के जल जमा होने के कारण बेकार पड़ा हुआ है। यह जलजमाव प्राकृतिक नहीं है बल्कि सड़क पर बनाए गए पानी की निकासी की पुलिया को दबंगों के द्वारा अवरुद्ध कर देने के कारण हुआ है। इस जलजमाव से ग्रामीणों के कहने के अनुसार लगभग 100 एकड़ उपजाऊ जमीन बेकार पड़ा हुआ है, जिससे गरीब तबका के किसान परेशान है। आवेदन के माध्यम से अंचल अधिकारी महोदय से अतिक्रमण किए गए पुलिया को जांच कर अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए मांग किया गया है। निवेदन करने वालों में मुख्य रूप से बबन सिंह, दूधनाथ ठाकुर, जलेश्वर सिंह, भैरव प्रसाद सिंह, धर्मेंद्र यादव सहित कई दर्जन लोग हैं।



## राष्ट्रीय अध्यक्ष के आवाहन पर कांग्रेस पदाधिकारियों ने हल्ला बोल निकाली रैली

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के द्वारा दिए गए निर्देश पर जनपद श्रावस्ती के जिलाध्यक्ष वसी उल्ला चौधरी व पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद रमजान के नेतृत्व में जिले के वाह ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों ने हल्ला बोल रैली निकाली। आसमान छूती महंगाई,पेट्रोल, डीजल, एल पीजी गैस व बेरोजगारी के खिलाफ राष्ट्रव्यापी प्रतावित प्रदर्शन को लेकर कांग्रेसियों ने पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद रमजान के घर से ईदगाह तिराहा तक रैली निकाल कर प्रदर्शन किया। ईदगाह तिराहे पर सभी कांग्रेसी पदाधिकारियों ने सड़क पर बैठकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी भिनगा प्रवेंद्र कुमार को सौंपा। इस दौरान पार्टी के जिला अध्यक्ष वशी उल्ला चौधरी, पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद रमजान, जिला उपाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष जमुनहा राकेश तिवारी, यशोदा नंदन शर्मा, मदन लाल मिश्रा, राजेश तिवारी, देवता दीन भारती, राधेश्याम शर्मा, मोहम्मद असलम एडवोकेट सहित भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।



## स्वतंत्रता दिवस के दृष्टिगत पुलिस द्वारा पुलिस लाइन परिसर में किया श्रमदान

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती ( दैनिक अयोध्या टाइम्स)। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देशानुसार प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस अधिकारीध्कर्मचारियों द्वारा पुलिस लाइन परिसर, फुटबॉल ग्राउंड, आवासीय परिसर में आजादी का अमृत महोत्सव एवं आगामी स्वतंत्रता दिवस के दृष्टिगत साफ–सफाई हेतु श्रमदान किया गया। और जिले वासियों से अपील की गई की अपने अपने घरों के आसपास यदि कही गंदगी हो तो उसे साफ सफाई करके इस महान पर्व में भागीदारी दें। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों के साथ साथ पुलिस कर्मियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।



## टैक्टर में रोटाबेटर लगाकर खेत की जुताई करते समय बालक की हुई मौत

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के थाना कोतवाली भिनगा के अंतर्गत खपरी पुरवा में दिल दहला देने वाली खबर सामने आई जहां टैक्टर में रोटाबेटर लगाकर खेत की जुताई करते समय बालक की मौत हो गई। जिसे देखने वालों के आंखों में आंसू छलक पड़ें। खपरी पुरवा निवासी राजित राम जो बगल खेत में धान की रोपाई के लिए पौधों को निकाल रहे थे वही उनका 11 वर्षीय बेटा शनिदेवल जो खेत में रोटावेटर से जोताई कर रहे टैक्टर पर बार बार उतर चढ़ रहा था कि अचानक रोटावेटर में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। टैक्टर चालक की शोर सुन कर जब तक परिवार के लोग उसे निकालते तब तक मासूम की मौत हो चुकी थी। बेटे की मौत की सूचना पाते ही परिवार में कोहराम मच गया वही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भिनगा भेज कर जांच शुरू की।



## एचपी गैस एजेंसी के गोदाम में खड़े वाहन व सोलर में लगे बैटरा चोर लेकर हुए फरार

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। हौसला बुलंद चोर अपने मकसद मे कामयाब हो ही जाते है। जनपद श्रावस्ती थाना मल्हीपुर क्षेत्र के पुलिस जमुनहा की सक्रियता के बावजूद चोरों के हौसले बुलंद है जिससे वह बेखौफ होकर आए दिन मकानों व दुकानों के साथ साथ बाइक एवं साइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है।



ताजा मामला मल्हीपुर थाना के पुलिस चौकी जमुनहा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनहा भवनियपुर के रानीपुरवा में स्थित विकास एचपी गैस के गोदाम का है जहाँ पर अज्ञात चोरों ने गार्ड रूम में रखी सोलर की बैटरी व गोदाम में खड़ी अल्फा गाड़ी में लगे बैटरे को खोल लिया और उसे लेकर फरार हो गए। सुबह गोदाम पर पहुंचे चौकीदार ने देखा तो उसके होश उड़ गए जिसकी सूचना एजेंसी मालिक को दी तो मौके पर पहुंचकर डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची डायल 112 की पुलिस कैलाश नाथ वर्मा, जितेंद्र कुमार छानबीन शुरू कर दी है। वहीं विकास एचपी गैस के मालिक विकास कुमार रस्तोगी ने चौकी जमीनाहा पर प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। स्थानीय लोगो का कहना है यह कोई पहला मामला नही है इससे पूर्व भी जमुनहा कस्बे से मोटर सायकिल व सायकिल चोरी हो चुकी है लेकिन इन चोरो पर पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्यवाही न करने से चोरो के हौसले बुलंद है और वह बेखौफ होकर एक के बाद एक छोटी बड़ी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है।

